

अर्थ शास्त्री मोंटेक सिंह अहलूवालिया ने कहा-बड़े खेतों पर टैक्स लगा सकते हैं राज्य - 12




दिल्ली हाईकोर्ट ने कहा- पासपोर्ट रखना निजी स्वतंत्रता का अभिन्न अंग - 13



संसद को कानून बनाने का अधिकार, वह केंद्र के शपथ पत्र से बाध्य नहीं - 13



हम विपक्षी गेंदबाजों में खौफ देखना चाहते हैं : तिलक वर्मा - 14


आज का मौसम
30.0° अधिकतम तापमान
14.0° न्यूनतम तापमान
सूर्योदय 06.41
सूर्यास्त 06.14

एक सम्पूर्ण दैनिक अखबार

# अमृत विचार

| मुरादाबाद |

www.amritvichar.com

2 राज्य | 6 संस्करण
लखनऊ ■ बरेली ■ कानपुर
मुरादाबाद ■ अयोध्या ■ हल्द्वानी

फाल्गुन शुक्ल पक्ष द्वादशी 08:43 उपरांत त्रयोदशी विक्रम संवत 2082

शनिवार, 28 फरवरी 2026, वर्ष 6, अंक 332, पृष्ठ 14 ■ मूल्य 6 रुपये


अचूक वार



राजस्थान के जैसलमेर जिले में पाकिस्तान सीमा के पास शुक्रवार को भारतीय वायु सेना ने वायु शक्ति अभ्यास के दौरान मिसाइलों से लक्ष्य पर सटीक निशाना लगाकर अपनी ताकत का प्रदर्शन किया। इस अभ्यास के दौरान राष्ट्रपति द्रौपदी मुर्मू भी उपस्थित थीं।

## पाकिस्तान का खुली जंग का एलान, काबुल में किए हवाई हमले

### अफगानिस्तान के खिलाफ की ऑपरेशन गजब लिल हक की घोषणा, दोनों देशों के बीच तेज हुई जंग

काबुल/इस्लामाबाद, एजेंसी

पाकिस्तान पर अफगानिस्तान के जवाबी हमले के बाद दोनों देशों में जंग तेज हो गई है। अफगानिस्तान की ओर से बृहस्पतिवार देर रात सीमा पर हमलों के बाद पाकिस्तान ने शुक्रवार तड़के अफगानिस्तान के खिलाफ की ऑपरेशन गजब लिल हक की घोषणा करते हुए उसकी राजधानी काबुल और दो अन्य प्रांतों में हवाई हमले किए। दोनों पक्षों ने एक दूसरे को भारी नुकसान पहुंचाने का दावा किया है। इस बीच संयुक्त राष्ट्र ने दोनों देशों के बीच सीमा पर बढ़ती झड़पों पर चिंता जताई है।

अफगानिस्तान ने बृहस्पतिवार देर रात सीमा पार पाकिस्तान पर हमला किया था। इसके जवाब में पाकिस्तान के रक्षा मंत्री ख्वाजा मोहम्मद आसिफ ने अफगानिस्तान के साथ खुली जंग का एलान किया है। शुक्रवार तड़के काबुल में कई विस्फोटों की आवाज सुनी गई, लेकिन यह स्पष्ट नहीं हो पाया है कि इनमें कहां और कितने लोग हताहत हुए हैं। सरकारी प्रवक्ता जबीउल्लाह मुजाहिद के मुताबिक पाकिस्तान ने दक्षिण में कंधार और दक्षिण-पूर्वी प्रांत पकतिया में भी हवाई हमले किए हैं। इससे कतर की मध्यस्थता से दोनों देशों में हुआ युद्धविराम भी खतरे में पड़ गया है। पिछले कई महीनों से दोनों देशों के बीच तनाव बना हुआ है।

सीमा पर अफगानी लड़ाके



- दोनों देशों ने एक-दूसरे को भारी नुकसान पहुंचाने का किया दावा

### एक-दूसरे के तमाम सैनिक मारने का दावा

दोनों देशों की सरकारों ने एक-दूसरे को भारी नुकसान पहुंचाने की बात कही है। अफगानी रक्षा मंत्रालय ने देर रात बताया कि 55 पाकिस्तानी सैनिक मारे गए, जिनमें कुछ के शव अफगानिस्तान लाए गए। कई सैनिकों को पकड़ लिया गया। उसके आठ सैनिक मारे गए और 11 घायल हुए हैं। पाकिस्तानी सेना की 19 चौकियों और दो सैन्य अड्डों को भारी नुकसान पहुंचा है। पाकिस्तान के प्रधानमंत्री शहबाज शरीफ के प्रवक्ता मोशर्रफ अली जैदी ने किसी पाकिस्तानी सैनिक के पकड़े जाने की बात से इन्कार किया। कहा, अफगानिस्तान के 133 लड़ाके मारे गए और 200 से अधिक घायल हो गए। अफगानिस्तान की 27 चौकियां नष्ट कर दी गईं और नौ लड़ाकों को पकड़ लिया गया। हालांकि, उन्होंने यह नहीं बताया कि ये लोग कहां हताहत हुए हैं।

### कूटनीति से हल करें विवाद: संयुक्त राष्ट्र

संयुक्त राष्ट्र महासचिव एंटोनियो गुटारेस ने शुक्रवार को पाकिस्तान और अफगानिस्तान के बीच सीमा पार झड़पों की खबरों पर चिंता जताई। उनके प्रवक्ता स्टीफन दुजारिक ने कहा कि महासचिव ने दोनों पक्षों से मतभेदों को कूटनीति के जरिए सुलझाने की अपील की है।

## केजरीवाल-सिसोदिया समेत सभी बरी

### कोर्ट ने कहा- तय योजना के तहत बढ़ी सीबीआई की कहानी, हर किसी को फंसाया गया

आबकारी घोटाला

- आरोप पत्र पर नहीं लिया संज्ञान, आदेश को सीबीआई ने हाईकोर्ट में दी चुनौती

नई दिल्ली, एजेंसी

दिल्ली की एक अदालत ने शुक्रवार को दिल्ली के पूर्व मुख्यमंत्री अरविंद केजरीवाल, पूर्व उपमुख्यमंत्री मनीष सिसोदिया और तेलंगाना जागृति की अध्यक्ष के कविता समेत सभी 23 आरोपियों को शराब नीति मामले में बरी कर दिया। अदालत ने आरोप पत्र का संज्ञान लेने से इन्कार कर दिया और सीबीआई पर नाराजगी जताते हुए कहा कि उसका मामला न्यायिक समीक्षा में खरा उतरने में पूरी तरह नाकाम रहा है। सीबीआई ने निचली अदालत के फैसले को दिल्ली हाईकोर्ट में चुनौती दी है।

विशेष न्यायाधीश जितेंद्र सिंह ने फैसला सुनाते हुए कहा, इस अदालत को यह मानने में कोई हिचकिचाहट नहीं है कि रिकॉर्ड में रखी गई जानकारी से किसी भी आरोपी के खिलाफ प्रथम दृष्टया भी कोई मामला नहीं बनता, और न ही कोई गंभीर शक है। इसलिए आरोपी संख्या 1 से 23 को उनके खिलाफ लगाए गए सभी आरोपों से बरी किया जाता है। सिंह ने अपने आदेश में कहा कि ऐसा लगता है कि जांच पहले से तय रास्ते पर आगे बढ़ी है, जिसमें नीति बनाने या लागू करने से जुड़े लगभग हर व्यक्ति को फंसाया गया है, ताकि एक कमजोर कहानी को गहराई और भरोसे का भ्रम दिया जा सके।

अदालत का फैसला आने के कुछ ही घंटे बाद सीबीआई ने उसे दिल्ली हाईकोर्ट में चुनौती दे दी। सीबीआई ने कहा कि निचली अदालत में जांच के कई पहलुओं की या तो अनदेखी की गई या उन पर सही से विचार नहीं किया गया। सीबीआई आप सरकार की आबकारी नीति के निर्माण और कार्यान्वयन में भ्रष्टाचार की जांच कर रही है।



अदालत का फैसला आने के बाद मीडिया से बातचीत करते हुए रो पड़े अरविंद केजरीवाल।

### कानूनी प्रक्रिया पूरी नहीं, कई प्रश्न अनुत्तरित: भाजपा

भाजपा की दिल्ली इकाई ने कहा है कि शराब नीति से जुड़े कई सवाल अनुत्तरित हैं और कानूनी प्रक्रिया अभी पूरी नहीं हुई है। दिल्ली प्रदेश अध्यक्ष वीरेंद्र सचदेवा ने कहा कि मामले में अदालत ने अपने फैसले में सबूतों की कमी की बात कही है लेकिन जांच एजेंसी ने बार-बार कहा है कि केजरीवाल और सिसोदिया ने सबूत नष्ट किए हैं। जांच एजेंसी नष्ट किए गए मोबाइल फोन और सिम कार्ड बरामद नहीं कर सकी। उन्होंने कहा कि न्यायिक प्रक्रिया लंबी है। केजरीवाल के पास अब भी कुछ सवालों के जवाब नहीं हैं। अगर आबकारी नीति सही थी, तो जांच शुरू होते ही इसे वापस क्यों ले लिया गया, और ठेकेदारों का कमीशन बढ़ाने का मकसद क्या था।

### मीडिया के सामने रोए केजरीवाल बोले- मोदी-शाह ने की थी साजिश

फैसला आने के बाद पत्रकारों से बातचीत करते हुए केजरीवाल रो दिए। उन्होंने कहा कि गृह मंत्री अमित शाह और प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने मिलकर आम आदमी पार्टी को खत्म करने की सबसे बड़ी राजनीतिक साजिश रची। मौजूदा मुख्यमंत्री को उनके घर से घसीटकर जेल में डाल दिया गया, ऐसा देश के इतिहास में पहले कभी नहीं हुआ। उन्होंने कहा कि वह भ्रष्ट नहीं हैं। उन्हें छह महीने और पूर्व उप मुख्यमंत्री मनीष सिसोदिया को दो साल तक जेल में रहना पड़ा। टीवी चैनलों पर उनका चरित्र हनन किया गया। केजरीवाल ने कहा, मैंने जिंदगी में सिर्फ ईमानदारी कमाई है। आज ये साबित हो गया कि केजरीवाल कट्टर ईमानदार है।

- दिल्ली में फिरोज शाह रोड पर अरविंद केजरीवाल के बंगले में जश्न मनाया गया। नारों की गूंज के बीच पार्टी कार्यकर्ता ढोल की थाप पर जमकर नाचे। लोगों को लड्डू और गुझिया बांटे गए। केजरीवाल अपनी पत्नी और बच्चों के साथ अंदर बंगले में थे। मनीष सिसोदिया भी इस जश्न में मौजूद थे।

### पंजाब-गुजरात में चुनाव हैं, इस कारण वाशिंग मशीन से धो दिया गया : कांग्रेस

**नई दिल्ली।** कांग्रेस ने दावा किया कि भाजपा गुजरात और पंजाब के विधानसभा चुनावों के मद्देनजर केजरीवाल को नहला-धुलाकर और वाशिंग मशीन से निकालकर पेश कर रही है ताकि चुनावों में मुख्य विपक्षी दल को कमजोर किया जा सके। कांग्रेस के मीडिया विभाग के प्रमुख पवन खेड़ा ने यह आरोप भी लगाया कि भाजपा एक 'इच्छाधारी नाग' है जो सिर्फ कांग्रेस को हराने के लिए अपना रूप बदलती रहती है और इसके लिए वह किसी भी स्तर तक गिर सकती है। खेड़ा ने दावा किया कि कैसे कांग्रेस को कमजोर किया जाए, यही भाजपा का खेल है और इसमें कई खिलाड़ी और अंपायर बिके हुए हैं।

## होली से पहले हर हालत में जारी किया जाए वेतन

राज्य ब्यूरो, लखनऊ

- जापान से लौटते ही मुख्यमंत्री ने सभी विभागों को दिए सख्त आदेश
- वेतन जारी करने के लिए शनिवार को घोषित किया गया कार्य दिवस

**अमृत विचार :** होली से पहले प्रदेश के राज्यकर्मियों को हर हालत में वेतन जारी किया जाए। सिंगापुर और जापान के दौरे लौटते ही मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने इस बारे में सभी विभागों को स्पष्ट निर्देश जारी किए। मुख्यमंत्री ने कहा कि वेतन भुगतान में देरी या लापरवाही बर्दाश्त नहीं की जाएगी। सभी विभाग आदेश का कड़ाई से पालन करें।

हालांकि 31 जनवरी तक मानव संपदा पोर्टल पर चल-अचल संपत्ति का विवरण नहीं देने वालों का जनवरी माह का वेतन भी नहीं मिलने से उनकी हालत और पस्त है। इस बीच कई विभागों के आदेशों में एकरूपता का अभाव था। शासन ने सभी विभागों को 28 फरवरी तक वेतन देने की बात कही थी, लेकिन महानिदेशक स्कूल शिक्षा मोनिका रानी ने कार्यालयों व निदेशालयों में कार्यरत स्थायी, संविदा, आउटसोर्स, शिक्षकीय एवं शिक्षणेत्तर कर्मचारियों की वेतन भुगतान प्राथमिकता के आधार पर दो मार्च से पहले हर हाल में जारी करने के निर्देश जारी किए थे।

इन स्थितियों की समीक्षा के बाद मुख्यमंत्री योगी ने शनिवार सुबह स्पष्ट निर्णय लिया कि शनिवार को किसी भी विभाग, बैंक या कोषागार की में छुट्टी नहीं होगी। इस दिन को कार्यदिवस घोषित करते हुए वेतन भुगतान की प्रक्रिया पूरी करने के निर्देश दिए। योगी ने अधिकारियों को सख्त चेतावनी देते हुए कहा कि वेतन भुगतान और अवकाश संबंधी आदेशों के अनुपालन में किसी भी प्रकार की ढिलाई या अनदेखी स्वीकार नहीं होगी। मुख्यमंत्री योगी ने विशेष तौर पर आउटसोर्सिंग कर्मियों, संविदाकर्मियों, सफाईकर्मियों समेत सभी श्रेणियों के कर्मचारियों का भुगतान शनिवार को सुनिश्चित करने के निर्देश दिए हैं।



### दो, तीन व चार मार्च को होली अवकाश

प्रदेश सरकार ने होली पर्व के अवसर पर दो, तीन और चार मार्च को अवकाश घोषित किया है। इस दौरान राज्य सरकार के सभी कार्यालय बंद रहेंगे।

ब्रीफ न्यूज

### रिंकू सिंह के कैंसर पीड़ित पिता का निधन

**नोएडा।** भारतीय क्रिकेट खिलाड़ी रिंकू सिंह के पिता खानचंद सिंह का शुक्रवार तड़के निधन हो गया। वह कैंसर से पीड़ित थे और काफी समय से ग्रेटर नोएडा के एक निजी अस्पताल में उनका इलाज हो रहा था। हॉस्पिटल के प्रवक्ता डॉ. सुनील कुमार ने बताया कि रिंकू सिंह के पिता खानचंद सिंह लिवर के कैंसर से जूझ रहे थे। हाल में उनकी तबीयत काफी बिगड़ गई थी, जिसके बाद 21 फरवरी से वह अस्पताल में ही भर्ती थे। उन्हें जीवन रक्षक प्रणाली वेंटिलेटर पर रखा गया था और शुक्रवार तड़के उन्होंने अंतिम सांस ली। पिता की गंभीर हालत होने के कारण रिंकू सिंह को टी20 विश्वकप को बीच में छोड़कर देश लौटना पड़ा था।

### ईडी के समक्ष पेश नहीं हुए अनिल अंबानी

**नई दिल्ली।** रिलायंस समूह के अध्यक्ष अनिल अंबानी बैंक धोखाधड़ी से जुड़े धनशोधन के एक मामले में ईडी के समक्ष शुक्रवार को पूछताछ के लिए पेश नहीं हुए। एजेंसी ने यस बैंक से जुड़े धनशोधन मामले में उनका बयान दर्ज करने के लिए उन्हें तलब किया था। अनिल अंबानी की पत्नी टीना अंबानी को भी पूछताछ के लिए बुलाया गया था, लेकिन उन्होंने पूछताछ टालने का अनुरोध किया। अनिल अंबानी से बृहस्पतिवार को उनकी समूह कंपनी रिलायंस कम्युनिकेशन से जुड़े कथित बैंक ऋण धोखाधड़ी के मामले में करीब नौ घंटे तक पूछताछ की गई थी।

### हाईकोर्ट के आदेश पर द केरल स्टोरी 2 रिलीज

**कोच्चि।** केरल हाईकोर्ट ने 'द केरल स्टोरी 2-गोज बियॉन्ड' फिल्म की रिलीज स्थगित करने संबंधी एकल न्यायाधीश के अंतरिम आदेश पर शुक्रवार को दो हफ्ते के लिए रोक लगा दी। शुक्रवार को फिल्म रिलीज हो गई। गुरुवार को फिल्म की रिलीज पर रोक लगाए जाने के कुछ घंटों बाद निर्माता विपुल अमृतलाल शाह की ओर से दायर अपील पर न्यायमूर्ति सुश्रुत अरविंद धर्माधिकारी और न्यायमूर्ति पीवी बालकृष्णन की पीठ ने फैसला सुनाया। पीठ ने बृहस्पतिवार रात फैसला सुरक्षित रख लिया था। विपुल शाह ने अपनी अपील में दावा किया था कि फिल्म केरल राज्य या किसी भी धार्मिक समुदाय को बदनाम नहीं करती।

## सेंसेक्स 961 अंक लुढ़का, निवेशकों के पांच लाख करोड़ रुपये डूबे

**मुंबई।** कमजोर वैश्विक रुझानों, बढ़ते तनाव और विदेशी पूंजी की निकासी के बीच शुक्रवार को सेंसेक्स 961 अंक लुढ़क गया जबकि निफ्टी 318 अंक टूटकर 25,200 के स्तर के नीचे आ गया। निवेशकों की पूंजी करीब पांच लाख करोड़ रुपये कम हो गई।

बीएसई का 30 शेयरों पर आधारित मानक सूचकांक 961.42 अंक यानी 1.17 प्रतिशत लुढ़ककर 81,287.19 अंक पर बंद हुआ। एक समय यह 1,089.46 अंक यानी 1.32 प्रतिशत तक गिरकर 81,159.15 अंक पर आ गया था। एनएसई का 50 शेयरों पर आधारित मानक सूचकांक निफ्टी 317.90 अंक यानी 1.25 प्रतिशत गिरकर 25,178.65 पर बंद हुआ।



- निफ्टी में 318 अंकों की गिरावट 25,200 के नीचे आया

## दिवंगत अजित पवार को 25,000 करोड़ के घोटाले में क्लीन चिट

**मुंबई।** मुंबई की एक अदालत ने शुक्रवार को महाराष्ट्र प्रदेश सहकारी बैंक के कथित 25,000 करोड़ रुपये के घोटाले से संबंधित मामले में मुंबई पुलिस की आर्थिक अपराध शाखा की क्लोजर रिपोर्ट को स्वीकार कर लिया और दिवंगत अजित पवार एवं अन्य आरोपियों को क्लीन चिट दे दी।

अदालत की ओर से क्लोजर रिपोर्ट को स्वीकार किए जाने का फैसला महाराष्ट्र के तत्कालीन उपमुख्यमंत्री पवार की बारामती में विमान दुर्घटना में मृत्यु के लगभग एक महीने बाद आया है। सांसदों और विधायकों से जुड़े मामलों से संबद्ध विशेष न्यायाधीश महेश जाधव ने ईओडब्ल्यू की 'सी-समरी' रिपोर्ट को स्वीकार करते हुए कहा कि कोई आपराधिक मामला नहीं बनता है।

## स्वामी अविमुक्तेश्वरानंद की गिरफ्तारी पर रोक

**प्रयागराज/वाराणसी, एजेंसी:** इलाहाबाद हाईकोर्ट ने बटुकों के कथित यौन शोषण मामले में शंकराचार्य स्वामी अविमुक्तेश्वरानंद सरस्वती की गिरफ्तारी पर शुक्रवार को रोक लगा दी। राज्य सरकार और वादी आशुतोष पांडेय को इस मामले में अपने जवाब दाखिल करने का भी आदेश दिया गया है।

न्यायमूर्ति जितेंद्र कुमार सिन्हा ने स्वामी अविमुक्तेश्वरानंद सरस्वती की ओर से दायर अग्रिम जमानत याचिका पर सुनवाई करते हुए यह आदेश दिया। अदालत ने अग्रिम जमानत याचिका पर अपना निर्णय सुरक्षित रख लिया जिसके मार्च के तीसरे सप्ताह में सुनाए जाने की संभावना है। स्वामी अविमुक्तेश्वरानंद के वकील दिलीप गुप्ता ने कहा कि शिकायतकर्ता आशुतोष पांडेय कई आपराधिक मामलों में लिप्त रहे हैं और याचिकाकर्ता को राज्य सरकार के इशारे पर इस मामले में झूठा फंसाया गया है।



- राज्य सरकार और आशुतोष पांडेय को जवाब दाखिल करने का आदेश
- शंकराचार्य के वकील ने कहा- सरकार के इशारे पर झूठे केस में फंसाया

### नार्को टेस्ट के लिए तैयार

**वाराणसी।** स्वामी अविमुक्तेश्वरानंद सरस्वती ने शुक्रवार को कहा कि उनके खिलाफ यौन शोषण मामले में यदि सच्चाई का पता लगाने के लिए नार्को टेस्ट जरूरी हो तो वह इसके लिए तैयार हैं। उन्होंने मीडिया से कहा, यदि नार्को टेस्ट से सच्चाई सामने आ सकती है तो अवश्य किया जाना चाहिए। सच उजागर करने के लिए जो भी तरीके उपलब्ध हैं, उन्हें अपनाया जाना चाहिए। उन्होंने कहा, झूठ अधिक समय तक नहीं टिकता। जिन्होंने झूठी कहानी गढ़ी है, वे बेनकाब हो रहे हैं।

## घर में घुसा तेंदुआ, बाथरूम में किया बंद

कार्यालय संवाददाता, मुरादाबाद

- आबादी में तेंदुए के आने से दहशत में आए हरथला के लोग
- वन विभाग ने 4 घंटे मशक्कत के बाद पिंजरे में किया कैद

**अमृत विचार :** आबादी में घुसा एक तेंदुआ तीन घंटे छतों पर घूमने के बाद तेंदुआ एक घर में घुस गया जहां बाथरूम में अंदर जाते ही गृहस्वामी ने उसे बाहर से बंद कर दिया। चार घंटे की मशक्कत के बाद वन विभाग की टीम तेंदुए को बाथरूम से निकालकर पिंजरे में बंद कर पाई। तेंदुए की वजह से गांव में दहशत का माहौल रहा।

हरथला गांव में शुक्रवार सुबह चार बजे तेंदुआ रामगंगा नदी तट की तरफ से सीएल गुप्ता आई केयर सेंटर से होकर आबादी में पहुंच गया। मॉर्निंग वाक कर रहे लोगों ने तेंदुए को देखा तो दहशत फैल गई। उन्होंने शोर मचाया तो तेंदुआ एक घर की छत पर चढ़ गया। इसके बाद एक से दूसरी छत पर घूमता रहा। करीब साढ़े सात बजे तेंदुआ गंगा मंदिर से होकर मेघ सिंह की छत पर कूदा और सीढ़ियों से नीचे घर में उतर आया। मेघसिंह की मां शकुंतला ने सबसे पहले तेंदुए को देखा और फिर मेघसिंह को बताया।

इस बीच तेंदुआ कुछ देर इधर-उधर टहला और फिर बाथरूम में घुस गया। हिम्मत जुटाकर मेघ सिंह ने दबे पांव जाकर बाहर से बाथरूम का दरवाजा बंद कर दिया। इसी बीच तेंदुए ने उन पर झपट्टा मारने की कोशिश की लेकिन वह दरवाजा बंद करने में सफल रहे। बाथरूम में कैद तेंदुआ काफी देर गुर्राता रहा। सूचना पर थाना सिविल लाइंस के प्रभारी निरीक्षक मनीष सक्सेना वन विभाग को जानकारी दी। डिप्टी रेंजर गिरीश कुमार श्रीवास्तव, अनुज कुमार, पुष्पेंद्र, हृदयेश टीम के साथ मौके पर पहुंचे। चार घंटे तक मशक्कत भरी कवायद के बाद तेंदुआ पकड़ में आया।



पिंजरे में कैद तेंदुआ।

आह्वान

मोदी ने वित्तीय संस्थानों से व्यावहारिक समाधान प्रदान कर बाजार विश्वास को मजबूत करने का किया आग्रह

## निवेश एवं नवाचार कर बजट घोषणाओं का लाभ उठाएं उद्योग

नई दिल्ली, एजेंसी

प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने भारतीय उद्योग से निवेश एवं नवाचार बढ़ाने का शुक्रवार को आग्रह किया। उन्होंने कहा कि सरकार ने आक्रामक पूंजीगत व्यय और बजट में लगातार अनुकूल नीतिगत माहौल बनाकर आधार तैयार कर दिया है और अब निजी क्षेत्र के लिए वैश्विक स्तर पर प्रतिस्पर्धी वृद्धि के अगले चरण को आगे बढ़ाने का समय आ गया है।

'विकसित भारत के लिए प्रौद्योगिकी, सुधार एवं वित्त' विषय पर बजट के बाद आयोजित 'वेबिनार' को संबोधित करते हुए मोदी ने कहा कि सार्वजनिक पूंजीगत व्यय 11 वर्ष पहले दो लाख करोड़ रुपये था जो बढ़कर केंद्रीय बजट 2026-27 में 12 लाख करोड़ रुपये से अधिक हो गया है। इसने विस्तार के लिए एक मजबूत नींव रखी है। उन्होंने कहा कि अधिक आवंटन निजी क्षेत्र को नए जोश के साथ निवेश करने और 2026-27 के बजट घोषणाओं का लाभ उठाने का संकेत देता है। मोदी ने कहा, भारतीय कंपनियों को नए निवेश एवं नवाचार के साथ आगे आना चाहिए।

मोदी ने कहा, वित्तीय संस्थानों को व्यावहारिक समाधान तैयार करने और बाजार विश्वास बढ़ाने में सहयोग देना चाहिए। मोदी ने कहा कि पिछले दशक में भारत की मजबूत क्षमता दृढ़ विश्वास आधारित सुधारों और कारोबार सुगमता में निरंतर सुधार के प्रयासों से प्रेरित रही है। भारत ने प्रौद्योगिकी आधारित सुशासन को अपनाया है, संस्थानों को मजबूत किया है और आज भी देश सुधारों के मार्ग पर अग्रसर है। उन्होंने कहा, सुधारों की तेज गति को बनाए रखने के लिए हमें केवल नीतिगत मंशा पर ही नहीं, बल्कि उत्कृष्ट क्रियान्वयन पर भी ध्यान देना होगा। सुधारों का मूल्यांकन उनके जमीनी प्रभाव के आधार पर होना चाहिए।



### सुधारों के बाद भी निजी क्षेत्र ने नहीं दिखाया जुझारूपन

प्रधानमंत्री ने कहा, सरकार की ओर से निजी निवेश को आकर्षित करने और मध्यम अवधि की उत्पादकता बढ़ाने के लिए राजमार्गों, रेलवे, बंदरगाहों, हवाई अड्डों, डिजिटल अवसंरचना तथा ऊर्जा नेटवर्क पर व्यय में तेज वृद्धि की गई है। हालांकि, निजी क्षेत्र ने अभी तक वह तथाकथित जुझारूपन (एनिमल स्पिरिट) पूरी तरह से प्रदर्शित नहीं किया है। उन्होंने सुधारों को ठोस परिणामों में तब्दील करने के लिए सरकार, उद्योग और ज्ञान क्षेत्र के भागीदारों के बीच घनिष्ठ सहयोग का आह्वान किया। मोदी ने कहा, हमें अवसंरचना में अधिक भागीदारी एवं वित्तीय मॉडल में नवाचार की आवश्यकता है, हमें परियोजना स्वीकृति पद्धतियों को मजबूत करना चाहिए और मूल्यांकन की गुणवत्ता में सुधार करना चाहिए।

## न्यूज ब्रीफ

### अटल आवासीय प्रवेश परीक्षा आठ मार्च को

**मुरादाबाद, अमृत विचार :** ग्राम पीपली, तहसील बिलारी स्थित मंडल स्तरीय अटल आवासीय विद्यालय में शैक्षणिक सत्र 2026-27 के लिए कक्षा 6 एवं 9 की प्रवेश परीक्षा आठ मार्च को कराई जाएगी। उप श्रमायुक्त ने बताया कि मंडल के सभी जनपदों के निर्धारित केंद्रों पर कक्षा छह के लिए प्रवेश परीक्षा सुबह 11 से एक बजे तक तथा कक्षा नौ की 11 से 1:30 बजे तक होगी। दिव्यांग को 40 मिनट अतिरिक्त समय मिलेगा। परीक्षा केंद्र चित्रगुप्त इंटर कॉलेज (निकट जैन मंदिर, सिविल लाइंस) निर्धारित किया गया है। अभ्यर्थी अपना प्रवेश पत्र सात मार्च शाम तक उप श्रमायुक्त कार्यालय, जिला पंचायत परिसर, कोर्ट रोड से प्राप्त कर सकते हैं। परीक्षार्थियों को सुबह नौ बजे केंद्र पर पहुंचना अनिवार्य होगा।

### सेवन वंडर पार्क का उद्घाटन आज

**मुरादाबाद, अमृत विचार :** प्रदेश के विज्ञान एवं प्रौद्योगिकी विभाग के मंत्री व जिले के प्रभारी अनिल कुमार शनिवार को सुबह 10:30 बजे मुरादाबाद विकास प्राधिकरण की आवासीय योजना नया मुरादाबाद के सेक्टर-2 स्थित सेवन वंडर पार्क का उद्घाटन करेंगे। प्राधिकरण के उपाध्यक्ष अनुभव सिंह ने बताया कि प्रभारी मंत्री अनिल कुमार के द्वारा पार्क का उद्घाटन किया जाएगा। इस दौरान स्थानीय जन प्रतिनिधि और प्रशासनिक अधिकारी भी मौजूद रहेंगे। बताया कि सेवन वंडर पार्क मनोरंजन एवं पर्यटन को बढ़ावा देगा।

### जनशताब्दी का मझोला पकड़िया पर होगा ठहराव

**मुरादाबाद, अमृत विचार :** रेलवे प्रशासन ने गाड़ी संख्या 12035-36 टनकपुर दिल्ली-टनकपुर जनशताब्दी एक्सप्रेस का ठहराव 26 फरवरी से करने का निर्णय लिया है। वरिष्ठ मंडल वाणिज्य प्रबंधक आदित्य गुप्ता ने बताया कि गाड़ी संख्या 12035-36 टनकपुर दिल्ली-टनकपुर जनशताब्दी एक्सप्रेस का ठहराव पूर्वोत्तर रेलवे के मझोला पकड़िया स्टेशन पर अब ठहराव 26 फरवरी से कर दिया गया है। गाड़ी संख्या 12035 टनकपुर-दिल्ली जन शताब्दी एक्सप्रेस नये ठहराव स्टेशन मझोला पकड़िया पर 11:59 बजे आएगी और दो मिनट के ठहराव के बाद 12:01 बजे रवाना होगी। जबकि दिल्ली-टनकपुर जन शताब्दी मझोला पकड़िया स्टेशन पर 14:50 बजे आकर 14:52 बजे रवाना होगी।

## भाजपा में संगठनात्मक बदलाव की प्रक्रिया तेज, नए पर्यवेक्षक पहुंचे मुरादाबाद

कार्यालय संवाददाता, मुरादाबाद

- **राकेश मिश्रा के बजाय विजय बहादुर पाठक बनाए गए मुरादाबाद के पर्यवेक्षक**

**अमृत विचार :** भाजपा में जिला और महानगर स्तर पर संगठनात्मक बदलाव की प्रक्रिया को तेज किया जा रहा है। जिला और महानगर कार्यकारिणी के चयन के लिए पर्यवेक्षक बदले गए हैं। बृज प्रांत के क्षेत्रीय महामंत्री राकेश मिश्रा के स्थान पर मुरादाबाद के पर्यवेक्षक बनाए गए एमएलसी विजय बहादुर पाठक शुक्रवार देर रात मुरादाबाद पहुंचे। दो मार्च तक मुरादाबाद में रहकर नई कार्यकारिणी के लिए जनप्रतिनिधियों के साथ मंथन करेंगे।

मुरादाबाद में जिला और महानगर दोनों ही कार्यकारिणी में बदलाव होना है। 2020 में बनी कार्यकारिणी में एक-दो परिस्थितिजन्य बदलाव के अलावा वही पदाधिकारी और सदस्य चले आ रहे हैं। इनमें से बहुत से निष्क्रिय भी हो गए हैं, जबकि कुछ के पास पद होने के बावजूद कोई जिम्मेदारी ही नहीं है। जबकि जिला और महानगर अध्यक्ष भी बदले जा चुके हैं। इस दौरान तीन अलग-अलग महानगर अध्यक्ष कार्य संभाल चुके हैं। अब नए सिरे से कार्यकारिणी का गठन किया जाना है।

जिले और महानगर में 21 पदाधिकारी, 70 कार्यकारिणी सदस्य के नाम घोषित किए जाएंगे। कुल मिलाकर दोनों कार्यकारिणी 91-91 सदस्यीय होंगी। पर्यवेक्षक बदलने का निर्णय प्रदेश स्तर पर हुआ है। माना जा रहा है कि कार्यकारिणी के गठन में हो रही देरी के कारण यह निर्णय लिया गया है। पर्यवेक्षक दो दिन में सभी जनप्रतिनिधियों और अन्य महत्वपूर्ण पदाधिकारियों के साथ विभिन्न समीकरणों को देखते हुए नामों पर चर्चा करेंगे। इसमें जातीय समीकरण सर्वाधिक महत्वपूर्ण हैं। जनपद की छह विधानसभा सीटों के अनुसार सभी वर्गों का प्रतिनिधित्व कार्यकारिणी में शामिल करना प्राथमिकता रहेगी। अभी तक महामंत्री, मंत्री और उपाध्यक्ष पद को चल रहे नाम पर मंथन होगा। जनप्रतिनिधि राय रखेंगे। यह प्रक्रिया पूरी करने के बाद पर्यवेक्षक प्रदेश अध्यक्ष को रिपोर्ट सौंपेंगे, जिसके आधार पर कार्यकारिणी की घोषणा की जाएगी।

## प्लाईवुड फैक्ट्रियों पर 36 घंटे से आयकर टीम का डेरा

कार्यालय संवाददाता, रामपुर

- **पूर्व सांसद एसटी हसन के समधी नईम खान की और पार्टनर मुनन खां की है फैक्ट्री**
- **मजदूर भी अंदर, परिजन बाहर कर रहे इंतजार, देर रात तक जारी रहा सर्वे**

**अमृत विचार:** आयकर विभाग दिल्ली की टीम ने थाना गंज क्षेत्र के बगी औद्योगिक क्षेत्र स्थित एमएन इंडस्ट्री के नाम से दो प्लाईवुड फैक्ट्रियों पर 36 घंटे से डेरा डाला हुआ है। तब से काम करने वाले मजदूर भी अंदर ही हैं, जबकि मजदूरों के परिजन बाहर इंतजार कर रहे हैं। ये फैक्ट्री मुरादाबाद के पूर्व सांसद और सपा नेता एचटी हसन के समधी नईम खां उर्फ बब्लू और उनके पार्टनर मुनन खां की हैं।

शुक्रवार को भी सीआरपीएफ के जवानों के साथ आयकर विभाग दिल्ली की टीम ने गुरुवार सुबह करीब दस बजे दोनों फैक्ट्री में सर्वे शुरू किया था। जो गुरुवार रातभर के बाद शुक्रवार देर रात तक चलता रहा। आयकर विभाग टीम ने दोनों के आवासों पर भी छानबीन की थी, लेकिन सूचना है कि घरों से आयकर विभाग की टीम चली गई है।



थाना गंज क्षेत्र के बगी औद्योगिक क्षेत्र स्थित एमएन इंडस्ट्री के बाहर घूमना पुलिसकर्मी।

लेकिन दोनों फैक्ट्रियों पर छानबीन शुक्रवार देर रात तक जारी है। टीम करीब 10 से ज्यादा गाड़ियों में नईम खां उर्फ बब्लू व पार्टनर मुनन खां की दोनों प्लाईवुड फैक्ट्री पहुंची थी। इसके साथ एक टीम मोहसिन ए आजम कॉलोनी स्थित नईम खान व शौकत अली रोड स्थित मुनन खां के आवासों पर पहुंची थी। लेकिन शुक्रवार को टीम आवास से फैक्ट्री चली गई। हालांकि टीम आवास से कुछ दस्तावेज लेकर निकली है, ऐसा आसपास के लोगों ने बताया है। नईम खान उर्फ बब्लू और मुनन खां दोनों पार्टनरशिप में प्लाईवुड की फैक्ट्री चलाते हैं और रामपुर के बड़े कारोबारी हैं। छापेमारी के बाद से फैक्ट्री में अफरातफरी का माहौल है। आयकर विभाग के अधिकारी फैक्ट्री कर्मचारियों से लगातार पूछताछ कर रहे हैं। जबकि मजदूरों और मालिकों के मोबाइल तक टीम ने अपने कब्जे में ले रखे हैं। टीम कारोबारी के वित्तीय लेनदेन, कंप्यूटर, खातों की लगातार जांच कर रही है। किसी को भी अंदर या बाहर आने की अनुमति नहीं दी गई है। मुरादाबाद के पूर्व सांसद एसटी हसन की बेटी का निकाह नईम खान के बेटे से हुआ है। जबकि मुनन खान की बेटी की शादी नईम के दूसरे बेटे के साथ हुई है। नईम और मुनन भी आपस में समधी हैं।

### आधिकारिक बयान का इंतजार

आयकर विभाग के सर्वे को करीब 36 घंटे हो गए हैं, लेकिन अभी तक आयकर विभाग के किसी अधिकारी ने कोई बयान जारी नहीं किया है। ऐसे में रामपुर में चर्चाओं का बाजार भी गर्म है। लोग तरह-तरह की चर्चाएं कर रहे हैं। आयकर विभाग की टीम को फैक्ट्री में कुछ अनियमितता मिली या नहीं, इसके बारे में कुछ नहीं कहा जा सकता है। मुनन बब्लू के नाम से रामपुर में दोनों कारोबारी का नाम प्रसिद्ध है। ऐसे में सभी की निगाहें आयकर विभाग की टीम के आधिकारिक बयान पर टिकी है।

## प्रॉपर्टी विवाद में जीजा की हत्या

### नमाज पढ़ कर लौट रहे युवक को गोली मारने वाले दो बाइकों पर सवार थे तीन लोग

कार्यालय संवाददाता, मुरादाबाद

**अमृत विचार :** नमाज पढ़ कर लौट रहे बिस्कुट फैक्ट्री के मालिक को साले ने गोली मार दी। मौके पर पहुंची थाना नागफनी पुलिस असद को लेकर जिला अस्पताल पहुंची जहां उसे डॉक्टर ने मृत घोषित कर दिया। मौत की खबर मिलते ही जिला अस्पताल पहुंचे परिजनों का रो रोकर बुरा हाल। परिवार वालों के अनुसार मृतक और उसके साले में प्रॉपर्टी को लेकर विवाद चल रहा था।



मृतक असद।

शुक्रवार को जिगर कॉलोनी के रहने वाले अलबिना बिस्कुट फैक्ट्री के मालिक मोहम्मद असद पुत्र अब्दुल हमीद अपने घर से लाल मस्जिद में तरावी पढ़ने जा रहा था। थाना नागफनी के कैंप चौकी से शाम सात के करीब वह अपनी बाइक से डीएल अस्पताल चौराहे की ओर चला ही था कि चौराहे से कुछ दूर पहले बाइक सवार असद के मोहल्ला ढहरिया निवासी साले जफर ने गोली मार दी, जिससे मौके पर ही मौत हो गई। उस वक्त जफर के साथ दो लोग और भी थे। गोली की आवाज के असद की चीख सुनकर राहगीरों की मौके पर भीड़ लग गई। भीड़ का फायदा उठाकर गोली मारने वाले फरार हो गए। सूचना मिलते ही मौके पर नागफनी थाना प्रभारी सुनील कुमार मौके पर पहुंचे और असद को उठाकर जिला अस्पताल लाए जहां चिकित्सकों ने असद को मृत घोषित कर दिया। सूचना पर जिला अस्पताल में परिजन रोते बिलखते पहुंचे। पुलिस की पूछताछ में परिजनों ने काफी पहले से साले जफर से प्रॉपर्टी का विवाद चलने की बात कही। मौके पर एसपी सिटी कुमार रणविजय सिंह भी पहुंचे और परिजनों से आरोपियों के बारे में जानकारी ली।



जिला अस्पताल की इमरजेंसी पर तैनात पुलिस बल। ● अमृत विचार



घटनास्थल पर जांच करती फॉरेंसिक टीम।

- **आरोपियों को पकड़ने के लिए पुलिस की पांच टीमें गठित**

> असद नामक व्यक्ति की शाम सात बजे दो बाइक सवार तीन लोगों ने गोली मारकर हत्या कर दी है। परिजनों के अनुसार मृतक का उसके साले से प्रॉपर्टी का विवाद चल रहा था। आरोपियों की तलाश में पांच टीमें गठित की गई हैं। जल्द ही पुलिस आरोपी को पकड़ लेगी।
>
> **- कुमार रणविजय सिंह**, एसपी सिटी मुरादाबाद

## दुष्कर्म पीड़िताओं के बच्चे जन्म के साथ अनाथ

कार्यालय संवाददाता, मुरादाबाद

- **दस दिन के अंतराल पर दो नाबालिगों ने दिया बच्चियों को जन्म**
- **तीसरी आठ माह की गर्भवती, जन्म देने के बाद अपनाने से इंकार**

**अमृत विचार :** जनपद में दुष्कर्म की शिकार दो पीड़िताओं ने बच्चों को जन्म दिया, जबकि तीसरी आठ माह की गर्भवती है। तीनों ही नाबालिग हैं। दुष्कर्म के आरोपित जेल जा चुके हैं। वहीं, जिन दो नाबालिगों ने बच्चियों को जन्म दिया है, उन्हें अपनों ने ही अपनाने से इंकार कर दिया। तीसरी की भी यही स्थिति है। दो बच्चियों को बाल कल्याण समिति ने विशेष दत्तक ग्रहण एजेंसी को सौंप दिया है।

थाना मैनाठेर के गांव में पिछले 13 फरवरी को दुष्कर्म पीड़िता ने बच्ची को जन्म दिया। बच्ची रखने को लेकर विवाद खड़ा हो गया। जिस युवक पर आरोप लगा था, वह पॉक्सो एक्ट में जेल भेजा जा चुका है। आरोपी का परिवार भी किशोरी को अपनाने को तैयार नहीं है। ऐसे में नवजात दुनिया में आने के साथ अनाथ हो गई। बाल कल्याण समिति ने पीड़िता के माता-पिता को बच्ची को स्वीकार करने के लिए समझाया और प्रयास किए, लेकिन वह टस से मस नहीं हुए। हारकर बच्ची को चाइल्ड लाइन के माध्यम से विशेष दत्तक ग्रहण एजेंसी को सौंप दिया गया। वहीं, एक और किशोरी (जो 14 वर्ष भी पूरे नहीं कर पाई है) के गर्भवती होने की जानकारी मिलने पर परिजन ने युवक के विरुद्ध दुष्कर्म का मुकदमा पंजीकृत कराया। समिति ने संपर्क कर अपनी निगरानी में लिया। किशोरी आठ माह की गर्भवती है। परिजन किशोरी को साथ रखने के लिए तैयार हैं, लेकिन बच्चे को अपनाने के लिए नहीं।

### गुरुवार को भी एक बच्ची हुई थी अनाथ

थाना मझोला क्षेत्र में 23 फरवरी को दुष्कर्म पीड़िता 14 वर्षीया किशोरी ने बच्ची को जन्म दिया। चार दिन तो बच्ची मां के साथ रही, लेकिन जब परिजन नवजात को साथ रखने के लिए तैयार नहीं हुए तो उसे भी बाल कल्याण समिति के माध्यम से गुरुवार को विशेष दत्तक ग्रहण एजेंसी को सौंप दिया गया। जबकि माता-पिता के होने के बाद भी बच्चियां अनाथ का जीवन जी रही हैं। उन्हें मां की गोद, प्यार और दूध कुछ भी नसीब नहीं हुआ। तीनों ही प्रकरण में पीड़िताओं के परिजन को समाज में बदनामी के डर सता रहा है। वहीं, युवक जिनके चलते इन बच्चियों का जन्म हुआ, उन्हें तो जेल हो गई। लेकिन, जो नवजात बिना किसी दोष के अनाथ बन गए, उन्हें न्याय मिल पाएगा। बाल कल्याण समिति के सदस्य हरिमोहन गुप्ता का कहना है कि दो बच्चियों की देखभाल अच्छे से की जा रही है। सभी प्रक्रिया पूरी होने के बाद भी इन बच्चों को एसएएएस के माध्यम से गोद दिया जाएगा। समाज में जिस प्रकार से यह बुराई बढ़ रही है, किसी भी प्रकार से अच्छी नहीं है।

## बघी गोवर्धनपुर के जंगल में कुएं से अज्ञात युवती का शव बरामद



मैनाठेर में महिला का शव मिलने की सूचना पर जानकारी लेती पुलिस टीम।

कार्यालय संवाददाता, मुरादाबाद

- **मैनाठेर का मामला, पुलिस ने मौके पर पहुंचकर ली जानकारी**

**अमृत विचार :** मैनाठेर थाना क्षेत्र के अंतर्गत बघी गोवर्धनपुर के जंगल में शुक्रवार को एक कुएं में अज्ञात महिला का शव की जानकारी पर सनसनी फैल गई। सूचना पर पुलिस मौके पर पहुंची और शव को कुएं से बाहर निकलवाया। महिला के शव की शिनाख्त के लिए पुलिस प्रयास में जुटी रही। लेकिन सफलता नहीं मिली। महिला के गले पर गला घोंटने जैसे निशान थे।

शुक्रवार को मैनाठेर कोतवाली के प्रभारी निरीक्षक किरण पाल ने बताया कि गांव बघी गोवर्धन में के 20 फीट गहरे कुएं में महिला के शव मिलने की सूचना गांव के प्रधान ने दी थी। इस पर पहुंची पुलिस ने शव को कुएं से बाहर निकाला और शव की जांच की तो गले पर चोट के निशान मिले। पुलिस ने शव का पंचनामा भरकर पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया है।

## चार घंटे दहशत में रहे हरथला के लोग, पुलिस के चेहरे पर भी तेंदुए का डर

कार्यालय संवाददाता, मुरादाबाद

**अमृत विचार :** महानगर के हरथला मोहल्ले में शुक्रवार सुबह उस समय अफरा-तफरी मच गई, जब एक तेंदुआ रिहायशी इलाके में घुस आया। सुबह करीब चार बजे से लेकर 11 बजे तक क्षेत्र में लोग दहशत में दहशत में रहे। लोगों ने सुरक्षा के लिए घरों के दरवाजे बंद कर लिए।

हरथला मोहल्ले के मेघ सिंह के घर में तेंदुआ पहुंचने की जानकारी पर आसपास के लोग बड़ी संख्या में उनके घर के बाहर जुट गए। स्थिति को संभालने के लिए पुलिस को बार-बार भीड़ हटानी पड़ी। महिलाओं ने बच्चों को घरों में बंद कर लिया। छतों पर खड़े लोग टकटकी लगाए रेस्क्यू अभियान देखते रहे।

वन विभाग के डिप्टी रेंजर गिरीश चंद ने उच्चाधिकारियों को इसकी जानकारी देकर पीलीभीत वन विभाग से अनुभवी रेंजर को बुलाने का आग्रह भी कर लिया।



तेंदुए को पिंजरे पिंजरे में कैद करके ले जाती वन विभाग की टीम। ● अमृत विचार

- **महिलाएं बच्चों को सड़क से पकड़कर घर में बंद करती दिखीं**

हालांकि स्थानीय टीम ने हिम्मत नहीं हारी और रेस्क्यू अभियान जारी रखा। पिंजरा लगाने के साथ ही बाहर वाहन तैयार रखा गया। करीब चार घंटे की मशक्कत के बाद तेंदुए को सुरक्षित पिंजरे में कैद कर वन विभाग की टीम तेंदुए को लेकर बाहर निकली, तो लोगों ने राहत की सांस ली।

कई लोग मोबाइल से वीडियो बनाया। इस दौरान तेंदुए का खौफ न केवल आम लोगों बल्कि मौके पर मौजूद वन विभाग और पुलिसकर्मियों के चेहरों पर भी साफ दिखाई दे रहा था। सिविल लाइन थाना के प्रभारी निरीक्षक के साथ रेस्क्यू में वन विभाग के चार डिप्टी रेंजर गिरीश चंद श्रीवास्तव, अनुज कुमार, पुष्पेंद्र कुमार और हिरदेश सिंह के बाद वन दरोगा गौरव चौहान, कपिल कुमार, अमरजीत सिंह, माली प्रेमपाल और गिरधारी भी डटे रहे। डिप्टी रेंजर गिरीश ने बताया कि तेंदुए को पकड़ कर डियर पार्क लाया गया है, जहां उसका मेडिकल चेकअप कराया जाएगा।

### लोगों की प्रतिक्रिया



तेंदुए को मंदिर की छत से मेघ सिंह की छत पर कूदते देखा था। तभी कुछ देर बाद तेंदुआ आने का शोर मोहल्ले में मच गया। पता लगा कि मेघ सिंह ने तेंदुए को घर के बाथरूम में बंद कर दिया है।

**- पंकज प्रजापति**, निवासी हरथला



तेंदुआ आने की बात सुबह चार बजे से चल रही थी। आसपास के लोग फोन कर बता रहे थे कि मोहल्ले में तेंदुआ है। कुछ देर बाद हमारे सामने वाले घर में कूद घर में उतर गया।

**- कुसुम देवी**, निवासी हरथला गंगा मंदिर वाली गली



जब बाथरूम का दरवाजा बंद किया तो तेंदुआ पलटा और झपट्टा मारा, जिससे दरवाजे की जाली टूट गई। डर भी लगा क्योंकि बाहर आने लिए दहाड़ रहा था जो पूरे मोहल्ले में गूंज रही थी।

**- मेघ सिंह**



वन विभाग की टीम ने चार घंटे मशक्कत के बाद तेंदुआ पकड़ा। वन विभाग की टीम हो या स्थानीय निवासी किसी की की जान जोखिम में नहीं आई।

**- करुणा शर्मा**, प्यूपल फॉर एनिमल एनजीओ यूनिट प्रभारी

### गुरैठा में घर से कुत्ते के बच्चे को उठा ले गया तेंदुआ

**पाकबड़ा, अमृत विचार :** पाकबड़ा थाना क्षेत्र के गांव गुरैठा में और रॉबिन उर्फ शाका के पालतू कुत्ते के बच्चे को रात में तेंदुआ उठाकर ले गया। बताया जा रहा है कि कि जब तेंदुआ घर में घुसकर कुत्ते के बच्चे को पकड़ा तो उसके चीखने की आवाज से घर वाले चौंक गए। उठकर देखा तो पता चला कि तेंदुआ जा रहा था। उन्होंने आसपास के और घरवालों को सतर्क कर दिया। तेंदुआ गांव में ही घूम रहा है। सुबह सभी लोग लाठी डंडे लेकर खेतों पर गए। बच्चों को घर से निकलने के लिए मना कर दिया गया। सुबह अपने बच्चों को स्कूल छोड़ने के लिए भी बड़े बुजुर्ग लाठी डंडा लेकर गए।

**इतिहास के झरोखे से**

**संगमरमर के पांच शंखों वाली समाधि तक पहुंचने के लिए बने थे दो रास्ते**

## आकाश से देखने पर आंख की तरह दिखती है गांधी समाधि

कार्यालय संवाददाता, रामपुर

**अमृत विचार :** राष्ट्रपिता महात्मा गांधी की समाधि दिल्ली के राजघाट के अलावा रामपुर में भी बहुत सादगी से बनवाई गई थी। संगमरमर के पांच शंखों वाली गांधी समाधि तक पहुंचने के लिए दो रास्ते थे। समय बीता और 2025-16 में सपा सरकार के दौरान पूर्व मंत्री आजम खां ने गांधी समाधि को भव्य रूप दिलाया। आकाश से देखने पर अब गांधी समाधि आंख की आकृति की तरह दिखाई देती है।

गांधी समाधि पर 2 अक्टूबर, 15 अगस्त और 26 जनवरी को ध्वजारोहण किया जाता है। देश-विदेश से आने वाले मेहमान गांधी समाधि पर श्रद्धासुमन अर्पित करते हैं। 11 फरवरी 1948 को नवाब रजा अली खां विशेष ट्रेन से बापू की अस्थियां रामपुर लाए थे। बापू की अस्थियों का इस्तकबाल करने के लिए रेलवे स्टेशन पर पूरा शहर जुट गया था। सजे हुए हाथी पर रखकर बापू की अस्थियों शहर में घुमाई गईं थीं। बापू की अस्थियों का कुछ हिस्सा कोसी नदी में विसर्जित कर दिया गया। शेष अस्थियों को अष्टधातु के कलश में रखकर दफ्न कर दिया गया था। नवाब गेट के निकट स्थित गांधी समाधि में बापू की अस्थियां दफ्न हैं। देशभर में दिल्ली राजघाट और रामपुर स्थित गांधी समाधि में ही बापू की अस्थियां दफ्न हैं। कुछ को कोसी में विसर्जित किया गया। कुछ अस्थियों को स्मृति स्वरूप समाधि बनवाकर दफनाया गया।



नवाब रजा अली खां द्वारा वर्ष 1948 में बनवाई गई गांधी समाधि। ● अमृत विचार

> अष्ट धातु के कलश में अस्थियां रामपुर लाई गईं, जिन्हें रजा इंटर कॉलेज के मैदान में जनता के दर्शन के लिए रखा गया। इसके बाद नवाब ने कुछ अस्थियां कोसी नदी में विसर्जित कीं। बापू की कुछ अस्थियां अष्ट धातु के कलश में चांदी के कैप्सूल में रखकर दफना दी गईं। नवाब ने खुद यह काम किया और फिर यहीं पर गांधी समाधि बना दी गई।
>
> **- डॉ. जहीर अली सिद्दीकी**, इतिहासकार



वर्ष 2015-16 में सपा सरकार में पूर्व मंत्री आजम खां द्वारा गांधी समाधि को दिलाया भव्य रूप।

### राष्ट्रपिता का रामपुर से अटूट नाता रहा

शांति और अहिंसा के प्रतीक राष्ट्रपिता महात्मा गांधी का रामपुर से अटूट नाता रहा। मौलाना मोहम्मद अली जौहर के पास महात्मा गांधी स्वतंत्रता संग्राम के दौरान आते रहे। इसी दौरान महात्मा गांधी और मौलाना मोहम्मद अली जौहर ने नवाब हामिद अली खां से मुलाकात की। नवाब के दरबार में नंगे सिर नहीं जाया जाता था। इसलिए बी अम्मा मौलाना मोहम्मद अली जौहर की मां ने अपने हाथों से सिलकर महात्मा गांधी को पहनने के लिए दी। तभी से वह टोपी गांधी कैप के नाम से प्रसिद्ध है।

## रुपये निकाले लेकिन काम नहीं किया, अब जवाब समय पर न देने पर होगी कार्रवाई

कार्यालय संवाददाता, मुरादाबाद

- **ग्राम पंचायत करसरा में विकास कार्यों में अनियमितता, प्रधान व सचिव को नोटिस**

**अमृत विचार :** विकासखंड बिलारी की ग्राम पंचायत करसरा में विकास कार्यों में अनियमितता का मामला सामने आया है। शिकायतकर्ताओं ने शपथ पत्र के माध्यम से शिकायत की, जिस पर जांच कराई गई। शिकायतकर्ताओं ने जांच से असंतुष्टि जताकर डीएम से शिकायत की। दोबारा जांच में प्रधान व सचिव पर लगाए गए आरोप सही मिलने पर प्रधान और सचिव को नोटिस जारी किया गया है।

प्रारंभिक जांच जिला समाज कल्याण अधिकारी पंखुरी जैन ने की थी जिसमें आरोपों की पुष्टि न होने की बात सामने आई। जिसके बाद शिकायतकर्ता बदलू राम व टीकम सिंह समेत अन्य ग्रामीणों ने डीएम से मिलकर जिला समाज कल्याण अधिकारी की जांच रिपोर्ट से असहमति जताकर दोबारा जांच कराने की मांग की। जिस पर डीएम अनुज सिंह ने जिला विकास अधिकारी गोविंद बल्लभ पाठक को जांच सौंपी।

> मेरे द्वारा जिला समाज कल्याण अधिकारी की जांच रिपोर्ट का बिंदुवार परीक्षण किया गया। जिसमें वित्तीय अनियमितताएं मिली थी। टेंडर कार्ययोजना और मापन पुस्तिका अभिलेख नहीं दर्शाए गए थे। जिसे देखने पर प्रधान और सचिव पर दोष की पुष्टि हुई थी। इसकी रिपोर्ट डीएम को दे दी है।
>
> **- गोविंद बल्लभ पाठक**, जिला विकास अधिकारी

संयुक्त जांच रिपोर्ट में ग्राम पंचायत में कराए गए कई कार्यों में वित्तीय अनियमितताएं पुष्टि होने पर स्पष्ट हुआ कि ग्राम पंचायत में सफाई कार्य के लिए 27,720 रुपये निकाले गए, लेकिन कार्य के पूर्व व बाद के फोटोग्राफ, मस्टररोल, कोटेशन व अन्य अभिलेख उपलब्ध नहीं कराए गए। इसी प्रकार पंचायत भवन में सीसी टाइल्स, रंगाई-पुताई कार्य के लिए लगभग 1.99 लाख रुपये का ड्राफ्ट तैयार किया गया, लेकिन टेंडर, कार्ययोजना व मापन पुस्तिका (एमबी) अभिलेख संलग्न नहीं पाए गए। विद्यालय में दिव्यांग शौचालय निर्माण के नाम पर भी धनराशि निकाला गया लेकिन आवश्यक दस्तावेज, फोटोग्राफ व कार्य विवरण उपलब्ध नहीं मिले।

इसके अलावा पंचायत भवन में कंप्यूटर व फर्नीचर क्रय तथा विद्यालय में सीसी व टाइल्स कार्य में भी प्रक्रियात्मक खामियां पाई गईं। जांच रिपोर्ट में संबंधित ग्राम प्रधान एवं सचिव को प्रथम दृष्टया दोषी मानते हुए स्पष्टीकरण मांगा गया है। प्रशासन ने चेतावनी दी है कि संतोषजनक जवाब न मिलने पर नियमानुसार कठोर कार्रवाई की जाएगी।

अमृत विचार





**इफ्तार**
28 फरवरी
सुन्नी : 6.17
शिया : 6.28

**सहरी**
01 मार्च
सुन्नी : 5.17
शिया : 5.12

**हजरत मोहम्मद साहब ने फरमाया :** सहरी खाया करो क्योंकि सहरी खाने में बरकत है।

## न्यूज ब्रीफ

### मेला स्पेशल अनारक्षित ट्रेनें आज से चलेंगी

**मुरादाबाद, अमृत विचार :** मुरादाबाद रेल मंडल के अन्तर्गत नैमिषारण्य व मिश्रिख तीर्थ पर 84 कोसी होली परिक्रमा को देखते हुए यात्रियों की सुविधा के लिए मेला स्पेशन अनारक्षित गाड़ियां संचालित की गई हैं। गाड़ी संख्या 04391 04391 बालामऊ–सीतापुर सिटी–बालामऊ अनारक्षित मेला स्पेशल संचालित है। इसका ठहराव सीतापुर सिटी से चलने वाली ट्रेन रामकोट, मिश्रिख तीर्थ, नैमिषारण्य, बेनीगंज होकर बालामऊ आएगी। इसका बालामऊ से संचालन 28 फरवरी से 16 मार्च तक किया जाएगा। वरिष्ठ मंडल वाणिज्य प्रबंधक आदित्य गुप्ता ने बताया कि इस ट्रेन का सीतापुर से भी संचालन 28 फरवरी से 16 मार्च तक रहेगा। वहीं गाड़ी संख्या 04393-04394 बालामऊ–सीतापुर सिटी–बालामऊ मेला स्पेशल अनारक्षित का संचालन बालामऊ और सीतापुर से 28 फरवरी से होगा।

### आवेदनकर्ताओं के प्रपत्र का सत्यापन शुरू

**मुरादाबाद, अमृत विचार :** जिले में विकास एवं पुष्टाहार विभाग द्वारा आंगनबाड़ी कार्यकत्रियों और सहायिकाओं के रिक्त 1020 पदों पर भर्ती प्रक्रिया प्रारंभ कर दी गई है। जिला कार्यक्रम अधिकारी शैलेंद्र प्रताप राय ने बताया कि परियोजना के अंतर्गत रिक्त पदों को चरणबद्ध तरीके से भरा जाएगा। इसी क्रम में 31 पदों के सापेक्ष 25 आंगनबाड़ी कार्यकत्रियों का चयन किया गया है। चयनित अभ्यर्थियों के प्रपत्रों का अब सत्यापन कराया जाएगा। प्रपत्रों के सत्यापन के बाद अंतिम नियुक्ति की प्रक्रिया पूरी की जाएगी। उन्होंने बताया काफी लंबे समय से 1020 आंगनबाड़ी कार्यकत्रियों के पद खाली चल रहे थे। जिसकी निदेशालय से मंजूरी मिलने के बाद भर्ती प्रक्रिया शुरू कर दी गई है। जिसके बाद 6 हजार महिलाओं ने ऑनलाइन आवेदन आए हैं। वैकल्पिक व्यवस्था में 1500 नंबर वन और टू में ऑनलाइन आवेदन फीड किए जा चुके है। उन्होंने बताया कि भर्ती प्रक्रिया पूरी तरह पारदर्शी है। नियमानुसार रिक्त पद भरे जाने से विभागीय कार्यों में गति आएगी।

### 9 से 23 मार्च तक चलेगा अभियान

**मुरादाबाद, अमृत विचार :** कुष्ठ रोगी खोजी अभियान 9 से 23 मार्च तक चलेगा। इसमें आशा व पुरुष कार्यकर्ता की टीम घर-घर जाकर कुष्ठ रोगियों की खोज करेंगे। सुपरवाइजर इनके कार्यों का पर्यवेक्षण करेंगे। मुख्य चिकित्साधिकारी कार्यालय सभागार में अर्बन क्षेत्र की आशाओं को प्रशिक्षण दिया गया। जिला कुष्ठ परामर्शदाता डॉ. भास्कर अग्रवाल और जिला नाभिक टीम के रामानंद बाजपेई ने अभियान के बारे में जानकारी दी। डॉ. भास्कर अग्रवाल ने बताया की टीम में कार्य करने वाले आशा एवं पुरुष कार्यकर्ता को यह समझना जरूरी है कि कुष्ठ रोग छूने से नहीं फैलता यह बैक्टीरिया जनित रोग है। जिसका दूसरे व्यक्ति के शरीर में फैलना इस बात पर निर्भर करता है कि व्यक्ति की रोग से लड़ने की क्षमता किस प्रकार की है। बताया की टीम के कार्य के पर्यवेक्षण के लिए पांच टीमों पर एक पर्यवेक्षक लगाया जाएगा।

# बिजली चोरों से विभाग नहीं वसूल पाया जुर्माना

- अब वसूली के लिए पुलिस का सहयोग लेगा विभाग, बिजली बिल राहत योजना आज समाप्त

कार्यालय संवाददाता, मुरादाबाद

**अमृत विचारः** जिले में बिजली विभाग अब बकायेदारों और बिजली चोरी करने वालों के खिलाफ सख्ती करेगी। बिजली चोरी के 9300 मामले में 2929 ने 10 करोड़ की धनराशि जमा की है। अभी भी 50 करोड़ की धनराशि जुर्माने की रकम बकाया है। इसे वसूलने में विभाग अब स्थानीय पुलिस का सहारा लेगी।

मुख्य अभियंता अशोक कुमार चौरासिया ने बताया कि बिजली बिल राहत योजना के तहत देहात तीनों वितरण खंडों में 6500 बिजली चोरी पर 35 करोड़ रुपये जुर्माने की धनराशि और नगर में 2800 बिजली चोरों को 25.7 करोड़ रुपये की जुर्माने की धनराशि जमा करनी थी। लेकिन बिजली बिल राहत योजना की 27 फरवरी तक देहात में 33 प्रतिशत और नगर क्षेत्र में 28 प्रतिशत जुर्माने की राशि जमा की गई है। उन्होंने बताया की बिजली चोरी पर 60 करोड़ रुपये के जुर्माने की राशि में मात्र 10 करोड़ रुपये ही जमा हो पाए हैं। विभाग ने जमा करने पर जुर्माने में छूट का अवसर दिया गया था, लेकिन 50 करोड़ रुपये अभी बाकी रह गया। बताया कि राहत योजना एक दिन में समाप्त हो जाएगी, जिसके बाद विभाग कड़ी कार्रवाई करेगा। अब टीमें पुलिस के साथ अभियान चलाकर जुर्माने की राशि वसूलेंगी।

# होली पर तीन मार्च को भी सार्वजनिक अवकाश रहेगा

**मुरादाबाद, अमृत विचारः** इस बार सरकारी अधिकारियों व कर्मचारियों को शासन ने एक साथ कई छुट्टियां देकर खुशी प्रदान की है। एक मार्च को रविवार के बाद दो मार्च को होलिका दहन और चार मार्च को होली का सार्वनजिक अवकाश पहले ही घोषित था। अब सरकार ने तीन मार्च को निगोशिएबल इंस्ट्रूमेंट एक्ट के अन्तर्गत सार्वजनिक अवकाश घोषित कर दिया है। इससे चार दिन वह होली के पर्व की खुशियां अपने परिवार के साथ मना सकेंगे।

तीन मार्च को सार्वजनिक अवकाश घोषित करने का आदेश उत्तर प्रदेश शासन के सामान्य अनुभाग प्रशासन अनुभाग की ओर से प्रमुख सचिव एसवीएस रंगा राव ने जारी किया है।

## अब शहरी क्षेत्र के प्राथमिक स्कूलों में भी बच्चों के लिए बनेगा मध्याह्न भोजन

# ऑपरेशन कायाकल्प के सभी कार्य जल्द करें पूरा

- बेसिक शिक्षा विभाग के जिला स्तरीय टास्क फोर्स की कलेक्ट्रेट सभागार में बैठक

कार्यालय संवाददाता, मुरादाबाद

**अमृत विचारः** डीएम अनुज सिंह की अध्यक्षता शुक्रवार को कलेक्ट्रेट सभागार में बेसिक शिक्षा विभाग के जिला स्तरीय टास्क फोर्स से संबंधित अधिकारियों के साथ बैठक हुई।

जिलाधिकारी ने बीएसए को निर्देश दिया कि परिषदीय विद्यालयों में शिक्षकों को बेहतर कार्य करने पर प्रोत्साहित करने की कार्ययोजना तैयार करें, जिससे उनमें विद्यालय और शिक्षा को बेहतर बनाने की भावना बढ़े। कहा कि अच्छे अध्यापकों को प्रोत्साहन जरूरी है। जिलाधिकारी ने ऑपरेशन कायाकल्प के अंतर्गत सभी कार्यों को अगले दो महीने में पूरा करने का निर्देश दिया।

जिलाधिकारी ने शहरी क्षेत्र में एनजीओ के माध्यम से मिड डे मील की आपूर्ति के स्थान पर विद्यालय में ही भोजन तैयार कराने के निर्देशों का कड़ाई से पालन करने के लिए कहा। कहा बच्चों की उपस्थिति में भी गंभीरता दिखनी चाहिए। उन्होंने कहा कि कि जिन विद्यालयों में पर्याप्त जगह है वहां मध्याह्न भोजन शेड तैयार करें। जिससे बच्चों को माहौल में भोजन मिले। नए शैक्षिक सत्र में बच्चों को समय से पुस्तकों की उपलब्ध कराने का निर्देश दिया। कहा कि लापरवाही पर कार्रवाई होगी। खंड शिक्षा अधिकारी एवं टास्क फोर्स के अन्य अधिकारियों को व्यवस्था को और प्रभावी बनाने के लिए कहा। बैठक में मुख्य विकास अधिकारी मृणाली अविनाश जोशी, जिला बेसिक शिक्षा अधिकारी विमलेश कुमार, जिला पंचायत राज अधिकारी आलोक कुमार शर्मा, जिला पूर्ति अधिकारी अजय प्रताप सिंह व अन्य संबंधित अधिकारी मौजूद रहे।



कलेक्ट्रेट सभागार में बैठक करते डीएम अनुज सिंह। • अमृत विचार

# होली के लिए सजे बाजार, खरीदारी तेज

## मावा व अन्य खाद्य पदार्थों की खरीदारी में लोग कर रहे सावधानी

कार्यालय संवाददाता, मुरादाबाद

**अमृत विचार :** होली के लिए बाजार सजे हैं। रंग बिरंगी व डिजाइनर पिचकारियां, रंग गुलाल व पकवान की दुकान पर भीड़ है। वहीं किराना की दुकानों पर होली पर पकवान बनाने के लिए सूजी, मैदा, देशी घी, रिफाइंड, ड्राई फ्रूट व मसालों आदि की खरीदारी तेज हो गई है। चार मार्च को होली है इसके चलते लोग देर शाम तक खरीदारी कर रहे हैं।

इस बार भी परंपरागत उल्लास से होली मनाने के लिए लोग जुटे हैं। बच्चों व युवाओं में उत्साह अधिक है। बच्चे कार्टून कैरेक्टर वाली पिचकारी के अलावा गन और बैलून भी खरीद रहे हैं। जिसमें रंग भरकर दूसरों पर फेंक सकें। वहीं मुखौटे का भी क्रेज अधिक दिख रहा है। गुरहट्टी, गंज बाजार, टाउनहाल पर अन्य सामग्री की खरीदारी के अलावा कपड़ों की दुकानों व रेडीमेड शॉप पर ग्राहकों की संख्या अधिक है। शुक्रवार को पूरे दिन बाजार में चहल पहल रही। महिलाएं अपने व परिवार के सदस्यों के लिए नये कपड़ों के साथ ही गुझिया बनाने के लिए भी सामग्री खरीदने में जुटी रहीं। हरथला, नवीनगर, बुद्धि विहार व अन्य बाजारों में भी ग्राहकों की भीड़ दुकानों पर रही। ब्रांडेड शोरूम में भी देर रात तक ग्राहक खरीदारी कर रहे हैं। जिससे दुकानदारों के चेहरे पर चमक अधिक दिख रही है। दुकानदारों का कहना है इस बार ग्राहक नये ट्रेंड पर अधिक जोर दे रहे हैं। चाहे कपड़े खरीदना हो या अन्य सामग्री सभी में लोग पंसद को तवज्जो दे रहे हैं। हालांकि खरीदारी में लोग मिलावट व सामान की गुणवत्ता आदि का भी विशेष ध्यान दे रहे हैं।



दुकान पर पिचकारी पसंद करता युवक। • अमृत विचार

### होली से पहले वेतन मिलने के आदेश से कर्मचारियों में खुशी

**मुरादाबाद, अमृत विचार :** होली से पहले अधिकारियों, कर्मचारियों व संविदा कर्मियों को वेतन देने के मुख्यमंत्री के आदेश के बाद डीएम ने सभी विभागाध्यक्षों और मुख्य कोषाधिकारी को निर्देश दिया कि वेतन भुगतान हर हाल में कराएं। मुख्यमंत्री ने होली से पहले सभी कर्मचारियों जिसमें संविदा व आउटसोर्सिंग से संबंधित कर्मचारी भी शामिल हैं उन्हें हर हाल में वेतन भुगतान करने का आदेश दिया है। इसके क्रम में शुक्रवार को डीएम अनुज सिंह ने सभी विभागाध्यक्षों व मुख्य कोषाधिकारी को हर हाल में समय से वेतन भुगतान करने का निर्देश दिया। इससे कर्मचारियों में खुशी है। क्योंकि होली से पहले वेतन न मिलने से रंग फीका हो जाता। मगर अब अधिकारियों के साथ कर्मचारियों को भी वेतन मिलने का पक्का विश्वास हो गया है। शनिवार को सभी कार्यालय खुले रहेंगे। क्योंकि रविवार से चार दिन बुधवार तक सभी सरकारी कार्यालय बंद रहेंगे।

### क्लब की पदाधिकारियों ने स्कूल के बच्चों के साथ मनाई खुशियां

**मुरादाबाद, अमृत विचार :** इनरव्हील क्लब मुरादाबाद ईस्ट ने शुक्रवार को झांझनपुर स्थित प्रेरणा स्कूल में होली मिलन समारोह किया। इसमें क्लब की सदस्यों ने स्कूल के बच्चों के साथ गुलाल लगाकर होली मनाई, उन्हें उपहार भेंट कर त्योहार की खुशियां साझा की। अध्यक्षता कर रहीं क्लब की प्रेसिडेंट वीना रस्तोगी ने बच्चों को होली के लिए गुलाल, बैलून, मास्क के साथ फल भी वितरित किया। अनिता गुप्ता ने गुझिया व अन्य मिष्ठान प्रदान किया। सपना अग्रवाल की ओर से बच्चों को पिज़्ज़ा खिलाया गया। इस दौरान प्राची दीक्षित, गीता अग्रवाल, ममता गर्ग, शालिनी भारद्वाज, सपना अग्रवाल, सरिता, अनीता अग्रवाल, गीता अग्रवाल, दीपमाला त्यागी आदि मौजूद रहीं।



### रंगों में मिलावट न लगा दे होली की खुशियों पर ग्रहण

**मुरादाबाद, अमृत विचार :** रंगों के पर्व होली पर रंग गुलाल लगाने की होड़ रहती है। मिलावटी व केमिकल युक्त रंगों की जगह लोग हर्बल व नेचुरल रंगों की खरीदारी करना चाहते हैं। मगर मुनाफे के लालच में कारोबारी हर्बल के नाम पर मिलावटी रंग व गुलाल भी धड़ल्ले से बेच रहे हैं। ऐसे में जरा सी असावधानी होली की खुशियों पर ग्रहण लगा सकती है। होली पर रंगों की बौछार होना लाजिमी है। लेकिन खुद को सतर्क भी रखें। क्योंकि महानगर व ग्रामीण क्षेत्र के बाजारों में सस्ते उत्पाद मंगाकर मुनाफा कमाने में दुकानदार लगे हैं। जिससे त्वचा व आंखों को नुकसान हो सकता है। इसलिए बहुत से लोग फूलों की होली खेलने की तैयारी में हैं। मगर हर किसी को मना कर पाने के चलते सावधानी बरतना भी जरूरी है। किसी तरह यदि ऐसा रंग, गुलाल व पेंट आदि लग जाए तो उससे बचाव करने की जानकारी चिकित्सक दे रहे हैं।

#### त्वचा रोग विशेषज्ञ की सलाह

जिज्ञासा हास्पिटल की त्वचा रोग विशेषज्ञ डॉ. आबिदा का कहना है कि बाजार में मिलने वाले सस्ते और चटक रंगों में हानिकारक रसायन मिलाए जाते हैं, जो त्वचा पर एलर्जी, खुजली, रैशेज, जलन और इंफेक्शन का कारण बन सकते हैं।

#### बरतें सावधानियां

होली खेलने से पहले पूरे शरीर पर सरसों या नारियल का तेल अच्छी तरह लगा लें, चेहरे और हाथ-पैरों पर मॉइस्चराइजर का प्रयोग करें, पूरी बाजू के कपड़े पहनें, हर्बल और प्राकृतिक रंगों का ही प्रयोग करें, रंग छुड़ाने के लिए बार-बार साबुन का इस्तेमाल न करें, हल्के क्लेंजर का प्रयोग करें, अगर त्वचा पर तेज जलन या सूजन हो तो तुरंत चिकित्सक से संपर्क करें।

#### नेत्र रोग विशेषज्ञ की सलाह

जिला अस्पताल में नेत्र रोग विशेषज्ञ डॉ. समृद्धि सेठिया के अनुसार होली के रंग आंखों में जाने पर जलन, लालिमा, सूजन, कॉर्निया में खरोंच और अस्थायी दृष्टि धुंधलापन जैसी समस्याएं हो सकती हैं।

#### आंखों की सुरक्षा के लिए सुझावः

- होली खेलते समय चश्मा या सनग्लास का उपयोग करें।
- आंखों में रंग जाने पर तुरंत साफ पानी से धोएं।
- आंखों को रगड़ें नहीं।
- कॉन्टैक्ट लेंस पहनकर होली न खेलें।
- समस्या बढ़ने पर तुरंत नेत्र विशेषज्ञ से परामर्श लें।

### जनगणनाः प्रशिक्षण में दी गई जानकारी

**मुरादाबाद, अमृत विचारः** भारत सरकार के निर्देश के क्रम में जनगणना-2027 के प्रथम चरण के लिए तीन दिवसीय प्रशिक्षण के आखिरी दिन शुक्रवार को भी जानकारी दी गई।

कलेक्ट्रेट सभागार में सहायक निदेशक राजेंद्र कुमार और संस्कृति तिवारी ने हाउस लिस्टिंग एवं भवन गणना, आंकड़ा संकलन, मोबाइल/ऑनलाइन एप्लीकेशन के माध्यम से डाटा प्रविष्टि, डाटा की शुद्धता एवं गोपनीयता आदि महत्वपूर्ण बिंदुओं के बारे में बताया। इस दौरान प्रतिभागियों की जिज्ञासाओं का समाधान किया गया। अपर जिलाधिकारी वित्त एवं राजस्व ममता मालवीय ने बताया कि संबंधित अधिकारियों/कर्मचारियों को निर्देश दिया गया कि कार्य को पूरी गंभीरता पारदर्शिता और समय से पूरा कराने में भूमिका निभाएं। जिससे शुद्ध एवं विश्वसनीय आंकड़े संकलित किए जा सकें।

# समय पूरा होने पर तय करें दाखिल खारिज

- चौपाल में सुनी गई किसानों की चकबंदी से संबंधित समस्याएं

कार्यालय संवाददाता, मुरादाबाद

**अमृत विचारः** चकबंदी के संबंध में किसानों का फीडबैक प्राप्त कर उनकी समस्याओं का निराकरण करने के लिए उप संचालक चकबंदी ओमप्रकाश अंजोर ने ग्राम बढ़ेरा तहसील ठाकुरद्वारा में ग्राम चौपाल में किसानों की समस्याएं सुनीं।

तहसील ठाकुरद्वारा के ग्राम बढ़ेरा में धारा-10 का प्रकाशन हुआ है। किसान अहमद हसन ने वरासत के संबंध में मो.आसिम व मो. अल्ताफ ने बैनामा दाखिल खारिज करने की शिकायत की। सहायक चकबंदी अधिकारी ने तत्काल बैनामों का दाखिल खारिज कराया। किसान अहमद हसन ने शिकायत में बताया कि अभी आपत्ति प्रस्तुत करने की निर्धारित अवधि पूरी नहीं हुई है। उन्होंने सहायक अधिकारी को निर्देश दिया कि निर्धारित अवधि पूरी होते ही वरासत का दाखिल खारिज सुनिश्चित करें। शमशाद व इरफान ने विभाजन त्रुटिपूर्ण होने की शिकायत की। जिस पर उसे ठीक करने का निर्देश दिया। चकबंदी अधिकारी ने होली के तुरंत बाद गांव में बैठकर वादों का निस्तारण करने का आश्वासन दिया। अफसर अली ने सर्वे में रकबा कम करने की शिकायत की। मौके पर ही उनके खेत की पैमाइश कराई गई जिसमें खेत का रकबा सर्वे के अनुसार पाया गया। किसानों को बताया गया कि चकबंदी से जुड़ी कोई शिकायत हो तो व्यक्तिगत अथवा दूरभाष पर कभी भी उप संचालक चकबंदी / बंदोबस्त अधिकारी चकबंदी से संपर्क कर सकते हैं।



चौपाल में किसानों की शिकायतें सुनते चकबंदी विभाग के अधिकारी

## न्यूज डायरी

### गणित की परीक्षा से 1609 ने बनाई दूरी, पेपर आसान होने से खिले चेहरे

**मुरादाबाद, अमृत विचार :** यूपी बोर्ड की हाईस्कूल की गणित विषय की परीक्षा शुक्रवार को हुई। इससे 1609 परीक्षार्थियों ने किनारा कर लिया। हालांकि परीक्षा देने पहुंचे छात्र-छात्राओं के चेहरों पर संतोष रहा। अधिकांश ने पेपर को उम्मीद से अधिक आसान बताया। जिला विद्यालय निरीक्षक देवेंद्र कुमार पांडेय ने बताया कि प्रथम पाली में हाईस्कूल की गणित तथा इंटरमीडिएट के फल एवं खाद्य संरक्षण, पाकशास्त्र, परिधान एवं सज्जा, बैंकिंग आदि विषयों की परीक्षा 11 केंद्रों पर हुई। हाईस्कूल में 25,414 परीक्षार्थी पंजीकृत थे, जिनमें से 23,805 उपस्थित रहे, जबकि 1,609 अनुपस्थित रहे। वहीं इंटर में 217 पंजीकृत परीक्षार्थियों में से 207 उपस्थित और 10 अनुपस्थित रहे। द्वितीय पाली में इंटर भौतिक विज्ञान और सैन्य विज्ञान विषय की परीक्षा 111 केंद्रों पर हुई। परीक्षा के दौरान छह सचल दलों ने विभिन्न केंद्रों का निरीक्षण किया। चित्रगुप्त इंटर कॉलेज से निकले मोहित ने बताया, अच्छी तैयारी की थी, इसलिए पेपर आसान लगा। रतिका चौहान ने बताया कि पेपर उम्मीद से काफी आसान आया। खासकर एमसीक्यू प्रश्न अच्छे अंक दिलाने में मददगार साबित होंगे। परीक्षा केंद्रों के बाहर अभिभावकों की भीड़ देखने को मिली। छात्राओं में विशेष उत्साह नजर आया और वे परीक्षा को लेकर आत्मविश्वास से भरी दिखीं।



### रंग एकादशी पर निकाली शोभायात्रा

**मुरादाबाद, अमृत विचार :** श्री रामलीला समिति दीनदयाल नगर द्वारा शुक्रवार को रंग एकादशी शोभायात्रा निकाली गई। श्री रामलीला समिति परिवार दीनदयाल नगर के सदस्यों ने समिति के अध्यक्ष सुरेंद्र प्रकाश गुप्ता के नेतृत्व में टोली बनाकर शोक संतृप्त परिवारों में पहुंचकर संवेदना व्यक्त की। पटका पहनाकर, रंग- गुलाल लगाकर गंगाजल, भागवत गीता व मिठाई देकर रंग एकादशी की शुभकामनाएं दी। वहीं शाम को विश्व शांति व कल्याण के लिए हवन कर आहुति दी गई। इसके बाद रंग एकादशी शोभा यात्रा में निकाली गई। इसकी शुरुआत नगर विधायक रितेश गुप्ता ने की। शोभायात्रा महर्षि दयानन्द पार्क दीनदयाल नगर से शुरू होकर साईं मंदिर रोड, मधुबनी तिराहा, किला, रामगंगा विहार स्थित सोनकपुर स्टेडियम, सेल टैक्स रोड, टीडीआई चौराहा होते हुए महर्षि दयानन्द पार्क पर आकर समाप्त हुई। इसमें श्रीराम, गणेश, भोलेनाथ की झांकी आकर्षण का केंद्र रही। नगर विधायक ने सभी को शुभकामनाएं दी। यात्रा में शिशिर गुप्ता, राजेश रस्तोगी, संजीव राजन, समिति के महामंत्री पियूष गुप्ता, कोषाध्यक्ष निर्वेश भटनागर, राजीव गुप्ता, सुनील कुमार गुप्ता, डॉ. विकास गुप्ता, अरविन्द गुप्ता सहित अन्य लोग शामिल रहे।



### रंग एकादशी शोभा यात्रा में शामिल हुए लोग, लगाया एक दूसरे को गुलाल

**मुरादाबाद, अमृत विचार :** राष्ट्रीय पर्व होली समिति की ओर से शुक्रवार को खत्री धर्मशाला बाजीगरान से रंग एकादशी पर शोभा यात्रा निकाली गई। इसका आरंभ नगर विधायक रितेश गुप्ता ने नारियल फोड़ कर किया। शोभा यात्रा में ढोल नगाड़े की थाप पर लोग थिरके और एक दूसरे को गुलाल लगाकर शुभकामना दी। शोभायात्रा जिस भी मार्ग से गुजरी सड़कें रंग व गुलाल से रंग गई। शोभा यात्रा में श्रीराधा कृष्ण की फूलों की होली, ब्रज की लट्ठमार होली, संगम माघ मेले, शिव बरात की झांकी आकर्षण का केंद्र रहीं। इसके अलावा शिव पार्वती, राम दरबार, श्रीगणेश, घोड़े पर राम लक्ष्मण, भरत शत्रुघ्न की झांकी भी लोगों का ध्यान खींचा। टेसू के फूलों से रंग बनाकर गुलाब जल मिलाकर उससे होली खेली गई। शोभा यात्रा में समिति के संयोजक राजेंद्र कुमार टंडन, रवि मेहरोत्रा, विजय कुमार टंडन, सुधीर पाठक, अनुभव मेहरोत्रा, विजय सारस्वत, वरूण टंडन सहित अन्य लोग शामिल रहे।

### होली पर एक से चार मार्च तक नगर निगम के अधिकारियों की छुट्टियां रद

**मुरादाबाद, अमृत विचार :** एक तरफ कर्मचारियों को जहां इस बार होली पर चार दिन छुट्टी की खुशी मिली थी। वहीं नगर निगम के अधिकारियों की होली पर अवकाश नगर आयुक्त ने रद कर दिया है। उन्होंने बिना अनुमति मुख्यालय न छोड़ने का आदेश जारी किया है। नगर आयुक्त दिव्यांशु पटेल के द्वारा जारी आदेश में नगर निकाय निदेशालय के द्वारा होली पर नागरिक सुविधाओं व साफ-सफाई के प्रभावी व्यवस्था का हवाला दिया गया है। इसके अनुसार एक से चार मार्च तक निगम के अधिकारियों का अवकाश रद्द रहेगा वह बिना अनुमति मुख्यालय नहीं छोड़ेंगे। आदेश में वर्णित है कि जूम मीटिंग के माध्यम से रियल टाइम मानीटरिंग की जाएगी। इन तिथियों में सुबह और शाम लाइव लोकेशन के साथ उपस्थिति चेक की जाएगी। यदि कोई अधिकारी लाइव लोकेशन शेयर नहीं करेगा तो माना जाएगा कि संबंधित अधिकारी मुख्यालय पर मौजूद नहीं हैं और इसकी सूचना शासन को विभागीय कार्रवाई के लिए भेज दी जाएगी। इस संबंध में कोई स्पष्टीकरण मान्य नहीं होगा।

## तैयारी

### विद्युत संबंधी समस्या की सूचना हेल्पलाइन नंबर 1912 या निकटतम विद्युत कार्यालय में दें

# होली पर उपभोक्ताओं को मिलेगी निर्बाध बिजली

कार्यालय संवाददाता, मुरादाबाद

**अमृत विचार :** होली के मद्देनजर बिजली विभाग ने निर्बाध एवं सुचारू विद्युत आपूर्ति देने के निर्देश जारी किए हैं। प्रबंध निदेशक पश्चिमांचल विद्युत वितरण निगम लिमिटेड (मेरठ) रवीश गुप्ता ने सभी जिलों के अधिकारियों को त्योहार के दौरान विशेष सतर्क रहने का निर्देश दिया। उन्होंने कहा है कि होली के दौरान किसी भी प्रकार का व्यवधान नहीं होना चाहिए। यदि किसी कारणवश ब्रेकडाउन या आपूर्ति बाधित होती है तो उसका तत्काल निस्तारण किया जाए। सभी प्रमुख मार्गों, बाजारों और भीड़भाड़ वाले स्थलों पर विद्युत लाइनों एवं उपकरणों का विशेष निरीक्षण कर तकनीकी खामियों को तुरंत दुरुस्त करें। मुख्य अभियंता अशोक कुमार चौरसिया ने बताया कि सभी केंद्रों पर मरम्मत गैंग, आवश्यक उपकरण, ट्रांसफार्मर और सामग्री उपलब्ध रखने को कहा गया है, जिससे लोकल फॉल्ट या ब्रेकडाउन की स्थिति में न्यूनतम समय में आपूर्ति बहाल की जा सके। रात्रि के समय प्रमुख स्थलों पर विशेष निगरानी रखने के भी निर्देश दिए गए हैं। जनपद स्तर पर 24 घंटे संचालित कंट्रोल रूम को पूर्ण रूप से सक्रिय रखने तथा सक्षम अधिकारियों की तैनाती करने के आदेश जारी किए गए हैं। उपभोक्ताओं की शिकायतों के त्वरित निस्तारण के लिए हेल्पलाइन नंबर 1912 पर सतर्कता बरती जाएगी।

होलिका दहन कार्यक्रमों को विद्युत लाइनों से सुरक्षित दूरी पर आयोजित कराने के लिए स्थानीय स्तर पर निगरानी रखने के निर्देश दिए गए हैं। सभी वितरण ट्रांसफार्मरों की जांच कर आवश्यक सुरक्षा गार्डिंग की जाएगी। यदि किसी कार्यक्रम या समारोह स्थल पर अस्थायी विद्युत संयोजन की मांग आती है तो नियमानुसार तत्काल अस्थायी कनेक्शन देने के निर्देश भी जारी किए गए हैं। विभाग ने उपभोक्ताओं से अपील की है कि किसी भी विद्युत संबंधी समस्या की सूचना तुरंत हेल्पलाइन नंबर 1912 या निकटतम विद्युत कार्यालय में दर्ज कराएं, ताकि समस्या का शीघ्र समाधान किया जा सके।

### कानून से खिलवाड़ करने वालों पर होगी कड़ी कार्रवाईः एसएसपी

होलिका दहन और रंगोत्सव (होली) को शांतिपूर्ण एवं सौहार्दपूर्ण वातावरण में संपन्न कराने के लिए पुलिस प्रशासन ने व्यापक सुरक्षा प्रबंध किए हैं। वरिष्ठ पुलिस अधीक्षक सतपाल अंतिल ने जनपद भर के संवेदनशील स्थानों पर विशेष सतर्कता बरते जाने के सख्त आदेश जारी किए हैं। शुक्रवार को एसएसपी सतपाल अंतिल ने बताया कि सभी होलिका दहन स्थलों पर पुलिस बल की ड्यूटी लगाई गई है, ताकि किसी भी प्रकार की अव्यवस्था या विवाद की स्थिति को तुरंत नियंत्रित किया जा सके। रंग खेलने वाले दिन भी पुलिस पूरी तरह अलर्ट मोड में रहेगी और लगातार गश्त कर शांति व्यवस्था बनाए रखेगी। सभी सर्किल के क्षेत्राधिकारी एवं थाना प्रभारी निरीक्षक अपने-अपने क्षेत्रों में फोर्स के साथ भ्रमणशील रहेंगे। संवेदनशील व मिश्रित आबादी वाले इलाकों में अतिरिक्त पुलिस बल तैनात किया गया है। सोशल मीडिया पर भी विशेष निगरानी रखी जा रही है, ताकि अफवाह फैलाने वालों के विरुद्ध तत्काल कार्रवाई की जा सके। पुलिस प्रशासन ने आमजन से अपील की है कि त्योहार को आपसी भाईचारे और सद्भाव के साथ मनाएं तथा किसी भी संदिग्ध गतिविधि की सूचना तुरंत पुलिस को दें। माहौल खराब करने या कानून व्यवस्था से खिलवाड़ करने वालों के खिलाफ कड़ी कार्रवाई की चेतावनी भी दी गई है। पुलिस का कहना है कि जनपद में शांति बनाए रखना सर्वोच्च प्राथमिकता है।

### अस्पताल में छापेमारी को पहुंची टीम, बंद मिला

**पाकबड़ा, अमृत विचारः** स्वास्थ्य विभाग की टीम शुक्रवार को अस्पताल में छापेमारी के लिए पहुंची तो बंद मिला। मामले में विभाग को शिकायत मिली थी।

थाना क्षेत्र मैनाठेर के गांव नरौदा निवासी नन्हें ने डीएम व वरिष्ठ पुलिस अधीक्षक से शिकायत की थी कि उसकी पत्नी का ऑपरेशन की क्षेत्र के निजी अस्पताल सेक्टर 5 में हुआ था। उससे पहले दूसरे निजी अस्पताल में इलाज चल रहा था। उनके द्वारा ही दूसरी जगह भेजा गया। ऑपरेशन के बाद बेटी को जन्म देने के बाद पत्नी की हालत बिगड़ने लगी। लेकिन अस्पताल के लोगों ने कहीं और नहीं ले जाने दिया। जिससे पत्नी की मौत हो गई थी। इसकी शिकायत पर जब स्वास्थ्य विभाग की टीम पहुंची तो देखा अस्पताल पर ताला लगा था। जिसके नाम अस्पताल रजिस्टर्ड था उसे बुलाया तो बताया कि वह देहरादून में है। सीएचसी प्रभारी अमित सक्सेना ने बताया कि अस्पताल बंद मिला।

## न्यूज ब्रीफ

### महिला ने लगाया मारपीट का आरोप

**बिलारी, अमृत विचार :** कोतवाली क्षेत्र के थांवला गांव निवासी जवासियन पत्नी जाहिद हुसैन ने कोतवाली में दर्ज कराई रिपोर्ट में कहां है कि उसी के गांव के नन्हे जाकिर, मन्नू ,हाजी रिजवान ने उसके साथ मारपीट की जिससे उसके गंभीर चोटे आई हैं ।पुलिस ने महिला की तहरीर पर रिपोर्ट दर्ज कर जांच शुरू कर दी है।

### मां बेटे को मारपीट कर किया घायल

**बिलारी, अमृत विचार :** कोतवाली क्षेत्र के वीरामपुर गांव निवासी बॉबी ने कोतवाली में दिखाई रिपोर्ट में कहा है कि 23 फरवरी की दोपहर उसी के गांव के रहने वाले ओमवीर मलखे और सतभान ने उसकी मां कमलेश और उसके साथ मारपीट की और जान से मारने की धमकी दी ।पुलिस ने रिपोर्ट दर्ज कर जान शुरू कर दी है।

### मारपीट कर घायल करने का लगाया आरोप

**बिलारी, अमृत विचार :** कोतवाली क्षेत्र के पहाड़पुर गांव निवासी धर्मवीर ने कोतवाली में लिखाई रिपोर्ट में कहा है की 25 फरवरी की दोपहर वह अपने घर पर था तभी बाहर गटर सफाई करने वाली मशीन आई, इस दौरान वह सफाई कर्मी से बात कर रहा था आरोप लगाया कि अचानक उसी के गांव का नरेश पुत्र जगतपाल आया और उसके साथ मारपीट शुरू कर दी ।जिससे उसके शरीर में काफी चोटें आई हैं। पुलिस ने तहसील के आधार पर रिपोर्ट दर्ज कर जांच शुरू कर दी है।

### हादसे में घायल मजदूर की मौत

**बिलारी, अमृत विचार :** कोतवाली क्षेत्र के ग्राम हाजीपुर गांव निवासी सूरज सिंह ने कोतवाली में दर्ज कराई रिपोर्ट में कहा है कि 12 फरवरी को उसका भाई सूखे अमरपुर काशी मैं एक मैरिज हॉल में काम करने के लिए गया था , किसी काम से मैरिज हॉल से बाहर जा रहा था तभी गलत दिशा से आ रही तेज रफ्तार बाइक चालक ने उसके भाई को जोरदार टक्कर मार दी।जिससे उसके सर में गंभीर चोटें आई।जिसके बाद उसे सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र ले जाया गया जहां से उसे जिला अस्पताल रेफर कर दिया गया, गंभीर हालत के चलते उसे मेरठ के निजी अस्पताल में भर्ती कराया गया, जहां 13 फरवरी को उसके भाई की मृत्यु हो गई ।पुलिस ने अज्ञात बाइक चालक के खिलाफ रिपोर्ट दर्ज कर जांच शुरू कर दी है।

### ग्राम प्रहरी की ट्रेन से कटकर मौत

**कांठ, अमृत विचार :** थाने में तैनात 25 वर्षीय ग्राम प्रहरी की शुक्रवार को रेलवे ट्रैक पर एक अज्ञात ट्रेन से कटकर दर्दनाक मौत हो गई।पुलिस ने शव पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया है।परिजनों का रोते बिखलते बुरा हाल है।थाना क्षेत्र के ग्राम संदलीपुर मानपुर निवासी भूरा उर्फ अर्जुन पुत्र राजेंद्र उर्फ लीला सिंह 25 वर्ष थाने में ग्राम प्रहरी के पद पर तैनात था जिसका आवास रेलवे ट्रैक के पास ही स्थित है।वह शुक्रवार की प्रात: लगभग 10 :00 बजे कृषि कार्य से अपनी बाइक द्वारा गया था।ग्राम छज्जुपुरा दोयम के पास खंभा नंबर 14117/15 के पास उसने अपनी मोटरसाइकिल खड़ी कर दी। अचानक डाउन लाइन पर अज्ञात ट्रेन आने पर ट्रेन की चपेट में आकर मौत हो गई।

अमृत विचार एक सम्पूर्ण अखबार
क्लासीफाइड
विज्ञापन हेतु सम्पर्क करें
9412554796
0591 3591634

**संबन्ध विच्छेद**
मैंने व मेरे परिवार ने अपने सगे पुत्र शादाब व उसकी पत्नी नगमा के गलत कृत्य व दुर्व्यवहार के कारण रजिस्टर्ड संबंध विच्छेद कर लिये है। इनका मेरी चल, अचल, संपत्ति, मकान, मुकदमा व भविष्य में घटित घटना से कोई लेना-देना नहीं है। श्रीमती फरमुदी पत्नी मौ. शमशाद पुत्र शकूर शाह निवासी ग्राम लकड़ैहट थाना व तहसील नौगांवा सादात, जिला अमरोहा।

**सूचना**
हमने अपने पुत्र मौ. शाहिद को गलत आचरण एवं दुर्व्यवहार के कारण सम्बन्ध विच्छेद कर अपनी समस्त चल-अचल सम्पत्ति से बेदखल कर दिया है। भविष्य में उसके द्वारा किए गए किसी भी कृत्य के लिए वह स्वयं जिम्मेदार होगा। हमारा व हमारे परिवार से कोई वास्ता नहीं होगा। अब्दुल वाहिद पुत्र श्री छदम्मी एवं श्रीमती आबिदा खातून पत्नी अब्दुल वाहिद निवासीगण ग्राम दढ़ियाल मुस्तेहकम तहसील टाण्डा जिला रामपुर

**वैधानिक सूचना :-** समाचार पत्र में प्रकाशित किसी भी विज्ञापन जैसे टावर सम्बन्धी, नौकरी सम्बन्धी, ऋण सम्बन्धी या अन्य किसी भी प्रकार के विज्ञापन में पाठकों को सावधान किया जाता है। विज्ञापनदाता द्वारा किये गये दावे या उल्लेख, समर्थन की पुष्टि समाचार पत्र नहीं करता है।

# हिंदू सम्मेलन में धर्म, संस्कृति व एकता पर जोर

## ठाकुरद्वारा के ग्राम दारापुर में आयोजन, संतों एवं वक्ताओं ने समाज को संगठित रहने का किया आह्वान

संवाददाता, ठाकुरद्वारा

**अमृत विचार :** क्षेत्र के ग्राम दारापुर में शुक्रवार को आयोजित हिंदू विराट सम्मेलन आस्था, धर्म एवं सांस्कृतिक चेतना का केंद्र बना रहा। सम्मेलन में दूर-दराज से पहुंचे संत-महात्माओं एवं वक्ताओं ने हिंदू समाज की एकता, धार्मिक मूल्यों के संरक्षण तथा सामाजिक जागरूकता पर जोर देते हुए लोगों को संगठित रहने का संदेश दिया।

कार्यक्रम का शुभारंभ वैदिक मंत्रोच्चार एवं धार्मिक अनुष्ठान के साथ किया गया, जिससे पूरे वातावरण में भक्तिमय माहौल बन गया। सम्मेलन में बड़ी संख्या में श्रद्धालु एवं क्षेत्रवासी उपस्थित रहे। सम्मेलन को संबोधित करते हुए आचार्य सत्य देवानंद महाराज ने कहा कि सनातन धर्म केवल पूजा-पद्धति नहीं, बल्कि जीवन जीने की संस्कृति है। उन्होंने कहा कि समाज तभी मजबूत बनता है जब लोग अपनी धार्मिक परंपराओं, संस्कारों और नैतिक मूल्यों को अपनाते हैं। उन्होंने युवाओं से धर्म और संस्कृति के प्रति जागरूक रहने का आह्वान किया। ऋषिकेश-हरिद्वार स्थित श्री रामानंद आश्रम बगीचा के महंत गौरिंग रघु महाराज ने अपने संबोधन में कहा कि हिंदू समाज की शक्ति उसकी एकता और आध्यात्मिक विचारधारा में निहित है। उन्होंने कहा कि आपसी भाईचारा, सेवा भाव और धर्म के प्रति आस्था ही समाज को सशक्त बनाती है। संतों ने लोगों से धार्मिक आयोजनों एवं सामाजिक कार्यों में बढ़-चढ़कर भाग लेने की अपील की। वहीं मुस्लिम राष्ट्रीय मंच के राष्ट्रीय महामंत्री तुषार कांत ने अपने संबोधन में कहा कि राष्ट्र की मजबूती समाज की एकता और सांस्कृतिक मूल्यों के सम्मान से ही संभव है। उन्होंने सामाजिक समरसता, राष्ट्रीय भावना एवं धार्मिक जागरूकता को समय की आवश्यकता बताते हुए समाज को संगठित रहने का संदेश दिया।



सम्मेलन को संबोधित करते आचार्य सत्य देव आनंद महाराज। ● अमृत विचार



सम्मेलन में मौजूद बड़ी संख्या में लोग। ● अमृत विचार

### सुख-समृद्धि की कामना की

सम्मेलन के दौरान वक्ताओं ने धर्म के प्रति आस्था बनाए रखते हुए समाज में नैतिकता, संस्कार एवं सामाजिक सद्भाव को बढ़ावा देने पर बल दिया।कार्यक्रम के अंत में देश एवं समाज की सुख-समृद्धि की कामना के साथ सामूहिक संकल्प लिया गया। कार्यक्रम के अध्यक्षतासरस्वती विद्या मंदिर के पूर्व प्रधानाचार्यगजेंद्र सिंह चौहान ने की ।इस अवसर पर क्षेत्र के अखिलेश विश्नोई, दिग्विजय सिंह, सैंपल सिंह चौहान, राजीव कुमार, कोमल सिंह, राहुल चौहान, रवि चौहान, विनीत शर्मा शिवकुमार शर्मा , व गणमान्य नागरिक, धर्मप्रेमी श्रद्धालु एवं बड़ी संख्या में ग्रामीण मौजूद रहे।आयोजन समिति ने सभी अतिथियों एवं उपस्थित जनसमूह का आभार व्यक्त किया।

# शादी का झांसा देकर युवती से किया दुष्कर्म

संवाददाता, बिलारी

- वीडियो वायरल कर दी जान से मारने की धमकी
- पुलिस ने वरिष्ठ पुलिस अधीक्षक के आदेश पर किया मुकदमा दर्ज

**अमृत विचार :** कोतवाली क्षेत्र के निकटवर्ती गांव निवासी एक युवती में वरिष्ठ पुलिस अधीक्षक को दिए प्रार्थना पत्र में कहा है कि उसकी मां की 12 साल पूर्व मृत्यु हो चुकी है ।जिसकी वजह से वह बिलारी कोतवाली के गांव में अपनी बुआ के घर रहती है। युवती में आरोप लगाया कि 1 साल पूर्व संभल जिले के थाना असमोली के गांव रतुपुरा निवासी जुबेर पुत्र पुत्तन गांव में शादी में आया था। तभी जुबेर ने उसे निकाह करने के लिए कहा इसी दौरान उसने उसे एक फोन भी दिया ।

जिससे वह लगातार बात करता रहा युवती ने आरोप लगाया कि इसी दौरान आरोपी में उसकी अश्लील वीडियो बना ली। आरोप लगाया कि 20 फरवरी को उसकी बुआ और फूफा घर से बाहर गए हुए थे तभी आरोपी जुबेर उसके घर में आया और जबरदस्ती उसे कमरे में ले जाकर उसकी बिना मर्जी के उसके साथ दुष्कर्म किया और वीडियो बनाकर उसे धमकी दी कि अगर उसने किसी को घटना के बारे में बताया तो उसे वायरल कर जान से मार देगा।पीड़िता ने घटना के बारे में अपने बुआ फूफा और पिता को बताया इसके बाद वह आरोपी के घर गए। जहां आरोपी के परिजनों ने निकाह करने के लिए मना कर दिया और जान से मारने की धमकी दी पीड़िता ने आरोप लगाया कि उसने कई बार थाने में शिकायत की परंतु उसकी कोई सुनवाई नहीं हुई वहीं पुलिस ने वरिष्ठ पुलिस अधीक्षक के आदेश पर आरोपी जुबेर उसके पिता मां और बहन के खिलाफ संबंधित धाराओं में रिपोर्ट दर्ज कर जांच शुरू कर दी है।

# पुलिस चौकी के पास युवक को गोली मारकर किया घायल

संवाददाता कुंदरकी

- नमाज से लौट रहा था अनीस, बदमाशों ने की फायरिंग

**अमृत विचार :** पुलिस चौकी से चंद कदम दूर नमाज पढ़कर लौट रहे युवक पर बदमाशों ने शुक्रवार रात को ताबड़तोड़ फायरिंग कर दी। चौकी के ठीक पास हुई इस सनसनीखेज घटना से कानून-व्यवस्था पर सवाल खड़े हो गए। घायल युवक की हालत नाजुक बनी हुई है।

कुंदरकी निवासी अनीस अहमद (पुत्र हाजी जब्बार) का मकान पुलिस चौकी से महज कुछ कदम दूर है। रूपपुर गांव के मूल निवासी अनीस मस्जिद में नमाजे तरावीह अदा कर घर लौट रहे थे। अचानक बाइक सवार बदमाशों ने उनके रास्ते में घात लगाई और हत्या के इरादे से गोली चला दी। गोली लगते ही अनीस खून से लथपथ गिर पड़े। फायरिंग की आवाज सुन आसपास दहशत फैल गई। लोग दौड़े तो अनीस घायल पड़े मिले। परिजनों में कोहराम मच गया।

उन्हें फौरन मुरादाबाद के निजी अस्पताल ले जाया गया, जहां डॉक्टरों ने हालत गंभीर बताई। बदमाश अंधेरे का फायदा उठाकर फरार हो गए। क्षेत्राधिकारी अशोक कुमार सिंह ने बताया कि सीसीटीवी फुटेज खंगाले जा रहे हैं। जल्द ही बदमाशों को पकड़ लिया जाएगा। इलाके में चौकी के पास ऐसी वारदात से ग्रामीण दहशत में हैं।

लोगों ने बताया कि क्षेत्र में दबंग कानून व्यवस्था का खुलेआम उल्लंघन करते है। मारपीट तो आएदिन की बात हो गई है।

# शांतिपूर्वक संपन्न हुई रमजान माह के दूसरे जुमे की नमाज

**कांठ, अमृत विचार:** रमजान माह के दूसरे जुमे की नमाज तहसील क्षेत्र की विभिन्न मस्जिदों में पुलिस की कड़ी चौकसी व निगरानी में शांतिपूर्वक संपन्न हुई। रमजान माह का दूसरा जुमा बेहद पवित्र और बरकत वाला माना जाता है। यह दिन आत्म संयम त्याग और अल्लाह की इबादत के साथ सब्र और धैर्य का संकेत देता है। रोजेदारों ने लाल मस्जिद, मोहम्मदी मस्जिद, बंजारान मस्जिद, छप्पर वाली मस्जिद, सुनहरी मस्जिद,माहिग्रान मदीना मस्जिद, काजियान मस्जिद आदि मस्जिदों में जुमे की नवाज अदा की छजलैट क्षेत्र के विभिन्न गांव में भी जुमे की नमाज हजारों की संख्या में रोजेदारों में पढीं। यह दिन आत्म संयम त्याग और अल्लाह की इबादत के साथ सब्र का संदेश देता है जिसमें रोजेदार मस्जिद में अमन चैन भाईचारा व गुनाहों की माफी के लिए विशेष दुआएं करते हैं।

# धूमधाम से निकला रंग एकादशी का जुलूस

संवाददाता, कांठ

**अमृत विचार:** रंग एकादशी का जुलूस नगर में पूजा अर्चना के उपरांत परंपरागत रीति रिवाज के साथ धूमधाम से निकाला गया। इस दौरान नागरिकों ने जमकर एक दूसरे को रंग लगाया।

नगर कांठ में परंपरा के अनुसार स्वर्गीय काबली साहब के आवास (पुरानी सब्जी मंडी) से परंपरा के अनुसार रंग एकादशी का जुलूस निकाला गया। जुलूस का शुभारंभ पंडित सतीश चंद्र शर्मा पूजा अर्चना कर किया। इसके बाद यहां से एकादशी का जुलूस निकाला गया। जुलूस सब्जी मंडी से प्रारंभ होकर वैश्य धर्मशाला, मुरादाबाद हरिद्वार हाईवे, रामलीला मंदिर, पुराना डाकखाना, मोहल्ला पट्टीवाला, सैनी धर्मशाला होते हुए अपने गंतव्य स्थल पर संपन्न हुआ। शोभायात्रा में दर्जनों युवक व ढोल की थाप पर थिरकते चल रहे थे।



रंग एकादशी के जुलूस में सम्मिलित लोग। ● अमृत विचार

- ढोल की थाप पर झूमते हुए निकले लोग, एक दूसरे को लगाया रंग

इस दौरान नागरिकों ने जमकर एक दूसरे को रंग लगाकर होली की शुभकामनाएं दीं। शोभायात्रा में रंग की गाड़ी पर सवार युवकों ने एक दूसरे पर टेशू के फूलों से बना रंग फेंका।एकादशी रंग में सूखे व गीले दोनो रंगों से होली खेली गई।अनेक स्थानों पर परंपरा के अनुसार चौपाई वादकों ने ऐसे लोगों के घर में पहुंचकर शोक प्रकट किया जिन परिवारों में इस वर्ष मौत हुई हैं। इस अवसर पर अनिल बिश्नोई, राजन विश्नोई, गौरव विश्नोई, देवेंद्र कश्यप,नवनीत पहलवान, डॉ जितेंद्र, नवदीप शर्मा,नरेश यादव, अभय माहेश्वरी, सनी बिश्नोई,सचिन कुमार, अंकुर विश्नोई, आर के कश्यप, अभिषेक आदि लोग उपस्थित रहे। सुरक्षा की दृष्टि से थाना प्रभारी निरीक्षक सुदेश पाल सिंह , चौकी इंचार्ज राहुल राघव,उप निरीक्षक संजीव कुमार, कमलदीप सिंह,आदि भारी पुलिस बल के साथ मौजूद रहे।

# शादी का झांसा देकर किशोरी से दुष्कर्म

**कुंदरकी, अमृत विचार :** कुंदरकी थाना क्षेत्र निवासी 14 वर्षीय नाबालिग किशोरी ने मैंनाठेर थाना क्षेत्र के ताहपुर गांव के फरमान पाशा पर शादी का झूठा वादा कर शारीरिक शोषण करने का गंभीर आरोप लगाया है। पीड़िता दो माह की गर्भवती बताई जा रही है। पुलिस ने आरोपी के खिलाफ मुकदमा दर्ज कर जांच शुरू कर दी है।

किशोरी ने बताया कि 18 फरवरी 2025 को फेसबुक पर फरमान पाशा पुत्र महमूद पाशा से उसकी बातचीत शुरू हुई। आरोपी ने शादी का लालच देकर कई बार उसके साथ शारीरिक संबंध बनाए और होटल तक ले गया। जब लड़की ने शादी की बात की तो फरमान ने गाली-गलौज की, बत्तमीजी की और धमकियां दीं। डर के मारे पीड़िता ने अब पुलिस के पास शिकायत दर्ज कराई।क्षेत्राधिकारी अशोक कुमार सिंह ने बताया कि पीड़िता के पिता ज्ञानी शर्मा की तहरीर पर फरमान पाशा के खिलाफ गंभीर धाराओं में मुकदमा दर्ज हो गया है।

# महिला इंचार्ज से गाली गलौज

**बिलारी, अमृत विचार :** रोडवेज स्टेशन की महिला इंचार्ज स्वदेश कुमारी ने कोतवाली में तहरीर देकर कहा है कि 27 फरवरी की दोपहर वह रोडवेज पर मौजूद थी तभी रोडवेज के गेट पर एक टाटा मैजिक चालक अपना वाहन खड़ा करके सवारी भरने लगा, जब उन्होंने उसे अपना वहां आगे करने को कहा तब टाटा मैजिक चालक ने उनके साथ गाली गलौज करने लगा। महिला स्टेशन चार्ज में आरोप लगाया कि इस दौरान कई लोग और भी उसके साथ खड़े थे। जो वाहन को आगे न बढ़ाने की जिद कर उन्हें चेतावनी देते हुए कह रहे थे कि वहां यहीं से भरेंगे।

महिला इंचार्ज में आरोप लगाया कि आरोपी चालक ने उन्हें मारने की कोशिश की इस दौरान उन्होंने पुलिस और अपने सहयोगियों को बुलाया इसके बाद उन्होंने कोतवाली में आरोपी टाटा मैजिक चालक के खिलाफ तहरीर दी है।

# किसानों को दी सहफसली की जानकारी

संवाददाता, ठाकुरद्वारा

**अमृत विचार :** कृषि विज्ञान केंद्र पर शुक्रवार को आयोजित एक दिवसीय प्रशिक्षण कार्यक्रम में क्षेत्र के किसानों को गन्ने की सहफसली खेती तथा राष्ट्रीय कीट प्रबंधन प्रणाली के महत्व और लाभों की विस्तृत जानकारी दी गई। कार्यक्रम का उद्देश्य किसानों को आधुनिक एवं वैज्ञानिक खेती पद्धतियों से जोड़कर उत्पादन लागत कम करने और आय बढ़ाने के लिए प्रेरित करना रहा।

27 फरवरी 2026 को आयोजित इस प्रशिक्षण में किसानों को बताया गया कि गन्ने की फसल के साथ सहफसली खेती (इंटरक्रॉपिंग) अपनाने से भूमि की उर्वरता में सुधार होने के साथ अतिरिक्त आय के अवसर भी प्राप्त होते हैं। फसल उद्यान विज्ञान के वैज्ञानिक डॉ. शिव शंकर वर्मा ने गन्ने के साथ सब्जी एवं फल फसलों की सहफसली खेती पर विस्तार से जानकारी दी। सस्य विज्ञान के वैज्ञानिक अविनाश चौहान ने गन्ने के साथ उगाई जाने वाली उपयुक्त सहफसलों के बारे में बताया। प्रशिक्षण सहायक पुष्पराज यादव ने भी जानकारी दी। कार्यक्रम में जकी अहमद, नाजिर, रामगोपाल, हरिओम, मलखान सिंह, धर्मपाल सहित लगभग 32 किसानों ने प्रतिभाग किया और वैज्ञानिकों से खेती से जुड़े विभिन्न विषयों पर जानकारी प्राप्त की। किसानों ने प्रशिक्षण को अत्यंत उपयोगी बताते हुए भविष्य में भी ऐसे कार्यक्रम आयोजित करने की मांग की। कार्यक्रम को सफल बनाने में केंद्र के कर्मचारी संदीप कुमार, रणवीर सिंह एवं दिनेश कुमार का विशेष सहयोग रहा।




प्रशिक्षण में जानकारी देते कृषि विशेषज्ञ। ● अमृत विचार

- गन्ने की सहफसली खेती व राष्ट्रीय कीट प्रबंधन प्रणाली के बताए लाभ

## न्यूज डायरी

### एकादशी के जुलूस में एक दूसरे को लगाया गुलाल, शोक उठाए

**अगवानपुर, अमृत विचार :** नगर पंचायत में होली दहन से पहले शुक्रवार सुबह साढ़े दस बजे से दोपहर एक बजे तक नगर के अलग-अलग घरों में जाकर शोक व्यक्त करके रंग गुलाल लगाकर जुलूस निकाला गया।इस दौरान जिन लोगों के घरों में गमी है।उनके घर जाकर दुख में शामिल होकर रंग लगाया। वहीं एकादशी का जुलूस नगर के राम मंदिर से होते हुए गांधी जी के मंदिर से मोहल्ला वाकलान के रास्ते, बिश्नोईयान बस्ती से कायस्तान, शुक्रवार का बाजार,घास मंडी, सोमवार का बाजार, पुरानी पुलिस चौकी, सैनियों वाला मंदिर, मोहल्ला ढाप, स्टेशन कॉलोनी के रास्ते मोहल्ला सराय फारूक से होते हुए नगर के अन्य मोहल्लों से जुलूस निकाला गया।इस दौरान जगह-जगह फूल मालाओं और रंग गुलाल उड़ाकर जुलूस का स्वागत किया।जुलूस के दौरान रामलीला कमेटी के अध्यक्ष वरुण गुप्ता,अंशुल गुप्ता,निकेत गांधी,अभिनव गुप्ता ,डॉक्टर राकेश कुमार बिश्नोई, अंचल शर्मा,प्रदीप विश्नोई,वैध सरजू बिश्नोई, प्रति निधी टेक चंद कश्यप,अनील शर्मा वह कमेटी के अन्य सभी लोग शामिल रहे।



### मजूदर की करंट से मौत

**चौधरपुर, अमृत विचार :** डिडौली थाना क्षेत्र के गांव ढकिया चमन में होर्डिंग लगाते समय मजदूर को करंट लग गया, जिससे उसकी मौके पर ही मौत हो गई। पुलिस ने शव पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया।जिले के मझोला थाना क्षेत्र के गांव नया गांव निवासी रोहताश कुमार चुनाव प्रचार के होर्डिंग लगाने का काम करते थे।बताया जाता है कि शुक्रवार को रोहताश ढकिया गांव में होर्डिंग का फ्रेम लगा रहे थे।फ्रेम लगाते वक्त हाइड्रा के चालक ने फ्रेम अधिक ऊपर उठा दिया।जिससे वह ऊपर चल रही 11 हजार वेल्टेज की लाइन से टकरा गया।इससे रोहिताश झुलसकर नीचे गिर गए।मौके पर मौजूद हाइड्रा चालक भाग निकला। पुलिस पहुंची और रोहिताश के परिजनों को जानकारी दी।रोहिताश की मौत से उसकी पत्नी सुनीता और बच्चे का रो रोकर बुराहाल है।वह तीन भाइयों में दूसरे नंबर पर थे।उनके बड़े भाई दिल्ली में कार्यरत हैं, जबकि छोटे भाई अभिलाष कुमार रामपुर में जिला सह विद्यालय निरीक्षक के पद पर हैं।इस घटना की तहरीर रोहताश के छोटे भाई अभिलाष कुमार ने डिडौली कोतवाली में दी है।डिडौली प्रभारी निरीक्षक जितेंद्र कुमार वालियान ने बताया कि जांच कर कानूनी कार्यवाही की जाएगी।



मृतक रोहिताश।



### रोग की पहचान को दिया प्रशिक्षण

**ठाकुरद्वारा, अमृत विचार :** सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र ठाकुरद्वारा में चल रहे घर-घर कुष्ठ रोगी खोज अभियान के अंतर्गत दूसरे दिन आशा कार्यकर्ताओं का संवेदीकरण एवं प्रशिक्षण कार्यक्रम आयोजित किया गया। शुक्रवार को स्वास्थ्य विभाग की टीम ने बताया कि महिला एवं पुरुष स्वास्थ्य कार्यकर्ताओं की टीमें घर-घर जाकर दो वर्ष से अधिक आयु के सभी व्यक्तियों की जांच करेंगी। सर्वे के दौरान मिले संदिग्ध मरीजों को नजदीकी सरकारी अस्पताल में जांच के लिए भेजा जाएगा।पीएमडब्ल्यू कुलवंत सिंह ने कुष्ठ रोग के प्रमुख लक्षणों की जानकारी देते हुए बताया कि शरीर पर हल्के या गहरे रंग के सुन्न दाग, कानों पर गांठें तथा नसों में सूजन या मोटापन कुष्ठ रोग के संकेत हो सकते हैं। एनएमएस मोहम्मददीन ने सर्वे के दौरान घरों पर चॉक से मार्किंग करने की प्रक्रिया भी आशा कार्यकर्ताओं को समझाई।

### चंद्रशेखर आजाद का शहादत दिवस मनाया

**ठाकुरद्वारा, अमृत विचार :** अखिल भारतीय किसान मजदूर सभा के कैंप कार्यालय रामूवाला गणेश में महान क्रांतिकारी अमर शहीद चंद्रशेखर आजाद का शहादत दिवस श्रद्धा एवं सम्मान के साथ मनाया गया।कार्यक्रम की शुरुआत शहीद चंद्रशेखर आजाद के चित्र पर पुष्पांजलि अर्पित की और उनके अधूरे सपनों को पूरा करने का संकल्प लिया।सभा की अध्यक्षता बायोवृद्धि खुशीराम सिंह ने की, जबकि संचालन जिला सचिव हरस्वरूप सिंह द्वारा किया गया।कार्यक्रम को संबोधित करते हुए प्रदेश अध्यक्ष धर्मपाल सिंह ने कहा कि देश के क्रांतिकारियों ने जिस समानता और न्यायपूर्ण समाज का सपना देखा था, उसे साकार करने के लिए आज भी संघर्ष की आवश्यकता है।उन्होंने वर्तमान परिस्थितियों का उल्लेख करते हुए बढ़ती महंगाई और विभिन्न वस्तुओं पर लगाए गए करों को आम जनता पर अतिरिक्त बोझ बताया।इस मौके पर कामरेड भोला सिंह, प्रीतम सिंह ने विचार व्यक्त किए।इस अवसर पर कामरेड नत्थू सिंह, महिपाल सिंह, मनोज कुमार, गगनदीप सिंह, जगदीश सिंह पांडे, वीर सिंह, सुरेंद्र सिंह, महेंद्र सिंह, नरेश सिंह उपस्थित रहे।



लापरवाही | नाला सफाई व नियमित स्वच्छता व्यवस्था की उठाई मांग

# माधोवाला में गंदगी से नाराज ग्रामीणों का प्रदर्शन

संवाददाता, ठाकुरद्वारा

**अमृत विचार :** विकास खंड क्षेत्र के गांव माधोवाला में व्याप्त गंदगी और बदहाल सफाई व्यवस्था को लेकर ग्रामीणों का आक्रोश फूट पड़ा। नाराज ग्रामीणों ने ग्राम प्रधान के खिलाफ प्रदर्शन करते हुए गांव में सफाई व्यवस्था दुरुस्त कराने और गंदे नालों की तत्काल सफाई की मांग उठाई।

ग्रामीणों का आरोप है कि गांव में लंबे समय से नालियां गंदगी से अटी पड़ी हैं, जिससे गंदा पानी सड़कों और गलियों में फैल रहा है। जगह-जगह कूड़े के ढेर लगे होने से दुर्गंध फैल रही है तथा संक्रामक बीमारियों का खतरा भी बढ़ता जा रहा है। ग्रामीणों का कहना है कि कई बार ग्राम प्रधान रेवेंद्र कुमार से नाला सफाई और नियमित सफाई व्यवस्था कराने की मांग की गई, लेकिन अब तक कोई ठोस कार्रवाई नहीं की गई। प्रदर्शन कर रहे ग्रामीणों ने बताया कि गंदगी के कारण बच्चों, बुजुर्गों और महिलाओं को सबसे अधिक परेशानी का सामना करना पड़ रहा है। बरसात अथवा पानी भराव की स्थिति में हालात और गंभीर हो जाते हैं। ग्रामीणों ने चेतावनी दी कि यदि शीघ्र ही सफाई व्यवस्था में सुधार नहीं किया गया तो वे उच्च अधिकारियों से शिकायत कर आंदोलन को और तेज करने को मजबूर होंगे। प्रदर्शन के दौरान ग्रामीणों ने ग्राम प्रधान के खिलाफ नारेबाजी करते हुए गांव में नियमित सफाई, कूड़ा उठान व्यवस्था तथा नालों की सफाई कराने की मांग की। इस मौके पर महीपाल सिंह, कौशल कुमार, खिलेंद्र कुमार, सम्मी कुमार, धर्मवीर सिंह, बुद्धराज चौहान, ब्रजपाल सिंह सहित अन्य ग्रामीण मौजूद रहे।



प्रदर्शन करते आक्रोशित लोग। ● अमृत विचार

> गांव की सफाई के लिए दो सफाई कर्मी नियुक्त हैं लेकिन बार-बार कहने के बाद भी प्रतिदिन सफाई करने नहीं आते इस संबंध में ठाकुरद्वारा से लेकर मुरादाबाद तक शिकायत की गई ।किसी भी अधिकारी ने कोई संज्ञान नहीं लिया ।
> – रेवेंद्र सिंह, ग्राम प्रधान कालेवाला, ठाकुरद्वारा



गांव में फैली गंदगी।



**इफ्तार** 28 फरवरी
सुन्नी: 6:18
शिया: 6:27

**सहरी** 01 मार्च
सुन्नी: 5:06
शिया: 5:08

हजरत मोहम्मद साहब ने फरमाया: सहरी खाया करो क्योंकि सहरी खाने में बरकत है।

## न्यूज ब्रीफ

### रंजिश के चलते साले-बहनोई को पीटा, रिपोर्ट

**बिलासपुर, अमृत विचार :** क्षेत्र के गांव गंगापुर निवासी रवि कुमार ने कोतवाली में दर्ज कराई रिपोर्ट में बताया कि 19 फरवरी को वह गांव के शिव मंदिर के पास से गुजर रहा था। गांव अजीतपुर निवासी कपिल, पिता पप्पू उर्फ शेर सिंह और गांव सियारी निवासी सन्नी गालियां देने लगे। विरोध किया, तो तीनों ने लाठी-डंडों से पीटा। बचाव करने आए साले सुरजीत सिंह और ग्रामीण अकल सिंह को भी पीटा। प्रभारी निरीक्षक जीत सिंह ने बताया कि तहरीर के आधार पर कपिल, पप्पू, सन्नी और अकल सिंह समेत चारों आरोपियों के खिलाफ रिपोर्ट दर्ज कर ली गई है।

### राष्ट्रीय विज्ञान दिवस पर डायट में कार्यक्रम आज

**अमृत विचार, रामपुर :** जिला विज्ञान समन्वयक डॉ. सोमपाल सिंह ने बताया कि जिला विज्ञान क्लब के तत्वावधान में 28 फरवरी को राष्ट्रीय विज्ञान दिवस पर वैज्ञानिक जागरूकता कार्यक्रम राजकीय जिला शिक्षा एवं प्रशिक्षण संस्थान में सुबह 10 बजे से होगा। कार्यक्रम में कक्षा 6 से 8 तक के विद्यार्थी चार्ट एवं पोस्टर, कक्षा 9 से 12 तक के विद्यार्थियों के लिए निबंध प्रतियोगिता होगी। जबकि स्नातक और स्नातकोत्तर के छात्र-छात्राओं की भाषण प्रतियोगिता होगी।

### आज खुलेंगे बैंक और सरकारी कार्यालय

**रामपुर, अमृत विचार :** उत्तर प्रदेश शासन द्वारा घोषित अवकाशों की सूची में 2026 के राजपत्रित अवकाश की सूची में 2 मार्च को होलिका दहन व 4 को होली का अवकाश घोषित किया गया है। 3 को भी निगोशियेबुल इन्स्ट्रूमेन्ट एक्ट 1881 के अधीन सार्वजनिक अवकाश घोषित किए जाने का निर्णय लिया गया है। जिसके चलते 28 फरवरी को बैंक और जिला कोषागार सहित सरकारी खुलेंगे।

### होलिका दहन के लिए चौराहों पर रखी जा रहीं लकड़ियां और उपले

# रंग व पिचकारियों का बाजार सजा, पहुंच रहे खरीदार

कार्यालय संवाददाता, रामपुर

**अमृत विचार :** रंगों का पर्व होली के नजदीक आते ही बाजार में रंग और पिचकारियों का बाजार सज गया है। हालांकि, यूपी बोर्ड की परीक्षाएं 12 मार्च तक होंगी लेकिन, बोर्ड ने होली की छुट्टियां 1 से 6 मार्च तक की हैं। 7 मार्च को फल एवं खाद्य संस्करण, कुकरी आदि के पेपर हैं।

रंग और पिचकारियों की सबसे अधिक खरीददारी युवाओं व बच्चों द्वारा की जा रही है। वहीं ग्रामीण क्षेत्रों में होलिका हदन के लिए चौराहों पर लकड़ियों और उपलो को लगाया जा रहा है। शहर के बाजार मिस्टन गंज, चूने वाला फाटक, पुराना गंज और सिविल लाइंस क्षेत्र में रंग और पिचकारियों की दुकानें सज गई हैं। दुकानों पर बच्चों का मौखाटा, रंग बिरंगे नकली बाल और कई प्रकार की ड्रेसों की बिक्री हो रही है। मिस्टन गंज स्थित अस्थाई दुकान लगाए राजू बताते हैं कि इस बार कई तरह की पिचकारियां बाजार में आई हैं। मोटर लगी पिचकारियां हैं जोकि बटन दबाने पर अपने भीतर स्वयं रंग भर लेती हैं और बटन दबाने पर रंग की बौछार करने लगती हैं। इसके अलावा पीतल की परंपरागत पिचकारियों की भी खूब मांग हो रही हैं। बताते हैं कि पीतल की पिचकारियों टिकाऊ हैं लेकिन प्लास्टिक की पिचकारियों के सापेक्ष महंगी हैं। इसके अलाव दुकान पर तरह-तरह के मुखौटे और बालों की भी खूब मांग है।

● **बटन दबाने पर रंग भर लेती हैं मोटर वाली पिचकारी**



मिस्टन गंज स्थित दुकान पर रंग और पिचकारियां पसंद करते ग्राहक। ● अमृत विचार

### 4 मार्च को खेला जाएगा रंग

पंडित विश्वनाथ प्रसाद मिश्र ने बताया कि 4 मार्च को होली का रंग खेला जाएगा। जबकि 3 मार्च की रात को होली जलेगी। उन्होंने बताया कि होली जलाने का शुभ मुहूर्त 3 मार्च को रात 10 बजे है।कहा कि होली रंगों का पर्व है और सभी को मिलजुल कर होली का पर्व मनाना चाहिए।

# जनता दर्शन में डीएम ने दिव्यांग को दी ट्राइसाइकिल

कार्यालय संवाददाता, रामपुर

**अमृत विचार :** शुक्रवार को जनता दर्शन के दौरान डीएम अजय कुमार सिंह ने फरियादियों की समस्याओं को गंभीरतापूर्वक सुना और अधिकारियों को तत्काल निस्तारण के निर्देश दिए।

तहसील सदर के हाथी खाना निवासी दिव्यांग फरियादी महेन्द्र सिंह ने बताया कि उन्हें दैनिक आवागमन और दिनचर्या के लिए ट्राई साइकिल की बेहद आवश्यकता है। डीएम ने उनकी समस्या को संज्ञान में लेते हुए तत्काल जिला दिव्यांगजन सशक्तीकरण अधिकारी को निर्देश दिए। इसके बाद तत्काल ट्राई साइकिल उपलब्ध कराई। डीएम ने दिव्यांग को ट्राई साइकिल दी तो उसने आभार व्यक्त किया। कहा कि इससे उनके जीवन में आत्मनिर्भरता की दिशा में महत्वपूर्ण सहयोग मिलेगा।



जनता दर्शन में दिव्यांग महेन्द्र सिंह को ट्राई साइकिल देते डीएम।

# दुनिया को दिखाने के लिए नहीं करनी चाहिए इफ्तार पार्टियां

## जामा मस्जिद में जुमे की नमाज से पहले खुतबे में बोले शहरकाजी सैयद खुशनूद मियां

कार्यालय संवाददाता, रामपुर

**अमृत विचार :** शुक्रवार को रमजान माह के दूसरे जुमे को नमाजियों से मस्जिदें खचाखच भर गईं। जामा मस्जिद में शहरकाजी सैयद खुशनूद मियां ने जुमे की नमा अदा कराई, उन्होंने नमाज से पहले तकरीर में कहा कि पाक माहे रमजान में सिर्फ दुनिया को दिखावे के लिए इफ्तार पार्टी नहीं करनी चाहिए। अल्लाह की रजा और उसे खुश करने की नियत से ये काम करने चाहिए।

शुक्रवार को शहर की सभी मस्जिदों और आसपास रात से ही साफ-सफाई शुरू करा दी गई थी। तमाम मस्जिदों में भारी तादाद में नमाजियों ने जुमे की नमाज अदा की। जामा मस्जिद में शहरकाजी सैयद खुशनूद मियां ने जुमे की नमाज अदा कराई। इससे पहले उन्होंने खुतबे में कहा कि दुनिया को दिखाने के लिए इफ्तार पार्टियां की जा रही हैं। मकसद कुछ और है दिखाया कुछ जाता है। कहा कि दिखावा नहीं करना चाहिए। अल्लाह अपने बंदों की सिफात का जिक्र फरमा रहा है। अगर वह नजर मानते हैं तो उसको पूरा भी करते हैं। कहा कि कोई बंदा यह कहता है कि मेरा काम हो गया तो इतने रोजे रखूंगा या इतनी नमाज पढ़ूंगा। अल्लाह ने वह काम कर दिया तो उसके ऊपर वाजिब हो जाता है। वह अपनी नजर को पूरा करे। बीबी फातिमा का किस्सा सुनाते हुए कहा कि इमाम हसन और इमाम हुसैन बीमार हुए। हजरत अली और बीबी फातिमा और उनकी बांदी हजरत फिज्जा ने दुआ मांगी कि अगर यह सेहतयाब हो जाएंगे तो तीन रोजे रखेंगे। कहा कि हजरत फातिमा ने जौ की रोटियां इफ्तार के लिए तैयार कीं। इफ्तार का वक्त होता है तो एक शख्स दरवाजे पर आता है और कहता कि भूखा हूं सब रोटियां उसे दे दीं और पानी से इफ्तार कर लिया। दूसरे दिन दरवाजे पर एक शख्स आता है कि मैं मिस्कीन हूं भूखा हूं उसको सब रोटियां दे दीं। तीसरे दिन दरवाजे पर एक शख्स आता है और कहता है कि मैं कैदी हूं भूखा हूं इसके बाद उसे सब रोटियां दे दी जाती हैं और पानी के कतरों से रोजे का इफ्तार कर लिया। कहा कि अल्लाह की रजा हासिल करने के लिए भूखे मिस्कीन और कैदी को खाना खिला दिया। बंदे की वह मुराद पूरी कर दे तो उसे मानी गई नजर को पूरा करना चाहिए। कहा कि नबी ए करीम ने कहा है कि तुम किसी का रोजा इफ्तार कराओगे तो अल्लाह इसका सवाब अता फरमाएगा। नमाज के बाद मुल्को कौम की तरक्की के लिए दुआ कराई।



जामा मस्जिद में नमाज के बाद दुआ करते नमाजी। ● अमृत विचार



खुतबा देते काजी ए शहर सैयद खुशनूद मियां।

### जुमे की नमाज के बाद बाजारों में खूब हुई खरीदारी

रामपुर, अमृत विचार : जुमे की नमाज के बाद बाजारों में खूब खरीदारी हुई। लोगों ने बाजारों में नमाज के बाद इफ्तारी और सहरी के लिए सामान खरीदा। जुमे की नमाज में बड़ी तादाद में आसपास के गांवों से लोग जामा मस्जिद पहुंचते हैं और नमाज के बाद सहरी के लिए खजला फैनी और इफ्तार के लिए फलों और खजूरों और तरबूज की खूब खरीदारी करते हैं। जुमे की नमाज के बाद बाजार सफदर गंज में खजूरों का ठेला खाली हो गया इसके अलावा फलों की भी खूब बिक्री हुई। जामा मस्जिद के सामने, शादाब मार्केट, बाजार सफदर गंज और तहसील पर जाम लग गया। फल विक्रेता राम कुमार ने बताया कि इस वर्ष अच्छा कारोबार हो रहा है। उन्होंने बताया कि पिछले दो सालों के मुकाबले इस साल बहुत अच्छा कारोबार हुआ है। खजूर बेच रहे रमेश ने बताया कि नमाज के बाद से खजूर की खूब बिक्री हुई है। थोड़ा सा खजूर ठेले पर बचा है शाम तक सब बिक जाएगा। गर्मी बढ़ने पर लोगों ने तरबूजों की भी खूब खरीदारी की।

### तमाम बुराइयों से दूर कर देता है रोजा

शहर के मोहल्ला गुइया तालाब स्थित मकबरा जनाबे आलिया में शिया जामा मस्जिद में रमजान उल मुबारक के जुमे को नमाज अदा की गई। मौलाना अली मोहम्मद नकवी ने नमाज से पहले हुए खुतबे में कहा कि रोजा इंसान की तमाम बुराइयों को दूर कर देता है। माहे रमजान में अल्लाह रोजेदारों की एक-एक नेकी का सत्तर गुना सवाब देता है। इसी महीने कुरआन मजीद नाजिल हुआ। इस महीने में ज्यादा से ज्यादा कुरआन मजीद की तिलावत करें। नमाज पढ़ें और रोजा रखें इस सबके साथ गरीबों का भी ख्याल रखें अपने माल की जकात अदा करें।

### अल्लाह ने इसी पाक महीने में पवित्र कुरआन किया नाजिल

**बिलासपुर, अमृत विचार :** रमजान माह के दूसरे जुमे को नगर समेत ग्रामीण क्षेत्रों की मस्जिदें रोजेदारों से खचाखच भरी रहीं। जहां उन्होंने निर्धारित समय पर नमाज अदा की गई। नमाज से पूर्व मस्जिदों के इमामों ने रमजान की फजीलत पर रोशनी डाली। बाजार वाली मस्जिद के इमाम मौलाना अरशद ने अपनी तकरीर में कहा कि अल्लाह ने इसी पाक महीने में पवित्र कुरआन नाजिल किया, जिसकी तिलावत का दोहरा सवाब मिलता है। कहा कि रमजान के तीन हिस्सों रहमत, बरकत और मगफिरत का महत्व बताते हुए युवाओं और बच्चों को दुनियावी शिक्षा के साथ-साथ दीनी तालीम देने की अपील की। सीओ हर्षिता सिंह और प्रभारी निरीक्षक जीत सिंह के नेतृत्व में पुलिस की टीमें क्षेत्र में भ्रमणशील रही। जुमे की नमाज को लेकर नगर पालिका प्रशासन भी सक्रिय रहा। नगर की सभी मस्जिदों के बाहर विशेष सफाई अभियान चलाकर चूना डलवाया गया। ताकि नमाजियों को किसी असुविधा का सामना न करना पड़े। इस अवसर पर सुजात खां, जावेद खां, आसिफ खां समेत आदि लोग रहे।



# होली उत्सव में महिलाओं ने उड़ाया गुलाल

कार्यालय संवाददाता, रामपुर

**अमृत विचार :** शुक्रवार शाम अखिल भारतीय वैश्य महासम्मेलन का होली उत्सव कार्यक्रम शौकत अली रोड स्थित एक होटल में धूमधाम से मनाया गया। कार्यक्रम की शुरुआत कान्हा के श्रृंगार और भजन के साथ हुई।

कृष्ण भजन पर चमन ने डांस से भक्ति में सराबोर किया। वहीं बीना, श्वेता, सोनी और नेहा के धमाकेदार डांस ने माहौल को होली की उमंग से भर दिया। मीनू सुमन और रति की हास्य नाटिका ने मनोरंजन किया। ढोलक की थाप पर रंग जमाया नीलम और रेखा और शालिनी ने उनके गए फाग पर सब थिरकने पर मजबूर हो गए। उसके बाद अंताक्षरी गेम जिसे सब ने खूब इंजॉय किया। इसकी विजेता अनीता अग्रवाल, अनीता गुप्ता, नीलम तथा मीना रही। महासम्मेलन की अध्यक्षा पूनम गुप्ता ने सभी का आभार व्यक्त किया। अलका गुप्ता बबीता गुप्ता ने सभा का सफल संचालन किया। पूनम अग्रवाल संगीता अग्रवाल नीलम अग्रवाल और मधु सिंघल कन्वीनर रहे। पुष्पा गुप्ता और अरुणा मांगलिक का विशेष सहयोग रहा। समयबद्धता का पुरस्कार नेहा रस्तोगी को मिला। लकी ड्रा की विजेता चमन, द्वितीय विजेता मोनिका अग्रवाल और रेशु वैश्य रही। इस दौरान खुशबू, अल्का, दीपा, स्मिता, नीता जैन, नेहा, वर्षा, प्रभा, रजनी, नीना, सरोज, रेनू, अमिता दीप्ति, ममता, सीमा, गरिमा नीलम, शुभि, सीमा, बबीता आदि मौजूद रहीं।




अखिल भारतीय वैश्य महासम्मेलन के होली उत्सव में मौजूद महिलाएं।

## कार ने ऑटो रिक्शा को मारी टक्कर तीन महिलाएं घायल

**मसवासी, अमृत विचार :** शुक्रवार को दोपहर दो बजे मुरादाबाद से आ रही कार टांडा से हल्द्वानी जा रही थी। मिलक खोद तिराहे पर ऑटो रिक्शा में तीन महिलाएं सवार थी पीछे से आ रही तेज रफ्तार कार ने उन्हें टक्कर मार दी। जिससे वह गंभीर रूप से घायल हो गई। दुर्घटना होते ही मार्ग पर राहगीरों की भीड़ जमा हो गई। घायल महिलाओं को स्थानीय अस्पताल में भर्ती कराया गया है। सूचना पाकर पुलिस भी मौके पर पहुंच गई। जहां एक महिला निवासी कुसुम देवी थाना डिलारी जिला मुरादाबाद की हालत गंभीर होने पर उसे हायर सेंटर काशीपुर रेफर किया गया। पुलिस ने कार और उसमें सवार लोगों को हिरासत में ले लिया।

# श्री श्याम फागुन महोत्सव पर निकाली निशान यात्रा

कार्यालय संवाददाता, रामपुर

**अमृत विचार :** श्री श्याम भक्त परिवार चौकी हजियानी द्वारा शुक्रवार को एकादशी के छठ दिवसीय श्री श्याम फागुन महोत्सव पर खाटू श्याम जी की भव्य निशान यात्रा व प्रभात फेरी निकाली गई। जिसमें बड़ी संख्या में श्रद्धालु शामिल हुए।

शुक्रवार शाम करीब 6 बजे चौकी हजियानी से उत्सव स्थल तक ढोल नगाड़ों, बैंड बाजों व आतिशबाजी के बीच यात्रा शुरू हुई। श्री खाटू श्याम जी की झांकी के साथ निशान यात्रा निकाली गई। महिलाएं व पुरुष हाथों में गुलाल लिए और फूलों की वर्षा करते चलते रहे। डीजे की धुन पर श्रद्धालुओं ने जमकर गुलाल उड़ाया। यात्रा चौकी हजियानी से शुरू होकर अनाजमंडी, मिष्ठान गंज, राजद्वारा, डाकखाना, जौहर अली मार्ग, गांधी समाधि होती हुई सिविल लाइंस ज्वाला नगर, श्याम मंदिर पर जाकर संपन्न हुई। यात्रा में धर्मेंद्र कुमार बरनवाल, ओमप्रकाश, कमल कुमार तुरैहा, ओंकार सिंह, हीरालाल उर्फ कल्लू राजा, जितेंद्र नन्हे, कोमल तुरैहा, अजय बंटी राजू सुमन, महेंद्र, मुरारी लाल आदि श्रद्धालु मौजूद रहे।



खाटू श्याम जी की निशान यात्रा में शामिल महिला श्रद्धालु। ● अमृत विचार

● **श्री श्याम भक्त परिवार चौकी हजियानी की ओर से आयोजित**

# ...मेरी बदल गई किस्मत सारी मैं भूल गया दुनियादारी

संवाददाता, बिलासपुर

**अमृत विचार :** श्री श्याम सेवा मित्र मंडल के तत्वाधान में छठा श्री श्याम संकीर्तन महोत्सव के अंतिम दिन श्री खाटू श्याम बाबा का विशाल जागरण का आयोजन किया गया। जिसमें बाहर से आए कलाकारों ने सुंदर-सुंदर भजन प्रस्तुत कर श्रद्धालुओं को झूमने पर मजबूर कर दिया।

मोहल्ला शिवबाग मंडी में समिति के पदाधिकारियों द्वारा में भव्य रूप से श्रीखाटू श्याम बाबा का दरबार सजाया। साथ ही बाबा को छप्पन भोग लगाया। इसके बाद इंदौर से आई भजन गायक कलाकार अनुष्का-अधिष्ठा ने श्री खाटू श्याम बाबा के एक से बढ़कर एक भजन प्रस्तुत किए। कहा कि गोविंद चले आओ-गोपाल चले आओ हे मुरलीधर मोहन अब तो तुम चले आओ, संसार के लोगों से आशा न किया करना-जब कोई न हो अपना तो राधा नाम लिया करना आदि सुंदर-सुंदर भजन प्रस्तुत कर श्रद्धालुओं को झूमने के लिए मजबूर कर दिया। कार्यक्रम के दौरान ग्वालियर से आए कलाकार मनोज शर्मा ने कहा कि मैं हूं शरण में तेरी संसार के रचैया, जब से खाटू धाम की मिट्टी माथे से लगाई है-मेरी बदल गई किस्मत सारी मैं भूल गया दुनियादारी आदि भजन प्रस्तुत किए। इसके अलावा आगरा से राजू बावरा ने भी एक से बढ़कर एक भजन प्रस्तुत किए। इससे पहले कार्यक्रम के मुख्य अतिथि पालिकाध्यक्ष चित्रक मित्तल एवं समिति के सदस्यों ने दीप प्रज्वलित कर कार्यक्रम का शुभारंभ किया।

मुख्य यजमान की भूमिका में कृष्ण कुमार अग्रवाल, अनिल शर्मा और वीरेंद्र जैन मौजूद रहे। व्यवस्थाओं में धन्नूमल बंसल, अजय कंसल, कुशल गर्ग, रामफल अग्रवाल, मनोज कंसल, रवि गोयल, अनिल शर्मा, मनोज जैन, विकास जैन, सुरेश कंसल, राजेश जैन, मुकेश गर्ग, अश्विनी अग्रवाल, मुकेश जिंदल, कपिल बंसल, तरुण गोयल, अरविंद गुप्ता, रामाधार अग्रवाल, सुनीत गोयल, दीपक बंसल, मोहित अग्रवाल सहित श्याम मंडल के अनेक सदस्य शामिल रहे।



श्री खाटू श्याम बाबा के जागरण में भजन-कीर्तन करते कलाकार। ● अमृत विचार

● **छठा श्री श्याम संकीर्तन महोत्सव में भजनों पर झूमे श्रद्धालु**

## होलिका दहन स्थलों का किया निरीक्षण

**बिलासपुर, अमृत विचार:** आगामी होली के पर्व को शांतिपूर्ण और सुरक्षित तरीके से कराने के लिए पुलिस प्रशासन पूरी तरह सतर्क नजर आ रहा है।

शुक्रवार को खजुरिया थानाध्यक्ष पंकज पंत ने क्षेत्र के विभिन्न होलिका दहन स्थलों का निरीक्षण कर समितियों को आवश्यक दिशा-निर्देश दिए। थानाध्यक्ष ने दहन स्थलों के आस-पास सुरक्षा व्यवस्था का जायजा लिया। उन्होंने कहा कि त्योहार के दौरान शांति भंग करने वालों और हुड़दंगियों के खिलाफ सख्त कार्रवाई की जाएगी। इसके अलावा उन्होंने ग्रामीणों और आयोजन समितियों से संवाद करते हुए कहा कि भाईचारे के साथ आगामी त्योहार मनाएं और किसी भी प्रकार की संदिग्ध गतिविधि या विवाद की स्थिति में तुरंत पुलिस को सूचित करें। उन्होंने पुलिस कर्मियों को असामाजिक तत्वों पर पैनी नजर रखने के लिए निर्देशित किया।

# अधिकारियों से सीखी कार्यशैली



प्रशिक्षण पूर्ण होने के पश्चात पुलिस अधीक्षक के साथ छात्र-छात्राएं। ● अमृत विचार

कार्यालय संवाददाता, रामपुर

**अमृत विचार :** राजकीय रजा स्नातकोत्तर महाविद्यालय के स्पेशल ट्रेनिंग के लिए चयनित छात्र-छात्राओं ने अपनी एक महीने का प्रशिक्षण पूर्ण करते हुए पुलिस अधीक्षक विद्या सागर मिश्र एवं पुलिस क्षेत्राधिकारी से मुलाकात की।

एक माह की ट्रेनिंग में छात्र-छात्राओं ने थाना कोतवाली तथा थाना गंज के कार्यालयों का अवलोकन किया। पुलिस अधिकारियों से उनकी कार्य शैली को सीखा। छात्र-छात्राओं ने यह सीखा कि वह किस प्रकार विभिन्न प्रकार के मामलों में एफआईआर आदि दर्ज करते हैं। छात्र- छात्राओं ने उत्साह से कई बातें सीखीं एवं अधिकारियों ने इस कार्य में उन्हें भरपूर सहयोग प्रदान किया। प्रशिक्षण लेने वालों में मोहम्मद अनस अली, सादिका, अनु, मोहम्मद शरीफ अहमद, सिमरन, अंशिका, अतुल, विकास, अकसा, नवीद, तुषार, नितिन, टीना, अजीत आदि शामिल रहे।

● **छात्र-छात्राओं का एक महीने का प्रशिक्षण पूरा**

## 6 डंपर सीज, खनन वाहनों पर 2.87 लाख का जुर्माना

**रामपुर, अमृत विचार :** जनपद में सड़क सुरक्षा एवं राजस्व प्रवर्तन को सख्ती से लागू करते हुए विशेष अभियान चलाया गया। सहायक सम्भागीय परिवहन अधिकारी राजेश कुमार श्रीवास्तव ने बताया अजीतपुर चौकी क्षेत्र में कुल 6 डंपर वाहनों को सीज किया गया, इनमें से 2 डंपर ओवरलोड, जबकि 4 डंपर टैक्स बकाया व बिना वैध फिटनेस प्रमाणपत्र के संचालित हो रहे थे। नियमों का उल्लंघन मिलने पर सभी वाहनों के विरुद्ध मोटर वाहन अधिनियम के अंतर्गत विधिक कार्रवाई की गई। संबंधित वाहनों पर कुल 2.87 लाख का जुर्माना लगाया गया। प्रशासन के अनुसार सड़क सुरक्षा, ओवरलोडिंग एवं कर चोरी के विरुद्ध अभियान आगे भी निरंतर जारी रहेगा। वाहन स्वामियों से अपील की गई है कि अभिलेख साथ रखें व नियमों का पालन करें।

# वार्षिक खेलकूद में आसमा बनीं चैंपियन

## राजकीय महिला स्नातकोत्तर महाविद्यालय का वार्षिक खेलकूद समारोह संपन्न

कार्यालय संवाददाता, रामपुर



राजकीय महिला स्नातकोत्तर महाविद्यालय की विजेता खिलाड़ी एवं अतिथि। ● अमृत विचार



गोला फेंक प्रतियोगिता में प्रतिभाग करती खिलाड़ी।

**अमृत विचार :** स्वार रोड स्थित महात्मा गांधी स्टेडियम पर हुई महिला स्नातकोत्तर महाविद्यालय के दो दिवसीय वार्षिक खेलकूद समारोह के दूसरे दिन समापन समारोह हुआ। महाविद्यालय की बीए छठे सेमेस्टर की छात्रा आसमा के सिर कालेज चैंपियन का ताज सजा। कॉलेज की उप-चैंपियन बीए द्वितीय सेमेस्टर की छात्रा निकहत रही। दो दिवसीय वार्षिक क्रीड़ा समारोह की आख्या क्रीड़ा प्रभारी डॉ. नागेन्द्र पाल ने पेश की।

मुख्यातिथि वरिष्ठ कोषाधिकारी रंजीत सिंह ने कहा कि खेल व्यक्ति के विकास का सशक्त माध्यम है। दूसरे दिन 400 मीटर दौड़, भाला प्रक्षेप, हैमर थ्रो, 4 गुना 100 मीटर रिले व 100 मीटर दौड़ का फाइनल हुआ। 400 मीटर दौड़ प्रतियोगिता में अंशु ने प्रथम स्थान, निकहत ने द्वितीय तथा रिंकी ने तृतीय स्थान प्राप्त किया। भाला प्रक्षेप प्रतियोगिता में आसमा ने प्रथम स्थान, आकांक्षा ने द्वितीय तथा अंशू ने तृतीय स्थान प्राप्त किया। 100 मीटर दौड़ में निकहत ने प्रथम, रिंकी ने द्वितीय और आरती ने तृतीय स्थान प्राप्त किया। हैमर थ्रो प्रतियोगिता में आसमा ने प्रथम स्थान, आकांक्षा ने द्वितीय और उमामा ने तृतीय स्थान प्राप्त किया। 4 गुना 100 मीटर रिले दौड़ में टीम ए रिंकी, पिंकी, आसमा एवं निकहत ने प्रथम स्थान, टीम सी ताशु भटनागर, अंशू, इशिका एवं खुशी ने द्वितीय स्थान तथा टीम बी काजल, कुमकुम कश्यप, आरती एवं रूमीसा ने तृतीय स्थान प्राप्त किया। निर्णायक मंडल में प्रो. अनिता देवी, प्रो. सबीहा परवीन, डॉ. कासिम, डॉ. इफ्तेखार अहमद कादरी, डॉ. मनोरमा चौहान, डॉ. टिकेंद्र, डॉ. यामिनी तथा डॉ. योगेश सम्मिलित रहे। संचालन डॉ. नागेंद्र पाल ने किया। इस दौरान डॉ. रजिया परवीन, डॉ. सोनू पुरी, डॉ. प्रतिभा यादव, डॉ. रजनी बाला, डॉ. प्रीति लता, कल्पना, ज्योति, मनोज कुमार, जावेद खान आदि मौजूद रहे।

### खेल जीवन के सशक्त संस्कार

प्राचार्या डॉ. सुनीता ने कहा कि खेल जीवन के सशक्त संस्कार हैं, जो शारीरिक सुदृढ़ता के साथ अनुशासन, आत्मविश्वास और सामूहिकता की भावना का विकास करते हैं। उन्होंने कहा कि वास्तविक विजय पदक में नहीं, बल्कि निरंतर परिश्रम, धैर्य और सकारात्मक सोच में निहित होती है। मुख्य अतिथि वरिष्ठ कोषाधिकारी रंजीत सिंह ने कहा कि खेल अनुशासन, नेतृत्व क्षमता और सकारात्मक प्रतिस्पर्धा की भावना को प्रोत्साहित करते हैं।

# एसपी ने खत्म कराया अनिश्चितकालीन धरना

कार्यालय संवाददाता, रामपुर

**अमृत विचार :** अखिल भारतीय जाटव महासभा के अध्यक्ष महेश कुमार सागर कलेक्ट्रेट में पिछले कई दिनों से अनिश्चितकालीन धरने पर थे। शुक्रवार को पुलिस अधीक्षक विद्या सागर मिश्र ने मौके पर पहुंचकर धरना स्थल पर पहुंचकर उन्हें कार्रवाई का आश्वासन दिया। महेश कुमार सागर सीओ मिलक के अनुसूचित जाति समाज को लेकर जातिसूचक शब्दों को लेकर आहत हैं और उनपर कार्रवाई की मांग कर रहे हैं। मामले में महेश सागर ने 18 व 19 फरवरी को गांव-गांव जाकर हस्ताक्षर अभियान चलाया और जाटव समाज को जातिसूचक शब्दों से अपमानित करने वालों के खिलाफ जागरूक किया। 20 फरवरी को एक दिवसीय धरना कलेक्ट्रेट में दिया।

25 फरवरी को अखिल भारतीय जाटव महासभा के तत्वाधान में अनिश्चितकालीन धरना शुरू किया था। इस दौरान दिनेश कुमार सागर, डॉ. सुरेशचंद्र, सुरेंद्र कुमार सागर, आनंद प्रकाश वाल्मीकि, रामवीर सिंह, राम सिंह सागर, रविंद्र कुमार सिंह, चंद्रप्रकाश, बाबूलाल, सुशील चौधरी, अशोक कुमार, सुरजीत सागर, फैजान, शहवेज, सोनू, अजय सागर, विनय सागर, राजू जाटव, ओमप्रकाश प्रधान, धर्म कुमार वाल्मीकि, रामकुमार दिवाकर, विनोद सागर, डॉ. गुड्डू, दिनेश गौतम आदि मौजूद रहे।



कलेक्ट्रेट में प्रदर्शन करते महेश सागर व अन्य लोग। ● अमृत विचार

## न्यूज ब्रीफ

### बच्चों के बयान के आधार पर होगी कार्रवाई

**बिलासपुर, अमृत विचार :** सेंट फ्रांसिस स्कूल में बच्चों के साथ हुई अश्लील हरकत और यौन शोषण के मामले में पुलिस पीड़ित बच्चों द्वारा दर्ज कराएं गाएं बयानों को अवलोकन कर रही है। जांच अधिकारियों का मानना है कि बयानों और साक्ष्यों के आधार पर ही कार्रवाई होगी। मामले में गठित 21 सदस्यीय कमेटी ने पुलिस अधीक्षक विद्या सागर मिश्र से मुलाकात कर निष्पक्ष जांच की मांग की थी। कमेटी की अपील पर एसपी ने जांच को भोट थाने से हटाकर बिलासपुर पुलिस को सौंप दी थी। प्रभारी निरीक्षक जीत सिंह ने बताया कि पीड़ित बच्चों के बयान ही जांच का मुख्य आधार हैं। आरोपी प्रिंसिपल फादर अरिशेरिल जोसफ पर आरोप है कि वे अनुशासन के नाम पर बच्चों को अपने केबिन में बुलाकर अश्लील हरकतें करते थे। पुष्टि के लिए पुलिस ने स्कूल परिसर के सीसीटीवी फुटेज को कब्जे में लेकर कार्य कर रही है। इन तकनीकी साक्ष्यों का मिलान बच्चों के बयानों से किया जा रहा है, ताकि घटना की कड़ियां जोड़ी जा सकें। पुलिस का कहना है कि यदि जांच में नए तथ्य सामने आते हैं, तो तत्काल धाराएं बढ़ाई जा सकती हैं।

### दो पक्षों में खूनी संघर्ष चार पर रिपोर्ट दर्ज

**सैफनी,अमृत विचार :** थाना सैफनी क्षेत्र के चंद्रपुर कला गांव में चकबंदी को लेकर दो पक्षों में खूनी संघर्ष हो गया था। लाठी-डंडे, पथराव और फायरिंग में दो लोगों के गोली लगी व कई लोग घायल हुए। पुलिस ने मामले में एक पक्ष की तहरीर पर चार लोगों के खिलाफ रिपोर्ट दर्ज कर ली है।

चंद्रपुर कला गांव निवासी मनीष प्रताप और कृष्ण पाल सिंह की ओर से दर्ज कराई रिपोर्ट में आरोप लगाया है कि वह गुरुवार की शाम साढ़े 5 बजे हर दिन की तरह कुंवर पाल की डेरी पर दूध लेने गए थे। घर जा रहे थे तभी रास्ते में घात लगाए बैठे उनके गांव के राजेश उर्फ राजवीर पुत्र मेवाराम, वीरेंद्र पुत्र ओमपाल,गोपाल पुत्र राजवीर व हरवीर पुत्र जागन उनके साथ लाठी डंडों से मारपीट की और पथराव करने लगे। आरोप है कि इसी बीच राजेश व वीरेंद्र ने फायरिंग कर दी, शोरगुल की आवाज सुनकर बीच बचाव करने आए अभय पाल पुत्र वीरपाल व अभय चौहान पुत्र राजेंद्र पर भी राजवीर और गोपाल ने फायर झोंक दिया। जिससे अभय पाल की जांघ में गोली लगी तथा अभय के पैर में गोली लग गई। गोली लगती दोनों नीचे गिर गए। इसके बाद आरोपी फरार हो गए। घायलों को स्वार सीएचसी उपचार के लिए भेजा गया। मामले में पुलिस ने चार आरोपियों के खिलाफ रिपोर्ट दर्ज कर ली है।

# दो पक्षों में चले लाठी-डंडे, छह घायल

संवाददाता, बिलासपुर

**अमृत विचार :** क्षेत्र के गांव गोधी में पारिवारिक विवाद ने हिंसक रूप ले लिया। दो भाइयों के परिवार के बीच कहासुनी मारपीट और पत्थरबाजी में बदल गई। जिसमें छह लोग घायल हो गए, जिन्हें अस्पताल में भर्ती कराया गया। दो की हालत गंभीर होने पर उन्हें जिला अस्पताल रेफर कर दिया।

खजुरिया थाना क्षेत्र अंतर्गत गांव गोधी में शाहिद और उनके भाई सलीम के परिवार आमने-सामने आ गए। दोनों के बीच पहले से तनाव बताया जा रहा है। पेशे से बोरिंग मिस्त्री शाहिद के अनुसार, उनके घर के बाहर बोरिंग के पाइप और सामान रखा रहता है। आरोप है कि भाई के लड़के वहां देर रात तक बैठकर शोर करते थे। उन्हें रोकने के लिए शाहिद ने पाइपों पर काला तेल लगा दिया। इसी बात को लेकर विवाद और फिर मारपीट शुरू हो गई। घायलों में एक पक्ष से सलीम के बेटे शानू, भतीजा इमरान शामिल हैं। दूसरे पक्ष से शाहिद, उनकी पत्नी सितारा, भतीजे फरमान और जीशान शामिल हैं। सीएचसी के चिकित्साधिकारी डॉ. हसीब अहमद ने बताया कि फरमान और जीशान की हालत गंभीर होने पर उन्हें जिला अस्पताल रेफर कर दिया। खजुरिया थानाध्यक्ष पंकज पंत ने बताया कि दो भाइयों के बीच झगड़े का मामला है। अभी तक किसी पक्ष से लिखित तहरीर नहीं मिली है। घायलों का मेडिकल कराया गया है। जांच के आधार पर आगे की कार्रवाई की जाएगी।

● पारिवारिक विवाद ने लिया हिंसक रूप

### धारदार हथियार से पिता पुत्र पर हमला, 3 पर रिपोर्ट

**स्वार, अमृत विचार :** नगर के मोहल्ला खास निवासी इंतखाब हुसैन पुत्र अशफाक हुसैन ने कोतवाली पुलिस को तहरीर देकर आरोप लगाया है कि शुक्रवार को करीब डेढ़ बजे वह होली चौक पर खड़े थे। इसी दौरान मोहल्ले के ही सरफराज पुत्र असगर अली, तौकीर अली पुत्र अमानत अली और महतूब पुत्र करामत पुरानी रंजिश को लेकर गाली गलौज करने लगे। विरोध करने पर आरोपियों ने मारपीट शुरू कर दी। शोर सुनकर उनके पिता अशफाक हुसैन बीच बचाव करने पहुंचे तो आरोपियों ने धारदार हथियार से जान से मारने की नीयत से हमला कर दिया। जिससे उसके पिता गंभीर रूप से घायल हो गए। बाद में आरोपियों ने तमंचे की बट से मारपीट की और जान से मारने की धमकी दी। आसपास के लोगों के जुटने पर आरोपी मौके से फरार हो गए। घायल पिता पुत्र की हालत गंभीर चिकित्सक ने जिला अस्पताल रेफर किया है। पुलिस ने तहरीर के आधार पर तीनों आरोपियों के खिलाफ संबंधित धाराओं में रिपोर्ट दर्ज कर तलाश शुरू कर दी है।

## खाली पड़े प्लाट में लगी आग, हड़कंप

**रामपुर, अमृत विचार :** शाहबाद गेट के निकट खाली पड़े प्लाट में अचानक खरपतवार में आग लगने से हड़कंप मच गया। फायर ब्रिगेड को फोन किया गया इस बीच आग ने विकराल रूप धारण कर लिया। फायर ब्रिगेड कर्मियों ने आग पर काबू पाया।

राहे रजा पर शाहबाद गेट के निकट कई वर्ष से एक प्लॉट खाली पड़ा है जिसमें खरपतवार उग आया है। शुक्रवार की दोपहर अचानक प्लाट से धुआं उठने लगा और आग भड़कने लगी। प्लॉट के आसपास गणमान्य लोगों के आवास हैं लोग आग को देखकर छतों से उतरने लगे। जिसको भी पता लगा वह आग की ओर दौड़ने लगा। किसी ने फायर बिग्रेड को फोन किया और कुछ ही देर में फायर ब्रिगेड पहुंच गई और आग पर काबू पाया। हालांकि फायर ब्रिगेड के मौके पर पहुंचने से पहले आग विकराल रूप ले चुकी थी। यदि समय से फायर ब्रिगेड को फोन नहीं किया जाता तो कोई बड़ा हादसा हो सकता था।

# पिकअप व साइकिलों से ढोई जा रही जंगल से काटी गई लकड़ी

संवाददाता, बिलासपुर

**अमृत विचार :** आरक्षित डंडिया वन लकड़ी तस्करों के निशाने पर है। यहां दिन में साइकिलों से बेशकीमती सागौन समेत अन्य पेड़ों का अवैध कटान जारी है। आरोप है कि विभाग तस्करों से मिला हुआ है।

राजपाल सिंह, बलविंदर सिंह आदि ग्रामीणों ने बताया कि रोजाना वन से होने वाली तस्करी का एक निश्चित तरीका बन गया है। लोग वन कर्मियों की मिलीभगत से साइकिलों व पिकअप से अलग-अलग रास्तों से जंगल में प्रवेश करते हैं। चोरी छिपे पेड़ों का कटान कर काटी गई लकड़ी को गट्ठरों में बांधकर साइकिलों को बाहर निकाला जाता है। कुछ प्रत्यक्षदर्शियों के अनुसार रोजाना 50 से 60 साइकिलों और कई पिकअप वाहनों के जरिए लकड़ी की ढुलाई अलग-अलग स्थानों पर की जा रही है। जंगल से काटी गई इन बेशकीमती लकड़ियों को क्षेत्र में स्थापित विभिन्न स्थानों पर खपाया जाता है। ग्रामीणों ने साक्ष्यों और फोटो व वीडियो के साथ सोशल मीडिया पर डाली है। हाल ही में भाकियू भानु गुट नेताओं ने भी इस मुद्दे पर प्रशासन को ज्ञापन सौंपकर सख्त कार्रवाई और गश्त बढ़ाने की मांग की थी। लाखों रुपये के राजस्व नुकसान के बावजूद वन विभाग की टीम मौके पर सक्रिय नजर नहीं आ रही है। ग्रामीणों का कहना है कि यदि समय रहते इस अवैध कटान को नहीं रोका गया, तो आरक्षित वन क्षेत्र का अस्तित्व ही समाप्त हो जाएगा। रेंजर अमित कुमार ने पक्ष देने से इंकार कर दिया और मोबाइल बंद कर इस प्रकरण से पल्ला झाड़ लिया।



डंडिया वन में साइकिलों से लकड़ी ले जाते लोग। ● अमृत विचार

● लकड़ी तस्करों के निशाने पर डंडिया वन

# बाल एवं किशोर श्रम उन्मूलन को लेकर निरीक्षण, नोटिस जारी



दुकानों पर जांच करते श्रम प्रवर्तन अधिकारी। ● अमृत विचार

कार्यालय संवाददाता, रामपुर

**अमृत विचार :** डीएम अजय कुमार द्विवेदी के निर्देशानुसार बाल श्रम निरीक्षण अभियान के तहत श्रम प्रवर्तन अधिकारी द्वारा थाना प्रभारी एवं चाइल्ड लाइन की संयुक्त टीम ने शुक्रवार को सदर तहसील क्षेत्र में सघन अभियान चलाया।

विभिन्न दुकानों, होटलों, रेस्टोरेंट, ऑटोमोबाइल एवं अन्य वाणिज्यिक प्रतिष्ठानों का गहन निरीक्षण किया गया। निरीक्षण में बाल एवं किशोर श्रम उन्मूलन के प्रति व्यापक जन-जागरूकता सुनिश्चित की गई। संबंधित सेवायोजकों को बाल श्रम अधिनियम के प्रावधानों की जानकारी दी। दुकानों व प्रतिष्ठानों से गैर खतरनाक श्रेणी के 5 किशोर श्रमिक चिन्हित किए गए।

अधिनियम का उल्लंघन पर संबंधित सेवायोजकों के खिलाफ नोटिस जारी करते हुए नियमानुसार कार्रवाई शुरू की गई। डीएम ने निर्देश दिए कि जिले में बाल एवं किशोर श्रम के खिलाफ अभियान निरंतर जारी रहेगा। दोषियों के खिलाफ कठोर एवं प्रभावी कार्रवाई होगी। ताकि बच्चों के अधिकारों की रक्षा हो सके।

● दुकानों व प्रतिष्ठानों से 5 किशोर श्रमिक चिन्हित किए

## बाइकों की आमने-सामने भिड़ंत, एक गंभीर रूप से घायल

**सैफनी, अमृत विचार :** दो बाइकों की आमने-सामने हुई भिड़ंत में एक बाइक सवार के सिर में चोट लगने से गंभीर रूप से घायल हो गया। घायल को सीएचसी ले जाया गया, जहां से जिला अस्पताल रेफर कर दिया गया।

मुरादाबाद के लालाटिकर गांव निवासी शाहिद हुसैन बाइक से शुक्रवार को दोपहर बाद नगर में किसी काम से आए थे। काम निपटाकर वह शाम को 5 बजे घर वापस लौट रहे थे। जैसे ही वह नगर के दनियापुर रोड पर गोविंद इंटर कॉलेज के पास पहुंचे तभी सामने से आ रही तेज रफ्तार बाइक से उनकी जोरदार भिड़ंत हो गई। हादसा इतना भयंकर था कि शाहिद हुसैन बदहवास होकर सड़क पर जा गिरे। जिससे उनके सिर और चेहरे पर गंभीर चोट आई है। मौके पर जमा लोगों ने एंबुलेंस की मदद से उपचार के लिए उन्हें शाहबाद के सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र भिजवाया। जहां से उन्हें हालत गंभीर होने के चलते जिला अस्पताल रेफर कर दिया है।

# स्पोर्ट्स स्टेडियम पर हुए ट्रायल में खूब दौड़े बच्चे

कार्यालय संवाददाता, रामपुर

**अमृत विचार :** शहीदे आजम स्पोर्ट्स स्टेडियम बमनपुरी में शुक्रवार को खेलो इंडिया योजना के तहत 14 वर्ष से कम आयु वर्ग के बच्चों का एथलेटिक्स केंद्र के लिए ट्रायल शुरू हो गया। 28 फरवरी को भी बच्चों का ट्रॉयल होगा।

प्रभारी जिला क्रीड़ा अधिकारी संतोष कुमार ने बताया कि यह चयन प्रक्रिया भारत सरकार एवं उत्तर प्रदेश सरकार के संयुक्त समन्वय से भारतीय खेल प्राधिकरण द्वारा संचालित एक जनपद एक खेल योजना के तहत हो रही है। सौरभ कुमार खेलो इंडिया एथलेटिक्स प्रशिक्षक एवं हॉकी फरहत अली खान ने बच्चों की दौड़ को देखा और चयन किया। ग्रामीण और शहरी क्षेत्र के खिलाड़ी रविवार को छोड़कर अपराह्न 2 से शाम 6 बजे तक ट्रायल में भाग ले सकते हैं।

प्रभारी जिला क्रीड़ा अधिकारी ने कहा एक जनपद एक खेल योजना के तहत यह पहल जिले की खेल प्रतिभाओं को नया मंच देने की दिशा में अहम कदम है। कहा कि एथलेटिक्स केंद्र की स्थापना से रामपुर के खिलाड़ियों को बेहतर संसाधन और मार्गदर्शन मिलेगा।



शहीदे आजम स्पोर्ट्स स्टेडियम पर हुए ट्रॉयल में दौड़ते बच्चे। ● अमृत विचार

## न्यूज डायरी



### राष्ट्रीय शैक्षिक महासंघ का वार्षिक कैलेंडर का विमोचन

**रामपुर, अमृत विचार :** शुक्रवार को राष्ट्रीय शैक्षिक महासंघ संगठन का वार्षिक कैलेंडर जारी किया। जिसका विमोचन जिला बेसिक शिक्षा अधिकारी कल्पना देवी द्वारा किया गया। महासंघ के जिलाध्यक्ष रवेंद्र गंगवार ने बताया कि महासंघ का वार्षिक कैलेंडर जिले के सभी स्कूलों व कॉलेजों महाविद्यालयों में वितरित किया जाएगा। इसके लिए न्याय पंचायत स्तर पर टीमों का गठन कर दिया गया है। महासंघ के प्रतिनिधिमंडल ने बीएसए से शिक्षकों की लंबित समस्याओं दीपावली बोनस डीए भुगतान जल्द से जल्द कराने की मांग की। इस मौके पर जिला महामंत्री विपेंद्र कुमार, डॉ. वसीम अहमद, विनीत श्रीवास्तव, रिसालत खान, पंकज पड़ालिया, अतुल कुमार, विनोद कुमार, आलोक सक्सेना, तनूजा सिंघल, संगीता गौतम, दीपिका सिंह, मेहविश जमाल, सुनीता अग्रवाल, जीनत परवीन, मीना शर्मा आदि मौजूद रहे।



### भाविप ने गायत्री स्कूल के मेधावियों को किया सम्मानित

**बिलासपुर, अमृत विचार :** गायत्री गर्ल्स इंटरनेशनल स्कूल में शुक्रवार को भारत विकास परिषद के तत्वाधान में गुरु वंदन छात्र अभिनंदन कार्यक्रम का आयोजन हुआ। परिषद के अध्यक्ष सुनील गुप्ता और सचिव सपन अग्रवाल की देखरेख में कार्यक्रम हुआ। विद्यालय डायरेक्टर आशुतोष अग्रवाल, श्याम कंसल और प्रधानाचार्य पुष्पा बिष्ट ने अतिथियों का स्वागत किया। इस दौरान रूपेश अग्रवाल ने छात्र-छात्राओं की बौद्धिक एवं आध्यात्मिक विकास की महत्ता पर प्रकाश डाला। कहा कि भविष्य में भी ऐसे संस्कारपरक कार्यक्रमों के निरंतर आयोजन किए जाने चाहिए। समारोह में उत्कृष्ट योगदान के लिए शिक्षिका मिस्बाह खान और शिवाली सक्सेना को सम्मानित किया। शैक्षणिक क्षेत्र में उत्कृष्ट प्रदर्शन के लिए इंशा नादिर, हरप्रीत कौर, अल्ज़ेबा, कोमलप्रीत कौर और शिफ़ा बी को अभिनंदन पत्र प्रदान किए गए। खेल के क्षेत्र में बेहतर प्रदर्शन करने वाले विद्यार्थियों को विशेष रूप से पुरस्कृत किया गया।



### चंद्रशेखर आजाद का बलिदान दिवस मनाया

**रामपुर, अमृत विचार :** ग्राम रायपुर स्थित उर्मिला देवी बाल विद्या मंदिर स्कूल में शुक्रवार को आजादी के नायक चंद्रशेखर आजाद का बलिदान दिवस मनाया। चंद्रशेखर आजाद के चित्र पर पुष्पांजलि अर्पित कर उन्हें नमन किया।

राष्ट्रीय कबड्डी खिलाड़ी सुनील यादव ने कहा कि आज हम सभी को किताबी ज्ञान के साथ साथ इंसानियत के लिए भी काम करना होगा। उनके मन में देश को आजाद कराना का विचार इस तरह से मजबूत था कि उन्होंने आजादी को अपना सब कुछ मान लिया। जीते जी आजाद अंग्रेजी हुकूमत के हाथ नहीं आए। चंद्र शेखर आजाद जैसे क्रांतिकारी भारत देश की धरोहर है। प्रधानाचार्य पंकज सिंह ने उनके जीवन पर प्रकाश डाला। बोले, हम सभी को ऐसे महान क्रांतिकारी से प्रेरणा लेनी चाहिए। इस दौरान छात्रों ने प्रश्नोत्तरी भी की और इतिहास संबंधी जानकारी दी गई।



### किसी को नहीं दें एटीएम का पासवर्ड या ओटीपी नंबर

**रामपुर, अमृत विचार :** गांधी समाधि के निकट स्थित भारत संचार निगम के कार्यालय परिसर में उपभोक्ता प्रशिक्षण कार्यशाला हुई। सहायक महाप्रबंधक त्रिनेत सिंह पांगती ने उपभोक्ताओं को साइबर क्राइम और डिजिटल फ्रॉड से बचने के बारे में जानकारी दी। कहा कि उपभोक्ता किसी को अपना ओटीपी, एटीएम का पासवर्ड और अंजान व्यक्ति द्वारा भेजे गए व्हाट्सएप को खोलने से बचें। टेलीफोन एक्सचेंज परिसर में हुई कार्यशाला में बताया कि मौजूदा दौर में साइबर ठग लोगों को तरह-तरह के प्रलोभन देकर ठग रहे हैं। साइबर ठगों के चंगुल में नहीं फंसे और उनके द्वारा दिए गए किसी लालच में नहीं आएं। उन्होंने दूर संचार की क्वालिटी के बारे में जानकारी दी। ट्राई की ओर से उपभोक्ता महासंघ जागो ग्राहक जागो के प्रेम शंकर गुप्ता, पायल वर्मा, नरेंद्र कुमार, अमन सिंह, मनोज कुमार गुप्ता ने जागरूक किया। बीएसएनएल की ओर से मैनेजर विनय कुमार श्रीवास्तव, उपमंडलीय अभियंता राजेंद्र कुमार, विकास कुमार, जेटीओ सत्यवीर सिंह और फरहान मलिक समेत काफी संख्या में उपभोक्ता मौजूद रहे।

# शिक्षण कार्य से बढ़ कर कोई सेवा नहीं

संवाददाता, स्वार



स्वार में कार्यक्रम में पुरस्कार के साथ बच्चे। ● अमृत विचार

**अमृत विचार :** शुक्रवार को स्वार क्षेत्र के नरपतनगर कंपोजिट विद्यालय में बेसिक शिक्षा एवं बाल विकास विभाग के संयुक्त तत्वावधान में हमारा आंगन, हमारे बच्चे उत्सव कार्यक्रम हुआ। खंड शिक्षा अधिकारी पीएल निरंकारी ने कहा कि शिक्षण कार्य से बढ़ कर कोई समाज सेवा नहीं है। 5 से 6 आयु वर्ष के निपुण बच्चों को भी सम्मानित किया।

खंड शिक्षा अधिकारी ने कहा कि शिक्षक का कार्य बच्चों का सर्वांगीण विकास करना है। शिक्षकों की भूमिका समाज सुधारक की तरह हैं। बाल विकास परियोजना अधिकारी जितेंद्र जायसवाल ने कहा कि शिक्षण कार्य एक सौभाग्य है। इसलिए हमें बच्चों की नींव को मजबूत करना है, जिससे वे जीवन के किसी क्षेत्र में न पिछड़ सकें। प्राथमिक शिक्षक संघ के जिलाध्यक्ष प्रेम सिंह चौहान ने कहा कि सभी शिक्षक अपनी दायित्वों का निर्वहन ईमानदारी से करें। जूनियर हाई स्कूल शिक्षक संघ के जिलाध्यक्ष डॉ. राजवीर सिंह ने सरकार द्वारा जो छोटे बच्चों के लिए बाल वाटिका कार्यक्रम चलाया जा रहा है। इसका पूरा लाभ बच्चों को मिलना चाहिएं। एसआरजी डॉ. सरफराज ने संचालन किया। इस दौरान अनुज कुमार, उपेंद्र सिंह आजाद, रेहान अली, वीरेंद्र भाल, सोमपाल सिंह, शहनाज बी, रूबी, फरजंद अली, प्रीति, शबाना, रुबीना, अनिल कुमार, फ़िरासत अली, मोहम्मद इलयास, रूप किशोर, रवि कुमार, सुनील कुमार सहित आंगनबाड़ी कर्मी व अभिभावक मौजूद रहे।

● नरपतनगर में हमारा आंगन हमारे बच्चे उत्सव कार्यक्रम में बोले बीईओ

# यूपी बोर्ड: 1241 परीक्षार्थियों ने दी हाईस्कूल गणित की परीक्षा

कार्यालय संवाददाता, रामपुर

**अमृत विचार :** यूपी बोर्ड में शुक्रवार को हाईस्कूल की गणित की परीक्षा में 14970 के सापेक्ष 13729 परीक्षार्थी उपस्थित रहे। परीक्षा से 1241 परीक्षार्थी अनुपस्थित रहे। पहली पाली में हुई इंटरमीडिएट की व्यावसायिक शिक्षा की परीक्षा में 254 के सापेक्ष 246 परीक्षार्थी उपस्थित रहे।

दूसरी पाली में इंटरमीडिएट की भौतिकी और सैन्य विज्ञान की परीक्षा के लिए पंजीकृत 12866 के सापेक्ष 12172 परीक्षार्थी उपस्थित रहे। परीक्षा से 694 परीक्षार्थी अनुपस्थित रहे। जिले में 74 परीक्षा केंद्रों पर हुई यूपी बोर्ड परीक्षा की पहली पाली में हाईस्कूल के गणित के पेपर के लिए 14970 परीक्षार्थियों ने पंजीयन कराया था जिसके सापेक्ष 13729 परीक्षार्थी उपस्थित रहे। जबकि 1241 परीक्षार्थी अनुपस्थित रहे। पहली पाली में इंटरमीडिएट के परीक्षार्थियों का व्यावसायिक शिक्षा का भी पेपर था जिसके लिए 254 परीक्षार्थियों ने पंजीकरण कराया था जिसके सापेक्ष 246 परीक्षार्थी उपस्थित रहे जबकि, 8 परीक्षार्थी गैर हाजिर रहे। दूसरी पाली में हुई इंटरमीडिएट की भौतिकी और सैन्य विज्ञान की परीक्षा के लिए 12866 परीक्षार्थियों ने पंजीकरण कराया था जिसके सापेक्ष 12172 परीक्षार्थी उपस्थित रहे और 694 परीक्षार्थी अनुपस्थित रहे।

● इंटरमीडिएट की प्रथम पाली में हुई व्यावसायिक परीक्षा से 8 परीक्षार्थी रहे गैरहाजिर

न्यूज ब्रीफ

## ग्रामीणों को दी सरकारी योजनाओं की जानकारी

**बुरावली, अमृत विचार :** न्याय पंचायत बुरावली में पंचायत घर पर ग्रीन चौपाल का आयोजन किया गया। जिसमें खंड विकास अधिकारी अश्विनी कुमार ने ग्राम वासियों को सरकार द्वारा चलाई जा रही योजनाओं के बारे में जानकारी दी। कहा कि पात्र गृहस्थी राशन कार्ड धारकों के समूह बनाए जाए। ताकि उनको लाभ मिल सके मनरेगा का नाम अब विकसित भारत जी राम जी हो गया है। इसमें अब 125 दिन का रोजगार देने की गारंटी है 252 रुपए की प्रतिदिन दैनिक मजदूरी दर तय की गई है। इस मौके पर एडीओ समाज कल्याण समाज राजकुमार सिंह, ग्राम विकास अधिकारी कपिल कुमार, कृषि विभाग से मनवीर सिंह, रोजगार सेवक अनुज कुमार, पंचायत सहायक राबिया, ग्राम प्रधान पति जफर जूरीद आदि लोग मौजूद रहे।

## कार की टक्कर से दो बच्चों समेत तीन घायल

**हसनपुर, अमृत विचार :** कोतवाली क्षेत्र के गांव आगापुर उर्फ याकूबपुर में शुक्रवार दोपहर दुकान से सामान लेकर घर घर लौट रही दो बच्चों सहित युवती को कार ने टक्कर मार दी। हादसे में शाहजहां पुत्री आस मोहम्मद गंभीर रूप से घायल हो गई। शाहजहां अपनी डेढ़ वर्षीय भतीजी सनाया और तीन वर्षीय आयशा को दुकान से सामान दिलाकर घर लौट रही थी। तभी गांव के ही एक कार चालक ने लापरवाही से वाहन चलाते हुए उन्हें अपनी चपेट में ले लिया। परिजनों ने आनन–फानन में घायल शाहजहाँ को निजी चिकित्सक के यहां भर्ती कराया, जहां उसकी नाजुक हालत को देखते हुए चिकित्सकों ने प्राथमिक उपचार के बाद मुरादाबाद रेफर कर दिया है।

## हादसे में दो घायल

**हसनपुर, अमृत विचार :** नगर के संभल मार्ग पर स्थित अब्दुल्ला कॉलोनी के निकट शुक्रवार की दोपहर बाद एक सड़क हादसा हो गया। नगर के मोहल्ला अब्दुल्ला कॉलोनी निवासी फैजान और अरमान पुत्र मोहम्मद इस्लाम अपनी साइकिल से काला खेड़ा की ओर जा रहे थे। इसी दौरान एक तेज रफ्तार अनियंत्रित बाइक ने उन्हें टक्कर मार दी। टक्कर इतनी जोरदार थी कि दोनों भाई सड़क पर जा गिरे और उनकी साइकिल पूरी तरह क्षतिग्रस्त हो गई। हादसे के बाद बाइक सवार मौके से फरार हो गया। राहगीरों की मदद से दोनों घायलों को तत्काल नगर के सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र में भर्ती कराया गया।

# मंडलायुक्त ने किया कलेक्ट्रेट का निरीक्षण

## अभिलेखों के रखरखाव, डिजिटाइजेशन को लेकर दिए निर्देश


निरीक्षण करते मंडलायुक्त आंजनेय कुमार सिंह, साथ में डीएम निधि गुप्ता वत्स।

### लंबित प्रकरणों का शीघ्र करें निस्तारण: कमिश्नर

मंडल आयुक्त आंजनेय कुमार सिंह की अध्यक्षता में राजस्व विभाग सहित विभिन्न कार्यों की समीक्षा बैठक आयोजित की गई। मंडलायुक्त ने सबसे पहले एसआईआर की समीक्षा करते हुए निर्देश दिया कि फॉर्म-06 के निरस्त किए गए सभी प्रपत्रों का पूरा विवरण सुरक्षित रखा जाए। प्रत्येक फॉर्म को स्वीकार करने से पहले उसका परीक्षण अनिवार्य रूप से किया जाए। इस दौरान कमिश्नर ने जिले की नदियों के सर्वे के लिए एक समिति गठित करने के निर्देश दिए गए। पुरुषों की अपेक्षा महिला अनुपात कम होने पर चिंता व्यक्त की और ठोस कदम उठाने को कहा। मंडलायुक्त ने विभिन्न धाराओं के लंबित मामलों की समीक्षा की। निर्देश दिया कि कोई भी मामला लंबित न रहे और समयबद्ध निस्तारण किया जाए।

कार्यालय संवाददाता अमरोहा

**अमृत विचार:** मंडलायुक्त आंजनेय कुमार सिंह ने कलेक्ट्रेट स्थित विभिन्न कार्यालयों और पटलों का वार्षिक निरीक्षण किया। इस दौरान जिलाधिकारी निधि गुप्ता वत्स भी मौजूद रहीं। निरीक्षण में अभिलेखों के रखरखाव, डिजिटाइजेशन और निर्माण कार्यों को लेकर आवश्यक दिशा-निर्देश दिए गए।

शुक्रवार को वार्षिक निरीक्षण के दौरान मंडलायुक्त आंजनेय कुमार सिंह ने पत्रावलियों को अद्यतन रखने और संबंधित पटल सहायकों को उनके विषय में पूर्ण जानकारी रखने के निर्देश दिए। राजस्व अभिलेखागार का निरीक्षण करते हुए अभिलेखों को डिजिटाइज करने, उनके संरक्षण और गोपनीयता के लिए आधुनिक तकनीक अपनाने पर जोर दिया। निरीक्षण के दौरान शहीद स्मारक पर माल्यार्पण कर शहीदों को श्रद्धांजलि दी गई और कलेक्ट्रेट परिसर में पौधरोपण भी किया गया। अपर जिलाधिकारी न्यायिक एवं उप जिलाधिकारी न्यायिक कार्यालय तथा न्यायालय के लगभग 2.10 करोड़ रुपये की लागत से होने वाले निर्माण कार्यों का विधिवत पूजा-अर्चना कर शिलान्यास किया गया।

राष्ट्रीय आजीविका मिशन के तहत आठ लाख रुपये की लागत से निर्मित शक्ति रसोई का उद्घाटन भी किया गया। इसके अलावा कलेक्ट्रेट परिसर में 11.66 लाख रुपये की लागत से होने वाले डोम सुधार कार्य का शिलान्यास किया गया। मंडलायुक्त ने राजस्व सहायक, वाद सहायक, परिवाद सहायक, भूमि व्यवस्था सहायक, स्थानीय निकाय सहायक, खनन अधिकारी कार्यालय, रिकॉर्ड रूम, सहायक चकबंदी कार्यालय, संग्रह अनुभाग, शस्त्र अनुभाग, नाजिर सदर कार्यालय, कंट्रोल रूम, आपदा कार्यालय और राजस्व लेखाकार कार्यालय समेत कई पटलों का निरीक्षण किया। उन्होंने अलमारियां खुलवाकर पत्रावलियों की स्थिति देखी और साफ-सफाई पर विशेष ध्यान देने के निर्देश दिए। पत्रावलियों को क्रमवार फाइल में सुरक्षित रखने और आवश्यकता पड़ने पर तुरंत उपलब्ध कराने की व्यवस्था सुनिश्चित करने को कहा।

खनन कार्यालय के निरीक्षण में अवैध परिवहन करने वालों को चिह्नित कर कार्रवाई के निर्देश दिए गए। अवैध खनन से संबंधित नोटिस रजिस्टर के रखरखाव में कमी पाए जाने पर नाराजगी जताई। मुख्य राजस्व लेखाकार से आरसी, डिमांड और व्यापार कर से संबंधित वसूली की जानकारी ली गई। आपदा विशेषज्ञ से संभावित आपदाओं और बचाव की कार्ययोजना पर चर्चा की गई। स्थानीय न्याय सहायक पटल पर राज्य वित्त आयोग की संस्तुतियों के अनुरूप व्यय की जानकारी लेते हुए स्वयं के स्रोत से राजस्व बढ़ाने की रणनीति बनाने को कहा गया। निरीक्षण के दौरान अपर आयुक्त प्रशासन अरुण कुमार सिंह, संयुक्त विकास आयुक्त गजेंद्र प्रताप सिंह, अपर जिलाधिकारी वित्त एवं राजस्व गरिमा सिंह, अपर जिलाधिकारी न्यायिक धीरेन्द्र प्रताप सिंह सहित सभी उप जिलाधिकारी एवं संबंधित अधिकारी मौजूद रहे।

# हत्यारोपियों ने दी जज को जान से मारने की धमकी

कार्यालय संवाददाता, बिजनौर

- उम्र कैद की सजा सुनते ही भरी अदालत में दी धमकी

**अमृत विचार:** जनपद बिजनौर के अपर जिला एवं सत्र न्यायालय में उस समय अजीब स्थिति उत्पन्न हो गई जब कार से कुचलकर एक व्यक्ति की हत्या करने के दोषियों को जज द्वारा उम्र कैद की सजा दिए जाने के बाद कोर्ट में ही जज को जान से की करने की धमकी दे दी गई।

पूरी जानकारी के अनुसार 19 में 2024 को रेनू द्वारा धामपुर थाने में दर्द कराई गई रिपोर्ट में कहा गया था कि उसके पिता पुखराज सिंह पुत्र भोपाल सिंह निवासी गांव मथुरा दुर्गा थाना धामपुर अपने खेत में काम करते हुए जयदेव चौहान निवासी शिवाला कंला तथा गांव शेरगढ़ निवासी पिंटू चौहान द्वारा कार से कुचलकर हत्या कर दी गई थी। इस मामले में मृतक पुखराज की बड़ी बेटी अंजलि की आरोपित जयदीप के बड़े भाई प्रदीप के साथ 2013 में शादी हुई थी, जिसे ससुराल वाले दहेज की मांग को लेकर प्रताड़ित करते थे। इसी के चलते उसने अपनी ससुराल वालों के खिलाफ 17 मुकदमे दर्ज कर रखे थे। इसमें पति व ससुर को भी कोर्ट से सजा हुई थी। इसी मुकदमों की पैरवी पिता पुखराज करते थे, जिसके कारण उसके पिता पुखराज की हत्या कर दी गई।

इसी हत्या की सुनवाई करते हुए एडीजे निजेंद्र कुमार ने आरोपी जयदीप और पिंटू चौहान को दोषी पाते हुए उम्र कैद की सजा सुनाई, सजा सुनते ही बौखलाए जयदीप व पिंटू चौहान ने आपा खोते हुए एडीजे निपेंद्र कुमार को हत्या करने की धमकी भरी अदालत में दे दी। इस घटना के बाद एडीजे निजेंद्र कुमार ने शासन, डीजीपी, जिला जज सहित उच्च अधिकारियों को कोर्ट में सुरक्षा उपलब्ध करने के लिए पत्र लिखा है। इस मामले में पुलिस क्षेत्राधिकारी संग्राम सिंह ने बताया कोर्ट तथा जज के आवास पर पहले से ही सुरक्षा रहती है अब दोषियों की धमकी बाद अतिरिक्त सुरक्षा लगा दी गई है।

# रमजान की अहमियत व बरकत बताई

कार्यालय संवाददाता अमरोहा


शहर की जामा मस्जिद में नमाज अदा करते रोजेदार। ● अमृत विचार

- अकीदतमंदों ने मुल्क की तरक्की की दुआ की

**अमृत विचार:** मुकद्दस रमजान के दूसरे जुमे पर शहर से लेकर ग्रामीण क्षेत्रों तक अकीदतमंदों ने पूरे एहतराम के साथ नमाज अदा की। नमाजियों की भारी भीड़ के चलते अधिकांश मस्जिदों में जगह कम पड़ गई। रोजेदारों ने अल्लाह की बारगाह में हाथ उठाकर मुल्क में अमन-चैन, कौम की तरक्की और खुशहाली की दुआ मांगी।

नौवें रोजे की सहरी से ही जुमे की नमाज को लेकर खासा उत्साह दिखाई दिया। बुजुर्गों के साथ बड़ी संख्या में बच्चों ने भी रोजा रखा। शुक्रवार सुबह से ही मस्जिदों में तैयारियां शुरू हो गईं और करीब 11 बजे तक नमाजियों के लिए दरवाजे खोल दिए गए। दोपहर 12:30 बजे तक मस्जिदें खचाखच भर गईं। कई स्थानों पर नमाजियों को खुले आसमान के नीचे धूप में नमाज अदा करनी पड़ी। शहर की जामा मस्जिद अमरोहा में मुफ्ती मोहम्मद शाहिद ने नमाज अदा कराई। तकरीर में उन्होंने रमजान के दूसरे अशरे की फजीलत बयान करते हुए पूरी मालियत का हिसाब लगाकर जकात अदा करने की ताकीद की। रमजान की अहमियत और बरकत पर विस्तार से रोशनी डाली। वहीं मदरसा जामिया नूरिया अशरफुल उलूम में मुफ्ती तैय्यब कादरी नईमी ने नमाज पढ़ाई। उन्होंने रोजेदारों से कलमा-ए-इस्तगफार की कसरत करने, गुनाहों से तौबा करने और जन्नत की कामयाबी के लिए इबादत में जुटे रहने की अपील की। शिया जामा मस्जिद अमरोहा में नायब इमाम मौलाना अहसन अख्तर सरोश ने इमामत की, जबकि बड़ी मस्जिद शाही चबूतरा में मुफ्ती तौहीद रजा ने नमाज अदा कराई। जोया, रजबपुर, कैलसा, अतरासी, डिडौली और नौगावां सादात क्षेत्र में भी मस्जिदों में नमाजियों की भीड़ उमड़ी। मस्जिदों के आसपास लगे बाजारों में रोजेदारों ने इफ्तार की जमकर खरीदारी की।

# कॉटन वेस्ट के दो कारखानों में भीषण आग

कार्यालय संवाददाता अमरोहा


कारखाने में उठती लपटें। ● अमृत विचार


आग बुझाती दमकल विभाग की टीम ● अमृत विचार

- पांच गाड़ियों ने दो घंटे की मशक्कत के बाद बुझाई आग

**अमृत विचार:** शहर के मोहल्ला लकड़ा स्थित इस्लाम नगर में उस समय अफरा-तफरी मच गई, जब कॉटन वेस्ट के दो कारखानों में अचानक भीषण आग भड़क उठी। देखते ही देखते आग ने विकराल रूप ले लिया और ऊंची-ऊंची लपटों के साथ घना धुआं आसमान में छा गया। आसपास के लोग घरों से बाहर निकल आए और इलाके में हड़कंप मच गया।

यह घटना नगर कोतवाली क्षेत्र के मोहल्ला इस्लाम नगर की है। दरअसल गुरूवार की देर रात यहां मोहल्ले में स्थित दो कॉटनवेस्ट कारखानों में आग लग गई। प्रत्यक्षदर्शियों के अनुसार आग इतनी तेज थी कि कुछ ही मिनटों में दोनों कारखाने उसकी चपेट में आ गए। स्थानीय लोगों ने तत्काल पुलिस और दमकल विभाग को सूचना दी। सूचना मिलते ही नगर थाना पुलिस और रज्जाक पुलिस चौकी की टीम मौके पर पहुंची और क्षेत्र की घेराबंदी कर लोगों को सुरक्षित दूरी पर किया। पुलिस के मुताबिक आग सईद और दानिश के कॉटन वेस्ट कारखानों में लगी थी। कारखानों में बड़ी मात्रा में ज्वलनशील कॉटन वेस्ट भरा होने के कारण आग तेजी से फैल गई। स्थिति की गंभीरता को देखते हुए दमकल विभाग की पांच गाड़ियों को मौके पर भेजा गया। दमकल कर्मियों ने करीब दो घंटे की कड़ी मशक्कत के बाद आग पर काबू पाया। अंदर संकरी गलियां होने और कारखानों में ज्वलनशील सामग्री भरी होने से आग बुझाने में काफी दिक्कत आई। दमकलकर्मियों को पानी की धार भीतर तक पहुंचाने में मशक्कत करनी पड़ी। पुलिस टीम लगातार भीड़ को नियंत्रित करती रही, जिससे राहत और बचाव कार्य में कोई बाधा न आए। गनीमत रही कि घटना में किसी के हताहत होने की सूचना नहीं है। समय रहते मजदूर और आसपास के लोग बाहर निकल आए, जिससे बड़ा हादसा टल गया। हालांकि आग से कारखानों में रखा कच्चा माल, तैयार माल और मशीनें पूरी तरह जलकर राख हो गईं।

बताया जा रहा है कि आग लगने से करीब 20 लाख रुपये से अधिक नुकसान का अनुमान लगाया गया है। सीओ अभिषेक यादव ने बताया कि शॉर्ट सर्किट से आग लगने की आशंका जताई गई है। मामले की जांच की जा रही है और नुकसान का आकलन कराया जा रहा है।

# मिट्टी की ढांग ढहने से महिला की दबकर मौत

संवाददाता हसनपुर

**अमृत विचार:** होली के लिए मिट्टी लेने गई एक महिला की मिट्टी की ढांग में दबकर मौत हो गई दो युवतियां घायल हो गई हैं।


मृतका जगवती।

शुक्रवार की दोपहर कोतवाली क्षेत्र के गांव नवापुर निवासी जगवती पत्नी चिरंजी 35 वर्षीय, गांव से करीब तीन किलोमीटर दूर पड़ोसी गांव भीमा ठीकरी में जल निगम के द्वारा बनाई जा रही निर्माण दिन टंकी के निकट।होली के लिए मिट्टी लेने गई थी। उनके साथ पड़ोस की ही रिंकी पुत्री डोरी और भारती पुत्री दिनेश भी गई थीं। खुदाई के दौरान अचानक मिट्टी की एक ढाग भरभरा कर गिर गया, जिसमें तीनों दब गईं। साथ में मौजूद दोनों युवतियों की टांग दबने के कारण शोर मचा दिया। शोर मचाने पर भीमा ठीकरी के ग्रामीण मौके पर दौड़े और कड़ी मशक्कत के बाद उन्हें बाहर निकाला। बीमा ठीकरी के लोगों के द्वारा मोबाइल के माध्यम से नवाबपुरा में सूचना दी गई तो ग्रामीण फावड़े आदि लेकर हुंच गए। लेकिन हावड़ा से मिट्टी हटाने के बाद जब देखा तो जगवती की मौत हो चुकी थी। रिंकी और भारती के पैरों में चोटें आई हैं। चौकीदार थान सिंह ने पुलिस को सूचना दी। कोतवाली प्रभारी निरीक्षक राजेश तिवारी ने बताया कि जानकारी मिली है, तहरीर प्राप्त होने पर अग्रिम वैधानिक कार्रवाई की जाएगी।

# 40 वर्षों से रोज़ी, अब दुकानदारों पर संकट

संवाददाता मंडी धनौरा


ज्ञापन देते संगठन के लोग। ● अमृत विचार

- बाउंड्री वॉल निर्माण के नाम पर बेदखली का विरोध
- भाकियू शंकर के नेतृत्व में सैकड़ों ने दिया धरना

**अमृत विचार:** रामलीला मैदान के दक्षिणी छोर पर पिछले लगभग 40 वर्षों से दुकान लगाकर अपने परिवार का पालन-पोषण कर रहे रेहड़ी-पटरी और खोखा संचालकों के विस्थापन का मामला तूल पकड़ता जा रहा है। शुक्रवार को भारतीय किसान यूनियन शंकर के नेतृत्व में सैकड़ों दुकानदारों ने रामलीला मैदान में एकदिवसीय धरना-प्रदर्शन कर प्रशासन के खिलाफ आवाज बुलंद की। प्रदर्शनकारियों ने मुख्यमंत्री को संबोधित मांग पत्र नायब तहसीलदार राजपाल सिंह को सौंपते हुए न्याय की गुहार लगाई।

इस मौके पर भाकियू शंकर के राष्ट्रीय अध्यक्ष चौधरी दिवाकर सिंह ने कहा कि बिना किसी वैकल्पिक व्यवस्था के गरीब विक्रेताओं को हटाया जाना उनके मौलिक अधिकारों का सीधा हनन है। उन्होंने कई अन्य मांगे रखीं। इस अवसर पर भाकियू शंकर के राष्ट्रीय प्रवक्ता सत्यवीर सिंह, जिलाध्यक्ष (मुरादाबाद) राहुल यादव, नरेश चंद कौशिक, महेंद्र, बाबूराम, धर्मवीर सैनी, सावित्री, राधेश्याम, रामगोपाल सिंह, हरप्रीत सिंह, प्रीतम सिंह, प्रियंका भटनागर, शीशपाल सैनी, रामेश्वर सैनी, राकेश रतनपुरिया, पूनम चौधरी, मंजू चौधरी, भगतराम सैनी, शिवचरन सैनी सहित बड़ी संख्या में प्रभावित दुकानदार मौजूद रहे।

न्यूज डायरी

## रमजान के दूसरे जुमे पर रोजेदारों ने अदा की नमाज



**बुरावली, अमृत विचार :** न्याय पंचायत बुरावली क्षेत्र के सभी गांवो में रमजान के पाक महीने में दूसरे जुम्मे की नमाज सभी मस्जिदों में शांतिपूर्ण अदा की गई। रोजेदार सुबह से ही नमाज पढ़ने की तैयारी में जुट गए। बुरावली की अड्डे वाली बिलाल मस्जिद के इमाम कारी फरहान ने तकरीर करते हुए बताया कि रमजान के महीने में बंदे के सभी पिछले गुन्हा माफ हो जाते हैं। लेकिन जो बंदा मां–बाप की नाफरमानी करता है उसकी बख्शीश नहीं होती। बुरावली की बिलाल मस्जिद में 1बजे कारी फरहान ने नमाज अदा कराई। 1:30 बजे जामा मस्जिद में हाफिज सुहेल ने नमाज अदा कराई। इसके अलावा मदारीपुर की नूरी मस्जिद में मौलाना ग्यास ने नमाज अदा कराई। इस मौके पर साकिब, शादान, जीशान, यामीन, रिफाकत अली, आमिर आदि लोग मौजूद रहे।




## समाज सेवा का संकल्प लेकर आगे बढ़ें युवा

**धनौरा, अमृत विचार :** शुक्रवार को वाईएमएस पीजी कॉलेज में राष्ट्रीय सेवा योजना इकाई के सात दिवसीय विशेष शिविर का समापन समारोह रंगारंग सांस्कृतिक कार्यक्रमों के साथ महाविद्यालय परिसर में भव्य रूप से सम्पन्न हुआ। कार्यक्रम का शुभारम्भ महाविद्यालय के प्रबंधक रियाज़ अहमद सैफी, नाजिम सैफी तथा प्राचार्य डॉ. ए.के. सिंह द्वारा मां सरस्वती के चित्र पर दीप प्रज्ज्वलित एवं पुष्प अर्पित कर किया गया। इस दौरान महाविद्यालय प्रबंधक रियाज अहमद सैफी ने स्वयंसेवियों को प्रेरित किया। प्राचार्य डॉ. एके सिंह ने विचार व्यक्त किए। कार्यक्रम का संचालन स्वयं सेविका अरीबा एवं आयुषी शर्मा ने किया।

## पांच सौ किसानों को वितरित की नि:शुल्क मैंथा जड़ें

**मंडी धनौरा, अमृत विचार :** शुक्रवार को सतत कृषि और किसान क्षमता निर्माण के प्रति अपनी प्रतिबद्धता को आगे बढ़ाते हुए नोरैक्स फ्लेवर्स प्राइवेट लिमिटेड ने प्रोजेक्ट संकल्प के अंतर्गत हसनपुर और मंडी धनौरा में सतत एवं पुनर्योजी कृषि पद्धतियों पर किसान प्रशिक्षण कार्यक्रम आयोजित किए। कार्यक्रमों में लगभग 100 किसानों और ग्रामीणों ने भाग लेकर आधुनिक खेती की तकनीकों की जानकारी प्राप्त की। प्रशिक्षण का नेतृत्व सीएसआईआर मैप के वरिष्ठ वैज्ञानिक डॉ. राकेश कुमार ने किया। कार्यक्रम में कंपनी के वाइस प्रेसिडेंट शशांक अग्रवाल भी मौजूद रहे। वहीं सस्टेनेबिलिटी प्रमुख ललित कुमार तथा सस्टेनेबिलिटी प्रबंधक अनुराग नाथ ने सत्रों में सक्रिय भागीदारी करते हुए सतत सोर्सिंग पद्धतियों की जानकारी दी। कार्यक्रम की मेज़बानी दीपक शर्मा ने की, जबकि मैदानी स्तर पर समन्वय अरुण कुमार द्वारा किया गया। प्रोजेक्ट संकल्प के तहत नोरैक्स फ्लेवर्स प्राइवेट लिमिटेड पिछले कई वर्षों से इन क्षेत्रों में किसान क्षमता–निर्माण कार्यक्रमों का निरंतर संचालन कर रही है। कंपनी ने हसनपुर और मंडी धनौरा में 500 से अधिक किसानों को नि:शुल्क मैंथा की जड़ें भी वितरित की हैं।

## फूलों की होली और झांकियों ने मोहा मन



**हसनपुर, अमृत विचार :** नगर में एकादशी के पावन पर्व पर एकादशी उत्सव सेवा समिति द्वारा भव्य जूलूस का आयोजन किया गया। जूलूस का शुभारंभ आदर्श नगर पालिका अध्यक्ष राजपाल सैनी ने फीता काटकर और भगवान की आरती उतारकर किया। शोभायात्रा नगर के मोहल्ला हनुमान मंदिर से प्रारंभ होकर नगर का मोहल्ला महल, सराफा बाजार, दरबार, पुरानी घास मंडी और रहरा अड्डा जैसे मुख्य मार्गों से होते हुए वापिस मोहल्ला कायस्थान हनुमान मंदिर पर संपन्न हुआ। यात्रा में शामिल राधा–कृष्ण, पांडा, और रीना राजस्थानी नृत्य की झांकियों ने लोगों का मन मोह लिया। इस मौके पर आयुष सक्सेना, मंकू सक्सेना, दीपक सक्सेना, अतुल सक्सेना, कुलभूषण सक्सेना, अजय सक्सेना, कपिल सक्सेना, अर्पण सक्सेना और अंकित सक्सेना आदि का सहयोग रहा।

# 'आजादी के महानायक' पर काव्य गोष्ठी

संवाददाता गजरौला


संगोष्ठी के दौरान मौजूद लोग। ● अमृत विचार

- कार्यक्रम में रक्तदान शिविर का भी लगा

**अमृत विचार:** श्री वेंक्टेश्वरा विश्वविद्यालय में शुक्रवार को देश के चन्द्रशेखर आजाद की पुण्यतिथि पर आजादी का महानायक आजाद विषय पर काव्य गोष्ठी एवं वृहद रक्तदान शिविर का आयोजन किया गया। इस अवसर पर उपस्थित वक्ताओं ने चन्द्रशेखर आजाद के विषय में जानकारी दी। इसके साथ ही वृहद रक्तदान शिविर में 142 यूनिट रक्त संचय किया गया।

चन्द्रशेखर आजाद की पुण्यतिथि पर श्री वेंक्टेश्वरा विश्वविद्यालय में आयोजित आजादी का महानायक आजाद विषय पर संगोष्ठी एवं वृहद रक्तदान शिविर का शुभारम्भ संस्थापक अध्यक्ष सुधीर गिरि, प्रतिकुलाधिपति डॉ. राजीव त्यागी, प्रभारी कुलपति युवराज सिंह एवं कुलसचिव पीयूष कुमार पाण्डेय आदि ने चन्द्रशेखर आजाद की प्रतिमा के सम्मुख दीप प्रज्वलित कर एवं रक्तदान शिविर का फीता काटकर किया। संस्थापक अध्यक्ष सुधीर गिरि ने कहा कि ये देश आजादी के रणबांकुरे चन्द्रशेखर आजाद का सदैव ऋणी रहेगा। विख्यात साहित्यकार एवं महाकवियत्री डॉ.मधु चतुर्वेदी ने चन्द्रशेखर को अपने घर वालो की लिखी चिट्ठी पर कविता सुनाई। प्रतिकुलाधिपति डॉ. राजीव त्यागी ने विचार रखे। इस अवसर पर विश्वविद्यालय के सलाहकार आरएस शर्मा, सी.एफ.ओ. विकास भाटिया, डॉ. राजेश सिंह, डॉ. नीतू पंवार, डॉ. सुमन कुमारी, डॉ. आशुतोष, डॉ. एसके श्रीवास्तव, डॉ.योगेश्वर शर्मा, डॉ.ओम प्रकाश गोसाई, डॉ. धीरज, डॉ.राजवर्द्धन, डॉ. अरूण कुमार गोस्वामी, डॉ. ज्योति सिंह, डॉ.श्रीराम गुप्ता, फैजान आदि लोग उपस्थित रहे।

# रंग एकादशी पर निकले जुलूस रंग-गुलाल से सराबोर हुआ क्षेत्र

संवाददाता, मंडी धनौरा

**अमृत विचार:** रंगों के पर्व होली का आगाज शुक्रवार को रंग एकादशी के अवसर पर पूरे उत्साह और उमंग के साथ हुआ। क्षेत्र में निकले भव्य जुलूस में हुरियारों ने बढ़-चढ़कर भाग लिया और एक-दूसरे को रंग-गुलाल लगाकर पर्व की शुभकामनाएं दीं। कई स्थानों पर श्रद्धालुओं ने पुष्प वर्षा कर जुलूस का स्वागत किया। सुरक्षा व्यवस्था के मद्देनजर पुलिस बल भी मुस्तैद नजर आया।

होली समिति के संयोजन में रंग एकादशी का जुलूस गढ़ी मंदिर धर्मशाला से शुभारंभ हुआ। जुलूस नगर के प्रमुख मार्गों और बाजारों से होता हुआ पुनः गढ़ी मंदिर धर्मशाला पहुंचकर संपन्न हुआ। झांकियां श्रद्धालुओं के आकर्षण का केंद्र बनी रहीं। इस दौरान चेयरमैन प्रवीण अग्रवाल, हेमंत सारस्वत, एडवोकेट कपिल अग्रवाल, ओमकार गर्ग, देवेश तंवर, प्रत्यक्ष शर्मा, पवन गुप्ता, विकास अग्रवाल, मोहित मित्तल, छम्मो, दिपांशु आदि मौजूद रहे।


रंग एकादशी पर जुलूस निकालते चेयरमैन प्रवीण अग्रवाल व अन्य। ● अमृत विचार

# रंग एकादशी पर कल्कि नगरी में उड़ा रंग-गुलाल

## खाटू श्याम की चौपाई ने बांधा समां, लोगों ने एक दूसरे को रंग लगाकर दी बधाई, जिन घरों में गमी थी, उन घरों में पहुंचकर रंग लगाया

कार्यालय संवाददाता,संभल

**अमृत विचार:** रंग एकादशी के अवसर पर कल्कि नगरी संभल में भक्ति, उल्लास और रंगों का अद्भुत संगम देखने को मिला। सुबह से दोपहर तक शहर के विभिन्न इलाकों में जमकर रंग-गुलाल उड़ा और श्रद्धालु होली के रंग में रंगे नजर आए। मोहल्ला ठेर सर्राफा बाजार में बड़े कढ़ाव में रंग भरकर एक-दूसरे पर रंग उड़ाया गया, जिससे पूरा वातावरण रंगीन और भक्तिमय हो गया।

संभल शहर में शांति व्यवस्था बनाए रखने के लिए पुलिस प्रशासन अलर्ट मोड पर रहा। जगह-जगह पुलिस बल और रैपिड रिएक्शन फोर्स की तैनाती रही, ताकि त्योहार शांतिपूर्ण ढंग से संपन्न हो सके। कोतवाली के सामने बैरियर लगाकर ऐसे लोगों की आवाजाही ठेर बाजार की तरफ रोक दी गई जिन्हें रंग से परहेज हो सकता था। इसी तरह बाजार गंज में भी बैरियर लगाया गया था। मोहल्ला ठेर में सुबह दस बजे से ही रंग का माहौल नजर आने लगा था। होली गीतों के बीच लोग रंग में सराबोर नजर आ रहे थे। बड़े कढ़ाव सड़क पर रखकर बाल्टियों से एक दूसरे पर रंग फेंका जा रहा था। इसी तरह साहनी वाला फाटक पर भी जमकर रंग खेला जा रहा था। सरथल पुलिस चौकी सहित शहर के तमाम इलाकों में रंग एकादशी पर ब्रज की होली जैसा नजारा दिखाई दे रहा था। जामा मस्जिद से महज 30 मीटर की दूरी पर पृथ्वीराज चौहान वाली होली की जगह पर भी रंग खेला जा रहा था और होली गीतों पर युवा नृत्य कर रहे थे। इस हालात में संभल में शांति व्यवस्था बनाए रखने के लिए बड़ी संख्या में पुलिस बल की तैनाती की गई थी। अपर पुलिस अधीक्षक कुलदीप सिंह के साथ ही पुलिस क्षेत्राधिकारी कुलदीप कुमार लगातार शहर में भ्रमण कर रहे थे। जनपद के दूसरे थानों से भी पुलिस बल ड्यूटी पर बुलाया गया था। पुलिस अधीक्षक कृष्ण कुमार विश्नोई व जिलाधिकारी राजेंद्र पैंसिया भी हालात पर नजर बनाए हुए थे।



रंग एकादशी पर बाजार ठेर में एक दूसरे को रंग से सराबोर करते बच्चे व बड़े।



रंग गुलाल उड़ाकर होली की मस्ती में नृत्य करते युवा। • अमृत विचार



श्याम बाबा की झांकी व निशान लेकर चलते श्रद्धालु। • अमृत विचार

### जयकारों से गूंजा शहर

रंग एकादशी के मौके पर श्री श्याम सेवा समिति की ओर से भव्य रंग एकादशी की चौपाई निकाली गई। यात्रा की विधिवत शुरुआत आर्य समाज रोड स्थित महिला मंडल मंदिर से खाटू श्याम की आरती के साथ हुई। सबसे पहले ॐ श्री श्याम देवाय नम: महामंत्र का जाप किया गया, जिसके बाद श्याम भक्तों ने हाथों में निशान लेकर जुलूस प्रारंभ किया। भजनों की धुन पर झूमते श्रद्धालु और उड़ता अबीर-गुलाल पूरे मार्ग को भक्तिरस से सराबोर करता रहा। जुलूस शुरू होने से पहले अनुज गर्ग, विशेष गुप्ता और प्रशांत रुहेला ने बाबा श्याम की आरती की। इसके बाद हिमांशु गुप्ता, कमल गुप्ता, निखिल गुप्ता, अंकित गोयल, अंकुर गोयल और हर्ष गुप्ता ने बाबा श्याम को गुलाल अर्पित किया। रंग एकादशी की चौपाई आर्य समाज रोड से शुरू होकर बाजार गंज होते हुए सूर्यकुंड मंदिर पर पहुंचकर संपन्न हुई। यहां बाबा श्याम की आरती के बाद प्रसाद वितरित किया गया, वहीं श्याम भक्तों ने श्री श्याम मंदिर में पहुंचकर निशान चढ़ाए। यात्रा के दौरान विनीत रुहेला, शशांक अग्रवाल, अतुल अग्रवाल, नवनीत कुमार, विवेक गोयल, विजय कुमार, प्रतीक सक्सेना, अंकित भटनागर सहित बड़ी संख्या में श्रद्धालु मौजूद रहे। वहीं जब खाटू श्याम जी की निशान यात्रा डाकखाने के पास पहुंची तो स्थानीय लोगों ने पुष्प वर्षा कर श्याम भक्तों और बाबा श्याम की यात्रा का भव्य स्वागत किया।

### टेसू के रंग के छींटे लगाकर खत्म कराया गया शोक

कल्कि नगरी संभल में रंग एकादशी के अवसर पर धार्मिक आस्था, सांस्कृतिक परंपरा और सामाजिक सौहार्द का अनूठा दृश्य देखने को मिला। एक ओर जहां राधाकृष्ण महारास का भव्य सांस्कृतिक कार्यक्रम आयोजित किया गया। वहीं होली की एकादशी से जुड़ी एक अनूठी सामाजिक परंपरा भी संभल में आज भी निभाई गई। परंपरा के अनुसार, बीते एक वर्ष के भीतर जिन परिवारों में गमी थी। उनके घर जाकर रंग की हल्की छींटें लगाकर शोक को समाप्त कराया गया और उन्हें पुन: सामाजिक उत्सवों से जोड़ने की परंपरा निभाई। पंडित बबलू शर्मा ने बताया कि यह परंपरा पिछले लगभग 100 वर्षों से चली आ रही है। पहले उनके बाबा और फिर पिताजी इस परंपरा को निभाते रहे और अब वह स्वयं इसे आगे बढ़ा रहे हैं।



रंग एकादशी पर पुलिस कर्मियों पर पुष्प वर्षा कर स्वागत करते लोग। • अमृत विचार

## न्यूज ब्रीफ

### एसपी ने किया थाना कैलादेवी का निरीक्षण दिए दिशा निर्देश

**संभल,अमृत विचार :** एसपी कृष्ण कुमार विश्नोई द्वारा थाना कैलादेवी का वार्षिक निरीक्षण किया गया। निरीक्षण के दौरान थाना कार्यालय में प्रचलित विभिन्न पोर्टल, ऐप एवं अभिलेखों की गहन समीक्षा की गई। इस अवसर पर शस्त्रागार, मैस, बैरिक, मालखाना, हवालात, सीसीटीएनएस कक्ष, सीसीटीवी व्यवस्था के साथ-साथ महिला एवं साइबर हेल्प डेस्क का भी निरीक्षण कर व्यवस्थाओं का जायजा लिया गया। पुलिस अधीक्षक ने अभिलेखों के अद्यतन रख-रखाव पर विशेष ध्यान देने के निर्देश दिए। निरीक्षण के दौरान लंबित प्रकरणों के शीघ्र निस्तारण, अपराध नियंत्रण को प्रभावी बनाने, बीट पुलिसिंग की कार्यप्रणाली को और सुदृढ़ करने तथा जनसुनवाई व्यवस्था को बेहतर ढंग से संचालित करने के संबंध में आवश्यक दिशा-निर्देश दिए गए।

### कस्बा में धूमधाम से निकाली गई रंग एकादशी शोभायात्रा

**चंदौसी, अमृत विचार :** श्री रस्तोगी सभा के तत्वावधान में खेल गोपाल मंदिर से 117वीं रंग एकादशी शोभायात्रा का आयोजन किया गया। कार्यक्रम की शुरुआत हवन-पूजन और हनुमानजी को चोला चढ़ाकर की गई। इसके बाद अतिथियों ने फीता काटकर शोभायात्रा को रवाना किया। शोभायात्रा में भगवान गणेश, विष्णु और शिव-पार्वती की आकर्षक झांकियां निकाली गईं, वहीं बरसाने की लट्ठमार होली और खाटू श्याम की झांकी ने श्रद्धालुओं को आकर्षित किया। ताशा, मजीरे और भक्ति संगीत से वातावरण भक्तिमय हो गया। इस अवसर पर सभा के पदाधिकारी एवं बड़ी संख्या में श्रद्धालु मौजूद रहे।

### एसडीएम लिखी बोलेरो की टक्कर

**चंदौसी, अमृत विचार :** जारई गेट निवासी अधिवक्ता मौ. शाजेब इब्राहीम ने कोतवाली में तहरीर देकर बताया कि शुक्रवार शाम वह अपनी मां के साथ मुंसिफ मार्ग स्थित अस्पताल जा रहे थे। इसी दौरान तेज रफ्तार सफेद बोलेरो कार ने उनकी बाइक में पीछे से टक्कर मार दी, जिससे दोनों गिर गए। कार पर एसडीएम लिखा होने की बात बताई गई है। घटना के बाद चालक वाहन लेकर मौके से चला गया। अधिवक्ता ने पुलिस से कार्रवाई की मांग की है।

# युवती को बेहोश कर पशु चोरी करने का प्रयास

- लोगों ने आरोपी को पकड़कर पुलिस के हवाले किया

**बबराला , अमृत विचार:** थाना बबराला क्षेत्र के गांव इटऊआ में गुरुवार रात भैंस चोरी का एक प्रयास परिजनों की सतर्कता से विफल हो गया और आरोपी को मौके पर ही दबोच लिया गया। युवती को नशीला पदार्थ सुंघाकर बेहोश करने का भी आरोप है।

इटऊआ निवासी शम्भू ने थाना बबराला का कहना है कि गुरुवार रात करीब 10 बजे उनकी बहन रूबी घर के बाहर स्थित पशुबाड़े में पशुओं को चारा डालने गई थी। आरोप है कि वहां पहले से मौजूद एक युवक ने उसकी बहन को नशीला पदार्थ सुंघा दिया, जिससे वह चीखते हुए चारपाई पर गिरकर बेहोश हो गई। चीख सुनकर शम्भू और अन्य परिजन मौके पर पहुंचे तो देखा कि एक युवक उनकी भैंस खोलकर ले जाने का प्रयास कर रहा है। परिजनों ने तत्परता दिखाते हुए आरोपी को भैंस समेत मौके पर ही दबोच लिया। पूछताछ में उसने अपना नाम साहिल निवासी गांव बाघऊ बताया। इसके बाद परिजन आरोपी को पकड़कर थाना बबराला ले आए और पुलिस को सौंप दिया।

# अमला एकादशी पर की पूजा अर्चना

संवाददाता, बबराला

**अमृत विचार:** फाल्गुन मास के कृष्ण पक्ष की अमला एकादशी श्रद्धा और आस्था के साथ मनाई गई। श्रद्धालुओं ने व्रत रखकर भगवान विष्णु की विधि-विधान से पूजा-अर्चना और आंवला वृक्ष की परिक्रमा कर परिवार की सुख-समृद्धि और आरोग्य की कामना की। हनुमान गढ़ी मंदिर में विशेष भजन-कीर्तन का आयोजन हुआ।

धार्मिक मान्यता के अनुसार अमला एकादशी के दिन आंवला वृक्ष में भगवान विष्णु का वास माना जाता है। इस दिन आंवले के पेड़ की पूजा, दीपदान और परिक्रमा करने से पापों का क्षय होता है तथा पुण्य की प्राप्ति होती है। श्रद्धालु व्रत रखकर कथा श्रवण करते हैं और दान-पुण्य भी करते हैं। मान्यता है कि अमला एकादशी का व्रत करने से आरोग्य, दीर्घायु और आर्थिक समृद्धि का आशीर्वाद मिलता है। कई श्रद्धालु इस दिन आंवले का सेवन भी करते हैं, जिसे आयुर्वेद में अत्यंत लाभकारी बताया गया है। सुबह से ही लाइन पार स्थित हनुमान गढ़ी मंदिर में महिलाओं की विशेष भीड़ देखने को मिली। महिला श्रद्धालुओं ने विधि-विधान से पूजा-अर्चना कर परिवार की खुशहाली की कामना की। वैदिक रीति से सामूहिक हवन का आयोजन भी किया गया, जिसमें बड़ी संख्या में श्रद्धालुओं ने भाग लिया।



बबराला में अमला एकादशी पर पूजन करती महिलाएं। • अमृत विचार

# अदालत ने लगाई बाल विवाह पर रोक

- बालिग होने पर ही हो सकेगी दोनों की शादी, पुलिस को दिए निर्देश

संवाददाता,बबराला/संभल

**अमृत विचार:** बाल विवाह के विरुद्ध सख्त रुख अपनाते हुए सिविल जज की अदालत ने किशोर-किशोरी के विवाह पर रोक लगा दी है। न्यायालय ने बाल विवाह प्रतिषेध अधिनियमके तहत आदेश पारित करते हुए स्पष्ट किया कि बालिग होने तक विवाह नहीं कराया जाएगा।

कमलेश द्वारा प्रस्तुत प्रार्थना पत्र में बताया गया कि उनके पुत्र विजय का विवाह अवयस्क सावित्री के साथ 8 फरवरी 2026 को निर्धारित किया गया था। सुनवाई के दौरान माध्यमिक शिक्षा परिषद, उत्तर प्रदेश के अंकपत्र तथा आधार कार्ड की प्रतियां न्यायालय में प्रस्तुत की गईं, जिनसे विजय के नाबालिग होने की पुष्टि हुई। अदालत ने उपलब्ध अभिलेखों का अवलोकन करने के बाद पाया कि दोनों पक्ष वैधानिक आयु पूर्ण नहीं कर पाए हैं। बाल विवाह की आशंका को देखते हुए विवाह पर तत्काल प्रभाव से रोक लगाना आवश्यक है।

# प्रधानमंत्री के फोटो को एडिट करने वाला डॉक्टर पकड़ा

- जम्मू कश्मीर का रहने वाला है आरोपी
- शहर के एक क्लीनिक पर करता था काम

कार्यालय संवाददाता,संभल

**अमृत विचार:** संभल जनपद के कस्बा बहजोई स्थित एक निजी अस्पताल में काम करने वाले मूलरूप से जम्मू-कश्मीर निवासी डॉक्टर पर प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी की फोटो से छेड़छाड़ कर आपत्तिजनक पोस्ट करने का आरोप लगा है। सोशल मीडिया पर फोटो वायरल होते ही पुलिस हरकत में आ गई और आरोपी डॉक्टर को हिरासत में लेकर पूछताछ शुरू कर दी गई है।

मामले की गंभीरता को देखते हुए पुलिस विभाग के साथ ही कई अन्य एजेंसियां भी जांच में जुट गई हैं। बहजोई में शुक्रवार को प्रधानमंत्री की तस्वीर के साथ कथित रूप से छेड़छाड़ कर दो अलग-अलग आपत्तिजनक फोटो बनाकर सोशल मीडिया नजर आईं तो लोग भड़क गये। दोनों फोटो सोशल मीडिया पर स्टेटस के रूप में लगाए गए थे। आरोप है कि डाक्टर इकबाल याहिया विनायक हास्पिटल नामक फेसबुक आईडी से यह पोस्ट अपलोड की गई थीं। साथ ही व्हाट्सएप स्टेटस भी लगाया गया था। आपत्तिजनक पोस्ट की सूचना बहजोई पुलिस को दी। आरोपी मूल रूप से जम्मू-कश्मीर का निवासी है और वर्तमान में बहजोई कस्बा क्षेत्र स्थित निजी हॉस्पिटल में कार्यरत है। पुलिस ने आरोपी को हिरासत में लेकर पूछताछ शुरू कर दी है।

# हादसे में घायल युवक को अज्ञात वाहन ने कुचला

**संभल/ओबरी, अमृत विचार:** असमोली थाना पुलिस क्षेत्र में मनोटा-चोधरपुर मार्ग पर गांव मंसूरपुर माफी के पास दर्दनाक सड़क हादसा हो गया। पुलिस चौकी से कुछ दूरी पर दो बाइकों की आपस में भिड़ंत हो गई, जिससे दोनों बाइक सवार सड़क पर गिर पड़े। इसी दौरान पीछे से आए तेज रफ्तार अज्ञात वाहन ने सड़क पर गिरे एक युवक को कुचल दिया, जिससे उसकी मौके पर ही दर्दनाक मौत हो गई।

मृतक की पहचान अमरोहा जनपद के थाना डिंडोली क्षेत्र के गांव खय्या माफी निवासी आसिम पुत्र रहीस (25) के रूप में हुई है। बताया गया कि आसिम असमोली थाना क्षेत्र के गांव ओबरी में असफाक हुसैन की मार्केट में रेडीमेड गारमेंट की दुकान चलाता था।

# कड़ी सुरक्षा के बीच अदा की गई जुमा की नमाज

- मस्जिदों के आसपास मौजूद रहा पुलिस बल

कार्यालय संवाददाता,संभल

अमृत विचार: रमजान माह के दूसरे जुमे की नमाज संभल में कड़ी सुरक्षा व्यवस्था के बीच शांतिपूर्ण ढंग से अदा की गई। नमाज के दौरान देश, दुनिया और शहर में अमन-शांति के लिए दुआ की गई। शुक्रवार को रंग एकादशी का पर्व भी होने के कारण प्रशासन ने विशेष सतर्कता बरती और सुरक्षा के अतिरिक्त इंतजाम किए गए।

रंग एकादशी और जुमे की नमाज एक ही दिन होने से शहर में जगह-जगह रंग खेलने और आवागमन की स्थिति को देखते हुए प्रशासन अलर्ट मोड पर रहा। सुरक्षा व्यवस्था के तहत कई थानों की पुलिस के साथ ही आरआरएफ और पीएसी को तैनात किया गया। सत्यव्रत पुलिस चौकी पर बनाए गए कंट्रोल रूम से पूरे शहर क्षेत्र की सीसीटीवी कैमरों के माध्यम से निगरानी की गई। संभल कोतवाली क्षेत्र के मौहल्ला कोट पूर्वी स्थित शाही जामा मस्जिद में कड़े पुलिस प्रबंधों के बीच जुमे की नमाज अदा की गई। दोपहर करीब 1:40 बजे मुस्लिम समुदाय के लोग मस्जिद पहुंचे और नियत समय पर नमाज अदा की। इस दौरान मस्जिद कमेटी सचिव मसूद फारुखी, एडवोकेट सईद अख्तर इसराईली, यावर फ़राज़, फैसल, नवाब साद आदिल, मोहम्मद काशिफ, हाजी अनीस, इसरार भाई, दानिश, आरिफ, मौसुद्दीन, मोहम्मद फैसल, जियाउल हक, रेहान, बिट्टू वारसी, अजीम, मोहम्मद शाह हुसैन, कमर, कमाल, शमीम, इसरार हुसैन, आदिल, शकील, अकील, नन्हे और गुलाम आजाद सहित बड़ी संख्या में नमाजी मौजूद रहे। सुरक्षा को लेकर मस्जिद की ओर आने वाले तीनों रास्तों पर बैरियर लगाकर पुलिस बल तैनात किया गया। नमाज अदा करने वालों के अलावा किसी अन्य व्यक्ति को मस्जिद परिसर की ओर जाने की अनुमति नहीं दी गई। सत्यव्रत पुलिस चौकी पर बने सीसीटीवी कंट्रोल रूम से जामा मस्जिद और आसपास के पूरे क्षेत्र की लगातार निगरानी की जाती रही। नमाज के बाद नमाजियों ने कहा कि सुरक्षा व्यवस्था को लेकर पुलिस प्रशासन की तैयारियां संतोषजनक रही। वहीं छोटे गद्दी ने कहा कि जामा मस्जिद से कुछ दूरी पर डीजे बजने से नमाज के दौरान दिक्कत हुई। उन्होंने सुझाव दिया कि नमाज के समय डीजे बंद रहता तो आपसी भाईचारे और सौहार्द का माहौल और बेहतर होता।



संभल की जामा मस्जिद में नमाज अदा करते नमाजी। • अमृत विचार

# पीएचसी सौंधन पर एंटी रैबीज वैक्सीन उपलब्ध

**सौंधन, अमृत विचार:** क्षेत्र के प्राथमिक स्वास्थ्य केंद्र सौंधन पर अब कुत्ता काटने के उपचार की समुचित व्यवस्था शुरू हो गई है। यहां एंटी रैबीज वैक्सीन उपलब्ध होने से आसपास के दो दर्जन से अधिक गांवों के ग्रामीणों को बड़ी राहत मिली है। कुत्ता काटने की स्थिति में मरीजों को एआरवी लगवाने के लिए सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र पंवासा या जिला अस्पताल संभल जाना पड़ता था। इससे मरीजों को समय के साथ आर्थिक बोझ भी उठाना पड़ता था। कई बार दूरी और संसाधनों की कमी के कारण इलाज में देरी हो जाती थी, जिससे संक्रमण का खतरा बढ़ जाता था। पीएचसी सौंधन पर वैक्सीन उपलब्ध होने के बाद अब स्थानीय ग्रामीणों को तत्काल उपचार मिल रहा है।

# जेवर बरामद करने पहुंची हरियाणा पुलिस, भड़के व्यापारी

- बाजार बंद कर किया प्रदर्शन,
- पांच घंटे तक बना रहा गतिरोध,वापस लौटी पुलिस

कार्यालय संवाददाता,संभल

**अमृत विचार:** जनपद संभल के बहजोई सर्राफा बाजार में शुक्रवार को उस समय हंगामा खड़ा हो गया, जब चोरी के जेवरात की बरामदगी के लिए पहुंची हरियाणा पुलिस ने पहुंचकर जांच पड़ताल शुरु की। पुलिस की कार्रवाई का सर्राफा व्यापारियों ने विरोध करते हुए बाजार बंद कर दिया। व्यापारी धरना देकर बैठ गये और मंत्री गुलाब देवी को बुलाने की मांग करने लगे। व्यापारियों का विरोध देख हरियाणा पुलिस पांच घंटे बाद बिना किसी बरामदगी के वापस लौट गई।

बहजोई के सर्राफा बाजार में शुक्रवार दोपहर करीब एक बजे हरियाणा राज्य के कुढ़ क्षेत्र सेक्टर-17 की पुलिस चोरी किये गये जेवर बरामद करने के लिए पहुंची। पुलिस अपने साथ एक आरोपी को भी लाई थी, जो गुन्नौर के थाना रजपुरा क्षेत्र के गांव सैमला का रहने वाला बताया गया है। हरियाणा पुलिस ने आरोपी की पहले थाना बहजोई में आमद कराई। इसके बाद उसे लेकर अशोक कुमार की दुकान पर पहुंची। पुलिस ने पहुंचकर जांच पड़ताल करते हुए आरोपी के बयान के हिसाब से चोरी का जेवर वापस देने को कहा तो व्यापारी ने पुलिस पर अभद्रता करने का आरोप लगाकर हंगामा शुरु कर दिया। दुकान पर कथित रूप से हुई अभद्रता के बाद देखते ही देखते व्यापारियों ने अपनी दुकानें बंद कर दीं। इसके बाद पुलिस कार्रवाई का विरोध शुरू कर धरना प्रदर्शन शुरु कर दिया। थाना परिसर में हरियाणा पुलिस और व्यापारियों के बीच करीब शाम पांच बजे तक तीखी बहस चलती रही। व्यापारी चोरी का माल खरीदने के आरोपों को सिरे से खारिज करते रहे और पुलिस पर उत्पीड़न का आरोप लगाते रहे। व्यापारियों के तेवर देखकर शाम करीब 5:30 बजे हरियाणा पुलिस बिना किसी बरामदगी के वापस लौट गई। सर्राफा कमेटी के अध्यक्ष सुधांशु वार्ष्णेय ने बताया कि पूर्व चेयरमैन अशोक कुमार से हरियाणा पुलिस द्वारा अभद्रता की गई। व्यापारियों का कहना है कि छोटे जेवरात, जैसे एक जोड़ी चेन या टॉप्स, जिनकी कीमत 10 से 20 हजार रुपये तक होती है, उनके चोरी के होने की पहचान करना बेहद मुश्किल होता है। कई बार लोग मजबूरी बताकर सामान बेचने आते हैं, ऐसे में यह पता लगाना संभव नहीं होता कि वह व्यक्ति चोर है या नहीं। प्रदर्शन में अजय तंबाकू, उत्कर्ष वार्ष्णेय, मेहुल कुमार, यश कठेरिया, रवि शंखधार, गोपाल बाबू, हिरदेश सरपंच, कपिल दीवाना, टिंकू सर्राफ, मनोज बजाज सहित बड़ी संख्या में व्यापारी शामिल रहे। वहीं भाजपा चेयरमैन राजेश शंकर राजू और विकास वार्ष्णेय भी मौके पर पहुंचे और व्यापारियों से बातचीत की।



कार्रवाई के विरोध में बंद सर्राफा बाजार। • अमृत विचार



बहजोई में हरियाणा पुलिस की कार्रवाई के विरोध में धरना देते व्यापारी।

# पत्नी से विवाद के बाद तीसरी मंजिल से कूदकर दी जान

**सौंधन,अमृत विचार:** थाना कैला देवी क्षेत्र के गांव सौंधन की मिलक निवासी एक युवक ने दिल्ली के तिलकनगर इलाके में तीन मंजिला मकान से कूदकर आत्महत्या कर ली। घटना से परिवार में कोहराम मचा हुआ है। सौंधन की मिलक निवासी तुलाराम का पुत्र निवल सिंह अपनी पत्नी रीना के साथ दिल्ली के तिलकनगर क्षेत्र में रहकर टाइल्स मिस्त्री का काम करता था। बताया गया कि शुक्रवार को किसी बात को लेकर पति-पत्नी के बीच विवाद हो गया। विवाद के बाद निवल सिंह ने आवेश में आकर तीन मंजिला मकान से छलांग लगा दी, जिससे उसकी मौके पर ही मौत हो गई। घटना की जानकारी मिलते ही परिजन गांव से दिल्ली पहुंचे। आवश्यक कानूनी प्रक्रिया पूरी करने के बाद शव को गांव लाया गया, जहां गमगीन माहौल में उसका अंतिम संस्कार कर दिया गया।

# दिल्ली पुलिस के कब्जे से छुड़ा लिया अपराधी

- गौजनी गांव में महिलाएं पुलिस से भिड़ गईं, इतने में आरोपी फरार

कार्यालय संवाददाता,संभल/मनोटा

**अमृत विचार:** ऐचोड़ा कंबौह थाना क्षेत्र के गांव में फरार आरोपी को पकड़ने पहुंची दिल्ली पुलिस को उस समय खाली हाथ लौटना पड़ा, जब घर की महिलाओं ने पुलिस कार्रवाई का विरोध करते हुए आरोपी को छुड़ाकर भगा दिया।

मामला थाना क्षेत्र के गांव गौजनी मिलक का बताया जा रहा है। गांव निवासी दानिश पुत्र साजिद दिल्ली में कई मुकदमों में वांछित चल रहा है। शुक्रवार को दिल्ली पुलिस उसे पकड़ने के लिए उसके गांव पहुंची। पुलिस के पहुंचने पर दानिश घर में ही मौजूद था। पुलिस ने घर में घुसते ही उसे पकड़ लिया और साथ लेकर जाने लगी। इसी दौरान आरोपी को छुड़ाने के लिए घर की महिलाएं दरवाजे पर खड़ी हो गईं और विरोध शुरू कर दिया। महिलाओं और दिल्ली पुलिस के बीच नोकझोंक भी हुई। पुलिस ने महिलाओं से दरवाजा छोड़ने के लिए कहा, लेकिन वे अपनी जगह से नहीं हटीं। इसी अफरा-तफरी के बीच मौका पाकर दानिश पुलिस की पकड़ से छूट गया और दीवार कूदकर फरार हो गया। इसके बाद दिल्ली पुलिस बिना आरोपी को पकड़े वापस लौट गई। मामले को लेकर थाना अध्यक्ष ऐंचोड़ा कंबोह लवनीश चौधरी ने बताया कि पुलिस को देखकर दानिश दीवार कूदकर भाग गया। घटना के बाद क्षेत्र में चर्चा का माहौल है। वहीं फरार आरोपी की तलाश जारी है।

न्यूज ब्रीफ

## अवनीश अवस्थी का कार्यकाल बढ़ा

**अमृत विचार, लखनऊ:** सेवानिवृत वरिष्ठ आईएएस अवनीश कुमार अवस्थी का मुख्यमंत्री के सलाहकार के रूप में लगातार चौथी बार एक साल और कार्यकाल बढ़ाया गया है। मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ के साथ अवनीश अवस्थी भी सिंगापुर और जापान दौरे गए हुए थे और शुक्रवार को ही लौटे हैं। अवनीश अवस्थी फरवरी 2022 में प्रदेश के अपर मुख्य सचिव के पद से सेवानिवृत होने के बाद ही उन्हें मुख्यमंत्री का सलाहकार नियुक्त किया गया था। इसके बाद उनका कार्यकाल लगातार बढ़ता रहा है। अब तक उनका चार बार बढ़ चुका है। 1987 बैच के यूपी कैडर के आईएएस अधिकारी अवनीश अवस्थी का जन्म 19 अगस्त 1962 में हुआ था। आईआईटी कानपुर से इलेक्ट्रिकल इंजीनियरिंग में बीटेक हैं। वह गृह सचिव, सूचना विभाग के प्रमुख और यूपी एक्सप्रेसवे अथॉरिटी के सीईओ भी रह चुके हैं।

## हर्बल गुलाल संग 'लखपति दीदी' अभियान को रफ्तार

**अमृत विचार, लखनऊ:** उप मुख्यमंत्री केशव प्रसाद मौर्य ने कहा कि महिला स्वावलंबन राज्य सरकार की प्राथमिकता है। इसी क्रम में उप्र. राज्य ग्रामीण आजीविका मिशन के माध्यम से होली पर राज्यव्यापी विशेष अभियान शुरू किया गया है, जिससे स्वयं सहायता समूह (एसएचजी) की महिलाओं की आय बढ़ेगी। एसएचजी ग्रुप की दीदियां हर्बल गुलाल, पापड़, चिप्स, मिठाइयां, अगरबत्ती व अन्य हस्तशिल्प उत्पाद तैयार कर रही हैं। पलाश के फूल, चुकंदर और गेंदे से बना केमिकल-फ्री गुलाल "स्वस्थ होली-सुरक्षित होली" का संदेश दे रहा है। सभी जिलों में सरकारी परिसरों में स्टॉल लगाए जा रहे हैं और ई-सरस समेत ऑनलाइन प्लेटफॉर्म पर उत्पादों की बिक्री की व्यवस्था की जा रही है। मिशन निदेशक दीपा रंजन ने कहा कि यह अभियान ग्रामीण महिलाओं को "लखपति दीदी" लक्ष्य से जोड़ने की दिशा में अहम कदम है।

## 10 दिवसीय 'कला अभिरुचि पाठ्यक्रम' संपन्न

**अमृत विचार, लखनऊ:** उप्र. राज्य संग्रहालय, लखनऊ द्वारा आयोजित 10 दिवसीय 'कला अभिरुचि पाठ्यक्रम' के अंतिम दिन उत्कृष्ट प्रदर्शन करने वाले प्रतिभागियों को सम्मानित किया गया। अतिका वर्मा ने प्रथम, कशिश चौधरी ने द्वितीय और कुलदीप सिंह ने तृतीय स्थान प्राप्त किया। प्रिया तिवारी और ऋचा मेहरोत्रा को प्रोत्साहन पुरस्कार प्रदान किए गए। सभी प्रतिभागियों को प्रमाण-पत्र वितरित कर उनकी रचनात्मकता और समर्पण की सराहना की गई। पर्यटन एवं संस्कृति मंत्री जयवीर सिंह ने कहा कि इस तरह के पाठ्यक्रम युवाओं में सांस्कृतिक जागरूकता बढ़ाने की दिशा में महत्वपूर्ण कदम हैं। इसका उद्देश्य केवल प्रतियोगिता कराना नहीं, बल्कि नई पीढ़ी को प्रदेश की समृद्ध विरासत और परंपराओं से जोड़कर उनमें गर्व और जिम्मेदारी की भावना विकसित करना है।

## कौशल विकास मिशन का छह संस्थाओं से एमओयू

**अमृत विचार, लखनऊ:** मुख्यमंत्री योगी के नेतृत्व में राज्य सरकार युवाओं को भविष्य की जरूरतों के अनुरूप कौशल प्रदान करने की दिशा में लगातार पहल कर रही है। लखनऊ स्थित मिशन मुख्यालय में शुक्रवार को आयोजित कार्यक्रम में मिशन निदेशक पुलकित खरे और संयुक्त निदेशक मयंक गंगवार की उपस्थिति में नॉन-फाइनेंशियल एमओयू साइन किए गए। यह पहल व्यावसायिक शिक्षा, कौशल विकास एवं उद्यमशीलता राज्य मंत्री (स्वतंत्र प्रभार) कपिल देव अग्रवाल के निर्देशन में की गई मिशन निदेशक ने बताया कि भारतेंदु नाट्य अकादमी के सहयोग से युवाओं को मंच कौशल और संवाद क्षमता का प्रशिक्षण मिलेगा, जबकि ओरैकल द्वारा विकसित ऑनलाइन कोर्स मिशन की वेबसाइट पर उपलब्ध कराए जाएंगे।

# आयकर विभाग ने जांच का दायरा बढ़ाया तो लपेटे में आ सकते हैं कई दिग्गज नेता

राज्य ब्यूरो, लखनऊ

- बसपा विधायक के यहां तीसरे दिन भी जारी रही आयकर टीम की कार्रवाई
- छात्र शक्ति कंस्ट्रक्शन कंपनी के आफिस में मिली संपत्ति का हिसाब लगाते रहे अफसर

**अमृत विचार:** बसपा विधायक उमाशंकर सिंह के लखनऊ स्थित कंपनी के आफिस पर आयकर विभाग की कार्रवाई तीसरे दिन भी जारी रही। पूरे दिन अधिकारी बरामद नकदी, जेवर और जमीन और प्लाटों के दस्तावेज, लूज शीट, रसीदें आदि के जरिए कथित टैक्स चोरी की हिसाब किताब लगाते रहे। उधर सूत्रों का दावा है कि मिले दस्तावेजों से साफ हो रहा है कि विधायक के बसपा के साथ ही भाजपा और सपा के नेताओं से भी संबंध थे। साथ ही विभागों के आला अफसरों से सांठगांठ कर टेंडर प्राप्त किए जाते थे। अब आशंका इस बात की है कि यदि आयकर विभाग की टीमों ने जांच में विस्तार किया तो कई दिग्गज नेता भी दायरे में आ सकते हैं।

बलिया के रसड़ा से बसपा विधायक उमाशंकर सिंह के लखनऊ स्थित आवास पर बुधवार को सुबह आयकर विभाग की टीम ने छापा मारा था। इसके साथ ही बलिया, सोनभद्र और कौशांबी समेत विधायक से जुड़ी कंपनियों और कई लोगों के यहां भी कार्रवाई जारी है। दावा है कि इस कार्रवाई में करीब 10 करोड़ की संपत्ति के साथ ही जेवर और बेनामी संपत्तियों के दस्तावेज, लूज सीट, डायरां, हाथ से लिखे हिसाब, टेंडर भुगतान के कई संदिग्ध दस्तावेज मिले हैं। हालांकि आयकर विभाग ने इस बारे में को छापे की जड़ में उमाशंकर सिंह द्वारा बनाई गई सीएस कंस्ट्रक्शन कंपनी बताई जा रही है।

कंपनी की स्थापना उमाशंकर सिंह ने जनवरी 2009 में की थी। पहले वह खुद ही इसके निदेशक थे, लेकिन बाद में पत्नी को निदेशक बना दिया। छापे में साफ हुआ है कि छात्र शक्ति कंस्ट्रक्शन कंपनी और साईराम इंटर प्राइजेज बसपा, सपा और भाजपा सरकार में कई करोड़ों के ठेके लिए। सोनभद्र में खनन के मामले में कैग की रिपोर्ट में 60 करोड़ रुपये का घपला पकड़ा गया था। माना जा रहा है कि कैग की रिपोर्ट के आधार पर ही आयकर विभाग ने कार्रवाई की है।

### आवास और आफिस में पसरा सन्नाटा

- विधायक उमाशंकर सिंह का आवास गोमती नगर के विपुल खंड में हैं। आवास से ही कुछ दूरी पर सीएस कंस्ट्रक्शन कंपनी का आफिस है। पहली बार जब बुधवार को छापा पड़ा था तो वहां पर समर्थकों और आसपास के लोगों की काफी भीड़ लगी रही, लेकिन दूसरे दिन भी कुछ लोग आते और जाते रहे। लेकिन तीसरे दिन शुक्रवार को आवास और आफिस पर सन्नाटा पसरा रहा। अंदर टीम जांच में जुटी है, वहीं बाहर महिला और पुरुष पुलिस कर्मी तैनात रहे।

# फरवरी तक 1.96 लाख करोड़ से अधिक का राजस्व संग्रह

## आबकारी से 13 प्रतिशत अधिक आय, जीएसटी-वैट-परिवहन सहित हर क्षेत्र में बढ़ा राजस्व

राज्य ब्यूरो, लखनऊ

**अमृत विचार :** मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने शुक्रवार को उच्चस्तरीय बैठक में वित्तीय वर्ष 2025-26 के फरवरी महीने के अं तक की कर एवं करेत्तर राजस्व प्राप्तियों की समीक्षा की। इसमें अब तक 1.96 लाख करोड़ से अधिक का राजस्व संग्रह किया जा चुका है। आबकारी से 13 प्रतिशत अधिक आय के साथ जीएसटी-वैट-परिवहन सहित हर क्षेत्र में राजस्व बढ़ा है। उन्होंने सभी विभागों को लक्ष्य के सापेक्ष प्रयास और तेज करने के निर्देश दिए। योगी ने होली के मद्देनजर पर अवैध शराब पर सख्त कार्रवाई के साथ लैंड रिकॉर्ड डिजिटाइजेशन और बेहतर बस सेवाओं की पर जोर दिया।

समीक्षा के दौरान मुख्यमंत्री योगी ने जीएसटी, वैट, आबकारी, स्टाम्प एवं पंजीकरण, परिवहन, ऊर्जा, भू-राजस्व व खनन विभागों द्वारा प्रस्तुत लक्ष्यों और उपलब्धियों का आकलन करते हुए कहा कि राजस्व वृद्धि प्रदेश में विकास कार्यों की गति को निर्धारित करती है। उन्होंने सभी विभागों को पारदर्शिता, दक्षता और नवाचार-आधारित कार्यप्रणाली के साथ लक्ष्य प्राप्ति के प्रयास तेज करने के निर्देश दिए। बैठक में बताया गया कि चालू वित्तीय वर्ष के लिए कर-राजस्व का वार्षिक लक्ष्य 2.95 लाख करोड़ निर्धारित है, जिसके मुकाबले फरवरी 2026 तक 1,96,177 करोड़ की प्राप्ति दर्ज की गई है।

मुख्यमंत्री ने कहा कि राजस्व में निरंतर वृद्धि से प्रदेश में बुनियादी ढांचे, सामाजिक कल्याण योजनाओं, रोजगार सृजन और औद्योगिक विकास को गति मिल रही है। आबकारी विभाग का वार्षिक लक्ष्य 63,000 करोड़ है, जिसके सापेक्ष फरवरी तक 48,501 करोड़ का राजस्व प्राप्त हुआ है। यह पिछले वर्ष की समान अवधि से 13.2 प्रतिशत अधिक है। मार्च में करीब 9,050 करोड़ की अतिरिक्त प्राप्ति का रोडमैप प्रस्तुत किया गया है।

मुख्यमंत्री ने होली पर्व को देखते हुए अवैध और जहरीली शराब के निर्माण व बिक्री पर शून्य सहनशीलता अपनाने के निर्देश दिए। मुख्यमंत्री ने कहा कि लैंड रिकॉर्ड डिजिटाइजेशन और रजिस्ट्री कार्यालयों के आधुनिकीकरण की प्रक्रिया तेज करने के निर्देश दिए। परिवहन निगम की बसों की फिटनेस सुनिश्चित करने, नए रूट चिन्हित कर निजी क्षेत्र के सहयोग से बस सेवाएं शुरू करने और होली के दौरान कानून-व्यवस्था व आबकारी नियंत्रण को लेकर प्रशासन को अलर्ट रहने के निर्देश दिए।



अपने आवास पर राजस्व प्राप्तियों की समीक्षा करते मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ।

### जीएसटी-वैट से मजबूत योगदान

- राज्य कर (जीएसटी वैट) का वार्षिक लक्ष्य 1,75,725 करोड़ है, जिसके सापेक्ष फरवरी तक 1,03,770 करोड़ का संग्रह हुआ। इसमें जीएसटी से 75,195 करोड़ और वैट से 28,575 करोड़ शामिल हैं। अधिकारियों ने बताया कि जीएसटी 2.0, एआई आधारित जोखिम विश्लेषण, ई-इनवॉइसिंग, ई-वे बिल की प्रभावी निगरानी और फर्जी आईटीसी पर नियंत्रण से कर अनुपालन में उल्लेखनीय सुधार हुआ है। इन प्रयासों से अब तक 3,117 करोड़ की अतिरिक्त वसूली की गई है।

### स्टाम्प व परिवहन में भी मजबूती

- स्टाम्प एवं पंजीकरण विभाग ने लक्ष्य 38,150 करोड़ के सापेक्ष फरवरी तक 29,487 करोड़ की प्राप्ति दर्ज की। परिवहन विभाग ने 14,000 करोड़ के लक्ष्य के मुकाबले 11,005 करोड़ का राजस्व अर्जित किया। वहीं, खनन विभाग ने लक्ष्य 6,000 करोड़ के सापेक्ष फरवरी तक 3,597 करोड़ का संग्रह किया, जबकि मार्च में लगभग 600 करोड़ की अतिरिक्त प्राप्ति का अनुमान है।

### 76 हजार आंगनबाड़ी केंद्रों का होगा अपना भवन

- मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने प्रदेश में आंगनबाड़ी ढांचे को पूरी तरह सुदृढ़ और आधुनिक बनाने की दिशा में बड़ा कदम उठाया है। निर्देश दिए हैं कि प्रदेश के बचे सभी 76 हजार आंगनबाड़ी केंद्रों को उनके स्वयं के भवनों में संचालित करने के लिए विस्तृत और समयबद्ध कार्ययोजना तैयार की जाए। मुख्यमंत्री ने कहा कि आंगनबाड़ी केंद्र 3 से 6 वर्ष आयु वर्ग के बच्चों के लिए प्री-प्राइमरी शिक्षा की पहली और सबसे महत्वपूर्ण कड़ी हैं, इसलिए इनका वातावरण सुरक्षित, आकर्षक और शैक्षिक रूप से समृद्ध होना चाहिए।सीएम आवास पर हुई बैठक में अधिकारियों ने बताया कि प्रदेश में वर्तमान में 1.89 लाख से अधिक आंगनबाड़ी केंद्र संचालित हैं, जिनमें से लगभग 76 हजार केंद्रों के पास अपना भवन नहीं है। मुख्यमंत्री ने स्पष्ट किया कि इन केंद्रों के भवन निर्माण में कॉरपोरेट सोशल रिस्पॉन्सिबिलिटी (सीएसआर) से सहयोग लिया जाए और आवश्यकता पड़ने पर राज्य सरकार भी वित्तीय सहायता प्रदान करेगी। मुख्यमंत्री योगी ने कहा कि आंगनबाड़ी केंद्र केवल ईंट-पत्थर की इमारत नहीं, बल्कि भावी पीढ़ी की मजबूत बुनियाद हैं। प्रस्तावित नए भवनों में आधुनिक और समावेशी सुविधाओं का समावेश किया जाएगा। इनमें सुरक्षित पेयजल व विद्युत व्यवस्था, बाल-मित्र शौचालय और लो-हाइट वॉश यूनिट, खेल आधारित गतिविधियों के लिए पर्याप्त प्ले एरिया, किचन शेड व हॉट-कुक्ड मील की व्यवस्था, गर्भवती महिलाओं के स्वास्थ्य परीक्षण हेतु पृथक कक्ष और रेनवॉटर हार्वेस्टिंग और पोषण वाटिका जैसी सुविधाएं शामिल होंगी।

## सर्वाइकल कैंसर से बचाने को आज से लगेगी एचपीवी वैक्सीन

**अमृत विचार, लखनऊ :** प्रदेश में सर्वाइकल (गर्भाशय) कैंसर की रोकथाम के लिए आज से ह्यूमन पैपिलोमावायरस (एचपीवी) टीकाकरण अभियान शुरू हो रहा है। अभियान के तहत प्रदेश की लगभग 46 लाख किशोरियों को टीका लगाने का लक्ष्य निर्धारित किया गया है। 14 वर्ष की आयु की किशोरियों को गार्डासिल-4 वैक्सीन की सिंगल डोज निःशुल्क दी जाएगी। उपमुख्यमंत्री बृजेश पाठक राजधानी लखनऊ में इसका शुभारंभ करेंगे। यह अभियान राष्ट्रीय कार्यक्रम का हिस्सा है, जिसका शनिवार को प्रधानमंत्री अजमेर से शुभारंभ करेंगे। स्वास्थ्य विभाग के महानिदेशक डॉ.अरूण कुमार अरूण के अनुसार यह टीका सभी आयुष्मान आरोग्य मंदिर, प्राथमिक व सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्रों, जिला अस्पतालों और मेडिकल कॉलेजों में उपलब्ध रहेगा। अभियान तीन माह तक प्रतिदिन संचालित होगा, इसके बाद नियमित टीकाकरण दिवसों पर भी यह वैक्सीन लगाई जाएगी।

# अब मतदाता बनने के लिए बचे मात्र तीन दिन

राज्य ब्यूरो, लखनऊ

**अमृत विचार:** उत्तर प्रदेश में मतदाता सूची के विशेष गहन पुनरीक्षण (एसआईआर) अभियान के तहत दावे और आपत्तियां अब केवल अब छह मार्च तक ही स्वीकार की जाएंगी। ऐसे में नए मतदाताओं और नाम संशोधन कराने वालों के पास आवेदन करने के लिए केवल तीन दिन ही बचे हैं। दस अप्रैल को एसआईआर के तहत तैयार की गई अंतिम मतदाता सूची का प्रकाशन कर दिया जाएगा।

निर्वाचन विभाग के अनुसार जो युवा एक जनवरी को 18 वर्ष की आयु पूरी कर चुके हैं, वे यदि छह मार्च तक आवेदन कर देते हैं तो उनका नाम 10 अप्रैल को प्रकाशित होने वाली अंतिम मतदाता सूची में शामिल किया जाएगा। अधिकारियों ने बताया कि शनिवार के बाद रविवार अवकाश रहेगा, जबकि सोमवार, मंगलवार और बुधवार को होली का सार्वजनिक अवकाश घोषित है। ऐसे में व्यावहारिक रूप से शनिवार के बाद पांच और छह मार्च को ही बीएलओ से संपर्क कर फार्म जमा करने का अवसर मिलेगा। हालांकि राहत की बात यह है कि जो लोग आनलाइन आवेदन करते हैं तो वह हो जाएंगे।

### किसी का वोट एक से अधिक स्थान पर है तो स्वेच्छा से नाम कटवा लें

- मुख्य निर्वाचन अधिकारी (सीईओ) नवदीप रिणवा ने शुक्रवार को अलीगढ़ में एसआईआर के कार्यों की समीक्षा की। उन्होंने इस दौरान कहा कि यदि किसी मतदाता का नाम एक से अधिक स्थान पर है तो फार्म-7 भरकर स्वेच्छा से उसे कटवा लें। यह एक दण्डनीय अपराध है, जिसका पूर्ण उत्तरदायित्व संबंधित मतदाता का होगा। इस दौरान उन्होंने उत्कृष्ट कार्य करने वाले बीएलओ को भी सम्मानित किया। मुख्य निर्वाचन अधिकारी ने अलीगढ़ में विधान सभा क्षेत्र कोल के सन्त फिदेलिस स्कूल के सुनवाई केन्द्र का भी निरीक्षण किया।

# ओबीसी योजनाओं का लाभ देने के लिए तैयार होगी जिलेवार रिपोर्ट

राज्य ब्यूरो, लखनऊ

**अमृत विचार :** उप्र. पिछड़ा वर्ग राज्य आयोग के अध्यक्ष राजेश वर्मा ने कहा, प्रदेश सरकार द्वारा संचालित ओबीसी कल्याणकारी योजनाओं का शत-प्रतिशत लाभ ओबीसी वर्ग को मिल रहा है या नहीं, इसकी जिलेवार समीक्षा कराई जाएगी। इसके लिए संबंधित विभागों से समन्वय स्थापित कर विस्तृत रिपोर्ट तैयार की जाएगी।

आयोग के अध्यक्ष, शुक्रवार को पिछड़ा वर्ग राज्य आयोग की समीक्षा बैठक कर रहे थे। उन्होंने योजनाओं की समीक्षा करते हुए जोर दिया गया कि उनका लाभ पात्र लाभार्थियों तक प्रभावी ढंग से पहुंचे। इस दौरान नियुक्तियों और शैक्षणिक संस्थानों में आरक्षण को लेकर प्राप्त शिकायतों पर भी विचार-विमर्श किया। बैठक में अन्य पिछड़ा वर्ग (ओबीसी) के उत्थान से जुड़ी योजनाओं और आरक्षण संबंधी विषयों पर विस्तृत चर्चा की गई। इसके अलावा विभिन्न जातियों के सम्मेलन और निष्कासन से जुड़े प्रत्यावेदनों की भी समीक्षा की गई। आयोग ने स्पष्ट किया कि ओबीसी समाज के सामाजिक, शैक्षिक और आर्थिक सशक्तिकरण के लिए सरकार प्रतिबद्ध है। आयोग ने भरोसा दिलाया कि वह पारदर्शिता और प्रभावी क्रियान्वयन सुनिश्चित करने के लिए सक्रिय भूमिका निभाता रहेगा, ताकि पिछड़ा वर्ग के अधिकारों और हितों की रक्षा हो सके। बैठक में उपाध्यक्ष सोहन लाल श्रीमाली समेत आयोग के सदस्य मौजूद रहे।



बैठक लेते आयोग के पदाधिकारी।

# आयुध कारखाना के पूर्व सीजीएम पर आय से अधिक संपत्ति की एफआईआर

राज्य ब्यूरो, लखनऊ

- सीबीआई की जांच में पाया गया आय से अधिक खर्च व पद के दुरुपयोग का मामला
- आयुध उपकरण कारखाना हरजतपुर फिरोजाबाद के मुख्य महाप्रबंधक अमित सिंह पर कार्रवाई

**अमृत विचार:** सीबीआई ने आयुध उपकरण कारखाना हजरतपुर फिरोजाबाद के पूर्व मुख्य महाप्रबंधक अमित सिंह पर आय से अधिक संपत्ति हासिल करने की रिपोर्ट दर्ज की है। सीबीआई जांच में आय से अधिक संपत्ति अर्जित करने व पद के दुरुपयोग कर अवैध कमाई की पुष्टि हुई।

मामले की जांच सीबीआई एसीबी गाजियाबाद के एएसपी अशोक कुमार को सौंपी गई है। सीबीआई के मुताबिक अमित सिंह 1 अप्रैल 2022 से 31 दिसंबर 2025 के बीच आयुध उपकरण कारखाना, हजरतपुर, फिरोजाबाद में महाप्रबंधक व मुख्य महाप्रबंधक के पद पर तैनात थे। इस अवधि के दौरान उन्होंने अपने पद का दुरुपयोग करते हुए ज्ञात आय के स्रोतों से कहीं अधिक संपत्ति अर्जित की। जांच में करीब 55,58,471 रुपये (73.28 प्रतिशत) की अनुपातहीन संपत्ति का मामला सामने आया है।

अमित सिंह भारतीय आयुध कारखाना सेवा (बैच 1998) के अधिकारी हैं। उन्होंने 7 सितंबर 1998 को सेवा शुरू की थी। 30 जून 2022 को उन्होंने हजरतपुर स्थित आयुध उपकरण कारखाना में महाप्रबंधक के रूप में कार्यभार ग्रहण किया। यह कारखाना रक्षा मंत्रालय के रक्षा उत्पादन विभाग के अधीन संचालित ट्रूप कम्फर्ट्स लिमिटेड की विनिर्माण इकाइयों में शामिल है। जो भारतीय सशस्त्र बलों, गृह मंत्रालय की सेनाओं और विभिन्न राज्य पुलिस बलों के लिए पैराशूट, बैग, वर्दी सहित रक्षा उपकरणों का उत्पादन करता है।

### 2023 में बने थे मुख्य महाप्रबंधक

- जांच एजेंसियों के अनुसार ओईएफ हजरतपुर में अमित सिंह सबसे वरिष्ठ अधिकारी थे। कारखाने के प्रशासन, संचालन, संसाधनों के उपयोग तथा मानव संसाधन प्रबंधन की समग्र जिम्मेदारी उनके पास थी। उन्हें वर्ष 2023-24 में मुख्य महाप्रबंधक बनाया गया, लेकिन जिम्मेदारियां वहीं रहीं। 25 दिसंबर 2025 को उनका तबादला आयुध वस्त्र कारखाना, कानपुर कर दिया गया। वर्तमान में वे ट्रूप कम्फर्ट्स लिमिटेड प्रशिक्षण अकादमी, कानपुर में तैनात बताए जा रहे हैं।

### कमाई से 55.58 लाख रुपये किया अधिक खर्च

- सीबीआई की जांच में सामने आया कि जांच अवधि से पूर्व यानी 1 अप्रैल 2022 से पहले अमित सिंह के पास ज्ञात स्रोतों से अर्जित करीब 18,82,871 रुपये की चल-अचल संपत्ति थी। इसमें उनके और उनकी पत्नी नीलम सिंह के बैंक खातों की प्रारंभिक राशि तथा वर्ष 2007 में बरेली में पत्नी के नाम खरीदे गए मकान का मूल्य शामिल है। जांच अवधि के अंत, 31 दिसंबर 2025 तक अमित सिंह और उनके परिवार के पास कुल 37,33,567 रुपये की संपत्ति पाई गई। इसमें वर्ष 2023 में लखनऊ में पत्नी के नाम फ्लैट का भुगतान, बरेली स्थित मकान का मूल्य, म्यूचुअल फंड निवेश और बैंक खातों में जमा राशि शामिल है। आरोपी अधिकारी को 75,57,303 रुपये का शुद्ध वेतन और 28,220 रुपये का ब्याज प्राप्त हुआ। जिससे कुल ज्ञात आय 75,85,523 रुपये पायी गई। इस दौरान अमित सिंह ने परिवार पर कुल 1,12,93,298 रुपये खर्च किया।

# सीपीआर देकर यात्री को बचाने वाले 13 कर्मचारी सम्मानित

राज्य ब्यूरो, लखनऊ

**अमृत विचारः** एडीजी जीआरपी प्रकाश डी. ने कहा कि यदि पुलिस सतर्क और सक्रिय रहेगा तो अपराध रोकने में सफलता जरूर मिलती है। इस दौरान उन्होंने पुलिस मुख्यालय में आयोजित कार्यक्रम में बरेली में यात्री को सीपीआर देकर बचाने वाले सिपाही हरिओम और कानपुर के सेंट्रल स्टेशन पर दो साल के चोरी हुई बच्ची को बचाने वाले समेत दर्जन भर से अधिक पुलिस कर्मियों को सम्मानित किया।

सम्मानित होने वालों में बरेली जीआरपी में तैनात हरिओम, दो साल के बच्चे को केवल चार घंटे में तलाश कर परिजनों से मिलाने वाले कानपुर के डिप्टी एसपी दुष्यंत कुमार सिंह, प्रभारी निरीक्षक ओम नारायण सिंह, दारोगा मोहित कुमार, सिपाही सत्येन्द्र सिंह, शिवेन्द्र सिंह, दीपक यादव को सम्मानित किया गया। इसी तरह जीआरपी टूंडला के एसओ मोनू कुमार आर्य, एसआई सतेन्द्र कुमार, सिपाही मनोज कुमार के साथ ही जीआरपी कर्वी की महिला एसआई शालिनी सिंह भदौरिया, हेड कांस्टेबल विक्रम सिंह और सिपाही हरिकेश मौर्य को भी सम्मान से नवाजा गया।

शासनादेश

सोलर फेंसिंग परियोजना के लिए किसानों को मिलेगा सीधा लाभ

# बुंदेलखंड क्षेत्र में कृषि की मजबूती को मिले 30 .47 करोड़

राज्य ब्यूरो, लखनऊ

**अमृत विचार:** बुंदेलखंड क्षेत्र में कृषि को मजबूती देने की दिशा में प्रदेश सरकार ने बड़ा कदम उठाया है। वित्तीय वर्ष 2025-26 में बुंदेलखंड पैकेज के अंतर्गत कृषि विभाग की एकीकृत कृषि विकास योजना (सोलर फेंसिंग) के लिए 30.47 करोड़ रुपये की शेष धनराशि स्वीकृत करते हुए शासनादेश जारी किया गया है। यह धनराशि पूर्व में स्वीकृत कुल 74.53 करोड़ रुपये की परियोजना लागत के सापेक्ष बची हुई राशि के रूप में जारी की गई है।

शासनादेश के अनुसार, वित्तीय वर्ष 2024-25 में इस परियोजना के लिए प्रथम किस्त के रूप में 50 करोड़ रुपये जारी किए गए थे, जिसे विभाग द्वारा व्यय न करते हुए समर्पित कर दिया गया था। इसके बाद वित्तीय वर्ष 2025-26 में 44.06 करोड़ रुपये की धनराशि अवमुक्त की गई, जिसका पूर्ण उपयोग करते हुए कृषि विभाग ने उपयोगिता प्रमाण पत्र शासन को उपलब्ध कराया। अब परियोजना के शेष कार्यों के लिए 30.47 करोड़ रुपये की मंजूरी दी गई है।

### सोलर फेंसिंग से किसानों को राहत

- बुंदेलखंड क्षेत्र में जंगली जानवरों से फसलों को होने वाले नुकसान को रोकने के लिए सोलर फेंसिंग परियोजना को बेहद अहम माना जा रहा है। इस योजना के तहत खेतों की सुरक्षा के लिए सौर ऊर्जा आधारित बाड़ लगाई जाएगी, जिससे किसानों की फसल सुरक्षित रहेगी और उत्पादन में वृद्धि होगी। इससे न केवल किसानों की आय बढ़ेगी, बल्कि क्षेत्र में टिकाऊ कृषि को भी बढ़ावा मिलेगा।

### वित्तीय अनुशासन और सख्त शर्तें

- शासनादेश में स्पष्ट किया गया है कि स्वीकृत धनराशि का उपयोग केवल निर्धारित मदों में ही किया जाएगा। राशि को स्टेट बैंक ऑफ इंडिया अथवा राष्ट्रीयकृत बैंकों में ही रखा जाएगा और यदि कोई ब्याज अर्जित होता है तो उसे राजकोष में जमा कराना अनिवार्य होगा। इसके साथ ही परियोजना से संबंधित वित्तीय और भौतिक प्रगति की मासिक रिपोर्ट प्रत्येक माह की 7 तारीख तक नियोजन विभाग को भेजनी होगी।

### बुंदेलखंड एक्सप्रेसवे के लिए 98.28 करोड़ जारी

- **अमृत विचार, लखनऊ:** प्रदेश सरकार ने बुंदेलखंड एक्सप्रेसवे परियोजना के निर्माण से जुड़े ऋण के मूलधन की अदायगी के लिए 98 .28 करोड़ रुपये की धनराशि जारी की है। इसे यूपीडा को निर्धारित शर्तों के अधीन अवमुक्त किया जाएगा। यह राशि वित्तीय वर्ष 2025-26 में लिए गए ऋण की अदायगी हेतु जनवरी से मार्च 2026 की अवधि के लिए स्वीकृत की गई है। शासनादेश में स्पष्ट किया गया है कि जारी की गई धनराशि सीधे उसी बैंक खाते में जमा कराई जाएगी, जहां से संबंधित वित्तीय संस्थाओं का ऋण लिया गया था। इसे किसी अन्य खाते में रखने की अनुमति नहीं होगी। इसके साथ ही धन के उपयोग को लेकर सख्त वित्तीय नियमों और बजट मैनुअल का अनुपालन अनिवार्य किया गया है। सरकार ने निर्देश दिए हैं कि अवमुक्त धनराशि के सापेक्ष उपयोगिता प्रमाण पत्र और कार्य का सत्यापित लेखा निर्धारित समयावधि में महालेखाकार कार्यालय और शासन को उपलब्ध कराया जाएगा। किसी भी प्रकार की वित्तीय अनियमितता की पूरी जिम्मेदारी यूपीडा की होगी। बुंदेलखंड एक्सप्रेसवे परियोजना मुख्यमंत्री के नेतृत्व में प्रदेश में मजबूत कनेक्टिविटी और क्षेत्रीय विकास का प्रमुख आधार मानी जा रही है। ऋण के मूलधन की समय पर अदायगी से परियोजना की वित्तीय स्थिरता सुनिश्चित होगी और भविष्य की अधोसंरचना परियोजनाओं के लिए निवेशकों का भरोसा और मजबूत होगा।

# टमाटर, भिंडी, कद्दूवर्गीय सब्जियों की बुवाई के लिए मौसम अनुकूल

राज्य ब्यूरो, लखनऊ

- उप्र. कृषि अनुसंधान परिषद ने जारी किया मौसम आधारित कृषि परामर्श

**अमृत विचार :** उप्र. कृषि अनुसंधान परिषद (उपकार) के महानिदेशक डॉ. संजय सिंह ने बताया कि जायद फसलों, टमाटर, भिंडी, लोबिया व कद्दूवर्गीय सब्जियों की बुवाई के लिए मौसम अनुकूल है। बसंतकालीन गन्ने की उन्नत किस्मों के प्रयोग पर जोर देते हुए उन्होंने लाल सड़न रोग से प्रभावित 0238 किस्म न बोने की हिदायत दी गई है। गन्ने के साथ उर्द, मूंग या लोबिया की अंतःफसल से आय बढ़ाने की सलाह भी दी गई।

परिषद के महानिदेशक, सभाकक्ष में क्रॉप वेदर वॉच ग्रुप की वर्ष 2025-26 की 24वीं बैठक संबोधित कर रहे थे। इस बैठक में भारत मौसम विज्ञान विभाग से प्राप्त पूर्वानुमानों के आधार पर प्रदेश के कृषकों को आगामी दो सप्ताह के लिए कृषि प्रबंधन हेतु महत्वपूर्ण सुझाव और परामर्श जारी किए गए हैं। अनुमान है कि प्रदेश में मौसम मुख्यतः शुष्क रहेगा और तापमान में क्रमिक वृद्धि होगी।

विशेषज्ञों ने रबी फसलों में नमी बनाए रखने के लिए सायंकाल हल्की सिंचाई की सलाह दी है। देर से बोए गए गेहूं में दाना भरने की अवस्था पर पोटैशियम नाइट्रेट का पर्णीय छिड़काव तथा गेरूई व पत्ती धब्बा रोग नियंत्रण हेतु प्रोपीकोनाजोल के प्रयोग की संस्तुति की गई है।

चने में फलीबेधक कीट और अरहर में फल मक्खी से बचाव के लिए उचित कीटनाशक उपयोग की सलाह दी गई है। उद्यानिकी में आम के बौर को कीट व खर्रा रोग से बचाने के उपाय बताए गए। पशुपालकों को एफएमडी टीकाकरण और मत्स्य पालकों को कॉमन कार्प व पंगेशियस बीज संचय की सलाह दी गई है। विस्तृत परामर्श उपकार की वेबसाइट पर उपलब्ध है।



धर्म नाम है न्याय का और न्याय नाम है पक्षपात को छोड़ना।
–स्वामी दयानंद सरस्वती, आर्य समाज के संस्थापक



# बहुआयामी दौरा

प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी का हालिया इजराइल दौरा भारत की पश्चिम एशिया नीति के युगांतरकारी चरण का स्पष्ट संकेत है। प्रधानमंत्री ने न केवल आतंकवाद के विरुद्ध भारत के 'जीरो टॉलरेंस' के रुख को दोहराया, बल्कि गाज़ा शांति प्रस्ताव का समर्थन कर परिपक्व कूटनीति का परिचय दिया। 'मानवता को संघर्ष का शिकार न बनने देने' का उनका आह्वान यह दर्शाता है कि भारत ऐसे मामलों में अब केवल मूक दर्शक नहीं हैं, बल्कि वैश्विक शांति और स्थिरता के बारे में सक्रिय हितधारक की भूमिका निभा रहा है। इजराइली नेतृत्व के साथ हुई वार्ताओं के दौरान साफ हुआ कि भारत-इजराइल रक्षा संबंध अब केवल 'क्रेता-विक्रेता' तक सीमित नहीं हैं; मिसाइल, ड्रोन और साइबर सुरक्षा में सहयोग अब सह-उत्पादन और तकनीक हस्तांतरण की दिशा में बढ़ रहा है। यह बदलाव 'मेक इन इंडिया' अभियान को सशक्त करेगा ही साथ ही सामरिक दृष्टि से भारत की आयात-निर्भरता को भी घटाएगा, हालांकि भारत इजराइल के इस बढ़ते रिश्ते के बीच अरब देशों और विशेषकर खाड़ी क्षेत्र के साथ संतुलन बनाए रखने की चुनौती है। भारत ने बीते वर्षों में यह सिद्ध किया है कि वह इजराइल और अरब जगत, दोनों के साथ अपने हितों को स्वतंत्र रूप से साधने की क्षमता रखता है।

भारत-मध्य पूर्व-यूरोप आर्थिक गलियारा जिसे 'आईमैक प्लस' के रूप में देखा जा रहा है, हमारे लिए यूरोप तक पहुंचने का एक क्रांतिकारी मार्ग है। यह गलियारा मात्र माल ढुलाई का रास्ता नहीं, बल्कि भविष्य की 'डिजिटल और ग्रीन हाईवे' है। प्रस्तावित फाइबर-ऑप्टिक केबल भारत को यूरोप से सीधे जोड़ेंगी, जिससे डेटा ट्रांसफर सस्ता होगा और फिनटेक एवं एआई जैसे उद्योगों को भारी लाभ होगा। साथ ही, ग्रीन हाइड्रोजन और सौर ऊर्जा की साझेदारी भारत की दीर्घकालिक ऊर्जा सुरक्षा को पुख्ता करेगी। विशेष रूप से सेमीकंडक्टर और रक्षा उद्योग के लिए अनिवार्य 'रेयर अर्थ मेटल्स' की आपूर्ति के लिए चीन पर निर्भरता कम करना भारत की बड़ी रणनीतिक जीत होगी। यदि मिस्र और अफ्रीकी नेटवर्क इस गलियारे से जुड़ते हैं, तो भारत की पहुंच स्वेज नहर से परे एक विशाल आर्थिक पट्टी तक हो जाएगी। यह आर्थिक, रणनीतिक मार्ग सस्ता और तेज तो है, पर जटिल भी है। संभव है भविष्य में कस्टम प्रक्रियाओं और रेल-नेटवर्क का पूर्ण डिजिटलीकरण, खाड़ी से भूमध्यसागर तक निर्बाध रेल संपर्क तथा कॉरिडोर की विश्वसनीयता को प्रभावित कर सकने वाली इस क्षेत्र की राजनीतिक अस्थिरता तथा तनाव पर नियंत्रण करने के लिये एक मजबूत सुरक्षा-ढांचा बन सके और यह रास्ता निरापद, आसान तथा सहज, लाभकारी हो सके।

इजराइल के साथ संभावित मुक्त व्यापार समझौता उच्च-तकनीक और कृषि में निवेश के नए द्वार खोलेगा, रोजगार के तमाम नये अवसर सृजित करेगा, बशर्ते घरेलू उद्योगों के हितों का ध्यान रखा जाए। कुल मिलाकर यह दौरा केवल द्विपक्षीय संबंधों का विस्तार नहीं, बल्कि भारत की 'कनेक्टिविटी-डिप्लोमेसी' का नया चेहरा है। इससे तेज व्यापार और तकनीकी बढ़त की पूरी संभावना तो है, लेकिन क्षेत्रीय अस्थिरता और अधूरी अवसंरचना जैसे जोखिम भी उतने ही वास्तविक हैं।

## प्रसंगवश

# घर के अदृश्य संविधान में स्त्री का संशोधन

सुबह की रसोई में उबलती चाय की भाप के साथ एक और चीज़ उठ रही है- खामोश विद्रोह। यह विद्रोह दरवाज़े पटककर नहीं, बल्कि दरवाज़े धीरे से बंद करके होता है। महिलाएं अब घर छोड़ नहीं रहीं, नौकरी छोड़ नहीं रहीं, पर 'सब कुछ संभालने' की अदृश्य जिम्मेदारी से पीछे हट रही हैं। इसे ही घर से 'क्वाइट क्विटिंग' कहा जा रहा है। यह लापरवाही नहीं, आत्मरक्षा है; असंवेदनशीलता नहीं, संतुलन की मांग है। दशकों से घर की दीवारों में कैद वह मानसिक बोझ, जिसे कर्तव्य कहकर सामान्य बना दिया गया था, अब प्रश्नों के कटघरे में है। यह नई लहर बिना नारों के, बिना मंचों के, सीधे रसोई और बैठक के बीच जन्म ले रही है।

'क्वाइट क्विटिंग' शब्द कार्यस्थल से आया, पर घर के भीतर इसका अर्थ कहीं अधिक गहरा है। दफ्तर में कर्मचारी अतिरिक्त काम छोड़ता है, यहां महिला अतिरिक्त भावनात्मक और संज्ञानात्मक श्रम छोड़ रही है। मेंटल लोड वह अदृश्य सूची है, जो उसके दिमाग में हर समय चलती रहती है। बच्चों की परियोजना, सास की दवा, पति की मीटिंग, त्योहार की तैयारी, रिश्तों की मरम्मत। समय उपयोग सर्वेक्षण 2024 के आंकड़े बताते हैं कि भारतीय महिलाएं प्रतिदिन पुरुषों से कई घंटे अधिक अवैतनिक श्रम करती हैं। महिलाएं रोजाना 289 मिनट अनपेड घरेलू कामों पर और 137 मिनट देखभाल पर खर्च करती हैं, जबकि पुरुष केवल 88 और 75 मिनट। यह सिर्फ समय नहीं, ऊर्जा और पहचान की कीमत भी है। यही असमानता अब प्रतिरोध को जन्म दे रही है।



कृति जैन
लेखिका

महामारी ने इस असंतुलन को निर्वस्त्र कर दिया। घर ही दफ्तर बना, दफ्तर ही घर, और महिला दोनों की प्रबंधक। लैपटॉप की स्क्रीन के पीछे वह मीटिंग में थी और कैमरे के बाहर रसोई में। इसी दौर में सोशल मीडिया ने वैश्विक संवाद खोला। हजारों भारतीय महिलाएं लिखने लगीं कि वे 'परफेक्ट' होने की दौड़ से बाहर निकलना चाहती हैं। नई पीढ़ी की मिलेनियल और जेन-ज़ी महिलाएं अपनी माताओं की थकान को विरासत नहीं बनाना चाहतीं। वे समझ चुकी हैं कि त्याग का अनंत महिमामंडन असल में असमानता को स्थायी बनाता है, इसलिए यह बदलाव भावनात्मक जागरण से उपजा है।

व्यवहार में यह विद्रोह बेहद सूक्ष्म है। महिला चाय बनाएगी, पर सबके दिमाग का अलार्म नहीं बनेगी। वह याद दिलाना बंद कर देगी, आयोजन का बोझ साझा कर देगी, हर निर्णय की धुरी बनने से इंकार कर देगी। शुरुआत में परिवार चौंकता है, कभी नाराज़ भी होता है। 'तुम बदल गई हो' जैसे वाक्य तीर की तरह आते हैं, पर धीरे-धीरे घर के अन्य सदस्य भी जिम्मेदारी का स्वाद चखते हैं। बच्चे खुद अपना बैग तैयार करने लगते हैं, पति दवाइयों की सूची संभालने लगता है। यह बदलाव टकराव से नहीं, अभ्यास से आता है और यहीं इसकी शक्ति छिपी है।

इस खामोश क्रांति के सामाजिक प्रभाव दूरगामी हैं। परिवार की शक्ति-संरचना बदल रही है। पुरुष पहली बार समझ रहे हैं कि घर चलाना केवल शारीरिक श्रम नहीं, निरंतर मानसिक योजना भी है। बच्चों में आत्मनिर्भरता बढ़ रही है, क्योंकि मां हर समस्या का तत्काल समाधान नहीं दे रही। महिलाओं का मानसिक स्वास्थ्य सुधर रहा है; चिंता और थकान में कमी दिख रही है। जब वे हर समय 'ऑन' नहीं रहतीं, तब उनकी रचनात्मकता और पेशेवर दक्षता भी बढ़ती है। यह विद्रोह रिश्तों को तोड़ने नहीं, उन्हें अधिक न्यायपूर्ण बनाने की दिशा में है। फिर भी यह राह बिल्कुल सरल नहीं। समाज अब भी आदर्श पत्नी और त्यागमयी मां के पुराने सांचे से बाहर सोचने को सहज नहीं है।

(ये लेखिका के निजी विचार हैं।)

# ज्यादा वेतन वाले कर्मियों में एआई का ज्यादा खौफ





राजेश श्रीनेत
वरिष्ठ पत्रकार

कृत्रिम बुद्धिमत्ता यानी एआई के तेज विस्तार ने रोजगार की दुनिया में एक नई बहस को जन्म दिया है। हाल में यह तथ्य उभरकर आया कि कम आय वाले कर्मचारियों की तुलना में अधिक वेतन पाने वाले लोग अपनी नौकरी को लेकर ज्यादा चिंतित और असुरक्षित महसूस कर रहे हैं। पहली नजर में यह निष्कर्ष चौंकाता है, क्योंकि आम धारणा यह रही है कि तकनीकी बदलाव का सबसे अधिक असर निम्न आय वर्ग पर पड़ता है, परंतु वर्तमान दौर में एआई जिस तरह कामकाज की प्रकृति को बदल रही है, उससे यह समझ में आता है कि उच्च आय वर्ग की चिंता के पीछे ठोस कारण मौजूद हैं।

सबसे पहला कारण यह है कि एआई अब केवल साधारण और दोहराए जाने वाले कामों तक सीमित नहीं है। पहले मशीनों और सॉफ्टवेयर से मुख्य रूप से उत्पादन, डेटा एंट्री या ग्राहक सेवा जैसे क्षेत्रों में बदलाव की आशंका जताई जाती थी, लेकिन अब एआई वित्तीय विश्लेषण, कानूनी दस्तावेज तैयार करने, सॉफ्टवेयर प्रोग्रामिंग, मेडिकल रिपोर्ट की व्याख्या, डिजाइनिंग और यहां तक कि संपादकीय सामग्री का प्रारूप तैयार करने जैसे काम भी करने लगा है। ये वे क्षेत्र हैं, जहां आम तौर पर अधिक वेतन पाने वाले पेशेवर कार्यरत होते हैं। जब तकनीक जटिल कार्यों को तेजी और सटीकता से करने लगे, तो इन पदों पर काम कर रहे लोगों में असुरक्षा की भावना स्वाभाविक रूप से बढ़ती है।

दूसरा बड़ा कारण कंपनियों पर बढ़ता लागत दबाव है। किसी भी संस्था में उच्च वेतन पाने वाले कर्मचारियों पर कुल खर्च अधिक होता है। यदि एआई आधारित प्रणालियां कम लागत में समान या बेहतर परिणाम दे सकती हैं, तो प्रबंधन के सामने खर्च घटाने का विकल्प खुल जाता है। ऐसे में वरिष्ठ और महंगे पदों की संख्या घटाने या उनकी जिम्मेदारियां सीमित करने की प्रवृत्ति बढ़ सकती है। यह संभावना ही उच्च आय वर्ग के कर्मचारियों को असहज कर देती है।

एआई नौकरीपेशा लोगों के लिए खौफ का सबब बनता जा रहा है। कम आय वाले कर्मचारियों की तुलना में अधिक वेतन वाले लोग अपनी नौकरी को लेकर ज्यादा असुरक्षित महसूस कर रहे हैं।

तीसरा कारण बदलती कार्य संस्कृति और निर्णय प्रक्रिया से जुड़ा है। आज कंपनियां डेटा आधारित निर्णयों पर अधिक भरोसा कर रही हैं। एआई बाजार की प्रवृत्तियों का विश्लेषण कर सकती है, जोखिम का अनुमान लगा सकती है और रणनीतिक सुझाव दे सकती है। पहले वरिष्ठ अधिकारियों का अनुभव और अंतर्ज्ञान महत्वपूर्ण माना जाता था, लेकिन अब अल्गोरिदम आधारित विश्लेषण को प्राथमिकता दी जा रही है। इससे कई पेशेवरों को लगता है कि उनकी पारंपरिक विशेषज्ञता का महत्व कम हो रहा है, जिससे उनका आत्मविश्वास प्रभावित होता है।

चौथा पहलू कौशल उन्नयन की चुनौती है। तकनीकी बदलाव की रफ्तार बहुत तेज है। उच्च आय वाले अधिकांश काम ज्ञान और डिजिटल दक्षता पर आधारित हैं। ऐसे में कर्मचारियों को लगातार नए उपकरण, नई प्रणालियां और नए सॉफ्टवेयर सीखने पड़ रहे हैं। जो लोग इस गति से तालमेल नहीं बैठा पाते, उन्हें पीछे छूटने का डर सताता है। इसके विपरीत, निम्न आय वर्ग के कई काम अभी भी मानवीय श्रम और भौतिक उपस्थिति पर आधारित हैं, जिनमें एआई का पूर्ण विकल्प बनना फिलहाल आसान नहीं है। इस कारण उच्च आय वर्ग को तात्कालिक खतरा अधिक महसूस होता है।

पांचवां कारण सामाजिक और आर्थिक जिम्मेदारियों से जुड़ा है। अधिक वेतन वाले कर्मचारियों की जीवनशैली अपेक्षाकृत महंगी होती है। घर का ऋण, बच्चों की शिक्षा, बीमा, निवेश और सामाजिक प्रतिष्ठा जैसे पहलू उनके आर्थिक ढांचे का हिस्सा होते हैं। यदि नौकरी पर संकट की आशंका उत्पन्न होती है, तो उसका प्रभाव व्यापक होता है। आय में थोड़ी सी कमी भी उनकी दीर्घकालिक योजनाओं को प्रभावित कर सकती है, इसलिए उनका डर केवल पेशेवर नहीं, बल्कि पारिवारिक और सामाजिक भी होता है।

छठा कारण करियर की स्थिरता में आई अनिश्चितता है। पहले यह माना जाता था कि अनुभव और वरिष्ठता के आधार पर करियर क्रमशः आगे बढ़ता रहेगा। अब एआई और डिजिटल तकनीक के कारण कौशल की मांग तेजी से बदल रही है। कई बार युवा और तकनीकी रूप से अधिक दक्ष कर्मचारी कम समय में बेहतर अवसर पा लेते हैं। इससे अनुभवी पेशेवरों को प्रतिस्पर्धा बढ़ती हुई दिखती है। उन्हें लगता है कि वर्षों का अनुभव अचानक कम मूल्यवान हो सकता है।

यह भी ध्यान देने योग्य है कि एआई का प्रभाव केवल नौकरी खत्म करने तक सीमित नहीं है, बल्कि काम के स्वरूप को बदलने तक है। कई कंपनियां कर्मचारियों की संख्या घटाने के बजाय भूमिकाओं को पुनर्गठित कर रही हैं। ऐसे में कुछ पद समाप्त होते हैं, तो नए प्रकार के पद भी बनते हैं, लेकिन इस परिवर्तन के दौर में अस्थिरता स्वाभाविक है। अधिक आय वर्ग के लोग, जो पहले अपेक्षाकृत सुरक्षित माने जाते थे, अब खुद को जोखिम में देख रहे हैं।

यह स्थिति पूरी तरह नकारात्मक नहीं है। इतिहास गवाह है कि हर तकनीकी क्रांति ने नई संभावनाएं भी पैदा की हैं। औद्योगिक क्रांति से लेकर सूचना क्रांति तक, बदलाव के साथ नए रोजगार भी सामने आए। एआई भी डेटा विज्ञान, मशीन लर्निंग, साइबर सुरक्षा, डिजिटल रणनीति और मानव मशीन सहयोग जैसे नए क्षेत्रों में अवसर पैदा कर रही है। जो पेशेवर अपनी रचनात्मकता, नेतृत्व क्षमता और मानवीय संवेदनशीलता को तकनीक के साथ जोड़ते हैं, वे अधिक प्रभावी बन सकते हैं।

सरकारों और कंपनियों की जिम्मेदारी भी यहां महत्वपूर्ण है। यदि पुनः कौशल प्रशिक्षण, डिजिटल शिक्षा और सामाजिक सुरक्षा उपायों को मजबूत किया जाए, तो इस बदलाव का असर संतुलित किया जा सकता है। कर्मचारियों को यह भरोसा देना जरूरी है कि तकनीक उनका स्थान लेने नहीं, बल्कि उनके कार्य को बेहतर बनाने के लिए है। पारदर्शी नीति और संवाद से भी भय कम किया जा सकता है।

## आमने सामने



किंग महेंद्र से जेडीयू सालों तक पैसा लेता रही। A2BS इंफ्रास्ट्रक्चर, जिसका टर्न ओवर 27 करोड़ है, उस कंपनी ने जेडीयू को 24 करोड़ रुपये दिए। जिस कंपनी का ऐसेट 10 हजार नहीं है, उससे करोड़ों रुपये जेडीयू ने चंदा लिया। सरकार हिरन का चोला पहनकर भेड़िया के रूप में है।
–सुनील सिंह
आरजेडी एमएलसी, बिहार

आरजेडी ने शराब कंपनियों से पैसा लिया। पश्चिम बंगाल की कंपनी से चंदा लिया। इलेक्टोरल बॉन्ड लेना गुनाह नहीं है, लेकिन आरजेडी ने बिहार में शराबबंदी लागू होने के बावजूद शराब कंपनियों से पैसा लिया। ये लोग कायर हैं।
–नीरज कुमार
जेडीयू के प्रवक्ता, बिहार

# रेवड़ी कल्चर: शीर्ष अदालत की टिप्पणी व चिंता



रोहित माहेश्वरी
स्वतंत्र पत्रकार

मुफ्त की रेवड़ी पर बीती 19 फरवरी को हुई सुनवाई के दौरान सुप्रीम कोर्ट ने राज्य सरकारों को कड़ी फटकार लगाई है। मुख्य न्यायाधीश सूर्यकांत की अध्यक्षता वाली पीठ ने तमिलनाडु पॉवर डिस्ट्रीब्यूशन कारपोरेशन लिमिटेड से जुड़े एक मामले की सुनवाई करते हुए गंभीर सवाल उठाए। न्यायालय ने पूछा कि हम किस तरह की संस्कृति विकसित कर रहे हैं? क्या राज्यों का काम सिर्फ वेतन देना और मुफ्त उपहार बांटना रह गया है? पीठ ने कहा कि ऐसी नीतियों से लोगों में काम करने की इच्छा खत्म हो रही है और देश का 'वर्क कल्चर' खराब हो रहा है।

रेवड़ी संस्कृति देश की राजनीति के केंद्र में आ चुकी है। फ्रीबीज की शुरुआत सन् 1956 से हुई मानी जा सकती है, जब मध्याह्न भोजन योजना पहली बार वर्ष 1956 में तमिलनाडु के मुख्यमंत्री के कामराज द्वारा शुरू की गई थी। ऐसा माना जाता है कि आंध्र प्रदेश में एनटी रामाराव की दो रुपये किलो चावल योजना ने आज के राष्ट्रीय खाद्य सुरक्षा कार्यक्रम की नींव रखी थी। तेलंगाना की रायथु बंधु और ओडिशा की कालिया योजनाओं ने किसानों की सहायता के लिए प्रधानमंत्री किसान सम्मान निधि के अग्रदूत के रूप में कार्य किया है।

न्यायालय ने राज्यों से पूछा है कि हम किस तरह की संस्कृति विकसित कर रहे हैं? क्या राज्यों का काम सिर्फ वेतन देना और मुफ्त उपहार बांटना रह गया है?

दक्षिण भारत से शुरू हुई इस प्रथा को अरविंद केजरीवाल ने नई ऊंचाइयों पर पहुंचाया। इसका बाद में दूसरे दलों ने अनुसरण किया। एक ओर अर्थशास्त्री और नीति विशेषज्ञ इस प्रथा की आलोचना करते हैं, तो दूसरी ओर कई नेता मतदाताओं के लिए मुफ्त चीजों की वकालत करते हैं। चुनाव में मुफ्त सुविधाओं के वादे और चुनाव अक्सर इस मायने में जुड़े होते हैं कि राजनीतिक दल अपने घोषणापत्रों में इसका वादा करते हैं और सत्ताधारी दल अक्सर चुनाव से ठीक पहले उन्हें बांट देते हैं।

दीर्घकालिक दृष्टिकोण से यह जीवन की अच्छी गुणवत्ता से समझौता है, क्योंकि मुफ्त उपहारों की संस्कृति स्वास्थ्य सेवा, शिक्षा, बुनियादी ढांचे, अनुसंधान एवं विकास आदि जैसी अन्य जरूरी आवश्यकताओं पर कम पूंजीगत व्यय को दर्शाती है। साथ ही, यह बजटीय संकट को भी जन्म देती है। 2019 में, दिल्ली स्थित एक गैर-सरकारी संगठन, एसोसिएशन फॉर डेमोक्रेटिक रिफार्म्स द्वारा भारत के 543 संसदीय क्षेत्रों में एक सर्वेक्षण किया गया था। उस सर्वेक्षण के अनुसार, 42 फीसद से अधिक मतदाता किसी विशेष उम्मीदवार को वोट देने के पीछे उम्मीदवार की कल्याणकारी योजनाओं के बजाय नकदी, शराब और मुफ्त उपहारों के वितरण को एक महत्वपूर्ण कारण मानते हैं।

ताजा मामले में न्यायालय ने चिंता जताई कि अधिकांश राज्य पहले से ही 'रेवेन्यू डेफिसिट' में हैं, फिर भी वे मुफ्त बिजली, राशन और नकदी बांट रहे हैं। कोर्ट ने तल्ख लहजे में कहा कि इस कारण बुनियादी ढांचे यानी सड़क, स्कूल, अस्पताल के विकास के लिए एक पैसा भी नहीं बचता। मुख्य न्यायाधीश ने स्पष्ट किया कि जरूरतमंदों और गरीबों की मदद करना समझ में आता है, लेकिन बिना भेदभाव के सबको मुफ्त सुविधाएं देना तुष्टिकरण की राजनीति है।

मुख्य न्यायाधीश ने कहा है कि आखिर 'रेवड़ियां' बांटने का बोझ टैक्स देने वाले लोगों पर ही पड़ेगा। यदि 'रेवड़ियां' मिलती रहेंगी, तो काम कौन करेगा? आखिर हम यह कैसी संस्कृति बना रहे हैं? सरकारों को 'मुफ्तखोरी' के बजाय रोजगार-सृजन पर अधिक ध्यान देना चाहिए। यदि कोई शिक्षा और बुनियादी जिंदगी का खर्च वहन नहीं कर सकता, तो ऐसे लोगों को सुविधा देना सरकार का दायित्व है, लेकिन 'मुफ्त रेवड़ियां' उनकी जेब में जा रही हैं, जो लोग मजे कर रहे हैं। क्या सरकारों को इस पर ध्यान नहीं देना चाहिए?

बहरहाल सर्वोच्च अदालत ने मौखिक टिप्पणी कर दी और राजनीतिक दलों के प्रवक्ता कह रहे हैं कि वे शीर्ष अदालत की बात मानने को बाध्य नहीं हैं। ये 'रेवड़ियां' नहीं हैं, बल्कि कल्याणकारी योजनाएं हैं। हम कल्याणकारी लोकतंत्र हैं और जनता की मदद करना हमारा फर्ज है। सर्वोच्च अदालत के चिंता व्यक्त करने से क्या होगा? सर्वोच्च अदालत को संविधान ने विशेषाधिकार भी दिए हैं और उनका इस्तेमाल कर अदालत ने फैसले भी सुनाए हैं, तो मुफ्तखोरी पर आदेश क्यों नहीं दिए जा सकते? अदालत सरकारों को स्पष्ट निर्देश दे कि चुनाव से पहले योजनाओं की घोषणा कब करें? 'रेवड़ियों' को भी परिभाषित करें। 11 अगस्त 2022 को 'रेवड़ी कल्चर' पर टिप्पणी करते हुए सुप्रीम कोर्ट ने कहा था कि यह मुद्दा समाज और अर्थव्यवस्था के लिए महत्वपूर्ण है, क्योंकि फ्रीबीज की वजह से इकोनॉमी पैसे गंवा रही है। हम इस बात से सहमत हैं कि फ्रीबीज और वेलफेयर के बीच अंतर है।

जमीनी हकीकत यह है कि देश के राज्यों पर कुल 104 लाख करोड़ रुपये से अधिक का कर्ज है। देश पर भी 200.50 लाख करोड़ रुपये का कर्ज है। कुछ विशेषज्ञ इसे 225 लाख करोड़ के करीब मानते हैं। इसके बावजूद रेवड़ियां बांटी जा रही हैं।

(ये लेखक के निजी विचार हैं।)

## सोशल फोरम

# पाउलो की खामोश क्रांति

पाउलो फ्रेरे को गिरफ्तार किया गया, निर्वासित किया गया और उन्हें राष्ट्रीय खतरा घोषित किया गया, क्योंकि उन्होंने गरीब वयस्कों को इस तरह पढ़ना सिखाया कि उन्हें चुपचाप शासित करना असंभव हो गया। पाउलो फ्रेरे शुरू में क्रांतिकारी नहीं थे। वे एक शिक्षक के रूप में शुरू हुए, जिन्होंने भूख को अपनी आंखों के सामने सीखने की क्षमता को मिटाते देखा। 1950 के दशक के ब्राजील में उन्होंने देखा कि वयस्कों को अशिक्षित होने के लिए दोषी ठहराया जाता है, जबकि वे ऐसे तंत्र में जी रहे थे, जो उन्हें चुप रखने के लिए डिज़ाइन किया गया था। फ्रेरे ने कुछ खतरनाक बात नोटिस की। लोग स्कूल में असफल नहीं हो रहे थे। स्कूल उन्हें जानबूझकर असफल कर रहा था।



अफलातून अफलू
लेखक

इसलिए उन्होंने नियम बदल दिए। अलग-अलग अक्षरों को रटवाने के बजाय, फ्रेरे ने दैनिक अनुभव के माध्यम से पढ़ना सिखाया। शब्द उनके रोज़मर्रा के जीवन से आए। ज़मीन, काम, किराया, भूख, सत्ता। जैसे-जैसे वयस्क पढ़ना सीखते गए, वे उन ताकतों को नाम देना भी सीख गए, जो उनकी ज़िंदगी को आकार दे रही थी। साक्षरता जागरूकता बन गई। जागरूकता एजेंसी (स्वायत्तता) बन गई।

1963 में, फ्रेरे ने विधि से मात्र 45 दिनों में 300 गन्ना मजदूरों को पढ़ना सिखाया गया। ब्राज़ील सरकार ने इस कार्यक्रम का शुरू में समर्थन किया, यह मानते हुए कि साक्षरता देश को आधुनिक बनाएगी। उन्होंने गलत आकलन किया। नव-साक्षर नागरिक ऐसे सवाल पूछने लगे, जो मतपत्रों को खतरनाक बना देते हैं। ज़मीन किसकी है? चुप्पी से किसका फ़ायदा होता है? ज्ञान क्या मायने रखता है, यह किसका फैसला है?

1964 के तख्तापलट के बाद फ्रेरे को गिरफ्तार कर लिया गया और उन्हें विध्वंसक घोषित कर जेल में डाल दिया गया। लोगों को आलोचनात्मक रूप से पढ़ना सिखाना अब वैचारिक युद्ध के रूप में पेश किया जाने लगा। उन्हें रिहा किया गया, लेकिन निर्वासन के लिए मजबूर कर दिया गया। वे ब्राज़ील छोड़कर केवल कुछ नोट्स और एक ऐसे विचार के साथ गए जो तानाशाही को डराने के लिए काफी था।

चिली में, फिर अफ्रीका और यूरोप में, फ्रेरे ने जो बाद में Pedagogy of the Oppressed बना, उसे परिष्कृत किया। उन्होंने शिक्षा को जमा करने और आज्ञाकारिता के रूप में खारिज कर दिया। शिक्षा मुक्ति के रूप में या फिर कुछ भी नहीं।

–फेसबुक वॉल से

## सामयिकी

# सोशल मीडिया और खबरों की सत्यता का बढ़ता संकट

कलम और कागज से शुरू हुई यात्रा आज कीबोर्ड, कैमरा और कोड तक पहुंच चुकी है। माध्यम बदलते रहेंगे, प्लेटफॉर्म बदलते रहेंगे, लेकिन यदि पत्रकारिता अपनी आत्मा सत्य और समाज के प्रति जिम्मेदारी को सुरक्षित रखेगी, तो वह लोकतंत्र की सबसे मजबूत आवाज़ बनी रहेगी। आने वाला समय उसी पत्रकारिता का होगा, जो तेज भी हो, सटीक भी, आधुनिक भी हो और विश्वसनीय भी।

केंद्र सरकार ने हाल ही में फेक न्यूज पर लगाम कसने के लिए नए नियम जारी किए हैं। डीपफेक और भ्रामक आर्टिफिशियल इंटेलिजेंस (एआई) कंटेंट के लिए केंद्र ने सख्त नियम बनाए हैं। आईटी (इंटरमीडियरी गाइडलाइंस एंड डिजिटल मीडिया एथिक्स कोड) नियम 2021 में संशोधन करते हुए सरकार ने सोशल मीडिया प्लेटफॉर्म्स को अब आपत्तिजनक सामग्री तीन घंटे के भीतर हटाने का आदेश दिया है। यह संशोधित नियम 20 फरवरी, 2026 से लागू हो चुके हैं। अब अगर कोई फोटो, वीडियो या ऑडियो एआई की मदद से बनाया गया है, तो उस पर लेबल लगाना जरूरी कर दिया गया है। केंद्र के इस नियम से अब सोशल मीडिया पर फेक न्यूज पर लगाम लग सकेगी। नए नियम बता रहे हैं कि करीब ढाई सौ साल में कई बदलाव के बाद फेक न्यूज ने पत्रकारिता के समक्ष चुनौती खड़ी कर दी है।



डॉ. मोनिका शर्मा
वरिष्ठ पत्रकार

असल में दशकों से पत्रकारिता विश्वसनीयता के लिए जानी जाती है। यह विश्वास आज के समय में डगमगाने लगा है। जब पत्रकारिता का शुरूआत हुई, तो विश्वसनीयता ही उसका सबसे बड़ा उद्देश्य था। पत्रकारिता केवल खबर लिखने या पढ़ने का माध्यम नहीं है, यह समाज की धड़कनों को शब्द देने की कला है। यह वह आईना है, जिसमें सत्ता, व्यवस्था और समाज तीनों का चेहरा दिखाई देता है। समय के साथ पत्रकारिता ने कई दौर देखे हैं। पहले पत्रकारिता मिशन हुआ करती थी। फिर प्रोफेशन में तब्दील हो गई। कलम और कागज से शुरू हुआ यह सफर आज डिजिटल प्लेटफॉर्म, सोशल मीडिया और आर्टिफिशियल इंटेलिजेंस तक पहुंच चुका है। इन बदलावों ने जहां पत्रकारिता को अधिक प्रभावी और व्यापक बनाया है, वहीं नई चुनौतियां भी खड़ी की हैं।

इस यात्रा में साधन बदले, माध्यम बदले, लेकिन मूल उद्देश्य कभी नहीं बदला। आज भी सत्य की खोज और जनहित ही पत्रकारिता का उद्देश है। पत्रकारिता को लोकतंत्र का चौथा स्तंभ कहा जाता है। इसका मूल कार्य सत्ता और समाज के बीच सेतु बनना, जनमत को दिशा देना और सच को सामने लाना है। इसे लोकतंत्र का चौथा स्तंभ, इसलिए कहा जाता है, क्योंकि यह सत्ता से सवाल करती है, जनता की आवाज़ को मंच देती है और व्यवस्था की कमियों को उजागर करती है।

भारत में पत्रकारिता की शुरुआत 1780 से मानी जाती है। इस साल शुरू हुआ बंगाल गजट एक अंग्रेजी का साप्ताहिक अखबार था। साथ ही ब्रिटिश शासन के दौर में निकला और उसने सत्ता की आलोचना करने का साहस दिखाया। उस समय समाचार संकलन की प्रक्रिया बेहद कठिन थी। संवाददाता घटनास्थल तक स्वयं पहुंचते, लोगों से बातचीत करते और चिट्ठियों या तार के माध्यम से सूचनाएं संपादकीय कार्यालय तक भेजते थे। छपाई तकनीक सीमित थी, वितरण व्यवस्था धीमी थी, फिर भी खबरों की विश्वसनीयता और तथ्यपरकता सर्वोच्च मानी जाती थी। एक खबर को प्रकाशित करने से पहले उसके कई स्तरों पर सत्यापन की परंपरा थी। आज पत्रकारिता के सामने सबसे बड़ी चुनौती विश्वसनीयता को बनाए रखने की है। सोशल मीडिया के अल्गोरिद्म अक्सर वही सामग्री आगे बढ़ाते हैं, जो भावनात्मक या विवादास्पद हो।

(ये लेखिका के निजी विचार हैं।)

स्वामी-रुहेलखंड इंटरप्राइजेज के लिए मुद्रक एवं प्रकाशक हरि ओम गुप्ता द्वारा अमृत विचार प्रकाशन, नवादा जोगियान, चक रोड, रोहिलखंड मेडिकल कॉलेज के सामने, बरेली (उत्तर प्रदेश) से मुद्रित एवं एलआईजी 23, प्रथम तल, आशियाना फेस-1, कांठ रोड मुरादाबाद (उत्तर प्रदेश) से प्रकाशित। **संपादक- राजेश श्रीनेत, कार्यकारी संपादक- सुनील कुमार सिंह*** 0591-3551286(कार्यालय), ईमेल-editorschoice@amritvichar.com, आर.एन.आई नं0-UPHIN/2020/79034 *इस अंक में प्रकाशित समाचार के चयन एवं संपादन हेतु पी.आर.बी. एक्ट की धारा 7 के अंतर्गत उत्तरदायी।(नोट-सभी विवादों का न्याय क्षेत्र मुरादाबाद होगा)।

अमृत विचार
शब्द रंग

दो दशक पहले तक उत्तर प्रदेश ही नहीं, पूरे देश की जनता के लिए आंखों के इलाज का पहला नाम था- 'सीतापुर आई हॉस्पिटल'। आज भले ही यह चिकित्सालय सुर्खियों से दूर हो गया हो, पर गुमनामी में भी अपनी मूल प्रतिबद्धता सेवा और उपचार को पूरी निष्ठा से निभा रहा है। 32 शाखाओं वाले इस एशिया के प्रसिद्ध संस्थान का पांच अस्पतालों तक सिमट जाना एक युग का परिवर्तन जरूर है, लेकिन इन दुर्दिनों ने ही यूपी में कॉरपोरेट सेक्टर के नेत्र चिकित्सालयों की नींव भी तैयार की। वर्तमान ट्रस्ट प्रबंधन का दावा है कि आने वाले वर्षों में यह अस्पताल फिर अपनी वही विश्वस्तरीय पहचान हासिल करेगा।

**- पद्माकर पांडेय एवं फोटो ग्राफर शुभांकर चक्रवर्ती**

# मरीजों को रोशनी दे रहा 'सीतापुर आई हास्पिटल'




## इतिहास

राजधानी से करीब 80 किमी दूर सीतापुर में वर्ष 1926 में फूस की झोपड़ी से शुरू हुई यह सेवा-यात्रा संस्थापक पद्मश्री एवं पद्मभूषण डॉ. महेश प्रसाद मेहरे की दूरदर्शिता का परिणाम है। आर्थिक लाभ की चाह से दूर, उन्होंने 1945 में महारानी एलिजाबेथ से प्राप्त दान से 11.22 एकड़ भूमि पर अस्पताल की औपचारिक नींव रखी। इसके बाद उन्होंने दूरदराज के गरीब मरीजों तक इलाज पहुंचाने के लिए प्रदेश में 32 शाखा अस्पताल खोले।

## नेशनल-एशियन पहचान

500 बेड वाले मुख्य अस्पताल में रोजाना सैकड़ों नेत्र सर्जरी होती थीं। मोतियाबिंद, कार्निया प्रत्यारोपण, ग्लूकोमा, रेटिना सर्जरी, सबका उपचार यहां सहज और सुलभ था। इसी कारण एशिया में इसका बड़ा नाम हुआ। देश के प्रथम प्रधानमंत्री जवाहरलाल नेहरू, इंदिरा गांधी और पूर्व राष्ट्रपति डॉ. सर्वपल्ली राधाकृष्णन तक इस संस्थान का भ्रमण कर चुके हैं।





## अस्पताल का स्वर्णिम काल और दुर्दिन

2009 में बतौर चीफ मेडिकल ऑफिसर नियुक्त होने वाली कर्नल डॉ. मधु भदौरिया का कहना है कि जब उन्हें की जिम्मेदारी दी गई थी, प्रशासनिक अधिकारी उनके पति आर एस भदौरिया को नियुक्त किया गया था। उस दौरान अस्पताल समेत पूरा ट्रस्ट तमाम झंझावतों से जूझ रहा था, अस्पतालों में व्यवस्थाएं चरमरा चुकी थीं। नए संसाधन जुटे नहीं, पुराने संसाधन निष्क्रिय होने लगे, आर्थिक बोझ बढ़ता गया। यही वजह है कि सीतापुर में तमिलनाडु के मदुरै के अरविंद आई केयर सिस्टम के साथ मिलकर नेत्र चिकित्सा क्षेत्र में काम करने का एमओयू भी किया गया था।

## अत्याधुनिक इलाज बहुत सस्ते में

कॉर्पोरेट सेक्टर के नेत्र चिकित्सालयों में महंगे इलाज के सापेक्ष सीतापुर आई हॉस्पिटल में अत्यंत कम शुल्क में अत्याधुनिक इलाज उपलब्ध है। इस संबंध में केजीएमयू की पूर्व विभागाध्यक्ष एवं सीतापुर आई हॉस्पिटल के शिक्षण कार्य प्रभारी डॉ.विनीता सिंह का कहना है कि अस्पताल सभी अत्याधुनिक चिकित्सकीय सेवाएं उपलब्ध हैं, जो कार्पोरेट सेंक्टर के अस्पतालों में महंगे दामों में उपलब्ध हैं। यहां पर मात्र 150 रुपये के शुल्क पर मरीज के आंखों की जांच के साथ परामर्श मिलता है। अतिरिक्त इलाज कॉर्पोरेट सेक्टर के शुल्क से करीब 50 फीसदी कम होता है, इसके अलावा दवाएं भी किफायती दरों पर उपलब्ध हैं।

## नेत्र शिक्षा का मजबूत ढांचा

- एमएस ऑप्थल्मोलॉजी- 15 सीटें (हर साल नीट के जरिए)
- कुल 45 पीजी रेजीडेंट प्रशिक्षण ले रहे
- बैचलर ऑफ ऑप्टोमेट्री (बीआप्ट) - 40 सीटें
- डिप्लोमा इन ऑप्थल्मिक असिस्टेंट - 30 सीटें
- डीओए, एमसीओपी तथा लो विजन प्रशिक्षण कार्यक्रम
- ओटी असिस्टेंस व मिड-लेवल ऑप्थल्मिक तकनीशियन तैयार किए जाते हैं

## विशेषज्ञ डॉक्टरों की टीम

लखनऊ के चौपड़ परिसर स्थित अस्पताल में 5 विशेषज्ञ डॉक्टर और 30 पैरामेडिकल स्टाफ सेवाएं दे रहे हैं। सुबह 9 बजे से पंजीकरण के साथ शुरू होकर दोपहर 3 बजे तक ओपीडी सेवाएं चलती है। रोजाना 100 से 150 मरीज दिखाने आते हैं।

## अस्पताल के विशेषज्ञों में

- डॉ. विनीता सिंह - बाल नेत्र रोग
- डॉ. ज्योति भट्ट - ग्लूकोमा/ कैट्रेक्ट
- डॉ. अश्वनी सिंह - कार्निया और रेफ्रेक्टिव
- डॉ. शरीन मिश्रा पाण्डेय - रेटिना
- डॉ. गुरसिमरन कौर- एंटिरियर सेगमेंट

## नेत्र शिक्षा का बड़ा केंद्र

1964 में स्थापित इंस्टीट्यूट ऑफ ऑप्थल्मोलॉजी ने इस संस्थान को नेत्र विशेषज्ञों की पाठशाला बना दिया। इसका शिलान्यास तत्कालीन राष्ट्रपति राधाकृष्णन और उद्घाटन प्रधानमंत्री इंदिरा गांधी ने किया था। वर्ष 1981 में भारत सरकार ने इसे रीजनल इंस्टीट्यूट ऑफ ऑप्थल्मोलॉजी का दर्जा दिया। साल 1974 में संस्थापक की मृत्युपरांत उनके पुत्र और ट्रस्ट सचिव डॉ. मिथलेश कुमार (एमके) मेहरे ने 2011 तक कमान संभाली। इस दौरान इस अस्पताल और ट्रस्ट को हथियाने के षड्यंत्र भी रचे गए। वर्ष 1994 में राजनैतिक हस्तक्षेप से संस्थान में वरिष्ठ चिकित्सकों की हड़ताल भी हुई, ट्रस्ट के समक्ष मुश्किलें इस कदर खड़ी कर दी गई थी कि संस्थान की सुरक्षा के लिए तत्कालीन ट्रस्ट प्रशासन को बाहुबलियों का सहयोग लेना पड़ा, जिसमें आर्थिक व्यय अत्यधिक था। हालांकि आर्थिक चुनौतियां आदि इस संस्थान के पतन के कारण बने। वर्ष 2002 में कार्यकारी प्रशासनिक अधिकारी डॉ. ए. के. पॉल के निधन और बाद में व्यवस्थागत कमजोरियों के बीच अस्पताल लगातार लड़खड़ाता गया। हालांकि वर्ष 2009-10 में ट्रस्ट ने जिम्मेदारी कर्नल डॉ. मधु भदौरिया और प्रशासनिक प्रबंधन आर. एस. भदौरिया को सौंपी, जिसके बाद पुनरोद्धार की प्रक्रिया शुरू हुई।

## मिल रहा है गंभीर बीमारियों का अत्याधुनिक इलाज

संस्थापक डॉ. मेहरे द्वारा 1949 में बनाए गए ट्रस्ट के अंतर्गत संचालित सीतापुर नेत्र चिकित्सालय में वर्तमान नामित ट्रस्टी (कर्नल) डॉ. मधु भदौरिया का कहना है कि वर्तमान में सीतापुर अस्पताल समेत प्रदेश में पांच अस्पताल संचालित हो रहे हैं, प्रयागराज स्थित अस्पताल वर्तमान में राज्य सरकार से लौटकर पुनः ट्रस्ट के पास वापस आ चुका है, जिसे मरीजों के लिए उपयोगी बनाया जा रहा है। उन्होंने बताया कि 2008-09 में जो अस्पताल बंद हो गया था, उस अस्पताल में एक साल में 50 हजार से ज्यादा सर्जरी हो रही हैं, जो कि साल दर साल आकंड़ा बढ़ता जा रहा है। उन्होंने बताया कि राजधानी लखनऊ समेत अन्य शाखा अस्पतालो में डे केयर की सुविधा के साथ नेत्र संबंधी समस्त चिकित्सकीय सुविधाएं उपलब्ध हैं। राजधानी में हजरतगंज स्थित चौपड़ हास्पिटल परिसर में मरीजों की संख्या लगातार बढ़ रही है। बीमारियों में बताया कि मोतियाबिंद के ऑपरेशन के साथ ही, रेटिना ट्रांसप्लांट, पीडियाट्रिक ऑप्थलमोलॉजी, आई बैंक, कार्निया प्रत्यारोपण और ग्लूकोमा तक का अत्याधुनिक इलाज उपलब्ध है।

## 45 रेजीडेंट्स करते हैं एमएस

सीतापुर आई हॉस्पिटल के कॉलेज में एमएस ऑप्थल्मोलॉजी पीजी की 15 सीटें हैं, जिन पर हर साल नीट काउंसिलिंग के द्वारा दाखिला मिलता है। इस प्रकार तीन साल के करीब 45 पीजी विद्यार्थी शिक्षा ग्रहण के साथ चिकित्सकीय सेवाएं प्रदान करते हैं। इसके अलावा चार वर्षीय बैचलर ऑफ ऑप्टोमेट्री (बीआप्ट) की 40 सीटों पर हर साल दाखिला मिलता है। डिप्लोमा इन ऑप्थल्मिक एसिस्टेंट की 30 सीटों पर हर साल दाखिला मिलता है। इसके आलवा डीओए और एमसीओपी पाठ्यक्रम भी संचालित होते हैं, जिसमें मिड लेवल आप्थैलमिक टेक्नी शियन का प्रशिक्षण दिया जाता है, मरीजों को ओटी में तैयार करने का प्रशिक्षण दिया जाता है। लो विजन ट्रेनिंग प्रोग्राम भी सिखाया जाता है।



## लो विजन विभाग : रोशनी खोने वालों को जीवन का सहारा

जब उम्र या बीमारी से आंखों की रोशनी बहुत कम रह जाती है, तो लो विजन विभाग मौजूद विशेष उपकरण, सॉफ्टवेयर, स्मार्टफोन आधारित तकनीक से मरीजों को फिर से चलने-फिरने और दैनिक काम करने योग्य बनाता है।

## उपलब्ध सेवाएं -

- मोतियाबिंद सर्जरी, ग्लूकोमा उपचार, रेटिना सर्जरी, कॉर्निया सर्जरी, बाल नेत्र रोग, न्यूरो-ऑप्थल्मोलॉजी, ओकुलोप्लास्टी, नेत्र पुनर्वास सेवाएं।

---

**अनुभूति**

# लंबे चौधरी और होली की मस्ती



सुरेश बाबू मिश्रा
बरेली

बात उन दिनों की है जब मैं अपने जनपद बदायूं के एस.के. इंटर कॉलेज में फर्स्ट ईयर में पढ़ रहा था। कॉलेज में होली की छुट्टियां हो गई थीं और मैं होली मनाने गांव आ गया था। उन दिनों होली कम से कम एक सप्ताह की होती थी।

गांव में एक थे लंबे चौधरी। उनका असली नाम क्या था किसी को नहीं मालूम, सब उन्हें लंबे चौधरी के नाम से ही जानते थे। लंबी चौड़ी कद काठी, गठा हुआ शरीर और रूआबदार चेहरा। निपट अनपढ़ थे। मगर उनकी स्मरण शक्ति बड़ी गजब की थी। हम लोग गांव के रिश्ते से उन्हें बाबा कहते थे, मगर लंबे चौधरी हम लोगों से भी हंसी मजाक और ठिठोली करने से नहीं चूकते थे। एक बार हम लोगों ने होली पर लंबे चौधरी को उनकी हंसी मजाक का जवाब उन्हीं के अंदाज में देने की योजना बनाई। लंबे चौधरी को छेड़ने का मतलब था, सांप के बिल में हाथ डालना। मगर हम लोग अपने निर्णय पर अडिग थे। हमारी योजना तब और आसान हो गई। जब लंबे चौधरी के हम लोगों के हम उम्र चार-पांच भतीजे हमारी योजना में शामिल हो गए।

होली के चार-पांच दिन बाकी रह गए थे। गांव में होली का उल्लास पूरे जोरों पर था। रात को काफी देर तक बड़ी चौपाल पर ढोल-नगाड़े के साथ होली के गीत होते रहते और आधी रात के बाद शुरू होता गांव की होली को ऊंचा और बड़ा करने का अभियान। सब दूर-दूर से सूखी लकड़ी पेड़ों की टहनी, पुराने ठूंठ लेकर आते और होली पर डालते।

एक रात जब सब लोग होली बढ़ाने के अभियान के लिए चले गए, तो योजना के अनुसार हम लोग लंबे चौधरी की चौपाल पर पहुंचे, मगर हम लोग यह देखकर हैरान रह गए कि लंबे चौधरी जाग रहे थे। लगातार तीन दिन तक हम लोग आधी रात के बाद लंबे चौधरी की चौपाल पर जाते रहे मगर हमें सफलता हाथ नहीं लगी। अगली रात को जब हम लोग लंबे चौधरी की चौपाल पर पहुंचे, तो हम सब की बांछें खिल गईं। वे गहरी नींद में सो रहे थे और उनके खर्राटे दूर-दूर तक गूंज रहे थे। ईश्वर शायद आज हम लोगों पर कुछ अधिक ही मेहरबान था। लंबे चौधरी चौपाल पर बिल्कुल अकेले थे।



अपनी योजना के अनुसार हम लोगों ने रस्सी से लंबे चौधरी को चारपाई से अच्छी तरह से बांध दिया और फिर हममें से चार लड़के लाठियां डालकर चारपाई को कंधों पर रखकर होली की तरफ चल दिए। किसी खतरे की सूचना देने के लिए दो-तीन लड़के हमसे कुछ दूरी पर आगे-आगे चल रहे थे और दो-तीन पीछे-पीछे। यह एक संयोग ही था कि हमें किसी ने नहीं देखा और बिना किसी रुकावट के हम लोग होली के पास पहुंच गए। हमने लंबे चौधरी को चारपाई सहित होली पर रख दिया और फिर चुपचाप अपने-अपने घरों को लौट गए।

सुबह जब गांव के लोग जागे तो सबने होली पर एक अजब नजारा देखा। होली के ढेर पर चारपाई से बंधे लंबे चौधरी खर्राटे भर कर सो रहे थे। धीरे-धीरे होली के आसपास लोगों की भीड़ जमा हो गई। लोग आपस में कानाफूसी कर रहे थे। लोगों की आवाजें सुनकर लंबे चौधरी जाग गए। उन्होंने चारपाई से उठने की कोशिश की मगर चारपाई से अच्छी तरह से बंधे होने के कारण वे उठ नहीं पाए। उन दिनों गांवों में यह मान्यता थी कि होली के ढेर पर एक बार जो चीज रख दी गई उसे वापस नहीं उठाया जा सकता। अब लंबे चौधरी के साथ क्या किया जाए, सब इसी के बारे में बातचीत कर रहे थे। धीरे-धीरे पूरा गांव वहां जमा हो गया था। हम लोग भी एक तरफ खड़े यह नजारा देख रहे थे। इस समस्या पर विचार करने के लिए गांव के कुछ बुजुर्गों की एक पंचायत बैठी। काफी देर के विचार-विमर्श के बाद उन लोगों ने सर्वसम्मति से फैसला सुनाया कि लंबे चौधरी के भाई लंबे चौधरी के वजन से दोगुनी लकड़ी होली के ढेर पर रखें तभी लंबे चौधरी को होली के ढेर से उतारा जा सकता है।

अब इतनी सूखी लकड़ी कहां से आए यह समस्या चौधरी के भाईयों के सामने मुंह बाए खड़ी थी। उन लोगों ने अपनी एक पुरानी बैलगाड़ी को कई घंटे की मेहनत के बाद कुल्हाड़ियों से चीरकर होली के ढेर पर रखा तब कहीं जाकर लंबे चौधरी को होली के ढेर से उतारा जा सका। लंबे चौधरी की यह हालत देखकर लोग मन ही मन मुस्कुरा रहे थे। औरतें घूंघट मुंह में दबाकर हंस रही थीं। लंबे चौधरी किसी नाग की तरह फुफकार रहे थे और धारा प्रवाह गालियां दे रहे। उनकी गालियां भी हम लोगों को होली के प्रसाद की तरह लग रही थीं।

---

**जॉब का पहला दिन**

# भावनाएं, अनुभव और एक नई शुरुआत



प्रो. हिमांशु शेखर सिंह
अयोध्या

जीवन में कुछ क्षण ऐसे होते हैं, जो समय बीत जाने के बाद भी स्मृतियों में सदैव ताजे बने रहते हैं। नौकरी का पहला दिन भी ऐसा ही एक अविस्मरणीय अनुभव है। यह केवल रोजगार की शुरुआत नहीं, बल्कि आत्मनिर्भरता, जिम्मेदारी और आत्मविश्वास की दिशा में उठाया गया पहला सशक्त कदम होता है। उस दिन मन में उत्साह, जिज्ञासा, हल्की घबराहट, भविष्य के सपने और स्वयं को सिद्ध करने का संकल्प सभी भावनाएं एक साथ उमड़ती हैं।

मेरे जीवन में यह महत्वपूर्ण अवसर तब आया, जब मैं 10 जनवरी 1994 को डॉ. राममनोहर लोहिया अवध विश्वविद्यालय, अयोध्या में अपने प्रथम कार्य दिवस हेतु पहुंचा। प्रारंभिक रूप से 8 जनवरी को भी मैं बड़े उत्साह से वहां गया था, पर द्वितीय शनिवार होने के कारण कार्यालय बंद मिला और कार्यभार ग्रहण नहीं कर सका। हल्की निराशा के बावजूद मन में दृढ़ विश्वास था कि शीघ्र ही नई यात्रा प्रारंभ होगी। दो दिन बाद पुनः पहुंचा तो मन में आत्मविश्वास और जिम्मेदारी का भाव अधिक प्रबल था। विश्वविद्यालय परिसर में प्रवेश करते ही ऐसा लगा मानो जीवन का एक नया अध्याय खुल रहा हो।




विभागाध्यक्ष प्रो. एस. सी. सक्सेना तथा अन्य वरिष्ठ शिक्षकों ने अत्यंत आत्मीयता से स्वागत किया। उनका स्नेहपूर्ण व्यवहार मेरे लिए प्रेरणास्रोत बना। नियुक्ति संबंधी औपचारिकताओं को पूरा करते हुए जब मैंने संबंधित कार्यालयों में पत्र जमा किए, तो लगा कि लंबे समय से प्रतीक्षित लक्ष्य साकार हो गया है। उस समय विभाग नवस्थापित था, इसलिए कक्षाएं प्रारंभ नहीं हुई थीं। हम सबने मिलकर पाठ्यक्रम निर्माण और शैक्षणिक योजनाओं पर चर्चा की। चाय की चुस्कियों के साथ हुआ संवाद केवल औपचारिक नहीं, बल्कि सहयोग और भविष्य निर्माण की भावना से ओतप्रोत था। पहली नौकरी व्यक्ति को विद्यार्थी से जिम्मेदार पेशेवर की भूमिका में परिवर्तित कर देती है। मन में अनेक प्रश्न उठते हैं- क्या मैं अपेक्षाओं पर खरा उतर पाऊंगा?

कार्य का वातावरण कैसा होगा? किंतु यही प्रश्न आत्मविश्वास को भी जन्म देते हैं। विशेषकर शिक्षण क्षेत्र में पहली बार कक्षा में प्रवेश करना अत्यंत भावनात्मक अनुभव होता है। विद्यार्थियों का आदरपूर्ण अभिवादन यह एहसास कराता है कि शिक्षण केवल ज्ञान देना नहीं, बल्कि व्यक्तित्व निर्माण और भविष्य गढ़ने की प्रक्रिया है। समय के साथ अनुभव बढ़ता गया और प्रारंभिक संकोच आत्मविश्वास में बदलता गया। 33 वर्षों की इस यात्रा ने मुझे सिखाया कि सफलता का आधार केवल प्रतिभा नहीं, बल्कि निरंतर परिश्रम, धैर्य, अनुशासन और सकारात्मक दृष्टिकोण है।

चुनौतियां हर क्षेत्र में आती हैं, पर वही हमें परिपक्व और सशक्त बनाती हैं। एक शिक्षक के रूप में मैंने अनुभव किया कि ज्ञान बांटने से स्वयं का ज्ञान भी समृद्ध होता है और विद्यार्थियों के जीवन में सकारात्मक परिवर्तन लाना ही वास्तविक संतोष देता है। नए शिक्षकों के लिए मेरा संदेश है कि शिक्षण को केवल नौकरी न समझें, बल्कि इसे समाज निर्माण का पवित्र दायित्व मानें। निरंतर अध्ययन, विनम्रता, नई तकनीकों को अपनाने की तत्परता और विद्यार्थियों के प्रति संवेदनशीलता ये गुण एक आदर्श शिक्षक की पहचान हैं। यदि व्यक्ति अपने मूल्यों, ईमानदारी और कर्तव्यनिष्ठा को बनाए रखे, तो हर दिन नई सीख और नई उपलब्धि लेकर आता है। अंततः निरंतर प्रयास, आत्मविश्वास और समर्पण ही जीवन में आगे बढ़ने के सच्चे मूल मंत्र हैं।

---

# कुमाऊंनी होली : नाद, राग और स्वर की जीवित विरासत

कुमाऊं की होली केवल एक पर्व नहीं, बल्कि शास्त्रीय संगीत की भाव-समृद्ध परंपरा का जीवंत उत्सव है। यहां होली नाद, राग और स्वर के विशिष्ट संयोजन से सजी होती है। जिन्होंने भी इस परंपरा को अपने ज्ञान, साधना और सुरों की तपस्या से आगे बढ़ाया, उनकी समझ और गायकी की जितनी प्रशंसा की जाए कम है। कुमाऊंनी होली में शास्त्रीय संगीत का अनुशासन भी है और लोकजीवन की सहजता भी, यही इसकी सबसे बड़ी विशेषता है।



हरीश उप्रेती करन
हल्द्वानी



एक समय था जब गांवों में होली का इंतजार बच्चों से लेकर बुजुर्गों तक सभी को रहता था। बड़े ढोल की थाप पर गोल घेरे में खड़े होकर होली गाई जाती थी। कम से कम बीस-पच्चीस होलियारों की टोली, ढोल की गूंज और बीच-बीच में मिलने वाले गुड़ या आलू के गुटके, बच्चों के लिए किसी उत्सव से कम नहीं था, जो लोग रोजगार के लिए बाहर गए होते, वे भी होली पर अपने घर जरूर लौटते थे। उनकी उपस्थिति से गांव में रौनक बढ़ जाती और बच्चों को होलियारों की टोली में शामिल होने का अवसर मिलता, लेकिन समय बदला, पलायन बढ़ा और त्योहारों पर घर लौटने की परंपरा कम होती गई। गांव खाली होने लगे और होली गायन की धारा भी मंद होने लगी। अब इस परंपरा को बचाए रखने की जिम्मेदारी युवाओं के कंधों पर है।

मुझे याद है जब गांव का होली में प्रयोग होने वाला बड़ा ढोल खराब हो गया था और उसे उपयोग में नहीं लाया जा सका। मान्यता थी कि एक बार होली छोड़ दी तो फिर वह दोबारा नहीं हो सकती इसलिए तब हमने एक कनस्तर को ही ढोल बना लिया और पूरे गांव में होली गाई। वह साधन भले ही साधारण था, पर उत्साह और परंपरा के प्रति समर्पण असाधारण था।

## बैठकी और खड़ी होली : अनुशासन और उल्लास

कुमाऊं में मुख्यत: दो प्रकार की होली प्रचलित है बैठकी और खड़ी होली। बैठकी होली में शास्त्रीय रागों का आधार स्पष्ट दिखाई देता है। यह विशेष रूप से अल्मोड़ा, पिथौरागढ़, नैनीताल और चंपावत में अपने पूरे सौंदर्य के साथ जीवित है। खड़ी होली खुले स्थान पर गोल घेरे में कदम से कदम मिलाकर आगे बढ़ते हुए गाई जाती है। इसमें सामूहिकता और उत्सवधर्मिता का अद्भुत संगम होता है।

## स्त्रियों की होलियां और मर्यादा का संगीत

पहाड़ों में महिलाओं की होलियां और स्वांग भी अत्यंत रोचक होता है। वे तात्कालिक रचनाएं करती हैं, श्रृंगार और हंसी-ठिठोली के रंग बिखेरती हैं, पर मर्यादा का ध्यान बनाए रखती हैं। शिव के मन माहि बसे काशी, जल कैसे भरूं जमुना गहरी जैसी होलियां आज भी लोकप्रिय हैं।

## चंपावत : होली परंपरा का अग्रणी जनपद

वर्तमान समय में यदि पुरानी परंपरा से कुमाऊंनी होली की जीवंतता की बात करें, तो चंपावत जनपद अग्रणी माना जाता है। कभी चंद्रवंशी शासकों की राजधानी रही यह चंपा नगरी प्राकृतिक सुंदरता और ऐतिहासिक महत्व के साथ-साथ अपनी सांगीतिक परंपराओं के लिए भी जानी जाती है। हालांकि यहां की होली में बरसाना की लठमार होली की तरह को विशेषता तो नहीं, पर अपनी सौम्यता और सामूहिक नृत्य-गायन और होलियारों विशेष कदम और ढोल की थाप के कारण यह विशिष्ट पहचान रखती है। यहां महिलाएं और पुरुष समान रूप से दिन में गोल घेरे में खड़े होकर होली गाते हैं। होली में विजयसार की लकड़ी से बने ढोलों का प्रयोग होता है, जिनकी कीमत आज बीस हजार से 30 हजार रुपये तक हो सकती है।

## परंपरा की चुनौती और हमारी जिम्मेदारी

आज पलायन, आधुनिकता और बदलती जीवनशैली के कारण यह परंपरा धीरे-धीरे सिमट रही है। शराब जैसी कुप्रथाएं भी कहीं-कहीं इस पावन उत्सव की गरिमा को प्रभावित करती हैं। फिर भी आशा की किरण जीवित है, जब तक युवाओं में अपने लोक-संगीत और संस्कृति के प्रति प्रेम रहेगा, कुमाऊंनी होली का नाद गूंजता रहेगा। कुमाऊं की होली केवल गीत नहीं, बल्कि पीढ़ियों से हस्तांतरित होती आ रही सांस्कृतिक चेतना है। इसे संजोना और आगे बढ़ाना हम सबकी सामूहिक जिम्मेदारी है ताकि आने वाली पीढ़ियां भी ढोल की थाप पर उसी उल्लास से गा सकें 'बलमा घर आए फागुन में...'

| बाजार | सेंसेक्स ↓ | निफ्टी ↓ |
|---|---|---|
| बंद हुआ | 81,287.19 | 25,178.65 |
| बढ़त/गिरावट | 961.42 | 317.90 |
| प्रतिशत में | 1.173 | 1.25 |

सोना 1,64,700 प्रति 10 ग्राम

चांदी 2,68,000 प्रति किलो

अमृत विचार
मुरादाबाद, शनिवार, 28 फरवरी 2026
www.amritvichar.com



## बिजनेस ब्रीफ

### आर्थिक वृद्धि दर 7.6 प्रतिशत रहने का अनुमान

**नई दिल्ली।** मुख्य आर्थिक सलाहकार (सीईए) वी. अनंत नागेश्वरन ने शुक्रवार को कहा कि वित्त वर्ष 2026-27 के लिए आर्थिक वृद्धि के अनुमान को 0.20 प्रतिशत अंक बढ़ाकर 7.0-7.4 प्रतिशत कर दिया गया है। इस दौरान देश की अर्थव्यवस्था का आकार आसानी से 4,000 अरब डॉलर के पार पहुंच जाएगा। जनवरी में संसद में पेश आर्थिक समीक्षा में अगले वित्त वर्ष के लिए वृद्धि दर 6.8-7.2 प्रतिशत रहने का अनुमान जताया गया था। नागेश्वरन ने राष्ट्रीय आय की नई शृंखला जारी किए जाने के मौके पर संवाददाताओं से कहा, "नई शृंखला के आधार पर हम वित्त वर्ष 2026-27 के लिए जीडीपी वृद्धि अनुमान को पहले के 6.8-7.2 प्रतिशत से बढ़ाकर 7.0-7.4 प्रतिशत कर रहे हैं।... हालांकि अर्थव्यवस्था के सात प्रतिशत के बजाय 7.4 प्रतिशत के करीब रहने की अधिक संभावना है।"

### केंद्र सरकार का राजकोषीय घाटा 63 प्रतिशत पर

**नयी दिल्ली।** केंद्र सरकार का राजकोषीय घाटा जनवरी के अंत तक 9.8 लाख करोड़ रुपये रहा, जो वित्त वर्ष 2025-26 के वार्षिक बजट लक्ष्य का 63 प्रतिशत है। शुक्रवार को जारी आंकड़ों में यह जानकारी दी गई। पिछले वित्त वर्ष की समान अवधि में यह 74.5 प्रतिशत था। केंद्र सरकार का अनुमान है कि वित्त वर्ष 2025-26 में राजकोषीय घाटा सकल घरेलू उत्पाद (जीडीपी) का 4.4 प्रतिशत, यानी 15.58 लाख करोड़ रुपये रहेगा।

### एफडीआई 18 प्रतिशत बढ़ा

**नई दिल्ली।** चालू वित्त वर्ष की अप्रैल-दिसंबर अवधि में देश के भीतर प्रत्यक्ष विदेशी निवेश (एफडीआई) 18 प्रतिशत बढ़कर 47.87 अरब अमेरिकी डॉलर पर पहुंच गया। शुक्रवार को जारी सरकारी आंकड़ों में यह जानकारी दी गई। वित्त वर्ष 2024-25 की समान अवधि में देश के भीतर 40.67 अरब डॉलर का एफडीआई आया था। आधिकारिक आंकड़ों के मुताबिक, पुनर्निवेशित आय सहित कुल एफडीआई प्रवाह अप्रैल-दिसंबर 2025-26 के दौरान 73.31 अरब डॉलर रहा। पुनर्निवेशित आय का अर्थ उस लाभ से है जिसे कोई विदेशी कंपनी भारत में कमाने के बाद अपने मूल देश भेजने के बजाय यहीं पर दोबारा निवेश कर देती है।

## देखो मेरी दिल्ली



दिल्ली की मुख्यमंत्री रेखा गुप्ता ने शुक्रवार को रफी मार्ग से दिल्ली पर्यटन की अत्याधुनिक डबल डेकर इलेक्ट्रिक टूरिस्ट बस सेवा 'देखो मेरी दिल्ली' को हरी झंडी दिखाकर शुरुआत की। इस दौरान कपिल मिश्रा भी मौजूद रहे। फोटो: एजेंसी

### 16वें वित्त आयोग की रिपोर्ट पर आयोजित सम्मेलन में बोले मोंटेक सिंह अहलूवालिया

# बड़े खेतों पर टैक्स लगा सकते हैं राज्य

**हैदराबाद, एजेंसी**

अर्थशास्त्री मोंटेक सिंह अहलूवालिया ने कहा है कि राज्य सरकारें अपनी वित्तीय स्थिति को मजबूत करने के लिए उन बड़े खेतों पर कर लगा सकती हैं जो विविधीकरण से उच्च आय अर्जित कर रहे हैं। यहां बुधवार को 16वें वित्त आयोग की रिपोर्ट पर आयोजित एक सम्मेलन में पूर्ववर्ती योजना आयोग के वाइस चेयरमैन रह चुके अहलूवालिया ने कहा कि राज्य विविधीकृत कृषि पर कराधान से प्राप्त राजस्व पूरी तरह अपने पास रख सकते हैं। इसे केंद्र के साथ साझा करने की आवश्यकता नहीं होगी।



उन्होंने कहा कि वास्तविकता यह है कि संपूर्ण कृषि पर केंद्र कर नहीं लगा सकता और केवल राज्य ही कर लगा सकते हैं। क्या यह मान लिया जाए कि कृषि को हमेशा के लिए आयकर से मुक्त रखा जाना चाहिए, चाहे खेत का आकार कुछ भी हो? इसका बचाव करना बहुत कठिन है। अहलूवालिया ने कहा, ''यदि आपके पास विविध तरह के मध्यम आकार के खेत हैं तो वे निश्चित रूप से पर्याप्त उच्च आय उत्पन्न कर सकते हैं। आयकर की श्रेणी में आ सकते हैं। वह कर 100 प्रतिशत राज्यों को जाएगा। उसे केंद्र द्वारा नहीं लिया जाएगा।''

- **कहा-वित्तीय स्थिति मजबूत करने के लिए ज्यादा इनकम वालों पर टैक्स लगा सकती हैं सरकारें**

उन्होंने कहा कि संविधान में ऐसा कुछ नहीं है जो किसी राज्य सरकार को नीचे के स्तरों पर संसाधनों का हस्तांतरण करने से रोकता हो, यदि वह ऐसा करना चाहे। हालांकि प्रायः दबाव केंद्र सरकार की ओर निर्देशित किया जाता है। अहलूवालिया ने कहा कि यदि किसी राज्य का मुख्यमंत्री वैश्विक मानकों को प्राप्त करने के लिए राजनीतिक निर्णय के रूप में सरकार के तीसरे स्तर यानी स्थानीय निकायों को धन हस्तांतरित और विकेंद्रीकृत करने का निर्णय लेता है, तो उसे केंद्र की अनुमति की आवश्यकता नहीं होती है।

अर्थशास्त्री ने यह भी कहा कि कि अधिकांश देशों में मानव पूंजी...जिसमें बाल स्वास्थ्य, मातृ स्वास्थ्य, शिक्षा और संबंधित क्षेत्र शामिल है...राष्ट्रीय स्तर की तुलना में सरकार के निचले स्तरों से अधिक जुड़ी हुई है। उन्होंने भारतीय राज्यों में मौजूद असमानताओं का जिक्र करते हुए कहा कि दक्षिणी राज्यों ने उल्लेखनीय रूप से कम प्रजनन दर के कारण जनसंख्या वृद्धि में काफी कमी हासिल की है।

# हालात बदले तो डील भी बदलेगी: गोयल

### टैरिफ मुद्दे पर अमेरिकी सुप्रीम कोर्ट के फैसले के बाद हर बदलते हालात पर सरकार की नजर

**नयी दिल्ली, एजेंसी**

अमेरिकी सुप्रीम कोर्ट के फैसले के बाद भारत फिलहाल रुको और इंतजार करो की स्थिति में है। हालात लगातार बदल रहे हैं और सरकार देश के हितों की रक्षा के लिए स्थिति पर करीबी नजर रखे हुए है। यह बात उद्योग मंत्री पीयूष गोयल ने राइजिंग भारत समिट 2026 को सम्बोधित करते हुए कही। एक प्रश्न के उत्तर में गोयल ने कहा कि भारत अमेरिकी प्रशासन के साथ लगातार संवाद में हैं और आंतरिक स्तर पर भी विचार-विमर्श जारी है।

उद्योग मंत्री ने आश्वस्त किया कि भारत बेहतर अवसरों के लिए संवाद की नीति पर कायम है और वैश्विक व्यापार में अपनी प्रतिस्पर्धी स्थिति मजबूत करने के लिए प्रयास जारी रखेगा। उन्होंने कहा कि अमेरिका के साथ हो रही बातचीत का उद्देश्य ऐसा समझौता सुनिश्चित करना है, जिससे भारत को अन्य उभरती और विकासशील अर्थव्यवस्थाओं की तुलना में प्रतिस्पर्धात्मक बढ़त मिल सके और राष्ट्रीय हित के क्षेत्रों में



सहयोग के नए अवसर खुलें।

व्यापार समझौते में भारत की स्थिति क्या है? पूछने पर गोयल ने कहा कि परिस्थितियां अभी गतिशील हैं और विभिन्न स्तरों पर संवाद जारी है। उन्होंने संकेत दिया कि हालात बदलने पर व्यापार समझौते में संतुलन (रीबैलेंस) की शर्त रखी गई है।

टैरिफ दरों को लेकर पूछे गए प्रश्न पर मंत्री ने कहा कि अगर शुल्क दर 18 प्रतिशत के बजाय 15 प्रतिशत होती है, तो निर्यात को बिना बाधा जारी रखने में मदद मिलेगी।

गोयल ने कहा कि अंतरराष्ट्रीय व्यापार तुलनात्मक लाभ पर आधारित होता है। उनके अनुसार, अगर भारत के प्रतिस्पर्धी देशों की तुलना में कम टैरिफ दर मिलती है, तो यह निर्यात के लिए बड़ी उपलब्धि होगी। उन्होंने यह भी जोड़ा कि पहले 50 प्रतिशत टैरिफ के कारण भारत को निर्यात में बड़ा नुकसान झेलना पड़ता था, जबकि इसे कम स्तर पर लाना भारत के लिए महत्वपूर्ण लाभ साबित हो सकता है।

जब उनसे पूछा गया कि क्या शुल्क में बदलाव भारत के लिए कोई फायदा देता है, तो मंत्री ने कहा कि यह घरेलू कंपनियों को बिना रुकावट निर्यात जारी रखने का अवसर देता है। उन्होंने कहा, "ध्यान रखें, कोई भी व्यापार समझौता या अंतरराष्ट्रीय व्यापार तुलनात्मक लाभ पर आधारित होता है। इसका मतलब केवल यह नहीं कि शुल्क कितना है, बल्कि यह भी देखा जाता है कि इससे आप अपनी प्रतिस्पर्धा में कितनी बढ़त पा सकते हैं। और निश्चित रूप से, जब शुल्क 50 प्रतिशत था, हमारी कंपनियों को बहुत बड़ा नुकसान उठाना पड़ा।"

### अमेरिकी सेब पर शुल्क रियायत के खिलाफ सेब उत्पादक करेंगे प्रदर्शन

**श्रीनगर।** जम्मू-कश्मीर, हिमाचल प्रदेश और उत्तराखंड के सेब उत्पादक अमेरिकी सेब पर प्रस्तावित शुल्क रियायत के खिलाफ अगले महीने दिल्ली में प्रदर्शन करेंगे। भारत ने अंतरिम व्यापार समझौते के तहत अमेरिका को सेब पर कोटा-आधारित शुल्क रियायत दी है। अमेरिका से आने वाले सेब भारतीय बाजार में बिना किसी आयात शुल्क के प्रवेश करेंगे। उत्पादकों को आशंका है कि अमेरिका से सेबों की बाढ़ भारतीय बाजार में आ जाएगी और इससे घरेलू किसानों को बड़ा झटका लगेगा। कुलगाम के विधायक एवं श्रमिक संघ नेता मोहम्मद यूसुफ तारिगामी ने यहां पत्रकारों से कहा, 'हमने कश्मीर, हिमाचल प्रदेश और उत्तराखंड के सेब उत्पादकों को शामिल करते हुए ''एप्पल फार्मर्स फेडरेशन ऑफ इंडिया'' (एएफएफआई) का गठन किया है। हमने मार्च में (व्यापार समझौते के खिलाफ) दिल्ली में प्रदर्शन करने का निर्णय लिया है।' तारिगामी ने कहा कि एएफएफआई ने संयुक्त किसान मोर्चा से देश के सेब किसानों के समर्थन में एकजुटता दिखाने की अपील की है, जो अपनी आजीविका पर हमले का सामना कर रहे हैं। भारत-अमेरिका व्यापार समझौते पर तारिगामी ने कहा कि यह 'व्यवहारिक रूप से अमेरिका के सामने आत्मसमर्पण है।' उन्होंने कहा, 'आप जानते हैं कि इस व्यापार समझौते में अमेरिका ने भारत को रूस से तेल खरीदने पर प्रतिबंधित किया है। यदि हमारे देश को कुछ खरीदना है तो हमें अमेरिका की इच्छाओं पर विचार करना होगा। ऐसे में हम व्यापार संबंधी अपने निर्णयों में संप्रभु नहीं रहेंगे।' कुलगाम के विधायक ने कहा कि सेब उद्योग, कश्मीर की अर्थव्यवस्था की रीढ़ है। उन्होंने कहा, 'जम्मू में छोटी औद्योगिक इकाइयां हैं, लेकिन यहां अधिक नहीं हैं। हमारे पास हस्तशिल्प था लेकिन वह भी गिरावट के दौर में है। हमारी अंतिम उम्मीद सेब है लेकिन अब हम अमेरिकी सेब से प्रतिस्पर्धा नहीं कर सकते।'

# चंद्रशेखरन की पुनर्नियुक्ति टली, टाटा ट्रस्ट पर सवाल

**नई दिल्ली, एजेंसी**

टाटा समूह की होल्डिंग कंपनी टाटा संस के चेयरमैन पद पर लगातार तीसरे कार्यकाल के लिए एन चंद्रशेखरन की पुनर्नियुक्ति पर फैसला टलने से समूह के भीतर शीर्ष स्तर पर मतभेद से जुड़ी अटकलें तेज हो गई हैं। टाटा संस के निदेशक मंडल की मंगलवार को हुई बैठक में चंद्रशेखरन को एक और कार्यकाल देने के प्रस्ताव पर फैसला टाल दिया गया। यह घटनाक्रम ऐसे समय सामने आया है जब टाटा संस में 66 प्रतिशत हिस्सेदारी रखने वाले टाटा ट्रस्ट ने पिछले साल सर्वसम्मति से उन्हें तीसरा कार्यकाल देने की सिफारिश की थी। टाटा समूह से जुड़े घटनाक्रम पर नजर रखने वाले पर्यवेक्षकों का कहना है कि यह निर्णय स्थगित होने से टाटा ट्रस्ट के उस सर्वसम्मत प्रस्ताव की स्थिति पर सवाल खड़े हो गए हैं।

सूत्रों के अनुसार, टाटा ट्रस्ट के चेयरमैन नोएल टाटा ने चंद्रशेखरन की चेयरमैन पद पर दोबारा नियुक्ति को लेकर कुछ शर्तें रखी थीं। बताया जाता है कि उन्होंने समूह की कुछ कंपनियों, विशेषकर एयर इंडिया में हो रहे घाटे पर चिंता जताई। एयर इंडिया का अधिग्रहण 2022 में किया गया था और कंपनी को पुनर्गठित करने की प्रक्रिया अभी तक जारी है। इसके अलावा, सेमीकंडक्टर और बैटरी विनिर्माण जैसे उभरते क्षेत्रों में भारी पूंजीगत व्यय से जुड़े जोखिमों पर भी उन्होंने सवाल उठाए।

सूत्रों ने यह भी कहा कि नियामकीय बाध्यता की वजह से टाटा संस को शेयर बाजार में सूचीबद्ध किए जाने को लेकर भी निदेशक मंडल में आशंका जताई गई और इस संबंध में स्पष्ट आश्वासन मांगा गया। मामले से परिचित एक सूत्र ने कहा, "टाटा ट्रस्ट का सर्वसम्मत प्रस्ताव स्पष्ट रूप से कायम है और उसे उचित समय पर लागू किया जाएगा।"

हालांकि, एक अन्य पर्यवेक्षक ने सवाल उठाया कि क्या ट्रस्ट के नामित निदेशक टाटा संस के निदेशक मंडल में सर्वसम्मति के निर्णय से अलग रुख अपना सकते हैं। टाटा ट्रस्ट के पास टाटा संस में निर्णायक हिस्सेदारी है।

# विमान में वस्तुओं को ले जाने के नए नियम जारी

**मुंबई/नई दिल्ली, एजेंसी**

नागर विमानन मंत्रालय ने विमान में खतरनाक वस्तुओं को ले जाने के बारे में संशोधित नियम अधिसूचित कर दिए हैं। इनमें ऐसी वस्तुओं की साज-संभाल के लिए प्रमाणन-आधारित और जवाबदेही-आधारित व्यवस्था का प्रावधान किया गया है। खतरनाक वस्तुओं से आशय उन वस्तुओं या पदार्थों से है जो स्वास्थ्य, सुरक्षा, संपत्ति या पर्यावरण के लिए जोखिम उत्पन्न कर सकते हैं।

नियमों में खतरनाक वस्तु की आवाजाही की जानकारी देने संबंधी ढांचे को कड़ा किया गया है। ये नियम अघोषित या गलत जानकारी देकर खतरनाक वस्तुओं को विमान में लेकर जाने से जुड़े



हैं। नागर विमानन महानिदेशालय (डीजीसीए) को इन वस्तुओं के प्रबंधन में चूक के मामलों में जांच के आदेश देने का अधिकार मिला है।

''विमान (खतरनाक वस्तुओं का परिवहन) नियम, 2026'' को हितधारकों से परामर्श के बाद 17 फरवरी को अधिसूचित किया गया। विमानन उद्योग के एक वरिष्ठ अधिकारी ने कहा कि

- **स्वास्थ्य, सुरक्षा, संपत्ति या पर्यावरण के लिए खतरा उत्पन्न करने वाली वस्तुएं शामिल**

खतरनाक वस्तुओं के परिवहन से संबंधित 2003 के नियम पूर्ववर्ती विमान अधिनियम के तहत बनाए गए थे और मुख्यतः अंतरराष्ट्रीय नागर विमानन संगठन के मानकों के अनुरूप परिचालन अनुपालन विनियमों के रूप में कार्य करते थे।

इस अधिकारी ने ''एजेंसी'' से कहा कि नए नियमों में सुस्पष्ट निगरानी चक्र, औपचारिक स्वीकृतियां तथा व्यवस्थित प्रवर्तन शक्तियां शामिल हैं। अन्य प्रावधानों के तहत भारतीय एयरलाइंस को खतरनाक वस्तुओं के परिवहन के लिए डीजीसीए से प्रमाणन लेना जरूरी होगा। साथ ही, विदेशी विमानन कंपनियों को भारत से और भारत के लिए खतरनाक वस्तु ले जाने के लिए पूर्व-अनुमति लेनी होगी।

नियमों के मुताबिक, कोई भी प्रेषक या उसका एजेंट हवाई परिवहन के लिए किसी भी खतरनाक वस्तु के पैकेज या ''ओवरपैक'' की पेशकश तब तक नहीं करेगा जब तक यह सुनिश्चित न कर ले कि ऐसी खतरनाक वस्तुएं हवाई परिवहन के लिए निषिद्ध नहीं हैं और उन्हें तकनीकी निर्देशों में निर्दिष्ट शर्तों के अनुरूप सही ढंग से चिह्नित, वर्गीकृत, पैक और लेबल नहीं किया गया है। ''ओवरपैक'' में किसी प्रेषक कंपनी द्वारा एक या अधिक पैकेज को एक साथ रखा जाता है, ताकि उन्हें संभाल पाना और रखना आसान हो।

### अब देश में ही बनेगा एमॉर्फस स्टील आंध्र में लगा प्लांट

**दिल्ली।** बिजली के ट्रांसफॉर्मरों में इस्तेमाल होने वाला एमॉर्फस स्टील अब देश में ही बनेगा। इसके लिए जापानी कंपनी प्रोटेरियल की भारतीय इकाई प्रोटेरियल इंडिया ने आंध्र प्रदेश के तिरुपति जिले में जनवरी में फैक्ट्री लगाने का काम शुरू किया है और इस साल अक्टूबर तक उत्पादन आरंभ होने की उम्मीद है। बता दें कि भारत अब तक इसका आयात करता रहा है।

प्रोटेरियल इंडिया ने शुक्रवार को यहां एक संवाददाता सम्मेलन में बताया कि भारत की बढ़ती अर्थव्यवस्था और बड़े बाजार को देखते हुए कंपनी ने भारत में अपना तीसरा संयंत्र लगाने का फैसला किया है।

# सरकारी लेनदेन वाले बैंकों के लिए नियमावली जारी

**नई दिल्ली, एजेंसी**

लेखा महानियंत्रक टी.सी.ए. कल्याणी ने सरकारी लेनदेन करने वाले बैंकों के संचालन और दक्षता को मजबूत करने के लिए शुक्रवार को यहां एक कार्यक्रम में सरकारी बैंक डैशबोर्ड और सरकारी बैंक नियमावली का शुभारंभ किया।

सरकारी बैंक नियमावली बैंकों को सरकारी लेनदेन की प्रक्रिया के संबंध में एक व्यापक और मानक ढांचा प्रदान करती है। इसमें परिचालन प्रक्रियाओं, रिपोर्टिंग दायित्वों, मिलान की समय-सीमा और अनुपालन आवश्यकताओं को स्पष्ट रूप से बताया गया है। वित्त मंत्रालय की ओर से जारी प्रेस



विज्ञप्ति में बताया गया है कि इसका उद्देश्य अस्पष्टता और परिचालन जोखिम को कम करना तथा सभी हितधारकों के बीच जवाबदेही को मजबूत करना है।

सरकारी बैंक डैशबोर्ड सरकारी कामकाज से संबंधित महत्वपूर्ण बैंकिंग कार्यों की वास्तविक समय में डेटा-आधारित निगरानी की सुविधा प्रदान करता है। यह प्रेषण की समय-सीमा, स्क्रॉल अनुपालन, मिलान स्थिति, लेनदेन की सफलता की दर और सेवा-स्तर के मानकों के पालन पर नजर रखता है। श्रीमती कल्याणी ने कहा कि ये सुधार सार्वजनिक धन की सुरक्षा में साझा जिम्मेदारी को मजबूत करते हैं। उन्होंने बताया कि सुधारों के अगले चरण में गहन डिजिटल एकीकरण, मजबूत साइबर सुरक्षा उपायों, उन्नत विश्लेषणात्मक क्षमताओं और संस्थागत क्षमता निर्माण पर फोकस किया जायेगा जिससे सरकारी बैंकिंग संचालन के पारितंत्र का और आधुनिकीकरण किया जा सकेगा।

## जानकारी

### जानें कैपिटल गेन से जुड़ी हर जरूरी बात

# प्रॉपर्टी, शेयर या सोना बेचने पर कितना टैक्स लगेगा





**कारोबार डेस्क**

भारत में कैपिटल गेन टैक्स (पूंजीगत लाभ कर) और उससे मिलने वाली छूट (एग्जेंप्शन्स) के नियमों को समझना किसी भी निवेशक या संपत्ति के मालिक के लिए बहुत महत्वपूर्ण है। बजट 2024 के बाद इन नियमों में काफी बदलाव आए हैं।

### 1. कैपिटल गेन क्या है?

जब आप किसी ''कैपिटल एसेट'' (जैसे जमीन, मकान, शेयर, म्यूचुअल फंड, सोना, बॉन्ड आदि) को उसकी खरीद की कीमत से अधिक दाम पर बेचते हैं, तो होने वाले मुनाफे को कैपिटल गेन कहा जाता है। इस लाभ पर जो टैक्स सरकार को दिया जाता है, उसे कैपिटल गेन टैक्स कहते हैं।

**इसे दो श्रेणियों में विभाजित किया गया है :**

- **शॉर्ट-टर्म कैपिटल गेन (एसटीसीजी) :** कम समय के लिए संपत्ति रखने पर।
- **लॉन्ग-टर्म कैपिटल गेन (एलटीसीजी) :** लंबे समय तक संपत्ति रखने के बाद बेचने पर।

### 2. होल्डिंग पीरियड और टैक्स की दरें (बजट 2024 के बाद)

संपत्ति को कितने समय तक रखने पर उसे ''लॉन्ग-टर्म'' माना जाएगा, यह एसेट के प्रकार पर निर्भर करता है :

**2.1) लिस्टेड शेयर और इक्विटी म्यूचुअल फंड**

समय सीमा : 12 महीने (1 साल)।

- एसटीसीजी (1 साल से कम) : अब 20% की दर से टैक्स लगता है।
- एलटीसीजी (1 साल से अधिक) : अब 12.5% की दर से टैक्स लगता है।
- छूट : एक वित्तीय वर्ष में 1.25 लाख तक का लॉन्ग-टर्म मुनाफा टैक्स-फ्री होता है।

**2.2) अचल संपत्ति (रियल एस्टेट- घर या जमीन)**

समय सीमा : 24 महीने (2 साल)।

- एसटीसीजी : आपकी कुल आय में जोड़ा जाता है और आपके इनकम टैक्स स्लैब (5%, 20%, 30%) के अनुसार टैक्स लगता है।
- एलटीसीजी : अब फ्लैट 12.5% की दर से टैक्स लगता है। (पहले यह 20% था लेकिन इंडेक्सेशन का लाभ मिलता था, जिसे अब नए नियमों में हटा दिया गया है)।

**2.3) अनलिस्टेड शेयर और सोना**

समय सीमा : 24 महीने।

- एसटीसीजी : टैक्स स्लैब के अनुसार।
- एलटीसीजी : 12.5%।

### 3. टैक्स बचाने के उपाय (एग्जेंप्शन्स)

भारत का आयकर कानून (इनकम टैक्स एक्ट, 1961) निवेशकों को कुछ विशेष निवेश करने पर टैक्स से छूट देता है।

मुख्य धाराएं नीचे दी गई हैं :

- **धारा 54 (सेक्शन 54) :** घर बेचकर घर खरीदना यह छूट केवल ''रेसिडेंशियल हाउस'' (रहने वाले घर) की बिक्री पर मिलती है। **शर्त :** पुराने घर को बेचने के बाद आपको दूसरा घर खरीदना होगा।

**समय :** नया घर बिक्री की तारीख से 1 साल पहले खरीदा गया हो, या 2 साल के भीतर खरीदा जाए। यदि आप घर बना रहे हैं, तो 3 साल का समय मिलता है।

**लाभ :** जितना पैसा आप नए घर में निवेश करेंगे, उतने मुनाफे पर टैक्स नहीं लगेगा। यदि नया घर मुनाफे से महंगा है, तो पूरा टैक्स बच जाएगा।

- **धारा 54EC :** कैपिटल गेन बॉन्ड्स

यदि आपने जमीन या मकान बेचा है और आप दूसरा घर नहीं खरीदना चाहते, तो आप बॉन्ड्स में निवेश कर सकते हैं।

**कहाँ निवेश करें :** एनएचएआई, आरईसी, पीएफसी या आईआरएफसी के स्पेसिफाइड बॉन्ड्स में। **शर्त :** संपत्ति बेचने के 6 महीने के भीतर निवेश करना अनिवार्य है।

**सीमा :** आप एक वित्तीय वर्ष में अधिकतम 50 लाख तक निवेश कर सकते हैं।

**लॉक-इन पीरियड :** इन बॉन्ड्स को 5 साल तक बेचना नहीं होता।

- **धारा 54F :** घर के अलावा अन्य संपत्ति बेचकर घर खरीदना। यदि आपने सोना, शेयर या कमर्शियल प्लॉट बेचकर मुनाफा कमाया है, तो भी आप टैक्स बचा सकते हैं।

**शर्त :** आपको मुनाफे के पैसे से एक रेसिडेंशियल हाउस खरीदना होगा।

**विशेष नियम : धारा 54** में सिर्फ ''मुनाफा'' निवेश करना होता है, लेकिन 54F में आपको 'पूरी बिक्री राशि' निवेश करनी पड़ती है। यदि आप केवल आधा पैसा निवेश करते हैं, तो छूट भी आनुपातिक (प्रोपोर्शनल) मिलेगी।

# वाहन खरीदने में महाराष्ट्र, यूपी गुजरात के लोग सबसे आगे

**नई दिल्ली, एजेंसी**

वाहन खरीदने के मामले में चालू वित्त वर्ष 2025-26 की तीसरी तिमाही में उत्तर प्रदेश, महाराष्ट्र और गुजरात के लोग सबसे आगे रहे। वाहन निर्माता कंपनियों के संगठन सियाम द्वारा शुक्रवार को जारी आंकड़ों में बताया गया है कि वित्त वर्ष 2025-26 की तीसरी तिमाही (अक्टूबर-दिसंबर) के दौरान देश में कुल 12.76 लाख यात्री वाहन बिके। इसमें 12.4 प्रतिशत के साथ महाराष्ट्र पहले स्थान पर रहा जिसमें 1.58 लाख वाहन बिके। उत्तर प्रदेश 10.8 फीसदी के साथ दूसरे और गुजरात 8.2 फीसदी के साथ तीसरे स्थान पर रहा। यात्री वाहनों में कार, उपयोगी वाहन और वैन आते हैं।

घरेलू बाजार में तिमाही के दौरान दुपहिया की कुल बिक्री 56.96 लाख इकाई रही। सबसे ज्यादा 8.62 लाख इकाई (15.1 प्रतिशत) की



बिक्री उत्तर प्रदेश में हुई। महाराष्ट्र (11.3 प्रतिशत) दूसरे, तमिलनाडु (8.0 प्रतिशत) तीसरे और गुजरात (7.4 प्रतिशत) चौथे स्थान पर रहा। खास बात यह है कि कुछ राज्य जो यात्री वाहनों की खरीद में काफी पीछे थे, दुपहिया की खरीद में काफी आगे दिख रहे हैं। तिपहिया की बिक्री में 25 हजार इकाई (11.7 प्रतिशत) के साथ गुजरात ने बाजी मारी। उत्तर प्रदेश 11.5 प्रतिशत और महाराष्ट्र 11.2 प्रतिशत के साथ क्रमशः दूसरे और तीसरे स्थान पर रहे।

# राष्ट्रपति ने भारत-पाकिस्तान सीमा पर स्वदेशी हेलीकॉप्टर प्रचंड में भरी उड़ान



जयपुर, एजेंसी

- रचा इतिहास : राफेल व सुखोई में भी उड़ान भर चुकी हैं राष्ट्रपति

राष्ट्रपति द्रौपदी मुर्मू ने शुक्रवार को राजस्थान के जैसलमेर जिले में भारत-पाक सीमा के पास स्वदेशी हल्के लड़ाकू हेलीकॉप्टर (एलसीएच) प्रचंड में उड़ान भरकर इतिहास रचा। मुर्मू इससे पहले लड़ाकू विमान राफेल और सुखोई में भी उड़ान भर चुकी हैं।

भारतीय सेना की सर्वोच्च कमांडर राष्ट्रपति मुर्मू ने आलिव ग्रीन रंग की वर्दी और हेलमेट पहन प्रचंड में बतौर सह-पायलट उड़ान भरी। यह मिशन दो विमानों के एलसीएच फॉर्मेशन के रूप में क्रियान्वित किया गया। राष्ट्रपति मुर्मू ने ग्रुप कैप्टन नयन शांतिलाल बहुआ के साथ पहले विमान में उड़ान भरी जबकि वायुसेना प्रमुख एयर चीफ मार्शल एपी सिंह और ग्रुप कैप्टन ए महेंद्र दूसरे विमान में नंबर दो के रूप में सवार थे।

लगभग 25 मिनट के इस मिशन के दौरान, उन्होंने गडिसर झील और जैसलमेर किले के ऊपर से उड़ान भरी और एक टैंक लक्ष्य पर हमला किया। उन्होंने उड़ान के दौरान दिए अपने संदेश में 'प्रचंड' को आत्मनिर्भरता का सशक्त प्रतीक बताया।

## किशोरियों को देंगे सुरक्षा कवच

# सर्वाइकल कैंसर

भारत की बेटियों को जानलेवा कैंसर से बचाने के लिए केंद्र सरकार ने एक बड़ा कदम उठाते हुए 14 वर्ष की किशोरियों के लिए राष्ट्रव्यापी मुफ्त टीकाकरण अभियान (एचपीवी वैक्सिनेशन) शुरू करने का निर्णय लिया है। यह पहल न केवल महिलाओं के स्वास्थ्य को सुदृढ़ करेगी, बल्कि भविष्य में सर्वाइकल कैंसर के मामलों में भारी कमी लाएगी। भारत में महिलाओं के स्वास्थ्य के क्षेत्र में एक नई क्रांति का आगाज हो रहा है। केंद्र सरकार ने 14 साल की लड़कियों को सर्वाइकल कैंसर से सुरक्षित करने के लिए मुफ्त टीकाकरण अभियान की रूपरेखा तैयार की है। सर्वाइकल कैंसर भारत में महिलाओं में होने वाला दूसरा सबसे आम कैंसर है, हर साल हजारों परिवारों को उजाड़ देता है। देश में हर साल लगभग 1.23 लाख से अधिक नए मामले सामने आते हैं और करीब 77,000 से ज्यादा महिलाओं की मौत हो जाती है।



### बीमारी का मुख्य कारण

- इस घातक बीमारी (सर्वाइकल कैंसर) का मुख्य कारण ह्यूमन पैपिलोमा वायरस (एचपीवी) है। विशेषज्ञों का मानना है कि यदि किशोरियों को यौन रूप से सक्रिय होने से पहले यह टीका लगा दिया जाए तो उनमें इस कैंसर का खतरा 93% से 100% तक कम हो जाता है। वर्तमान में निजी अस्पतालों में इस टीके की कीमत हजारों में है, जिससे गरीब और मध्यम वर्ग की पहुंच से यह बाहर था। सरकार के इस फैसले से अब हर वर्ग की बेटी को यह सुरक्षा कवच मुफ्त मिलेगा। यह अभियान केवल एक स्वास्थ्य योजना नहीं, बल्कि स्वस्थ नारी, सशक्त भारत के सपने को साकार करने की दिशा में एक बड़ा निवेश है। टीकाकरण की यह सरकारी योजना पांच साल तक चलेगी।

### क्या है सर्वाइकल कैंसर

- सर्वाइकल कैंसर महिलाओं के गर्भाशय ग्रीवा यानी बच्चेदानी के निचले हिस्से को प्रभावित करता है। यह धीरे-धीरे विकसित होने वाली बीमारी है जो अक्सर एचपीवी वायरस के संक्रमण से शुरू होती है।
- प्रभावित अंग : यह मुख्य रूप से गर्भाशय के प्रवेश द्वार की कोशिकाओं को प्रभावित करता है।
- लक्षण : असामान्य रक्तस्राव, पीरियड्स के बीच ब्लीडिंग, संबंध बनाने के बाद दर्द, पेल्विक हिस्से में लगातार दर्द इसके मुख्य लक्षण हैं।

### टीके की कीमत

- बाजार मूल्य : निजी अस्पतालों में गार्डासिल जैसे टीकों की एक खुराक की कीमत 2,000 से 4,000 तक होती है, जबकि गार्डासिल-9 की कीमत 10,000 रुपये से भी अधिक है।
- स्वदेशी विकल्प : भारत का अपना स्वदेशी टीका 'सर्वावैक' सीरम इंस्टीट्यूट द्वारा बनाया गया है, जिसकी कीमत काफी कम है।
- सरकारी योजना : सरकार मुफ्त टीकाकरण प्रदान करेगी।

### 14 साल की उम्र ही क्यों

- वैज्ञानिक कारण : 9 से 14 वर्ष की आयु में बच्चों का इम्यून सिस्टम (रोग प्रतिरोधक क्षमता) अधिक सक्रिय होता है, जिससे टीका लगने पर एंटीबॉडी का निर्माण अधिक प्रभावी ढंग से होता है।
- सुरक्षा का दायरा : यह टीका संक्रमण होने से पहले (प्री-एक्सपोज़र) सबसे अधिक प्रभावी होता है।
- एकल खुराक : सरकार 14 साल की लड़कियों के लिए सिंगल डोज़ रणनीति अपना सकती है जो शोधों में प्रभावी पाई गई है।

स्तन का कैंसर भारती महिलाओं में सबसे आम। सर्वाइकल दूसरा सबसे आम। मुंह का कैंसर पुरुषों में सबसे अधिक पाया जाता है। फेफड़ों का कैंसर पुरुषों में मृत्यु का प्रमुख कारण।

## वर्ल्ड ब्रीफ

### चीन में विधायिका के 19 सदस्य बर्खास्त

**बीजिंग।** चीन की विधायिका ने अपनी वार्षिक बैठक शुरू होने से एक सप्ताह पहले 19 सदस्यों को बर्खास्त कर दिया है, जिनमें नौ सैन्य अधिकारी शामिल हैं। गुरुवार को की गई इस घोषणा में यह नहीं बताया गया कि इस सदस्यों को क्यों हटाया गया है, लेकिन आमतौर पर इस तरह की कार्रवाई को भ्रष्टाचार संबंधी जांच से जोड़कर देखा जाता है। चीन के नेता शी जिनपिंग द्वारा शुरू किया गया भ्रष्टाचार रोधी अभियान एक दशक से अधिक समय बीतने के बाद भी थमता नजर नहीं आ रहा है। हाल के वर्षों में इस अभियान के दायरे में सेना भी आई है।

### दुष्कर्म के दोषी भारतीय मूल के व्यक्ति को जेल

**सिंगापुर।** सिंगापुर में भारतीय मूल के एक मलेशियाई व्यक्ति को घरेलू सहायिका से दुष्कर्म के मामले में 12 वर्ष कारावास और 12 बेंत मारने की सजा सुनाई गई है। शरवीन चेट्टी (48) ने चार फरवरी को 35 वर्षीय इंडोनेशियाई महिला से दुष्कर्म के एक आरोप में दोष स्वीकार किया। घटना 11 जुलाई 2022 की है जब रात करीब आठ बजे लिटिल इंडिया मास रेपिड ट्रांसिज स्टेशन के बाहर चेट्टी ने झाड़ियों में महिला से दुष्कर्म किया। पीड़िता अपने मित्रों के साथ थी, लेकिन चेट्टी खुद को पुलिस अधिकारी बताकर उससे दुष्कर्म किया

### यूएस नौका पर क्यूबा जल क्षेत्र में हमला

**हवाना।** क्यूबा के उप विदेश मंत्री ने कहा कि क्यूबा के जलक्षेत्र में एक अमेरिकी नौका पर हुई घातक गोलीबारी के बाद क्यूबा सरकार अमेरिकी अधिकारियों के साथ बातचीत कर रही है। कार्लोस फर्नांडीज डी कोसियो ने कहा कि क्यूबा सरकार अमेरिकी अधिकारियों के साथ सूचनाओं का आदान-प्रदान करने को तैयार है। क्यूबा इस बारे में अमेरिका से जानकारी मांगने की योजना बना रहा है कि इस घटना में शामिल संदिग्धों कौन थे और उन्होंने आगे की यात्राओं के लिए किन साधनों का इस्तेमाल किया।

### नेपाल में 4.7 तीव्रता के भूकंप के झटके

**काठमांडू।** नेपाल के संखुवासभा जिले में शुक्रवार को 4.7 तीव्रता का भूकंप आया। भूकंप से जानमाल के नुकसान की तत्काल कोई खबर नहीं है। राष्ट्रीय भूकंप निगरानी और अनुसंधान केंद्र के अनुसार, भूकंप शुक्रवार तड़के तीन बजकर 18 मिनट पर आया और इसका केंद्र काठमांडू से लगभग 400 किलोमीटर पूर्व में स्थित संखुवासभा-ताप्लेजंग सीमा क्षेत्र के पास टोपके गोला में था। भोजपुर, पंचथर और तेहरथुम सहित पड़ोसी जिलों के लोगों ने भी भूकंप के झटके महसूस किए।

# संसद को कानून बनाने का अधिकार वह केंद्र के शपथ पत्र से बाध्य नहीं

## बीएनएस की धारा 152 की वैधता से जुड़ी याचिका पर सुनवाई में सुप्रीम कोर्ट की टिप्पणी

- प्रधान न्यायाधीश सूर्यकांत की पीठ ने की मामले की सुनवाई

नई दिल्ली, एजेंसी

उच्चतम न्यायालय ने शुक्रवार को कहा कि संसद को कानून बनाने का पूर्ण विशेषाधिकार है और वह केंद्र द्वारा अदालत के समक्ष दिए गए किसी भी शपथपत्र से बाध्य नहीं है। ये टिप्पणी प्रधान न्यायाधीश सूर्यकांत और न्यायमूर्ति जॉयमाल्य बागची की पीठ ने की, जो भारतीय न्याय संहिता (बीएनएस) की धारा 152 की वैधता पर सवाल उठाने वाली याचिकाओं की सुनवाई कर रही थी।

बीएनएस की धारा 152 भारत की संप्रभुता, एकता और अखंडता को खतरे में डालने वाले कृत्यों से संबंधित है। याचिकाकर्ताओं की ओर से पेश हुए अधिवक्ताओं में से एक ने कहा कि धारा 152 पूर्ववर्ती आईपीसी की धारा 124ए (राजद्रोह) को पुनः लागू करती है। मई 2022 में, उच्चतम न्यायालय की तीन न्यायाधीशों की पीठ ने राजद्रोह से संबंधित औपनिवेशिक काल के दंड कानून पर तब तक रोक लगा दी थी, जब तक कि एक उपयुक्त सरकारी प्राधिकार इसकी पुनः समीक्षा नहीं करता और केंद्र एवं राज्यों को इस अपराध का हवाला देते हुए कोई भी नई प्राथमिकी दर्ज नहीं करने का निर्देश दिया था। शुक्रवार को वकील ने कहा कि 2022 में केंद्र सरकार ने उच्चतम न्यायालय के समक्ष राजद्रोह कानून की समीक्षा करने के लिए एक शपथपत्र दिया था। वकील ने कहा कि अदालत के समक्ष एक शपथपत्र देने के बाद सरकार बीएनएस में इस प्रावधान को दोबारा पेश नहीं कर सकती। पीठ ने कहा, भारत सरकार ने भले ही अदालत के समक्ष शप पत्र दिया हो, लेकिन संसद उस शपथपत्र से बाध्य नहीं है। कानून बनाने का पूर्ण अधिकार संसद के पास है।



### शांति अधि. के खिलाफ याचिका सुनी जाएगी

**नई दिल्ली।** उच्चतम न्यायालय ने शुक्रवार को भारत में बदलाव के लिए परमाणु ऊर्जा के सतत दोहन और विकास (शांति) अधिनियम, 2025 के कई प्रावधानों को चुनौती देने वाली याचिका पर सुनवाई करने पर सहमति जताई। शीर्ष अदालत ने याचिका स्वीकार करते हुए टिप्पणी की कि उठाया गया सवाल एक दिखने वाले वास्तविक एवं ठोस राष्ट्रीय हित और एक दुर्भाग्यपूर्ण काल्पनिक नुकसान के बीच है। प्रधान न्यायाधीश (सीजेआई) सूर्यकांत और न्यायमूर्ति जॉयमाल्य बागची की पीठ ने इस मामले को अत्यंत संवेदनशील मुद्दा बताते हुए विस्तृत सुनवाई की आवश्यकता जताई और याचिकाकर्ताओं से अन्य देशों के तुलनात्मक नियामक तंत्र प्रस्तुत करने को कहा।

### बंगाल : न्यायिक अधिकारियों के प्रशिक्षण मॉड्यूल पर आपत्ति खारिज

**नई दिल्ली।** उच्चतम न्यायालय ने शुक्रवार को पश्चिम बंगाल सरकार की उस आपत्ति को खारिज कर दिया, जिसमें राज्य में मतदाता सूचियों के विशेष गहन पुनरीक्षण (एसआईआर) में तैनात न्यायिक अधिकारियों के लिए निर्वाचन आयोग द्वारा जारी प्रशिक्षण मॉड्यूल पर आपत्ति जताई गई थी। सीजेआई सूर्यकांत और न्यायमूर्ति जॉयमाल्या बागची की पीठ ने कहा कि न्यायिक अधिकारी किसी भी चीज से प्रभावित नहीं होंगे और इस मामले में सर्वोच्च न्यायालय द्वारा पारित आदेश बिलकुल स्पष्ट हैं। पश्चिम बंगाल की ओर से पेश हुए वरिष्ठ अधिवक्ता कपिल सिब्बल ने पीठ के समक्ष इस मामले का उल्लेख किया। सिब्बल ने पीठ को बताया, कुछ अजीबोगरीब घटना घटी है। माननीय न्यायाधीशों ने आदेश पारित किया कि सभी तौर-तरीके कलकत्ता उच्च न्यायालय के मुख्य न्यायाधीश और समिति द्वारा तय किए जाएंगे, जबकि निर्वाचन आयोग ने पीठ पीछे न्यायिक अधिकारियों को निर्देश जारी किए हैं और एक प्रशिक्षण मॉड्यूल जारी किया है कि उन्हें क्या स्वीकार करना चाहिए और क्या नहीं।

## कोलकाता सहित पश्चिम बंगाल के कई जिलों में भूकंप

**कोलकाता।** बांग्लादेश के कुछ हिस्सों में शुक्रवार दोपहर 5.5 तीव्रता का भूकंप आने के बाद कोलकाता और आसपास के जिलों में भी उसके झटके महसूस किए गए। भारत मौसम विज्ञान विभाग (आईएमडी) के एक अधिकारी ने कहा कि भूकंप दोपहर एक बजकर 22 मिनट पर महसूस किया गया और लोग दहशत में आ गए। उन्होंने कहा कि भूकंप धरती की सतह से 10 किलोमीटर की गहराई में दर्ज किया गया था। अधिकारी ने बताया कि भूकंप का केंद्र बांग्लादेश का सतखीरा जिला था, जो कोलकाता से लगभग 100 किलोमीटर दूर तथा उत्तरी 24 परगना जिले में सीमावर्ती क्षेत्र ताकी से महज 25 किलोमीटर दूर है।

भूकंप से जानमाल के नुकसान की तत्काल कोई सूचना नहीं है लेकिन कोलकाता के उत्तरी हिस्से में कुछ प्रतिष्ठानों के कर्मचारियों ने भूकंप के कारण दीवारों में दरारें पड़ जाने का दावा किया। भूकंप के झटके लगभग 10 सेकंड तक महसूस किए गए जिससे कोलकाता के लोग घबरा कर अपने अपने घरों से निकलकर खुली सड़कों पर आ गए। राज्य सचिवालय , विधानसभा भवन और मुख्य निर्वाचन अधिकारी के कार्यालय में काम करने वाले कर्मचारियों में दहशत फैल गई।

# डॉल्फिन हंटर आईएनएस अंजदीप का जलावतरण

चेन्नई, एजेंसी

- भारतीय नौसेना की पनडुब्बीरोधी युद्ध क्षमता को बढ़ाएगा



भारतीय नौसेना ने शुक्रवार को आईएनएस अंजदीप युद्धपोत का जलावतरण किया। इस युद्धपोत का उद्देश्य भारतीय नौसेना की पनडुब्बी रोधी युद्ध क्षमताओं और तटीय निगरानी को बढ़ाना है। नौसेना प्रमुख एडमिरल दिनेश के. त्रिपाठी ने चेन्नई बंदरगाह पर पोत का जलावतरण किया।

आईएनएस अंजदीप एंटी-सबमरीन वारफेयर शैलो वॉटर क्राफ्ट परियोजना के तहत बनाए जा रहे आठ पोतों में से तीसरा है। यह पोत डॉल्फिन हंटर के रूप में कार्य करने के लिए डिजाइन किया गया है, जिसका मुख्य उद्देश्य तटीय क्षेत्रों में दुश्मन पनडुब्बियों का पता लगाना, उनका पीछा करना और उन्हें नष्ट करना है। चेन्नई बंदरगाह पर आयोजित एक आधिकारिक समारोह में एडमिरल त्रिपाठी ने नौसेना के वरिष्ठ अधिकारियों, सरकारी अधिकारियों और अन्य अधिकारियों की उपस्थिति में औपचारिक रूप से पोत का जलावतरण किया। 77 मीटर लंबे इस पोत में एक हाई-स्पीड वाटर-जेट प्रोपल्शन सिस्टम लगा है, जो इसे त्वरित प्रतिक्रिया और निरंतर संचालन के लिए 25 समुद्री मील की अधिकतम गति हासिल करने में सक्षम बनाता है। नौसेना ने कहा कि कोलकाता स्थित गार्डन रीच शिपबिल्डर्स एंड इंजीनियर्स द्वारा निर्मित अंजदीप को विशेष रूप से तटीय और राष्ट्र की सुरक्षा के लिहाज से अहम, उथले जल क्षेत्रों में परिचालन की चुनौतियों से निपटने के लिए डिजाइन किया गया है।

### बचाव अभियानों को भी अंजाम देगा

पनडुब्बी रोधी युद्ध भूमिका के अलावा यह पोत तटीय निगरानी, कम तीव्रता वाले समुद्री अभियानों तथा खोज एवं बचाव अभियानों को अंजाम देने में भी सक्षम है। यह पोत स्वदेशी, अत्याधुनिक पनडुब्बी रोधी युद्धक हथियारों और सेंसर पैकेज से लैस है जिसमें सोनार अभय भी शामिल है और यह हल्के टॉरपीडो एवं पनडुब्बी रोधी रॉकेटों से युक्त है। अंजदीप का नाम कर्नाटक के कारवार तट (अरब सागर) के निकट स्थित अंजदीप द्वीप के नाम पर रखा गया है।

# अब अभिभावकों को सतर्क करेगा इंस्टाग्राम

वॉशिंगटन, एजेंसी

- आत्महत्या से संबंधित शब्द बार-बार खोजने पर भेजेगा संदेश

सोशल मीडिया मंच इंस्टाग्राम ने घोषणा की है कि यदि किशोर उपयोगकर्ता आत्महत्या या खुद को नुकसान पहुंचाने से संबंधित शब्दों को बार-बार खोजते हैं, तो वह उनके अभिभावकों को सूचित करेगा। यह अलर्ट केवल उन अभिभावकों को भेजे जाएंगे जो इंस्टाग्राम के पैरेंटल सुपरविजन कार्यक्रम में नामांकित हैं।

इंस्टाग्राम का कहना है कि वह पहले से ही ऐसे संवेदनशील कंटेंट को किशोरों के सर्च परिणामों में दिखने से रोकता है और उपयोगकर्ताओं को हेल्पलाइन की ओर निर्देशित करता है। यह घोषणा ऐसे समय में आई है जब इंस्टाग्राम की मूल कंपनी मेटा बच्चों को होने वाले कथित नुकसान से जुड़े दो मुकदमों का सामना कर रही है। लॉस एंजिलिस में चल रहे एक मुकदमे में यह सवाल उठाया गया है कि क्या मेटा के मंच जानबूझकर नाबालिगों को लत लगाने और उन्हें नुकसान पहुंचाने के लिए डिजाइन किए गए हैं। वहीं, न्यू मैक्सिको में एक अन्य मामले में यह जांच की जा रही है कि क्या मेटा अपने मंच पर बच्चों को यौन शोषण से बचाने में विफल रही। हजारों परिवारों, जिलों और सरकारी संस्थाओं ने मेटा तथा अन्य सोशल मीडिया कंपनियों के खिलाफ मुकदमे दायर किए हैं। आरोप है कि ये कंपनियां अपने मंच को जानबूझकर इस तरह डिजाइन करती हैं कि उनकी लत लग जाए।

## झुग्गी की छात्रा को ऑस्ट्रेलिया में मिला वजीफा

**नई दिल्ली।** पश्चिमी दिल्ली के पीरागढ़ी स्थित झुग्गी बस्ती की एक युवती ने ऑस्ट्रेलिया में स्नातकोत्तर अध्ययन के लिए छात्रवृत्ति हासिल की है। ऑस्ट्रेलिया के शिक्षा मंत्री ने कैनबरा में आयोजित एक राष्ट्रीय उच्च शिक्षा शिखर सम्मेलन में उसकी शैक्षिक यात्रा की सराहना की। दिल्ली स्थित एनजीओ आशा के सहयोग से पली-बढ़ी नैन्सी को मेलबर्न विवि में अंतर्राष्ट्रीय संबंधों में पीजी पाठ्यक्रम में प्रवेश मिला है। एनजीओ ने गुरुवार को कहा कि नैन्सी को मेलबर्न वेलकमिंग यूनिवर्सिटीज स्कॉलरशिप प्रदान की गई है और वह अगले सप्ताह से अपना पाठ्यक्रम शुरू करेंगी। उन्हें कैनबरा में आयोजित यूनिवर्सिटीज ऑस्ट्रेलिया सॉल्यूशंस समिट 2026 में भी आमंत्रित किया गया था।

# मेलानिया करेंगी संरा सुरक्षा परिषद बैठक की अध्यक्षता

संयुक्त राष्ट्र, एजेंसी

- बैठक की अध्यक्षता करने वाली पहली प्रथम महिला होंगी

अमेरिका की प्रथम महिला मेलानिया ट्रंप सोमवार को संयुक्त राष्ट्र सुरक्षा परिषद की एक बैठक की अध्यक्षता करेंगी। संयुक्त राष्ट्र के अनुसार यह पहली बार होगा जब कोई प्रथम महिला इस परिषद की बैठक की अध्यक्षता करेंगी। संयुक्त राष्ट्र के प्रवक्ता स्टीफन दुजारिक ने पत्रकारों को बताया कि जब अमेरिका के राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रंप की पत्नी मेलानिया ट्रंप सोमवार दोपहर को सुरक्षा परिषद की अध्यक्ष की कुर्सी संभालेंगी तो यह एक ऐतिहासिक क्षण होगा।

15 सदस्यीय संयुक्त राष्ट्र सुरक्षा परिषद की बारी-बारी से आने वाली अध्यक्षता मार्च के लिए अमेरिका के पास है। प्रथम महिला के कार्यालय ने बताया कि वह जिस बैठक की अध्यक्षता करेंगी उसका उद्देश्य सहिष्णुता और विश्व शांति को बढ़ावा देने में शिक्षा की भूमिका को रेखांकित करना होगा। मेलानिया ट्रंप ने संघर्षरत क्षेत्रों में बच्चों के मुद्दे को अपनी प्रमुख प्राथमिकताओं में रखा है।

उन्होंने पिछले वर्ष रूस के राष्ट्रपति व्लादिमीर पुतिन को भी पत्र लिखा था, जिसके बाद रूस-यूक्रेन युद्ध के कारण विस्थापित कुछ बच्चों को उनके परिवारों से मिलाने की पहल की गई। दुजारिक ने बताया कि सोमवार की बैठक का विषय संघर्ष की परिस्थितियों में बच्चे, प्रौद्योगिकी और शिक्षा होगा।

## कैसा रहेगा आपका आज का दिन

**मेष** — आज अपनी छवि को लेकर कुछ चिंतित रहेंगे। उधार धन लेना पड़ सकता है। आप फोकस होकर अपने कार्यों में लगे रहें।

**तुला** — आज व्यवसाय में अचानक धन लाभ हो सकता है। दूसरों के कार्यों में अधिक हस्तक्षेप न करें। शेयर से जुड़े कार्यों से लाभ होगा।

**वृष** — आज नया वाहन खरीदने का विचार बनाएंगे। भौतिक सुख-सुविधाओं का आनंद उठाएंगे। अपनी दिनचर्या में आप परिवर्तन ला सकते हैं।

**वृश्चिक** — आज अधिकारी आपके कार्यों से अत्यधिक प्रसन्न रहेंगे। व्यापार में गति आ सकती है। आपको पुराने अनुभवों से लाभ हो सकता है।

**मिथुन** — आज टीम भावना को रखते हुए काम करें। काम के पूरा न होने से मन में असंतोष रहेगा। नए व्यावसायिक संपर्क विकसित हो सकते हैं।

**धनु** — आज आपको यात्रा कम से कम करनी चाहिए। जीवन की सत्यता का सामना करना पड़ेगा। भावनात्मक उतार-चढ़ाव पर नियंत्रण रखें।

**कर्क** — आज आय की दृष्टि से दिन बहुत ही अच्छा है। अधूरे पड़े कार्य आप पुनः प्रारंभ कर सकते हैं। कार्यक्षेत्र में आपके नए मित्र बन सकते हैं।

**मकर** — आज आपको तनाव का सामना करना पड़ेगा। कार्यक्षेत्र में कुछ लोग आपकी तरक्की से जलेंगे। दांपत्य संबंध में कड़वाहट हो सकती है।

**सिंह** — आज आप चुनौतियों को आसानी से निपटा लेंगे। अपनी प्रतिभा का विकास कर सकते हैं। धार्मिक स्थल की यात्रा कर सकते हैं।

**कुंभ** — आज मित्रों का आपके ऊपर काफी अच्छा प्रभाव पड़ेगा। जीवनसाथी आपका उत्साहवर्धन करेंगे। आय बढ़ाने के लिए प्रयासरत रहेंगे।

**कन्या** — आज कार्यक्षेत्र में आपका मन नहीं लगेगा। आपको कुछ आकस्मिक खर्च करने पड़ेंगे। अधिकारियों के प्रति अपना व्यवहार अच्छा रखें।

**मीन** — आज का दिन काफी अच्छा रहना वाला है। दूसरों की सहायता करने का प्रयास करेंगे। उच्च अधिकारी आपका सहयोग कर सकते हैं।

### आज का पंचांग

-पं.मनोज कुमार द्विवेदी




**आज की ग्रह स्थिति :** 28 फरवरी, शनिवार 2026 संवत-2082, शक संवत 1947 मास- फाल्गुन, पक्ष-शुक्ल पक्ष, द्वादशी 20.43 तक तत्पश्चात त्रयोदशी।

**दिशाशूल**- पूर्व, **ऋतु**- वसंत।
**चन्द्रबल**- वृषभ, कर्क, कन्या, तुला, मकर, कुंभ।
**ताराबल**- भरणी, रोहिणी, आर्द्रा, पुनर्वसु, पुष्य, आश्लेषा, पूर्वा फाल्गुनी, हस्त, स्वाति, विशाखा, अनुराधा, ज्येष्ठा, पूर्वाषाढ़ा, श्रवण, शतभिषा, पूर्वाभाद्रपद, उत्तराभाद्रपद, रेवती।
**नक्षत्र**- पुनर्वसु 21.35 तक तत्पश्चात पुष्य।

### सुडोकू - 74 का हल

| | | | | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| 7 | 8 | 3 | 4 | 2 | 9 | 6 | 1 | 5 |
| 5 | 1 | 2 | 7 | 6 | 8 | 4 | 3 | 9 |
| 9 | 4 | 6 | 3 | 5 | 1 | 8 | 2 | 7 |
| 6 | 9 | 5 | 1 | 4 | 2 | 3 | 7 | 8 |
| 4 | 3 | 1 | 8 | 7 | 6 | 5 | 9 | 2 |
| 8 | 2 | 7 | 5 | 9 | 3 | 1 | 6 | 4 |
| 3 | 5 | 4 | 9 | 1 | 7 | 2 | 8 | 6 |
| 2 | 7 | 8 | 6 | 3 | 5 | 9 | 4 | 1 |
| 1 | 6 | 9 | 2 | 8 | 4 | 7 | 5 | 3 |

### सुडोकू -75

| | | | | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| | 7 | 1 | | | | 4 | | 3 |
| | | | 2 | | | 7 | | |
| 5 | 6 | | | 1 | | 9 | | |
| 9 | | 6 | | 3 | | | | 8 |
| | | 4 | | | | 6 | | |
| 1 | | | | 7 | | | | 5 |
| | | 7 | | 4 | | | 2 | |
| | | 2 | | | 5 | | | |
| 8 | | | | | 1 | 3 | 9 | |

# नेपाल आम चुनाव में त्रिकोणीय मुकाबला

काठमांडू, एजेंसी

- बालेंद्र शाह, गगन थापा और पूर्व प्रधानमंत्री ओली के बीच रेस

नेपाल में पांच मार्च को होने वाले राष्ट्रव्यापी चुनावों में, प्रधानमंत्री पद के दावेदार माने जा रहे तीन प्रमुख उम्मीदवारों में काठमांडू के पूर्व मेयर बालेंद्र शाह, नेपाली कांग्रेस के युवा नेता गगन थापा और पूर्व प्रधानमंत्री के.पी. शर्मा ओली शामिल हैं। यह चुनाव पिछले साल हुए 'जेन जेड' के विरोध प्रदर्शन के कारण के. पी. शर्मा ओली के प्रधानमंत्री पद से अपदस्थ होने के बाद हो रहा है।

चुनाव में विजयी होने वाला उम्मीदवार देश का 16वां प्रधानमंत्री बनेगा, जो 2008 में राजशाही की समाप्ति के बाद से जारी राजनीतिक अस्थिरता को रेखांकित करता है। पिछले साल नेपाल में हुए विरोध प्रदर्शनों ने देश में भ्रष्टाचार और बेरोजगारी को लेकर युवाओं की हताशा को उजागर किया, जहां लगभग 20 प्रतिशत युवा बेरोजगार हैं। इस चुनाव के जरिये संसद के निचले सदन प्रतिनिधि सभा के सदस्यों को भी चुना जाना है। बालेंद्र शाह, जिन्हें 'बालेन' नाम से जाना जाता है, चुनाव प्रचार के दौरान एक लोकप्रिय नेता के रूप में उभरने के बाद प्रधानमंत्री पद के प्रबल दावेदार माने जा रहे हैं। वह 2022 में राजधानी काठमांडू के महापौर चुने गए थे। बाद में, उन्होंने राष्ट्रीय स्वतंत्र पार्टी की ओर से प्रधानमंत्री पद का उम्मीदवार बनने के लिए महापौर का पद छोड़ दिया था।

**दिल्ली हाईकोर्ट ने कहा** — व्यक्तिगत स्वतंत्रता के खिलाफ कोई कार्रवाई तर्कसंगत होनी चाहिए

# पासपोर्ट रखना निजी स्वतंत्रता का अभिन्न अंग

- एक मामले में केंद्र के फैसले को रद्द करते हुए दिया आदेश

नई दिल्ली, एजेंसी

दिल्ली उच्च न्यायालय ने कहा है कि पासपोर्ट रखने और विदेश यात्रा करने का अधिकार भारत के संविधान के अनुच्छेद 21 के तहत व्यक्तिगत स्वतंत्रता का अभिन्न अंग है। न्यायालय ने कहा कि जब अधिकारियों की कोई भी कार्रवाई ऐसे किसी अधिकार का उल्लंघन करती है, तो यह तर्कसंगत होनी चाहिए और प्राकृतिक न्याय के सिद्धांतों के अनुरूप होनी चाहिए।

न्यायमूर्ति पुरुषेंद्र कुमार कौरव ने केंद्र सरकार के उस फैसले को रद्द करते हुए यह आदेश पारित किया, जिसमें रहेजा डेवलपर्स के पूर्व निदेशक योगेश रहेजा का पासपोर्ट नवीनीकरण के लिए आवेदन करते समय उनके खिलाफ लंबित प्राथमिकी की जानकारी न देने के कारण जब्त कर लिया गया था। याचिकाकर्ता का पासपोर्ट जब्त करने का आदेश अधिकारियों द्वारा 17 जनवरी, 2025 को पारित किया गया था, और इस निर्णय के खिलाफ उसकी अपील को अपीलीय प्राधिकरण द्वारा 25 मार्च, 2025 को खारिज कर दिया गया था। याचिकाकर्ता के वकील ने कहा कि विदेश मंत्रालय के 2019 के कार्यालय ज्ञापन के अनुसार, केवल प्राथमिकी दर्ज होना पासपोर्ट जारी करने के संदर्भ में आपराधिक कार्यवाही लंबित माने जाने के समान नहीं है, जब तक कि सक्षम अधिकार क्षेत्र वाली अदालत ने कथित अपराध का संज्ञान न ले लिया हो। अदालत ने पाया कि याचिकाकर्ता का पासपोर्ट जब्त करने के लिए अधिकारियों द्वारा दिए गए कारण कानून की कसौटी पर खरे नहीं उतरे, क्योंकि उसने अक्टूबर 2024 में अपने पासपोर्ट के नवीनीकरण के लिए आवेदन किया था।




### राज्य करे प्राकृतिक न्याय सिद्धांतों का पालन

अदालत ने कहा कि पासपोर्ट रखने और विदेश यात्रा करने का अधिकार संविधान के अनुच्छेद 21 के तहत गारंटीकृत व्यक्तिगत स्वतंत्रता के अधिकार का एक अभिन्न अंग है। इससे यह निष्कर्ष निकलता है कि पासपोर्ट रखने के अधिकार का अतिक्रमण करने वाली राज्य की किसी भी कार्रवाई को युक्तिसंगतता की कसौटी पर खरा उतरना होगा तथा वह प्राकृतिक न्याय के सिद्धांतों के अनुरूप होनी चाहिए। प्रतिवादियों द्वारा पारित निर्णय को बरकरार नहीं रखा जा सकता।



“ऑस्ट्रेलिया के खिलाफ पहले दो वनडे में खराब बल्लेबाजी की वजह से उन्हें लगातार हार का सामना करना पड़ा। बदकिस्मती से हमने फिर वही गलतियां कीं। हमने लगातार विकेट गंवाए और ज्यादा रन नहीं बना पाए।

-हरमनप्रीत कौर


# स्टेडियम

मुरादाबाद, शनिवार, 28 फरवरी 2026

अमृत विचार

www.amritvichar.com


## सुपर-8 में आज

| टीम | समय |
|---|---|
| श्रीलंका-पाकिस्तान | शाम 7 बजे |

## हाईलाइट

### क्रिकेटर रिंकू सिंह के पिता का निधन



**अलीगढ़/नोएडा।** भारतीय क्रिकेटर रिंकू सिंह के पिता खानचंद सिंह का शुक्रवार तड़के लंबी बीमारी के बाद ग्रेटर नोएडा के एक अस्पताल में निधन हो गया। परिवार के सूत्रों ने यह जानकारी दी। सिंह 58 वर्ष के थे और कैंसर से पीड़ित थे। काफी समय से ग्रेटर नोएडा के एक निजी अस्पताल में उनका इलाज हो रहा था। अस्पताल के चिकित्सकों ने यह जानकारी दी। ग्रेटर नोएडा के यथार्थ हॉस्पिटल के प्रवक्ता डॉ. सुनील कुमार ने बताया कि रिंकू के पिता लिवर के कैंसर से जूझ रहे थे। हाल में उनकी तबीयत काफी बिगड़ गई थी, जिसके बाद 21 फरवरी से वह अस्पताल में ही भर्ती थे। उन्हें वेंटिलेटर पर रखा गया था और आज तड़के उन्होंने अंतिम सांस ली। अलीगढ़ जिले के निवासी 28 वर्षीय रिंकू की सफलता के पीछे उनके पिता का बहुत बड़ा हाथ रहा है। अलीगढ़ में गैस सिलेंडर आपूर्ति का काम करने वाले सिंह ने तमाम अभावों के बावजूद रिंकू के क्रिकेटर बनने के सपने को पूरा करने में हरसंभव मदद की।

### न्यूजीलैंड के हेनरी को पितृत्व अवकाश मिला

**कोलंबो।** न्यूजीलैंड के तेज गेंदबाज मैट हेनरी इंग्लैंड के खिलाफ टीम के टी20 विश्व कप सुपर आठ मुकाबले के बाद अपने दूसरे बच्चे के जन्म के मौके पर पत्नी के साथ रहने के लिए शुक्रवार रात स्वदेश लौट जाएंगे। न्यूजीलैंड क्रिकेट (एनज़ेडसी) ने कहा कि टीम के सेमीफाइनल में पहुंचने पर हेनरी टूर्नामेंट में वापसी कर सकते हैं।

# भारत-वेस्टइंडीज मैच में ईडन गार्डन्स पर रन वर्षा की उम्मीद

## ‘वर्चुअल क्वार्टर फाइनल’ की तरह होगा मुकाबला, कोलकाता पहुंची टीम

**टी-20 विश्व कप**

**कोलकाता, एजेंसी**

भारत का रविवार को टी-20 विश्व कप में वेस्टइंडीज के खिलाफ ‘वर्चुअल क्वार्टर फाइनल’ उसी पिच पर खेला जाएगा जहां स्कॉटलैंड ने टूर्नामेंट का पहला 200 रन से अधिक का स्कोर बनाया था। स्थानीय क्यूरेटर सुजान मुखर्जी के अनुसार भारत और वेस्टइंडीज के बीच सुपर-8 का मुकाबला उसी पिच पर होगा जिस पर टी-20 विश्व कप का दूसरा मैच खेला गया था।

बंगाल क्रिकेट संघ (सीएबी) अध्यक्ष सौरव गांगुली ने शुक्रवार शाम पिच और आउटफील्ड को पूरी तरह ढकने से पहले उसका निरीक्षण किया। पूर्व बीसीसीआई अध्यक्ष ने मुखर्जी और बोर्ड के मुख्य क्यूरेटर आशीष भौमिक के साथ लंबी चर्चा की। पूर्व भारतीय कप्तान ने दोनों छोर से पिच की सतह का मुआयना किया। मुखर्जी ने कहा गांगुली पिच की तैयारी देखकर खुश दिखे। यह वही पिच है जिसका इस्तेमाल विश्व कप के दूसरे मैच में हुआ था। यह पारंपरिक ईडन विकेट है जिस पर काफी रन बनते हैं और गेंदबाजों के लिए भी कुछ न कुछ होता है। उन्होंने साथ ही कहा कि मैदान पर काफी ओस भी रहने की संभावना है। स्कॉटलैंड ने नौ फरवरी को इटली के खिलाफ चार विकेट पर 207 रन का स्कोर बनाकर इस विश्व कप का पहला 200 रन से ज्यादा का स्कोर दर्ज किया। उसने इटली को 134 पर आउट कर दिया। पिच काफी सूखी होने की संभावना है जिसके कारण स्पिन गेंदबाजी फिर से अहम भूमिका निभा सकती है। हालांकि ईडन पिच पर अच्छा उछाल मिलता है। इंग्लैंड के मुकाबलों में यह साफ देखा गया जहां जोफ्रा आर्चर ने परिस्थितियों का पूरा फायदा उठाया। भारत के तेज गेंदबाज जसप्रीत बुमराह, बाएं हाथ के तेज गेंदबाज अर्शदीप सिंह और हार्दिक पंड्या भी अपने मौके को भुनाने की उम्मीद रख सकते हैं। भारत इस चरण में ईडन गार्डन्स पर अपना पहला मैच खेलेगा जबकि वेस्टइंडीज को थोड़ा फायदा मिल सकता है क्योंकि उसने पहले ही यहां दो ग्रुप मैच (स्कॉटलैंड और इटली के खिलाफ) खेले हैं जिसमें उसे जीत मिली है। दक्षिण अफ्रीका के वेस्टइंडीज को हराने और भारत के जिम्बाब्वे को बाहर करने के बाद यह सुपर आठ मुकाबला लगभग नॉकआउट जैसा बन गया है।



टीम के साथ कोलकाता एयरपोर्ट पहुंचे वाशिंगटन सुंदर और तिलक वर्मा। एजेंसी

**सुपर-8 ग्रुप 1**

| टीम | मैच | जीत | हार | रद | अंक | रनरेट |
|---|---|---|---|---|---|---|
| 1. साउथ अफ्रीका | 2 | 2 | 0 | 0 | 4 | 2.890 |
| 2. वेस्टइंडीज़ | 2 | 1 | 1 | 0 | 2 | 1.791 |
| 3. भारत | 2 | 1 | 1 | 0 | 2 | -0.100 |
| 4. ज़िम्बाब्वे | 2 | 0 | 2 | 0 | 0 | -4.475 |

**सुपर-8 ग्रुप 2**

| टीम | मैच | जीत | हार | रद | अंक | रनरेट |
|---|---|---|---|---|---|---|
| 1. इंग्लैंड | 2 | 2 | 0 | 0 | 4 | 1.491 |
| 2. न्यूज़ीलैंड | 2 | 1 | 0 | 1 | 3 | 3.050 |
| 3. पाकिस्तान | 2 | 0 | 1 | 1 | 1 | -0.461 |
| 4. श्रीलंका | 2 | 0 | 2 | 0 | 0 | -2.800 |

### हम विपक्षी गेंदबाजों में खौफ देखना चाहते हैं: तिलक वर्मा

**चेन्नई।** तिलक वर्मा ने कहा कि शुरू में विकेट गंवाने के बावजूद भारत मौजूदा टी-20 विश्व कप में अपने आक्रामक रवैए पर कायम रहेगा, क्योंकि इससे विपक्षी टीम के गेंदबाजों में खौफ पैदा होता है। भारत ने सभी बल्लेबाजों के उपयोगी योगदान से जिम्बॉब्वे के खिलाफ सुपर-8 मैच में चार विकेट पर 256 रन का विशाल स्कोर खड़ा किया और इसके बाद 72 रन से आसान जीत दर्ज की। तिलक ने संवाददाताओं से कहा हम एक टीम के रूप में अच्छा स्कोर बनाना चाहते थे। हमने इस पर चर्चा की कि अगर हम पावर प्ले में तीन या चार विकेट भी खो दें तब भी आक्रामक अंदाज में ही बल्लेबाजी करेंगे।

# अभिषेक ने चुप करा दिया आलोचकों को



**नई दिल्ली, एजेंसी**

- पूर्व कप्तान सुनील गावस्कर बोले-अभिषेक को रक्षात्मक खेलते देखकर हैरानी हुई



भारत के पूर्व कप्तान सुनील गावस्कर ने टी20 विश्व कप में जिम्बाब्वे के खिलाफ अर्धशतक लगाकर आलोचकों को चुप कराने के लिए अभिषेक शर्मा की सराहना की लेकिन साथ ही कहा कि उन्हें इस विस्फोटक बल्लेबाज को रक्षात्मक शॉट खेलते देखकर हैरानी हुई। अभिषेक इस टूर्नामेंट के दौरान अस्वस्थ भी रहे और तीन मैच में वह खाता भी नहीं खोल पाए। उन्होंने हालांकि जिम्बाब्वे के खिलाफ भारत की 72 रन की जीत में 30 गेंदों में 55 रन बनाकर फॉर्म में वापसी का संकेत दिया। गावस्कर ने जियोस्टार से कहा हम जानते हैं कि अभिषेक शर्मा कितने अच्छे बल्लेबाज। जिम्बाब्वे के खिलाफ 55 रन की इस पारी से उन्होंने अपने आलोचकों को चुप करा दिया।

उन्होंने कहा अभिषेक ने अपना स्वाभाविक खेल खेलने से पहले कुछ समय लिया। उनकी बल्लेबाजी में एक तरीका था। उन्होंने ऑफ स्पिनर का सम्मान किया, किसी भी तरह का जोखिम नहीं लिया तथा शांत और संयमित तरीके से खेले। गावस्कर ने कहा इस मैच में उन्होंने वास्तव में रक्षात्मक शॉट खेले। उन्होंने कुछ गेंद को रोका भी। मुझे यह देखकर हैरानी हुई क्योंकि हम आमतौर पर अभिषेक को ऐसा करते नहीं देखते हैं। इस दिग्गज बल्लेबाज ने कहा कि अभिषेक के लिए यह एक सीखने का दौर है। गावस्कर ने कहा मुझे सच में लगता है कि यह उसके लिए सीखने का एक अच्छा मौका है।

### बुमराह, सिराज के साथ अपने कौशल पर काम कर रहा हूं: अर्शदीप

**चेन्नई।** भारतीय तेज गेंदबाज अर्शदीप सिंह ने कहा कि वह परिस्थितियों से सामंजस्य से बिठाने और बल्लेबाजों पर हावी होने के लिए अब भी अपने सीनियर साथियों जसप्रीत बुमराह और मोहम्मद सिराज से सीख ले रहे हैं। अर्शदीप ने यहां टी20 विश्व कप के सुपर आठ के मैच में जिम्बाब्वे के बल्लेबाजों पर दबाव बनाए रखा तथा केवल 24 रन देकर तीन विकेट लिए। भारत की 72 रन से जीत के बाद अर्शदीप ने पत्रकारों से कहा मैं अपने गेंदबाजी समूह में सबसे युवा हूं। टीम मुझ पर भरोसा दिखाती है। अगर आपको पावर प्ले में दो ओवर फेंकने का मौका मिलता है तो विकेट लेने की संभावना बढ़ जाती है क्योंकि उस समय बल्लेबाज रन बनाने के लिए जोखिम भरे शॉट खेलने की कोशिश करते हैं। उन्होंने कहा मैं (गेंदबाजी कोच) मोर्ने (मोर्कल) के साथ इस पर काम कर रहा हूं कि मैं कैसे सक्रिय रह सकता हूं। मैं कैसे बल्लेबाजों पर हावी हो सकता हूं, परिस्थितियों के अनुसार खुद को कैसे ढाल सकता हूं और अपने खेल में कैसे बदलाव ला सकता हूं। मेरा साथ देने के लिए मोहम्मद सिराज, जसप्रीत बुमराह और हार्दिक (पंड्या) भाई जैसे बहुत अच्छे गेंदबाजी सहयोगी हैं। अर्शदीप से पूछा गया कि क्या 256 रन के विशाल स्कोर बनाने से गेंदबाजों को मदद मिली, उन्होंने कहा हम इस बात पर ध्यान नहीं दे रहे थे कि हमने कितने रन बनाए। हम बस अपनी रणनीति के अनुसार गेंदबाजी करना चाहते थे और अपने स्तर को बनाए रखना चाहते थे।



# न्यूजीलैंड ने इंग्लैंड को 160 रनों का दिया लक्ष्य

**कोलंबो, एजेंसी**

इंग्लैंड के स्पिनरों ने अपनी काबिलियत का शानदार प्रदर्शन करते हुए टी20 विश्व कप के सुपर आठ मुकाबले में शुक्रवार को यहां न्यूजीलैंड को सात विकेट पर 159 रन पर सीमित कर दिया। पहले बल्लेबाजी का फैसला करने वाली न्यूजीलैंड को किसी बल्लेबाज ने बड़ी पारी नहीं खेली। ग्लेन फिलिप्स (28 गेंदों पर 39 रन), टिम सिफर्ट (25 गेंदों पर 35 रन) और फिन एलेन (19 गेंदों पर 29 रन) ने बल्ले से अहम योगदान दिये।

इंग्लैंड के लिए विल जैक्स (23 रन पर दो विकेट), आदिल राशिद (28 रन पर दो विकेट) और रेहान अहमद (28 रन पर दो विकेट) के स्पिन गेंदबाजों की तिकड़ी ने शानदार गेंदबाजी की। तेज गेंदबाजों की शुरुआती पिटाई के बाद इन स्पिनरों ने बीच के ओवरों में न्यूजीलैंड के बल्लेबाजों पर शिकंजा कस दिया।

पाकिस्तान के खिलाफ पिछले मैच में आग उगलने वाले जोफ्रा आर्चर ने शुरुआत मेडन ओवर से की। इस ओवर में अंपायर ने सीफर्ट को कैच आउट दिया, लेकिन टीवी रिप्ले में साफ हुआ कि गेंद बल्ले से नहीं लगी थी और फैसला पलट दिया गया।

लियाम डॉसन ने भी दूसरे ओवर में सीफर्ट और फिन एलेन को बांधे रखा, लेकिन सीफर्ट ने डीप स्क्वायर लेग की दिशा में स्वीप कर चौका जड़कर दबाव तोड़ा। दूसरे छोर से आर्चर ने शानदार गति और स्विंग के साथ गेंदबाजी की लेकिन एलेन ने उनकी धीमी गेंद पर मिड-ऑन के ऊपर से छक्का जड़ दिया। एलेन लय में नजर आने लगे और डॉसन के खिलाफ सीधा मैदान के ऊपर एक और शानदार छक्का लगाया। साथी बल्लेबाज से प्रेरित होकर सीफर्ट ने भी आर्चर पर हमला बोला, लगातार दो चौके जड़े और फिर मिडविकेट के ऊपर से छक्का लगाया। न्यूजीलैंड ने लय पकड़ ली थी, जिसके बाद इंग्लैंड के कप्तान हैरी ब्रूक ने सैम करन को आक्रमण पर लगाया। एलेन ने उनका स्वागत मिडविकेट के ऊपर से छक्के के साथ किया और पावरप्ले के अंत तक न्यूजीलैंड का स्कोर बिना किसी नुकसान के 54 रन पहुंच गया। इसके बाद राशिद को गेंद सौंपी गई और सीफर्ट ने उनका भी स्वागत लॉन्ग-ऑन के ऊपर छक्के से किया। लेकिन अगली ही गेंद पर रशीद सीफर्ट को चकमा दिया और जोस बटलर ने शानदार स्टंप कर उनकी पारी का अंत किया। जैक्स ने अगले ओवर में एलेन को चलता किया। एलेन ने हल्का शॉट खेला और डीप मिडविकेट पर जैकब बेथेल को आसान कैच थमा बैठे। ग्लेन फिलिप्स ने पारी को संभालने की कोशिश की, लेकिन जैक्स ने उन्हें बोल्ड कर न्यूजीलैंड की रफ्तार पर ब्रेक लगा दिया। कप्तान मिचेल सैंटनर ने पारी की आखिरी गेंद पर छक्का जड़ टीम के स्कोर को 160 रन के करीब पहुंचाया।



शॉट लगाते न्यूजीलैंड के टिम सिफर्ट। एजेंसी

## पाकिस्तान की नजर बड़ी जीत पर

**पाल्लेकल।** अगर-मगर की कठिन डगर पर फंसा पाकिस्तान सेमीफाइनल में जगह बनाने की अपनी उम्मीद को जीवंत रखने के लिए शनिवार को यहां वाले टी-20 विश्व कप सुपर आठ के अपने अंतिम मैच में बड़ी जीत हासिल करने की कोशिश करेगा जबकि संघर्षरत श्रीलंका सम्मानजनक विदाई लेने के लिए कोई कसर नहीं छोड़ेगा।

पाकिस्तान का प्रदर्शन अभी तक अच्छा नहीं रहा है और वह अपने ग्रुप में तीसरे स्थान पर है। इस ग्रुप से इंग्लैंड पहले ही सेमीफाइनल में जगह बना चुका है जबकि न्यूजीलैंड और पाकिस्तान अंतिम चार में जगह बनाने की होड़ में हैं।

श्रीलंका अपने पहले दो मैच हार कर पहले ही सेमीफाइनल की दौड़ से बाहर हो गया है। अगर पाकिस्तान और न्यूजीलैंड की बात करें तो कीवी टीम बेहतर स्थिति में नजर आ रही है। पाकिस्तान का अभी तक केवल एक अंक है और उसका नेट रन रेट भी माइनस 0.461 है।

# व्यक्तिगत नहीं, टीम का प्रदर्शन महत्व रखता है : कैगिसो रबाडा

**अहमदाबाद, एजेंसी**

कैगिसो रबाडा टी-20 विश्व कप में अभी तक वैसा प्रदर्शन नहीं कर पाए हैं जैसा वह चाहते थे लेकिन दक्षिण अफ्रीका का जीत का सिलसिला जारी है और इसलिए यह तेज गेंदबाज बड़े लक्ष्य पर ध्यान केंद्रित करने से संतुष्ट है। दक्षिण अफ्रीका की गुरुवार को वेस्टइंडीज के खिलाफ नौ विकेट से जीत के बाद रबाडा ने स्पष्ट किया कि व्यक्तिगत नहीं टीम का प्रदर्शन महत्व रखता है। रबाडा ने अब तक टूर्नामेंट में केवल चार विकेट लिए हैं। वह न्यूजीलैंड, यूएई और भारत के खिलाफ विकेट लेने में नाकाम रहे थे। उन्होंने सुझाव दिया कि जब तक टीम अच्छा प्रदर्शन करती रहेगी तब तक व्यक्तिगत प्रदर्शन की बात नहीं की जा सकती है। ऐसी बात बाद में की जा सकती है।

रबाडा को क्षेत्ररक्षकों से पर्याप्त सहयोग नहीं मिला है। अब तक उनकी गेंदबाजी पर चार कैच छूट चुके हैं। इस बारे में पूछे जाने पर रबाडा ने कहा यही क्रिकेट का खेल है। कई बार चीजें आपके पक्ष में होती है और कई बार नहीं। दुर्भाग्य से अभी ऐसा नहीं हो रहा है, लेकिन सबसे महत्वपूर्ण बात यह है कि हम जीत रहे हैं। दक्षिण अफ्रीका के अनुभवी और युवा खिलाड़ियों के बीच अभी तक शानदार संतुलन देखने को मिला है और उन्होंने बहुत अच्छी तरह से तालमेल बिठाया है। उसके सभी खिलाड़ियों नेअपनी भूमिका अच्छी तरह से निभाई है। अगर डेविड मिलर ने एक मैच में टीम को जीत दिलाई तो कप्तान एडन मार्क्रम ने दूसरे मैच में यही कमाल किया। गेंदबाजों ने भी जरूरत पड़ने पर बेहतरीन प्रदर्शन किया है, चाहे वो मार्को यानसन हों या लुंगी एनगिडी।

रबाडा ने कहा यह अच्छा संकेत है। हमारी टीम में काफी अनुभवी खिलाड़ी हैं। साथ ही कई युवा खिलाड़ी भी हैं। अगर आप सभी खिलाड़ियों के प्रदर्शन को देखें, तो उनके व्यक्तिगत प्रदर्शन से आत्मविश्वास मिलता है और यही आत्मविश्वास मैचों में भी दिख रहा है। उन्होंने इस सफलता का श्रेय घरेलू टूर्नामेंट एसए20 को भी दिया जिसमें विश्व कप से पहले कई प्रमुख खिलाड़ियों ने अपनी सर्वश्रेष्ठ फॉर्म हासिल की। रबाडा ने कहा यह लगातार अच्छा प्रदर्शन करने और यह उम्मीद बनाए रखने से जुड़ा है कि चीजें हमारे पक्ष में हो जाएंगी। रबाडा ने अपने लंबे समय से नए गेंद के अपने साथी लुंगी एनगिडी की प्रशंसा भी की जिन्होंने टूर्नामेंट में अभी तक शानदार प्रदर्शन किया है।



# ऑस्ट्रेलिया ने भारत से लगातार 12वीं वनडे श्रृंखला जीती

**होबार्ट, एजेंसी**

जॉर्जिया वोल के आकर्षक शतक की मदद से ऑस्ट्रेलिया ने शुक्रवार को यहां मौजूदा चैंपियन भारत को दूसरे महिला एकदिवसीय अंतर्राष्ट्रीय क्रिकेट मैच में 83 गेंद शेष रहते हुए पांच विकेट से हराकर तीन मैच की श्रृंखला में 2-0 से अजेय बढ़त हासिल की।

भारत ने टॉस जीतकर पहले बल्लेबाजी करते हुए नौ विकेट पर 251 रन बनाए। प्रतिका रावल की 81 गेंद पर खेली गई 52 रन की पारी से भारत ने अच्छी शुरुआत की। उन्होंने अपनी पारी में छह चौके लगाए। भारतीय टीम हालांकि बीच के ओवरों में लड़खड़ा गई। इसके बाद हरमनप्रीत ने 70 गेंद पर दो चौकों और एक छक्के की मदद से 54 रन बनाए। ऑस्ट्रेलिया ने मैच की सर्वश्रेष्ठ खिलाड़ी चुनी गई जॉर्जिया वोल (82 गेंद पर 101 रन, 13 चौके, एक छक्का) और फोबे लिचफील्ड (62 गेंद पर 80 रन) की उम्दा पारियों की मदद से 36.1 ओवर में पांच विकेट पर 252 रन बनाकर आसान जीत दर्ज की। इस तरह से ऑस्ट्रेलिया ने भारत के खिलाफ द्विपक्षीय वनडे श्रृंखला में अपना शानदार रिकॉर्ड जारी रखा। ऑस्ट्रेलिया ने अभी तक भारत के खिलाफ सभी 12 द्विपक्षीय वनडे श्रृंखलाएं जीती हैं।

ऑस्ट्रेलिया की शुरुआत अच्छी नहीं रही और उसने अपनी आखिरी अंतर्राष्ट्रीय श्रृंखला खेल रही कप्तान एलिसा हीली (06) का विकेट जल्दी गंवा दिया जिन्हें कासवी गौतम (47 रन देकर दो विकेट) ने इनस्विंग यॉर्कर पर बोल्ड किया। इसके बाद हालांकि लिचफील्ड और वोल ने अगले लगभग 15 ओवर तक भारत को कोई सफलता हाथ नहीं लगने दी और इस बीच दूसरे विकेट के लिए 15.4 ओवर में 119 रन की साझेदारी की। इन दोनों ने भारत के तेज और स्पिन आक्रमण का सहजता से सामना किया और भारत के खराब क्षेत्ररक्षण का भी फायदा उठाया। वोल को दो जीवनदान मिले।



जॉर्जिया वोल।

**रणजी ट्रॉफी फाइनल**

कर्नाटक की टीम पहली पारी में 293 रनों पर सिमटी, आकिब नबी ने झटके पांच विकेट, कुल बढ़त हुई 477 रनों की

# जम्मू-कश्मीर की ऐतिहासिक खिताबी जीत तय

**हुबली (कर्नाटक), एजेंसी**

अनुभवी तेज गेंदबाज आकिब नबी (54 रन देकर पांच विकेट) और सलामी बल्लेबाज कामरान इकबाल के शानदार प्रदर्शन से जम्मू-कश्मीर की टीम शुक्रवार को यहां चौथे दिन कर्नाटक के खिलाफ विशाल बढ़त की बदौलत अपना पहला रणजी ट्रॉफी खिताब जीतने के करीब पहुंच गई है। इकबाल (नाबाद 94) के सातवें प्रथम श्रेणी अर्धशतक से जम्मू-कश्मीर ने स्टंप तक दूसरी पारी में चार विकेट पर 186 रन बनाकर अपनी कुल बढ़त 477 रनों की कर ली।

दिन की शुरुआत में नबी ने सत्र का सातवीं बार पांच विकेट झटकने का कारनामा किया जिससे कर्नाटक की टीम पहली पारी में 293 रन पर सिमट गई और जम्मू-कश्मीर ने पहली पारी में 291 रन की बढ़त हासिल की। कर्नाटक की पारी में पूर्व कप्तान मयंक अग्रवाल (266 गेंद में 160 रन) के शतक का अहम योगदान रहा क्योंकि अन्य खिलाड़ी संभलकर नहीं खेल सके। पर नबी के पांच विकेट अग्रवाल के शानदार शतक पर भारी पड़े। जम्मू-कश्मीर का यह तेज गेंदबाज बेहतरीन फॉर्म में था। कर्नाटक ने सुबह पांच विकेट पर 220 रन के स्कोर से खेलना शुरू किया। हालांकि जम्मू-कश्मीर के 584 रन के स्कोर को पार करना मुश्किल था लेकिन कर्नाटक को उम्मीद थी कि उसके बल्लेबाज अच्छी साझेदारी करने का प्रयत्न करेंगे। अग्रवाल और कृतिक कृष्णा (36) ने छठे विकेट के लिए 80 से ज्यादा रन जोड़कर अच्छी लय में दिख रहे थे। लेकिन दूसरी नई गेंद लिए जाने के बाद उनकी कोशिश नाकाम रही। साहिल लोत्रा ने कृतिक को पगबाधा आउट कर इस भागीदारी को समाप्त किया। बाएं हाथ के तेज गेंदबाज सुनील कुमार ने विद्याधर पाटिल का विकेट झटककर दबदबा बनाए रखा। लेकिन नबी ने अग्रवाल का विकेट झटककर कर्नाटक की बची उम्मीद भी खत्म कर दी। उनकी गेंद अग्रवाल के पैड पर गेंद लगी और डीआरएस ने मेजबान टीम को करारा झटका दिया। लोत्रा से यह पूछने पर कि पहली बार ट्रॉफी उठाने की उम्मीद कितनी रोमांचक है तो उन्होंने कहा यह तो बस शुरुआत है, हम सब खुश और उत्साहित हैं। यह पहली बार है जब हम फाइनल में खेल रहे हैं और यह हमारे लिए बहुत गर्व का पल है।



कर्नाटक के मयंक अग्रवाल का विकेट लेने के बाद टीम के साथ जश्न मनाते जम्मू-कश्मीर के आकिब नबी। एजेंसी

**संक्षिप्त स्कोर बोर्ड**

| | |
|---|---|
| जम्मू-कश्मीर | 584, 186/4 |
| कर्नाटक | 293/10 |

### आकिब नबी राष्ट्रीय टीम में जगह बनाने के करीब: गांगुली

**नई दिल्ली।** भारत के पूर्व कप्तान सौरव गांगुली ने जम्मू कश्मीर की कर्नाटक के खिलाफ अपने पहले रणजी ट्रॉफी फाइनल में शानदार प्रदर्शन की जमकर तारीफ की और कहा कि तेज गेंदबाज आकिब नबी में राष्ट्रीय टीम का प्रतिनिधित्व करने की काबिलियत है। नबी ने रणजी के वर्तमान सत्र में 60 विकेट लिए हैं। इनमें कर्नाटक के खिलाफ पहली पारी में 54 रन देकर पांच विकेट लेने का कारनामा भी शामिल है। गांगुली ने एक्स पर लिखा जम्मू कश्मीर ने दुनिया को दिखा दिया है कि मेहनत और दृढ़ संकल्प से क्या हासिल किया जा सकता है। उन्होंने अपने राज्य को गौरवान्वित किया है।